॥ श्रीः ॥

नारायणोपनिषद् ।

जिसको

इलाके मन्शूरी पहाड, जिले गढ़वाल,
राज्य टिहरी, डाकखाना वाडाहाट,
मौजे तिलोज निवासी स्वामी
विश्वेश्वरानन्द तीर्थने
बनाया,

खेमराज श्रीकृष्णदासने
बंबई
खेतवाडी ७ वीं गली खम्बाटा लैन,
"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम मुद्रणयन्त्रालयमें
मुद्रित कराय प्रकाशित किया।

संवत् १९६८, शके १८३३.

अथ नारायणोपनिषद् ।

श्रीशिव उवाच ।

धन्यासि पार्वति त्वं हि सफलं जीवितं तव ॥
सारात्सारतरं यन्मां पृच्छसि त्वं वरानने ॥ १ ॥

अर्थ—हे श्रेष्ठमुखवाली पार्वति! तुमहीं धन्य हो तुमारा जीवन सार्थकहै क्योंकि आज तुम सारात्सार वार्ताको पूछतीहो १

शृणु देवि महत्सारं सद्यः सर्वफलप्रदम् ॥
यस्य विज्ञानमात्रेण सिद्धमंत्रो भवेन्नरः ॥ २ ॥

हे देवि! जिसको जानतेही मनुष्य सिद्धमंत्र होजाताहै ऐसा शीघ्र फलका देनेवाला महासारभूत प्रकरण कहताहूं सो तुम सुनो ॥ २ ॥

तवोपरोधाद्देवेशि गुरुतंत्रं सुदुर्लभम् ॥
तंत्राणां सारभूतं यत्कथयामि महेश्वरि ॥ ३ ॥

हे देवेशि महेश्वरि! तुमारे कहनेसे जो सब तंत्रोंका सार है और दुर्लभ है ऐसे गुरुतंत्रको कहता हूं ॥ ३ ॥

पठनाद्धारणाद्यस्य दिव्यज्ञानं प्रजायते ॥
एतत्तंत्रं सदा गोप्यं मंत्रसिद्धिप्रदायकम् ॥ ४ ॥

इसके कंठ पाठ वा धारण करनेसे दिव्य ज्ञान उत्पन्न होताहै मंत्रका सिद्धिदायक यह मंत्र सब प्रकारसे गोपनीय है ॥ ४ ॥

अथ नारायणाथर्वशिरउपनिषद ।

माया तत्कार्यमखिलं यद्बोधाद्यात्यपह्नवम् ॥
त्रिपान्नारायणाख्यं तत्कलये स्वात्ममात्रतः ॥

ॐ सहनाववत्त्विति शांतिः ३ ॥ ॐ अथ पुरुषो ह वै नारायणोऽकामयत प्रजाः सृजेयेति ॥ नारायणात्प्राणो ऽजायत ॥ मनः सर्वेन्द्रियाणि च ॥ खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी ॥ नारायणाद्ब्रह्माजायते ॥ नारायणाद्रुद्रो जायते ॥ नारायणादिन्द्रो जायते ॥ नारायणात्प्रजापतिः प्रजायते ॥ नारायणाद्द्वादशादित्या रुद्रा वसवः सर्वाणि च्छन्दांसि नारायणदेव समुत्पद्यन्ते । नारायणात्प्रवर्तन्ते । नारायणे प्रलीयन्ते । एतदृग्वेदशिरोऽधीते ॥ १ ॥ अथ नित्यो नारायणः । ब्रह्मा नारायणः शिवश्च नारायणः शुक्रश्च नारायणः कालश्च नारायणः ॥ दिशश्च नारायणः विदिशश्च नारायणः उर्द्ध्वं च नारायणः अधश्च नारायणः ॥ अन्तर्बहिश्च नारायणः नारायण एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम् ॥ निष्कलङ्को निरञ्जनो निर्विकल्पो निराख्यातः शुद्धो देव एको नारायणो न द्वितीयोऽस्ति कश्चित् ॥ य एवं वेद स विष्णुरेव भवति ॥ स विष्णोरेवाभवत् ॥ एतद्यजुर्वेदशिरोधीते ॥ २ ॥ ॐ इत्यग्रे व्याहरेत ॥ नम इति पश्चात् । नारायणायेत्यु-

परिष्टात् ॥ ॐ इत्येकाक्षरम् ॥ नम इति द्वे अक्षरे ॥ नारायणायेति पंचाक्षराणि ॥ एतद्वै नारायणस्याष्टाक्षरं पदम् ॥ यो ह वै नारायणस्याष्टाक्षरं पदमध्येति ॥ अनपब्रुवः सर्वमायुरेति ॥ विन्दते प्राजापत्यं रायस्पोषं गौपत्यं ततोऽमृतत्वमश्नुते ततोऽमृतत्वमश्नुत इति ॥ एतत्सामवेदशिरोऽधीते ॥ ३ ॥ प्रत्यगानन्दं ब्रह्मपुरुषं प्रणवस्वरूपम् ॥ अकार उकारो मकार इति॥ ता अनेकधा समभवत्तदेतदोमिति यमुक्त्वा मुच्यते योगी जन्मसंसारबन्धनात् ॥ ॐ नमो नारायणायेति मंत्रोपासको वैकुण्ठभुवनं गमिष्यति तदिदं पुण्डरीकं विज्ञानघनम् ॥ तस्मात्तडिदाभमात्रम् ॥

ब्रह्मण्यो देवकीपुत्रो ब्रह्मण्यो मधुसूदनः ॥
ब्रह्मण्यः पुण्डरीकाक्षो ब्रह्मण्यो विष्णुरुच्यत इति ॥

सर्वभूतस्थमेकं वै नारायणं कारणपुरुषमकारणं परं ब्रह्मोम् ॥ एतदथर्वशिरोऽधीते ॥ ४ ॥ प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति । सायमधीयानोऽपापो भवति दिवसकृतं पापं नाशयति । तत्सायंप्रातरधीयानोऽपापो भवति ॥ माध्यंदिनमादित्याभिमुखोऽधीयानः पंचमहापातकोपपातकात्प्रमुच्यते॥ सर्ववेदपारायणपुण्यं लभते । नारायणसायुज्यमवाप्नोति श्रीमन्नारायणसायुज्य मवाप्नोति य एवं वेद ॥ ॐ सहनाववत्विति शान्तिः ॥

॥ इति नारायणोपनिषद् समाप्ता ॥

अथ वज्रसूचिकोपनिषद् ।

यज्ज्ञानाद्यान्ति मुनयो ब्राह्मण्यं परमाद्भुम् ॥
तत्रैपदब्रह्मतत्त्वमहमस्मीति चिन्तये ॥
ॐ आप्यायन्त्विति शान्तिः ॥
चित्सदानन्दरूपाय सर्वधीवृत्तिसाक्षिणे ॥
नमो वेदान्तवेद्याय ब्रह्मणेऽनन्तरूपिणे ॥
ॐ वज्रसूचीं प्रवक्ष्यामि शास्त्रमज्ञानभेदनम् ॥
दूषणं ज्ञानहीनानां भूषणं ज्ञानचक्षुषाम् ॥

ब्रह्मक्षत्रियवैश्यशूद्रा इति चत्वारोवर्णास्तेषां वर्णानां ब्राह्मण एव प्रधान इति वेदवचनानुरूपं स्मृतिभिरप्युक्तम् तत्र चोद्यमस्ति को वा ब्राह्मणो नाम किं जीवः किं देहः किं जातिः किं ज्ञानं किं कर्म किं धार्मिक इति॥तत्र प्रथमो जीवो ब्राह्मण इति चेत्तन्न; अतीतानागतानेकदेहानां जीवस्यैकरूपत्वाद् एकस्यापि कर्मवशादनेकदेहसम्भवात् सर्वशरीराणां जीवस्यैकरूपत्वाच्च ॥ तस्मान्न जीवो ब्राह्मण इति ॥ तर्हि देहो ब्राह्मण इति चेत्तन्न आचाण्डालादिपर्यन्तानां मनुष्याणां पांचभौतिकत्वेन देहस्यैकरूपत्वाज्जरामरणधर्माधर्मादिसाम्यदर्शनाद् ब्राह्मणः श्वेतवर्णः क्षत्रियो रक्तवर्णो वैश्यः पीतवर्णः शूद्रः कृष्णवर्ण इति नियमाभावात् पित्रादिशरीरदहने पुत्रा-

दीनां ब्रह्महत्यादिदोषसम्भवाच्च । तस्मान्न देहो ब्राह्मण इति । तर्हि जातिर्ब्राह्मण इति चेत्तन्न, तत्र जात्यंतरजन्तुष्वनेकजातिसंभवा महर्षयो बहवः सन्ति । ऋष्यशृङ्गो मृग्यः, कौशिकः कुशात्, जाम्बूको जम्बूकात्, वाल्मीको वल्मीकात्, व्यासः कैवर्तकन्यकायाः, शशपृष्ठात् गौतमः, वशिष्ठ उर्वश्याः, अगस्त्यः कलशाज्जात इति श्रुतत्वात् ॥ एतेषां जात्या विनाप्यग्रे ज्ञानप्रतिपादिता ऋषयो बहवः सन्ति ॥ तस्मान्न जातिर्ब्राह्मण इति तर्हि ज्ञानं ब्राह्मण इति चेत्तन्न, क्षत्रियादयोऽपि परमार्थदर्शिनोऽभिज्ञा बहवः सन्ति ॥ तस्मान्न ज्ञानं ब्राह्मण इति ॥ तर्हि कर्म ब्राह्मण इति चेत्तन्न, सर्वेषां प्राणिनां प्रारब्धसंचितागामिकर्मसाधर्म्यदर्शनात्कर्माभिप्रेरिताः सन्तो जनाः क्रियाः कुर्वन्तीति ॥ तस्मान्न कर्म ब्राह्मण इति तर्हि धार्मिको ब्राह्मण इति चेत्तन्न, क्षत्रियादयो हिरण्यदातारो बहवः सन्ति । तस्मान्न धार्मिको ब्राह्मण इति ॥ तर्हि को वा ब्राह्मणो नाम ॥ यः कश्चिदात्मानमद्वितीयं जातिगुणक्रियाहीनं षडूर्मिषड्भावेत्यादिसर्वदोषरहितं सत्यज्ञानानन्दानन्तस्वरूपं स्वयं निर्विकल्पमशेषकल्पाधारमशेषभूतान्तर्यामित्वेन वर्तमानमन्तर्बहिश्चाकाशवदनुस्यूतमखण्डानन्दस्वभावमप्रमेयमनुभवैकवेद्यमपरोक्षतया भासमानं करतलामलकवत्साक्षादपरोक्षीकृत्य कृतार्थतया कामरा-

गादिदोषरहितः शमदमादिसंपन्नो भावमात्सर्यतृ-
ष्णाशामोहादिरहितो दम्भाहंकारादिभिरसंस्पृष्टचेता
वर्तते ॥ एवमुक्तलक्षणो यः स एव ब्राह्मण इति
श्रुतिस्मृतिपुराणेतिहासानामभिप्रायः । अन्यथा हि
ब्राह्मणत्वसिद्धिर्नास्त्येव॥ सच्चिदानन्दमात्मानमद्वितीयं ब्रह्म भावयेदात्मानं सच्चिदानन्दं ब्रह्म भावयेदित्युप-
निषत् ॥ ॐ आप्यायत्विति शांतिः ॥

।। इति वज्रसूचिकोपनिषद् समाप्ता ।।

अथाष्टादशश्लोकी गीता ।

अर्जुन उवाच ।

निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव ॥
न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे ॥ १ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय ॥
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते ॥२॥
कर्मेंद्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन् ॥
इंद्रियार्थान्विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते ॥ ३ ॥
श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेंद्रियः ॥
ज्ञानं लब्ध्वा परां शांतिमचिरेणाधिगच्छति ॥ ४ ॥
यतेन्द्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः ॥
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः ॥ ५ ॥
युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु ॥
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा ॥ ६ ॥
दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया ॥
मामेव ये प्रपद्यंते मायामेतां तरंति ते ॥ ७ ॥
अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम् ॥
तत्र प्रयाता गच्छंति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः ॥ ८ ॥
अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक् ॥
साधुरेव स मंतव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः ॥ ९ ॥

यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम् ॥
असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ १० ॥
मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः संगवर्जितः ॥
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पांडव ॥ ११ ॥
श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते ॥
ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छांतिरनंतरम् ॥ १२ ॥
क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत ॥
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ॥ १३ ॥
मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ॥
स गुणान्समतीत्यैव ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ १४ ॥
निर्मानमोहा जितसंगदोषा
अध्यात्मनित्या विनिवृत्तकामाः ॥
द्वंद्वैर्विमुक्ताः सुखदुःखसंज्ञै—
र्गच्छंत्यमूढाः पदमव्ययं तत् ॥ १५ ॥
यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः ॥
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम् ॥ १६ ॥
मनःप्रसादः सौम्यत्वं मौनमात्मविनिग्रहः ॥
भावसंशुद्धिरित्येवं तपो मानसमुच्यते ॥ १७ ॥
सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज ॥
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥ १८ ॥
गीतासारमिदं पुण्यं यः पठेत्सुसमाहितः ॥
विष्णुलोकमवाप्नोति भयशोकविनाशनम् ॥ १९ ॥

॥ इति श्रीवेदव्यासविरचिताष्टादशश्लोकी गीता संपूर्णा ॥

अथ सप्तश्लोकी गीता ।

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन् ॥
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम् ॥ १ ॥
स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या
जगत्प्रहृष्यत्यनुरज्यते च ॥
रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति
सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघाः ॥ २ ॥
सर्वतःपाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम् ॥
सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥ ३ ॥
कविं पुराणमनुशासितार
मणोरणीयांसमनुस्मरेद्यः ॥
सर्वस्य धातारमचिन्त्यरूप-
मादित्यवर्णं तमसः परस्तात् ॥ ४ ॥
ऊर्ध्वमूलमधःशाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम् ॥
छंदांसि यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित् ॥ ५ ॥
सर्वस्यचाहं हृदिसन्निविष्टो मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनं च।
वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यो वेदान्तकृद्वेदविदेव चाहम् ॥६॥
मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु ॥
मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः ॥ ७ ॥

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे सप्तश्लोकी गीता समाप्ता ॥

अथ चतुःश्लोकीभागवतम् ।

ज्ञानं परमगुह्यं मे यद्विज्ञानसमन्वितम् ॥
सरहस्यं तदंगं च गृहाण गदितं मया ॥ १ ॥
यावानहं यथाभावो यद्रूपगुणकर्मकः ॥
तथैव तत्त्वविज्ञानमस्तु ते मदनुग्रहात् ॥ २ ॥
अहमेवासमेवाग्रे नान्यद्यत्सदसत्परम् ॥
पश्चादहं यदेतच्च योऽवशिष्येत सोस्म्यहम् ॥ ३ ॥
ऋतेर्थं यत्प्रतीयेत न प्रतीयेत चात्मनि ॥
तद्विद्यादात्मनो मायां यथा भासो यथा तमः ॥४॥
यथा महांति भूतानि भूतेषूच्चावचेष्वनु ॥
प्रविष्टान्यप्रविष्टानि तथा तेषु न तेष्वहम् ॥ ५ ॥
एतन्मतं ममातिष्ठ परमेण समाधिना ॥
भवान्कल्पविकल्पेषु न विमुह्यति कर्हिचित् ॥ ६ ॥
एतावदेव जिज्ञास्यं तत्त्वजिज्ञासुनात्मनः ॥
अन्वयव्यतिरेकाभ्यां यत्स्यात्सर्वत्र सर्वदा ॥ ७ ॥

इति श्रीभागवते महापुराणेऽष्टादशसाहस्र्यां संहितायां वैया-
सिक्यां द्वितीयस्कंधे भगवद्ब्रह्मसंवादे चतुःश्लोकी-
भागवतं समाप्तम् ॥

अथ रामद्वादशनामस्तोत्रम् ।

अस्य श्रीरामद्वादशनामस्तोत्रमंत्रस्य ईश्वर ऋषिः अनुष्टुप्छंदः श्रीरामचंद्रो देवता श्रीरामचन्द्रप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः ॥

ॐ प्रथमं श्रीधरं विद्याद् (१), द्वितीयं रघुनायकम् (२)॥
तृतीयं रामचंद्रं च (३), चतुर्थं रावणांतकम् (४) ॥१॥
पंचमं लोकपूज्यं च (५), षष्ठं श्रीजानकीपतिम् (६)॥
सप्तमं वासुदेवं च (७), श्रीरामं चाष्टमं तथा (८) ॥२॥
नवमं जलदश्यामं (९), दशमं लक्ष्मणाग्रजम् (१०)॥
एकादशं च गोविंदं (११), द्वादशं सेतुबंधनम् (१२)॥३॥
द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयान्नरः ।
अर्द्धरात्रे तु द्वादश्यां कुष्ठदारिद्र्यनाशनम् ॥
अरण्ये चैव संग्रामे अग्नौ भयनिवारणम् ॥
ब्रह्महत्यासुरापानं गोहत्यादिनिवारणम् ॥
सप्तवारं पठेन्नित्यं सर्वारिष्टनिवारणम् ॥
ग्रहणे च जले स्थित्वा नदीतीरे विशेषतः ॥
अश्वमेधशतं पुण्यं ब्रह्मलोकं गमिष्यति ॥

इति श्रीस्कंदपुराणोत्तरखंडे उमामहेश्वरसंवादे श्रीराम-द्वादशनामस्तोत्रं संपूर्णम् ॥

अथ मूलश्रुतिप्रारम्भः ।

शुभेतेशुभ ॐ नारायणाय नमः भूः स्वाहा ऋग्वेदं प्रीणाति ॥

अर्थ--नारायणशब्दते भूः प्रकट होयहै और भूः शब्दते ऋग्वेद प्रकट होयहै और पृथ्वी प्रकट होयहै ॥

ॐ तत्सद्ब्रह्मणे नमः ॥ हरिः ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

ॐ

अथ नारायणाथर्वशिरउपनिषद् ।

मङ्गलम् ।

फणीन्द्रभोगामलतल्पशायिने
दुरंतदुर्ज्ञेयविचित्रमायिने ॥
समस्तसत्त्वैकहृदब्जयायिने
नमोस्तुमेशाय विमोक्षदायिने ॥ १ ॥

मू०–मायातत्कार्यमखिलं यद्बोधाद्यात्यपह्नवम्॥ ॐ सहनाववत्विति शांतिः ॥ ॐ अथ पुरुषो ह वै नारायणोऽकामयत ॥ प्रजाः सृजेयेति ॥ नारायणात्प्राणो जायते ॥ मनःसर्वेन्द्रियाणि च ॥ खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी ॥ नारायणाद्ब्रह्मा जायते ॥ नारायणाद्रुद्रो जायते ॥ नारायणादिन्द्रो जायते ॥ नारायणात्प्रजापतिर्जायते ॥ नारायणाद्द्वादशादित्या रुद्रा वसवः सर्वाणि च्छन्दांसि नारायणादेव समुत्पद्यन्ते ॥ नारायणात्प्रवर्तन्ते ॥ नारायणे प्रलीयन्ते एतदृग्वेदशिरोऽधीते ॥ १ ॥

अर्थ–ॐ जो अकार ब्रह्मा उकार विष्णु मकार महादेव हैं अर्द्धमात्रा ब्रह्म सर्वसाक्षी है ब्रह्मा संसारकी उत्पत्ति करते-हैं और विष्णु भगवान् पालन करतेहैं और महादेव काल-

रूप होकर जगत्का नाश करतेहैं और ब्रह्म सबसे परे हैं और ब्रह्मा, विष्णु और महादेव इनको भी प्रकाश करनेवाला है ॥ सर्व प्राणीमात्रका स्वामी है इससे परे कोई भी देवता नहीं है और यह अजन्मा है कभी जन्मता नहीं है अमर है कभी मरता नहीं है अनादि है सबसे परे है आजका नहीं है और भूत भविष्य और वर्तमान तीनों कालमें रहनेवाला है भूत कहिये जो जन्म पूर्व होगये और भविष्यत् कहिये जो यह शरीर नाश होनेपर आगे जन्म होगा और वर्तमान कहिये जो इस समय होरहाहै । शरीरका नाश होनेपर आत्माका नाश नहीं होताहै । पहिले शरीरमें भी प्रकाश करता रहाहै और वर्तमानमें भी प्रकाश रहाहै और आगे भी प्रकाश करेगा केवल प्रकाशसे तात्पर्य है और कुछ नहीं है । 'अथपुरुषः' कहिये कि जो सर्वपुरुषोंसे उत्तम है और जो सबके शरीरमें पूरे होय पुरीपुरीमें वास करता है और सर्वव्यापक नारायणरूप करके प्रकाश कररहा है और (हवै) नारायण जो हैं सो निष्काम प्रजाको अपनी मायासे उत्पन्न करतेहैं और नारायण प्राणोंके प्राण हैं और प्राणोंके प्रेरक हैं और नारायणकी सत्ता करके प्राण भी सामर्थ्य रखता है और जो मन है सो भी नारायणकी सत्ता पाकर गमनागमन करताहै ॥ और सर्व इन्द्रियोंको प्रेरणा करनेवाले हैं ॥ आकाश वायु अग्नि जल और पृथिवी सर्व विश्वोंको धारण करनेवाले हैं ॥ नारायण स्वरूप करके ब्रह्माजी होकर जगत्को उत्पन्न करतेहैं और नारायणरूप करके रुद्र बनकर जगत्को हनन करतेहैं ॥ और नारायणरूप इंद्र देवताके राजा बनकर दैत्योंको वज्र हातमें लेकर मारतेहैं और स्वर्गका राज करतेहैं ॥

और नारायण प्रजापतिरूप होकर प्रजाका पालन करते- हैं । नारायणही द्वादश आदित्य होकर जगत्में प्रकाश करतेहैं ॥ नारायणही रुद्ररूप धारण कर दुष्टोंको रुलाते हैं ॥ और नारायणही वसुरूप होकर पृथिवीको जलके ऊपर होनेसे हिलने नहीं देतेहैं ॥ और नारायणही वेदरूप होकर ज्ञान प्रकट करतेहैं ॥ और नारायणही गायत्रीरूप हैं जिसका ऋषिलोग जप करके ब्रह्मलोकको प्राप्त होतेहैं ॥ और नारायणही देवतोंको उत्पन्न करतेहैं ॥ और नारायणही सर्वसंसारमें प्रवृत्त होरहे हैं ॥ और नारायणही मूसल- धार वर्षा करके महाप्रलय करडारते हैं ॥ यह ऋग्वेदका कथन है ॥ इति ॥ १ ॥

मूलम् ।

नारायणोऽहं सर्वमिदं सर्वव्यापकं सर्वगतम् ॥
नारायणो निराकारो निरंजनो गुणातीतः ॥
नारायणं सच्चिदानन्दस्वरूपमानन्दमयं सर्वथा ॥
नारायणनाम हन्ति पापं दुष्टचित्तं शुद्धं (करोति) ॥
नारायणात्प्रतिष्ठते जगत्पाल्यते ॥
नारायणो जगत्कर्त्ता भर्त्ता जगद्धर्त्ता ॥
नारायण आकाशवत्सर्वगतः परिपूर्णः ॥
नारायणः सर्वः स्वयंज्योतिरन्तरात्मा प्रकाशते ॥

इति ।

अथ कठोपनिषद्वल्ली ॥ २ ॥

(मंत्रः) सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपा ँसि सर्वाणि च यद्वदन्ति यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्य्यं चरन्ति तत्ते पद ँ सङ्ग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत् ॥ १५ ॥ २ ॥

अर्थ—वेदोंमें कहीं साक्षात् और कहीं परम्परासे एक ब्रह्मकाही प्रतिपादन है और ब्रह्मचर्य्यादि आश्रमोंमें वेदका पढना तप करना और योगाभ्यासादि नियमोंको विद्वान् लोग ब्रह्मज्ञान होनेके लियेही सेवन करते हैं उस ब्रह्मका ओ३म् यह निजनाम है, ईश्वर आदि नाम राजादिकके भी हुवा करते हैं ओ३मपद अन्य किसीका नहीं होताहै। और यह पद ब्राह्मणशरीर संन्यासीको फलदायक है॥ अन्य वर्णको फलदायक नहीं है, इस नामसे शब्द अर्थ और ज्ञानका परस्पर मेल करके योगियोंको नित्य उपासना करनी चाहिये अर्थात् ओ३म् यह जो शब्द है इसका वाच्यार्थमें लय और ओ३म् शब्द ओ३म् अर्थ इन दोनोंका ओ३म् इत्याकारक ज्ञानमें लय होनेसे ठीक संयम होताहै और इसी प्रकारके ध्यानसे आत्मज्ञान होताहै ॥ १५ ॥ २ ॥

मू०—एतदेवाक्षरं ब्रह्म एतदेवाक्षरं परम् ॥ एतदेवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् ॥ १६ ॥ ३ ॥
एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम् ॥ एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते ॥ १७ ॥ ४ ॥

अर्थ—ओ३म् यह शब्दरूप अक्षर ओ३म् यह वाच्य अर्थ तथा ओ३म् यह ज्ञान यहां तीनों शब्द अर्थ और ज्ञानके

साथ एकही रूप ओ३म् लगा है इसलिये ओ३म् यह शब्द और ज्ञान स्वरूप यह केवल संन्यासीके वास्ते है और गृहस्थाश्रमके वास्ते नहीं है॥ तथा गीतामें भी भगवान् कृष्णने कहा है ॥ १६ । ३ । १७ । ४ ॥

"ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन् ॥ यः प्रयाति त्यजन् देहं स याति परमां गतिम् ॥८॥५॥

अर्थ-(ओं) इस एकाक्षर महामन्त्रको उच्चारण करता-हुआ अंत समय जो देहको त्याग करताहै वह योगी परम-गति मोक्षसुखको प्राप्त होताहै ॥ ८ ॥ ५ ॥

जो मन चंचल रहता हो तो एकान्तवास करके कुछ कालतक दीर्घ प्रणवका उच्चारण करना चाहिये अभ्यासके अनुभवसे यथार्थ होवेहै यही बात उपनिषद् तथा अग्नि-पुराणमें भी कही है-

(मू०) ओँविश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव यद्भद्रन्तन्न आसुव॥यजु०अध्याय॥३०॥मं०॥३॥६॥

अर्थ-हे सच्चिदानन्दस्वरूप हे परमकरुणानिधे हे अनंत-विद्यासम्पन्न हे विज्ञानविद्याप्रद (देव) हे सूर्यादिज्योति-प्रकाशक हे सर्वानन्दप्रद (सवितः) हे सकलजगदुत्पादक (नः) हमारे (विश्वानि) सकल (दुरितानि) कहिये हमारे जो दुःख हैं उनको और हमारे सब दुष्टगुणोंको आप कृपा करके (परासुव) कहिये दूर कर दीजिये (यद्भद्रं) कहिये जो सब दुःखोंसे रहित कल्याण है उसको हमारे लिये सर्वदा प्राप्त कीजिये ॥ ३ ॥ ६ ॥

तथा मुण्डकोपनिषद् ॥ ३ ॥

(मं०) न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा नान्यैर्देवै-स्तपसा कर्मणा वा ॥ ज्ञानप्रसादेन विशुद्धसत्त्वस्त-तस्तु तं पश्यते निष्कलं ध्यायमानः ॥ ७ ॥

अर्थ–यह परमेश्वर (चक्षुषा न) कहिये आंखसे देखनेमें नहीं आते हैं (न अपि वाचा) कहिये न वाणीकरके कथन होसकता है (नान्यैः देवैः) कहिये विषयोंका ज्ञान करा-नेवाले अन्य इन्द्रियोंसे और (न तपसा) कहिये ब्रह्मच-र्य्यादि आश्रमोंमें होनेवाले नियम वा व्रतोंके सेवनसे (वा) अथवा (न कर्मणा) कहिये वेद और धर्मशास्त्र सम्बन्धी कर्मोंके सेवनमात्रसे भी (गृह्यते) कहिये नेत्र आदि साध-नोंसे विषयादिकके तुल्य वह प्राप्त नहीं होसकता है किन्तु जब मनुष्य इन्द्रियोंको वशमें करेहै तप और वेदोक्त वा धर्मशास्त्रमें कहे कर्म्मोंका सेवन करताहै उससे अंतःकरण शुद्ध होताहै और (ज्ञानप्रसादेन) कहिये रागद्वेषादिक दोषरूप मलोंसे रहित निर्म्मल अन्तःकरणवाला होताहै उसके पीछे (निष्कलं) कहिये निराव्याप्तका (ध्यायमानः) कहिये ध्यान करता हुआ (तम्) कहिये उस परमात्माको (पश्यते) कहिये जान लेताहै, आशय यह है, जबतक अपनी इन्द्रियां वशमें न करली हों रागद्वेषादि पञ्चक्लेश न छूटे होवें मन रोककर उसमें योग न किया हो तबतक ईश्व-रप्राप्ति नहीं होसक्ती है जब मन निष्कलंक कियाजावै तबही ईश्वरप्राप्ति होवैगी ॥ ७ ॥

तथा ऋग्वेद कथन करताहै–

श्रुतिः–मनस्तदग्रे समवर्तताधिमनसो रेतः ॥ प्रथ-मं यदासीत ॥ ८ ॥

अर्थ–सृष्टिके पूर्व परमात्माके मनमें सृष्टिरचनात्मक काम संकल्प भया पूर्वसृष्टिके जीव अपने अपने पापपुण्योंके सहित मायावेष्टित परमेश्वरमें लीन हैं उन्होंके भोगार्थ जिसके जैसे पूर्वकर्म थे उसीके अनुसार विचार करके उन्हीं उन्हीं योनिमें प्राप्त करते भये ॥ ९६ ॥ ८ ॥

(मू०) एकः नारायणो देवो जगतो नेकरूपं चराचरम् ॥

नारायण एक है और माया करके जगत्‌में अनेक रूप धारण करेहै ॥

(श्रुतिः) एकः सुवर्णः स समुद्रमाविवेश स इदं विश्वं भुवनं विचष्टे ॥ ९२ ॥ ९ ॥

अर्थ–एक परमात्मा समस्तविश्वमें प्रविष्ट है जैसे पक्षी आकाशमें संचरण करतेहैं तैसे आप संसारसमुद्रमें अंतःकरणरूप आकाशमें प्राणरूपसे संचरण करतेहैं ॥ ९२ ॥ ९ ॥

तथा यजुर्वेद कथन करताहै–

श्रुतिः–आशुः शिशानो वृषभो न भीमो घनाघनः क्षोभणश्चर्षणीनाम् ॥ संक्रन्दनोऽनिमिष एक वीरः शत ँ सेना अजयत् साकमिन्द्रः ॥ ६ ॥ १० ॥

अर्थ–स्थूल संसाररूपसे व्यक्त है अथवा योगियोंको दीखतेहैं याते व्यक्तरूप नाम है ॥ हजारों शूरवीरोंको जीततेहैं याते सहस्राजित् नाम है सर्व ब्रह्माण्डोंके जीतनेवाले हैं याते अनन्तजित् नाम श्रुति कहतीहै वाराह कूर्म वामन नृसिंह कृष्ण बलदेव निष्कलंक परशुराम मत्स्य रामचन्द्र ॥

इन अवतारोंको लेकर देवताओंके अंश मनुष्यादिकोंके संग आपने असुरोंकी असंख्य सेना जीतीहैं ॥ ६ ॥ १० ॥

तथा श्वेताश्वतरोपनिषद् अध्याय २

(मं०) यो देवोऽग्नौ योऽप्सु यो विश्वं भुवनमाविवेश ॥ यऽओषधीषु यो वनस्पतिषु तस्मै देवाय नमो नमः ॥ ११ ॥

अर्थ-जिसकी सत्तासे अग्नि तथा जल अपने कार्य सम्पादन करतेहैं जिसकी सामर्थ्यसे यह महान् संसारचक्र निराधार ठहरा है अथवा यूं कहो अपने ठीक समयमें घूमताहै जिसकी महिमासे हमको औषधियां अन्नादि प्राप्त होतेहैं जिसकी सहायतासे वृक्षादि अपने समयपर फल उगातेहैं ऐसे महान् परम ऐश्वर्य्ययुक्त परमेश्वरको वारंवार नमस्कार है ॥ ११ ॥

तत्त्वदर्शी पुरुष ईश्वरको जान सक्ताहै तहां भगवद्गीता कथन करेहै-

(मू०) तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः ॥ कर्मिभ्यश्चाऽधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन ॥ १२ ॥

अर्थ-हे अर्जुन तपस्वियोंसे भी बड़ा योगी है और ज्ञानियोंसे भी बड़ा योगी माना गयाहै और कर्मिष्ठोंसे भी योगी उत्तम कहागया है इसलिये हे अर्जुन तुम भी योगी बनो योगकी प्राप्तिके लिये प्राचीन महर्षियोंने बड़े यत्न कियेहैं इसी योगके पानेसे कपिलदेव जड़भरत याज्ञवल्क्यादि मुनीश्वर सृष्टिमें अतिप्रसिद्ध हुएहैं जिनके यश फैलरहेहैं ॥ १२ ॥

(श्रुतिः) य एतद्विदुरमृतास्ते भवंत्यऽथेतरे दुःख-मेवापियंति ॥ १३ ॥

अर्थ–मैं अद्वितीयब्रह्मरूप हूं या प्रकार जो अधिकारी पुरुष आत्माको जानेहैं ॥ ते अधिकारीपुरुष ही मोक्षरूप अमृतभावको प्राप्त होवेहैं और जो विषयलंपट आत्माको न जानें सो दुःखको प्राप्त होवेहैं ॥ और जन्ममरणसे छूटें नहीं ॥ १३ ॥

तथा श्रीमद्भागवत चतुर्थस्कन्ध अध्याय ॥ २० ॥

(मू०) श्रीभगवानुवाच ॥ एकः शुद्धः स्वयंज्योतिर्निर्गुणोऽसौ गुणाश्रयः ॥ सर्वगोऽनावृतः साक्षी निरात्मात्मात्मनः परः ॥ ७ ॥ १४ ॥ ० ॥

अर्थ–राजा पृथुके अर्थ ऋषियोंके प्रति भगवान् कहतेभये, वह मैं एक हूँ और शुद्ध हूं, मायाते परे हूं, सर्व दुःखोंसे रहित हूँ और (स्वयंज्योति) कहिये जिस ज्योतिका अभाव कदापि नहीं होवेहै, रातदिन एकरस रहेहै ऐसा मैं जागृत ज्योति हूँ और सत्वगुण रजोगुण तमोगुण तीनों गुणसे रहित हूँ, जगत्के व्यवहारके अर्थ सगुण अवतार लेकर भक्तोंकी रक्षाके निमित्त और अधर्मियोंको मारकर पृथिवीका भार उतारनेके अर्थ युगयुगमें अवतार लेताहूं ॥ और सर्व इन्द्रियोंका प्रेरक हूँ और सर्व इन्द्रियोंते अगोचर हूं और सर्वप्राणी मेरी सत्तासे चेष्टा करतेहैं ॥ और मैं सर्वका साक्षी हूं, मनसे परे हूँ, मैं मनका प्रेरक हूं, मैं किसीके आश्रय नहीं हू, मैं निरात्मा निराकार अनात्मासे परे अखंड आत्मा हूं, सबसे परे हूँ ॥ हे मुनीश्वरो ! ऐसे सूक्ष्म आ-

त्माके जाननेवालेका जन्म नहीं होताहै और जो आत्माको यथार्थ न जाने सो पुरुष वारंवार जन्म लेकर दुःख पावेगा ॥ ७ ॥ १४ ॥

तथा यह वार्ता यजुर्वेदकी बृहदारण्यकोपनिषत्में भी कथन करी है ॥

मं०—न तस्य प्राणा उत्क्रामंति ।

अर्थ—तिस ज्ञानी पुरुषके मरणकालमें शरीरसे बाहिर प्राणोंका गमन नहीं होवेहै किंतु तहां ही तिनका विलय होवेहै ॥

तथा मुंडकोपनिषत्में भी कहा है—

मं०—गताः कलाः पंचदशप्रतिष्ठा देवाश्च सर्वे तिदेवतासु ॥ कर्मांणि विज्ञानमयश्चिदात्मा परेऽव्यये सर्व एकीभवंति ॥ १५ ॥

अर्थ—जिस कालमें ज्ञानीपुरुषका शरीरपात होवे है ॥ तो तिसकी प्राणादिक पंचदश कला होवेहैं सो प्रतिष्ठा कहिये तिसकालमें स्वस्वकारण विषे लीन होजावेहैं और चक्षुआदिक गोलकों विषे स्थित जो देवता अर्थात इन्द्रिय होवेहैं सो भी स्वस्वअधिष्ठानभूत सूर्य्यादिक देवतोंविषे एकीभावको प्राप्त होयजावेहैं तिसका जीवात्मा और शुभाशुभ कर्म निर्विकार जो परब्रह्म है तिसके साथ एकीभाव होवेहै ॥ १५ ॥

परंतु जब सर्ववासना निवृत्त होवैहैं और रातदिन आत्माका अभ्यास होवेहै और सबसे उपराम होवेहै ॥ यह वार्ता योगवासिष्ठके उपशमप्रकरणमें भी कथन करीहै—

मू०—वसतूत्तमभोगाढ्ये स्वगृहे वा जनाकुले ॥ सर्वभोगोज्झिता भोगे सुमहत्यथवा वने ॥ नासौ कलंकमाप्नोति हेम पंकगतं यथा ॥ १६ ॥

अर्थ—हे रामचन्द्र ! जिस पुरुषको आत्मस्वरूपका दृढ बोध भयाहै और चित्तमें भोगोंकी आसक्ति नहीं है सो पुरुष चाहे नानाप्रकारके स्त्रीआदिक उत्तम भोगों करके संयुक्त और नानाप्रकारके बंधु मित्र दास दासी आदिक जनों करके सर्वतरफसे व्याप्त भये अपने गृहविषे निवास करो अथवा सर्वभोगोंसे रहित जो महागह्वर वन है तिसमें जाकरके निवास करो परंतु सो तत्त्वदर्शी पुरुष तिन दोनों-करके लिपायमान नहीं होवैहै जैसे कीचमें पड़ाहुआ सुवर्ण कलंकको प्राप्त नहीं होवैहै ॥ १६ ॥

तथा श्रुति कथन करतीहै—

(श्रुतिः) वेदांतविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयो-गाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः ॥ ते ब्रह्मलोकेषु परांतकाले परामृतात्परिमुच्यंति सर्वे ॥ १७ ॥

अर्थ—वेदांतके श्रवणजन्यज्ञानकरक भलीप्रकार निश्चय किया है अद्वितीय ब्रह्मरूप जिन्होंने तथा श्रुतिस्मृतिविहित सर्वकर्मोंको त्यागपूर्वक ज्ञानाभ्यासरूप योगते शुद्ध हुआ है अंतःकरण जिन्होंका ऐसे संन्यासी किसी प्रतिबंधके वशतैं यहां ब्रह्म साक्षात्कारके नहीं उत्पन्नहुए भी तिन श्रवणादि-कोंके प्रभावतें ब्रह्मलोक विषे जायके तहां निर्गुण ब्रह्मको साक्षात्कार करैहैं और ता ब्रह्मलोकके अधिपति हिरण्य-गर्भके अंतकालविषे ते संन्यासी तहां उत्पन्न होय ब्रह्मज्ञान साक्षात्कारते विदेह कैवल्यरूप मोक्षको प्राप्त होवैहैं ॥१

(श्लो०) वनेपि दोषाः प्रभवन्ति रागिणां गृहेपि पञ्चेन्द्रियनिग्रहस्तपः ॥ अकुत्सिते कर्मणि यः प्रवर्तते निवृत्तरागस्य गृहं तपोवनम् ॥ १८ ॥

अर्थ-रागी जिनके मनसे संसारकी विषयवासना निवृत्त नहीं हुईहै तो उन मनुष्योंके गृहस्थाश्रम छोड़नेपर भी दोष उत्पन्न होजातेहैं परन्तु जो सत्कर्मोंमें प्रवृत्त रहतेहैं जिन्होंने इन्द्रियोंको अपने वश करलियाहै ॥ जिनके रागद्वेष दूर होगये हैं ऐसे उत्तम मनुष्योंके लिये गृहस्थाश्रम भी तपोवनतुल्य है ॥ १८ ॥

परम संतजनोंकी संगत होवेहै और संसारसे वैराग्य होवे और दयावान् होवे और तितिक्षु होवे और सन्मार्गमें तत्पर रहे और किसीका द्रोही नहीं होवेहै ऐसे लक्षणवालेको ज्ञान होताहै कहने सुननेमें ज्ञान नहीं होताहै ओं शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

ॐ शं नो मित्रः शं वरुणः शन्नो भवत्वर्यमा शन्न इन्द्रो बृहस्पतिः शन्नो विष्णुरुरुक्रमः ॥ ॐ शान्तिः ३ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्यश्री १०८ श्रीधरानन्दतीर्थस्वामिपूज्यपादशिष्यश्रीस्वामिविश्वेश्वरानन्दतीर्थोत्तरखंडे विरचिते प्राकृतोपनिषन्नारायणोपनिषदोः

प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

इति ऋग्वेदः ॥ १ ॥

ॐ

अथ यजुर्वेदः ।

ॐ अनंताय नमः ॥ भुवः स्वाहा यजुर्वेदं प्रीणाति २

अर्थ–अनतशब्दसे भुवः महाव्याहृति प्रकट हुई और भुवः शब्दसे यजुर्वेद प्रकट हुआ ॥

अथ नित्यो नारायणः ॥ ब्रह्मा नारायणः ॥
शिवश्च नारायणः ॥ शुक्रश्च नारायणः ॥
कालश्च नारायणः ॥ दिशश्च नारायणः ॥
विदिशश्च नारायणः ॥ ऊर्द्ध्वं च नारायणः ॥
अधश्च नारायणः ॥ अन्तर्बहिश्च नारायणः ॥
नारायण एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम् ॥
निष्कलङ्को निरञ्जनो ॥ निर्विकल्पो निराख्यातः ॥
शुद्धो देव एको नारायणो न द्वितीयोस्ति कश्चित् ॥ १ ॥
य एवं वेद स विष्णोरेव भवति स विष्णोरेव भवति ॥
एतद्यजुर्वेदशिरोऽधीते ॥ २ ॥

अर्थ- यह जो नारायण शब्द है सो नित्य है जिसका नाश कभी नहीं होवेहै सदा अजर अमर है ॥ और नारायणही ब्रह्मारूप होकरके जगतको रचतेहैं और नारायणही शिव-रूप होकरके जीवोंके हृदय कमलमें बैठकर इन्द्रियोंकी चेष्टा करातेहैं ॥ और सर्वव्यापक हैं और अविनाशी पुरुष हैं सदा एकरस रहतेहैं ॥ और नारायणही शुक्ररूप करके

दैत्योंके गुरु बनकर उपदेश करतेहैं ॥ और शुक्र सुकर्मरूप होकर जगत्में सुकर्म कराते हैं ॥ और नारायणही काल-रूप होकर जगत्का नाश करडारतेहैं ॥ और चारों दिशोंमें नारायणही व्याप रहे हैं ॥ तहां श्रुति–ब्रह्म पश्चिमतो ब्रह्म दक्षिणतश्चोत्तरेण अधश्च ऊर्द्ध्वश्च ॥

अर्थ–ब्रह्म पश्चिमदिशामें भी पूर्ण हैं ब्रह्म दक्षिणदिशामें भी पूर्ण होरहाहै ॥ चारों दिशाओंमें ब्रह्म पूर्ण है और पातालमें भी ब्रह्मही है और आकाशमें भी ब्रह्मही है ॥ ब्रह्म विना कोई वस्तु नहीं है ॥ अन्तर बाहिर सर्वत्र नारा-यण व्यापक हैं ॥ और जो वेद हैं सो नारायणके श्वास हैं मुनिलोगोंने अर्थ निकालकरके जगत्में ज्ञान उपदेश करके मनुष्योंको भवसागरते पार कियाहै ॥ (निष्कलंकः) सर्व क्लेशोंसे रहित है और कोई आवरण नहीं है और संकल्प-विकल्पोंसे रहित है और नारायण चक्षुद्वारा नहीं देख पड़ते-हैं (निराख्यातः) इन्द्रिय गोचर नहीं होते किन्तु ज्ञान-नेत्रों द्वारा नारायण जाने जातेहैं अज्ञानीपुरुषोंको बड़े दूर हैं और ज्ञानी संतमहात्माओंको अनुकूल भासतेहैं दूर नहीं हैं ॥ और नारायण सदैव शुद्ध रहतेहैं अशुद्ध कदापि नहीं हैं ॥ जैसे सुवर्ण कीचमें डार देनेपर भी ज्यों-का त्यों बना रहताहै सो वर्णका अभाव नहीं होताहै तैसे नारायण उच्च नीच योनियोंमें एकप्रकार रहतेहैं ॥ और नारायण एक हैं द्वितीय नहीं हैं अपनी माया करके बहुत दीख पड़तेहैं वास्तवमें नारायण सबसे पृथक् रहतेहैं सर्व विष्णुरूप हैं सर्व नारायणस्वरूप हैं नारायणसे कोई वस्तु भिन्न नहीं है ॥ २ ॥ १ ॥

तथा श्रुति कथन करतीहै ॥

(श्रुतिः) आदित्ये पुरुषः सोऽसावहं ॐ खं ब्रह्म इति श्रुतेर्वाक्याभ्यां प्रसिद्धं ब्रह्मेत्युच्यते ॥ २ ॥

अर्थ–इसी वास्ते ब्रह्मशब्द सर्वत्र व्यापक है और ज्ञानमय चैतन्य कहाताहै "अहं ब्रह्मास्मि" मैं ब्रह्म हूं "एतद्ब्रह्म" यह दृश्यमान सब ब्रह्म है ॐकाररूप सत्यस्वरूप सो यह पुरुष परमात्मा आदित्यरूप एकही विद्यमान है बुद्धिमें स्थित है सत्यमें शयन करनेवाला आदित्यरूप सो परमात्मा मैं हूं ॥ ॐ खं ब्रह्म । ॐकाररूप सत्यरूप आकाशके समान ब्रह्म है यह श्रुति कथन करतीहै ॥ २ ॥

(श्रुतिः) उदरं ब्रह्मेति साकाराख्यमुपारभ्यते हृदये ब्रह्मेत्यारोप्य ब्रह्म अयमेव इति श्रुतेः ॥ ३ ॥

अर्थ–पेटमें ब्रह्म है अब ये साकार उपासनाके अवलम्बसे कथन करतेहैं कि 'हृदये ब्रह्मेति आरोप्य ब्रह्म अयमेव' इति श्रुतिः । हृदयमें ब्रह्मका आरोप करके यही ब्रह्म है यह श्रुति कहतीहै अत एव ब्रह्म निष्केवल है, शून्यसे भी शून्य, सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म है, व्यापकसे भी व्यापक है, प्रकाशसे भी प्रकाश और ज्ञानसे भी ज्ञान, नित्यसे भी नित्य, ध्येयसे भी ध्येय है ईश्वरसे भी ईश्वर तत्त्वोंका भी तत्त्व, स्थूलसे भी स्थूल है और आनन्दसे भी आनन्द है सुखसे भी अधिक सुख, चैतन्यसे भी अधिक चैतन्य है, रूपसे भी अधिक रूप और ज्योतियोंका ज्योति है, इसमें प्रमाण "ज्योतिषामपि तज्ज्योतिः तमसः परमुच्यते" इति । ज्योतियोंका ज्योति और अन्धकारसे परे है, इस स्मृतिके और उपरोक्त वाक्योंके प्रमाणसे ब्रह्म अनिर्वचनीय अर्थात् मन वाणीका अविषय है ॥ ३ ॥

तथा भगवद्गीता प्रमाण है-

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेर्जुन तिष्ठति ॥
भ्रामयन्सर्वभूतानि यंत्रारूढानि मायया ॥ ६१ ॥

अध्याय ॥ १८ ॥ ४ ॥

अर्थ-हे अर्जुन ! ईश्वर सकल प्राणियोंके हृदयमें रहैहै और यह सकल प्राणियोंको कालचक्रपर चढाकर अपनी मायाशक्तिसे अज्ञानमें फिरावैहै ॥ ६१ ॥ ४ ॥

(श्लो॰) पूरिताशेषदिक्कुंजमनन्ताकाशनिर्भरम् ॥
एकं वस्तु जगत्सर्वं चिन्मात्रं वारिवाम्बुधिः ॥ ५ ॥

अर्थ-समस्त दिशा और कुंजोंको व्याप्त करनेवाले अनन्त तथा आकाशकी समान सर्वत्र विद्यमान है केवल एक चैतन्य स्वरूपही यह सब जगत् है जैसे समुद्र केवल जल-स्वरूपही होताहै ॥ ५ ॥

जैसे समुद्र जलसे भिन्न नहीं है तैसे जगत् ब्रह्मसे भिन्न नहीं है परंतु आत्मा और महावाक्योंके अर्थोंका विवरण करतेहैं कि समस्त विषयोंकी वासनासे रहित केवल निर्विशेष ब्रह्म चिन्तनमें स्थित पुरुष परमहंसपदको प्राप्त होताहै ॥

आदौ ऋग्वेदस्य प्रज्ञानमानन्दं ब्रह्म अहं ब्रह्मास्मीति यजुर्वेदस्य तत्त्वमसीति सामवेदस्य अयमात्मा ब्रह्मेति अथर्ववेदस्य अहंब्रह्मास्मीति यत्परं ब्रह्मेत्यादिमहावाक्यैर्ब्रह्मविचारः ॥ ६ ॥

अर्थ–जिसमें पहिले ऋग्वेदका महावाक्य प्रज्ञानमानन्दं ब्रह्म है और अहं ब्रह्मास्मि ये यजुर्वेदका महावाक्य हैं और तत्त्वमसि सामवेदका और अयमात्मा ब्रह्म यह अथर्ववेदका है अहं ब्रह्मास्मि और यत्परं ब्रह्म इत्यादि महावाक्यों करके ब्रह्मका विचार कर्तव्य है ॥ ६ ॥

उनमेंसे पहिले ऋग्वेदके ब्रह्म और प्रज्ञान शब्दका व्याख्यान करतेहैं कि 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' ब्रह्म एक और अद्वितीय है ये सिद्धान्त है प्रज्ञान नाम स्वतः चेतनाका है उसके विशेष यद्यपि अनेक हैं तथापि उनमें यथामति व्याख्यान करताहूँ अतिशयकरके उत्कृष्ट जो ज्ञान है उसका नाम प्रज्ञान है अर्थात् उपाधि रहित स्वयं चेतन भूत भविष्यत् वर्तमान कालत्रयशून्य जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति ये तीनों अवस्थाओंसे रहित है विशेषकरके मुक्तस्वरूप स्वतंत्र जो प्रज्ञान है उसीका नाम प्रज्ञान है ॥ जिस ज्ञानसे माया चैतन्य है और जिस ज्ञानसे चौबीस तत्त्व चैतन्य हैं और जिसकी न्याईं जैसे सूर्यसे चक्षु चैतन्य है और अग्निसे पात्र चुम्बकसे लोहा सूत्रधारसे चित्र और जैसे काष्ठसे अग्नि पुरुषसे छाया वायुसे धूल और धनुर्धारीसे बाण और जैसे वृक्षसे छाया चैतन्य है ॥ इसी प्रकारसे परा पश्यन्ती मध्यमा वैखरी स्वरूपसे चैतन्यही समस्त जगत् प्रपञ्चरूपसे उत्पन्न होताहै ज्ञानशक्ति और इच्छाशक्ति क्रियाशक्ति स्वरूपसे चैतन्य जगतके आकारको धारण करताहै ॥ इसी लिये 'वासुदेवः परब्रह्म' वासुदेव परब्रह्म है यह श्रुति भागवतकी आज्ञा है जिसमें प्राणी निवास करैहैं उसका नाम वासु है और जो प्रकाशमान हो उसका नाम देव है अर्थात् जो प्राणियोंका निवासस्थान हो और प्रकाशमान हो उसका

नाम वासुदेव है प्रज्ञा शब्दसे भी प्राणियोंका निवास माना है अतएव प्रज्ञाको वासुदेव कहतेहैं ॥ वाणी हस्त पाद गुदा लिङ्ग नामक ये पञ्च कर्मेन्द्रिय मन बुद्धि चित्त अहंकार इन चारोंके समुदायरूप अन्तःकरणका प्रेरक है निर्गतान्तः-करण अर्थात् विषयके साथ संबंध रखनेमें समर्थ अन्तःकरण संयुक्त कर्णद्वारा शब्दका ग्रहण करताहै निर्गत अन्तःकरण संयुक्त चक्षुरूपको ग्रहण करतेहै और नासिकासे गन्ध जि-ह्वासे रसको चर्म्मसे स्पर्शका ग्रहण करताहै ॥

अत एव श्रोत्र त्वचा घ्राण चक्षु जिह्वा इन पञ्च ज्ञानेन्द्रि-योंके प्रेरणा करनेवाले और वाक् हस्त पाद गुदा लिङ्ग इन पांच कर्मेन्द्रियोंके प्रेरक औ मन बुद्धि चित्त अहंकार इन चारोंके समुदायरूप अन्तःकरणके प्रेरक प्राण अपान व्यान-उदान समान पांच यह हैं ॥ ५ ॥ और नाग कूर्म कृकल देव दत्त धनंजय यह पांच ॥ ५ ॥ इन दोनों भेदविशिष्ट सर्वके प्रेरक वायु हैं ॥ पूर्वोक्त समस्त प्रपञ्चकी उत्पत्ति और प्रल-यका कर्ता जगत्को साक्षिरूपसे देखनेवाला प्रज्ञान नामक ब्रह्म है ॥

सोई विद्यारण्य स्वामीने भी पञ्चदशीमें कहाहै ॥

(मू०) येनेक्षते शृणोतीदं जिघ्रति व्याकरोति च॥
स्वाद्वस्वादू विजानाति तत्प्रज्ञानमुदीरितम् ॥७॥

अर्थ–जिस करके देखताहै सुनताहै सूंघताहै और ग्रहण करताहै स्वादिष्ठ और अस्वादिष्ठ जानताहै उसको प्रज्ञान शब्दवाच्य कहतेहैं ॥ ७ ॥

(मू०) तस्मात् प्राज्ञानशब्देन ब्रह्मविशेषणं सर्वेश्वरः कथ्यते ॥

अर्थ–इसीकारण प्रज्ञानशब्दवाच्य ब्रह्मविशेष जगन्नियन्ता सर्वेश्वर कहाताहै ॥

तथा पञ्चदशी–

(मू०) चतुर्मुखेन्द्रदेवेषु मनुष्याश्वगवादिषु ॥ चैतन्यमेकं ब्रह्मातः प्रज्ञानं ब्रह्ममय्यपि ॥ ८ ॥

अर्थ-ब्रह्मा इन्द्र देव आदिमें और मनुष्य अश्व गौ आदिमें जगत्के उत्पत्ति प्रलयका कारण एक चैतन्य ब्रह्म है अतएव प्रज्ञान ब्रह्म मेरेमें भी है क्योंकि प्रज्ञानके अतिरिक्त कोई प्राणी पदार्थ अवशिष्ट नहीं है ॥ ८ ॥

(मू०) तत्सूत्रधार ईश्वरः मायाऽविद्या नटी नृत्यङ्कारयति नट इव इति ऋग्वेदे प्रज्ञानशब्दार्थनिर्णयः प्रथमः सिद्धान्तः ॥ १ ॥ ९ ॥

अर्थ–वह सूत्रधाररूपी ईश्वर माया और अविद्यारूपी नटीको नटकी नाईं नचाताहै यह ऋग्वेदमें प्रज्ञान शब्दके निर्णयका प्रथम सिद्धान्त है ॥

ताहां (श्रुतिः) आनन्दं ब्रह्मेति व्यजानात् आनन्दाद्धयेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते आनन्देन जातानि जीवन्ति आनन्दं प्रयन्ति अभिसंविशन्तीति श्रुतेः ॥ १० ॥

अर्थ–आनन्दको ब्रह्म जानो आनन्दहीसे पृथिवी जल तेज वायु आकाश उत्पन्न होतेहैं और आनन्दसे जीतेहैं आनन्दमेंही लय होतेहैं और प्रवेश करतेहैं यह श्रुति प्रमाण है ॥ १० ॥

(मू०)स्वस्वरूपमुपाधिरहितमानन्दङ्करोतियदानन्दं भवति तदाहमित्यात्मानन्दं भवति तथा अखण्डानन्दं निजबोधानन्दं कैवल्यानन्दं सहजानन्दमच्युतानन्दं रामानन्दं वीर्यानन्दं सुखानन्दमनन्तानंदं व्यापकानन्दं श्र्यानन्दं प्रकाशानन्दं भवति ॥११॥

अर्थ–उपाधिरहित अपने स्वरूपको आनन्दित करताहै जब आनन्द होताहै तब अहं इस आत्माके आनन्दको अनुभव करताहै और अखंडानंद निज बोधानन्द कैवल्यानन्द सहजानन्द अच्युतानंद रामानंद वीर्यानंद सुखानंद अनन्तानंद व्यापकानंद श्र्यानंद प्रकाशानंद प्रभृतिपादोंको धारण करताहै ॥ ११ ॥

(श्रुतिः) अत एव ब्रह्मानन्देन जगदानन्दो भवति ब्रह्मानन्दं लब्ध्वा ऋतमानन्दो भूत्वेति श्रुतेः समस्तप्रपञ्चातीतानन्दः य आनंदः सत्तामात्रेण समस्तप्रपञ्चमानन्दयति ॥ १२ ॥

अर्थ–इसवास्ते ब्रह्मानंदसे जगतआनंद होताहै जिसमें श्रुति भी प्रमाणहै ब्रह्मानंदको प्राप्त होकर सत्यआनंद होताहै अर्थात् समस्त प्रपञ्च सहित जो आनंदहै सोई आनंद समस्त जगत्प्रपञ्चको आनंदित करताहै ॥ १२ ॥

अत एव अन्नमय प्राणमय मनोमय विज्ञानमय आनन्दमय और इन पञ्चकोशात्मक जो जीवहै सो आनन्दको प्राप्त होता है और सतचित् आनन्दस्वरूप परमात्मा कहा जाताहै ॥ इसी प्रकार परमात्मानन्दकी, सत्तामात्रसे मूलप्रकृति अर्थात माया आनन्दको प्राप्तहोतीहै और उसमायाका कार्य आका-

शआदि और चौबीसतत्त्व स्त्रीलिङ्ग पुंलिङ्ग रूपसे परस्पर मिलकर अत्यन्त आनन्दको प्राप्त होतेहैं ॥

(मू०) अत एव वैकुण्ठादि शेषनागपर्यन्तं समस्त-जीवजातिदेवदैत्यसिद्धगंधर्वमुनियक्षतिर्यङ्नागकीट-पतङ्गस्थावरजङ्गमसमस्तशिवशक्त्यात्मको भवती-ति सत्यम् ॥ १३ ॥

अर्थ–इसी कारणसे वैकुंठसे आदिलेके शेषनागपर्यंत समस्त जीवजाति देव दैत्य सिद्ध गन्धर्व मुनि यक्ष तिर्यक् नाग कीट पतङ्ग स्थावर जंगम शिव शक्ति स्वरूपहैं यह सत्यहै ॥ १३॥

इसलिये एकाकी पुरुष केवलमें ही रमण करता दूसरेकी इच्छा करताहै और वही आत्मा पति और पत्नी इस द्विवि-धरूपसे परिणत होताहै ॥

तहांश्रुतिः एकोऽहं बहुस्याम् ॥

में एकहूं एकसे अपनी मायासे बहुत होजाताहूं ॥

स्थूल सूक्ष्म कारण अवस्थात्रय चैतन्य कैवल्यमोक्षकी और ब्रह्मकी चतुर्थावस्थामात्र आनंदरूपका अनुभव करतेहैं अत एव आनन्द ब्रह्म है यह सत्य है यह ऋग्वेदमें आनन्द शब्दके व्याख्यानका दूसरा सिद्धांत समाप्त हुआहै ॥

श्लोतिकः यथा न पुत्तिकाशून्यः स्तम्भोऽनुत्कीर्ण-पुत्तिकः।तथाभावं जगद्ब्रह्म तेनशून्यं न तत्पदम्॥१४॥
सौम्यांभसि यथा वीचिर्न चास्ति न च नास्ति च ॥
ब्रह्मण्येवं तथा विश्वं शून्याशून्यपदं गतम् ॥ १५ ॥

अर्थ–जिस स्तम्भमें पुतली काढीगईहो वास्तवमें वह स्तम्भ पुतलीसे पृथक् नहीं है ऐसेही ब्रह्म और संसारका भाव है क्योंकि ब्रह्मपदसे संसार भिन्न नहीं है ॥ १४ ॥ १५ ॥

(मू०) अतःपरं ब्रह्मशब्दस्य निर्णयः कथ्यते माया तु शेषनागपर्यंतं समस्तप्रपञ्चान्वयरूपेणावतिष्ठते किमिवसूत्रेमणिगणा इव यस्माज्जगदोतप्रोतं ततः १६

अर्थ–अब ब्रह्मशब्दके अर्थका विवेचन करतेहैं श्रीस्वामी शङ्करानन्दजीका वाक्य है कि माया तो शेषनागपर्य्यंत समस्त जगत्प्रपञ्चमें मनियोंका समुदाय तद्वत् मायामें जगत पिरोया हुआहै जैसे एकतागेमें मालाके दानाहैं तैसे मायामें जगत् ओतप्रोतहै ॥ १६ ॥

(मू०) अतः ब्रह्म सम्पूर्णदेशकालवस्तुस्वरूपं समस्तप्रपञ्चगुणदोषरहितं निर्लेपमच्छेद्यमक्लेद्यमभेद्यमदाह्यमशोष्यम् ॥ १७ ॥

अर्थ–अब नारायणके स्वरूपका वर्णन करतेहैं किसमस्त वस्तुओंके संबंधसे तथा कालके संबंधसे और देशके संबंधसे रहितहै और देशकालवस्तुका स्वरूप भूत समस्तजगत प्रपञ्चके गुणदोषोंसे रहितहै और कमल दलकी न्याईं निर्लेप शस्त्रादिकों करके छेदा नहीं जाताहै और जलादिकोंसे भी जला नही है पाषाण काष्ठ दण्डादिकोंसे जो भेदन न होसके अग्निआदिकोंसे दाह न करसके और वायु आदिकोंसे जिसका शोषण न होसके है ॥ १७ ॥

तथा श्रीमद्भगवद्गीतामें कथन है ।

अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च ।

(मू०) समस्तेषु वस्तुष्वनुस्यूतमेकं समस्तानि-

अर्थ पूर्ववत् समझिये ॥

वस्तूनि यन्नस्पृशंति । वियद्वत्सदा शुद्धमच्छस्वरूपं स नित्योपलब्धिस्वरूपोऽहमात्मा ॥ १८ ॥

अर्थ-समस्त वस्तुओंके साथ जिसका संबंध है और कोई वस्तु जिसको लिपायमान नहीं कर सकतीहै आकाशकी न्याई शुद्ध निर्मल जिसका स्वरूप है और जो नित्य प्राप्तस्वरूप जो आत्मा है सो मैं हूं ॥ १८ ॥

(मू०) सदसत्संसारस्यासत्यता प्रतिभासमानत्वात् ॥ क इव रज्जुसर्प इव शुक्तौ रजतमिव सरसि फेनमिव ॥ नभोऽभ्रमिव ॥ १९ ॥

अर्थ-असद्रूप संसारकी सत्यता प्रातिभासिक है किसकी तरह जैसे जेवरीमें सर्प सीपमें चांदी समुद्रमें फेन और आकाशमें मेघ प्रातिभासिक हैं तद्वत् ॥ १९ ॥

कूटशब्दसे मिथ्यामायाको जानो आकाशके समान व्याप्त समस्त जगत्प्रपञ्चमें अन्तर्याभि स्वरूपसे स्थितहै जिसकी सत्तामें जगत्की सत्यता प्रातिभासिक होरही है॥ यह ऋग्वेदके वाक्यत्रयके पदोंका अर्थ अवलोकन कीजिये और वेदमें उपासनाकांड कर्म्मकांड और ज्ञानकांड हैं यह तीनकांड प्रतीत होतेहैं इतने लिखनेसे परमात्माकी सत्यता सर्वथा प्रसिद्धहै ॥

तथाचश्रुतिः-स एव जीवो विचारप्रसूतिः प्राणेन घोषेण गुहाप्रविष्टो मनोमयं सूक्ष्ममुपैति रूपम् ॥ मात्रास्वरो वर्ण इतिश्रुतिः ॥ २० ॥

अर्थ-वही जीव विचारकी संततिरूपप्राण घोष संज्ञक प्राण करके गुफामें प्रवेशकर मनोमय मनका किया वा मनसे संयुक्त सूक्ष्म अर्थात् लघुरूपको प्राप्त होताहै मात्रा स्वर और वर्ण इस रूपसे ॥२० ॥

(मू०) ईश्वरस्य प्रथमं प्रथमश्वासनिर्गतः ॐकार इति स एव ओकारादिषोडशस्वराः ककारादिपञ्चविंशतिस्पर्शाः यकारादिदशानुस्वराश्च एवं प्रथमबीजरूपसहिता द्विपञ्चाशद्वर्णात्मिका भवतिवाणी२१

अर्थ—ईश्वरके प्रथम श्वाससे पाहिले ॐ कार निकला फिर अकारसे आदिले सोलहस्वर और ककारसे आदिले पचीस स्पर्श यकारसे आदि दश अनुस्वार निकले इसी तरह प्रथम बीज ॐ कार सहित ५२ वर्णात्मकवाणी हुई ॥ २१ ॥

(मू०) तदनन्तरं छन्दोमयं भवति, ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेद इति चत्वारो वेदा भवन्ति ॥ २२ ॥

अर्थ—पश्चात् वही वाणी छन्दोबद्ध हुई और ऋग्वेद यजुर्वेद सामवेद अथर्ववेद यह चारवेदका एकही मत है ॥२२॥

(श्लो०) विश्ववीचिविलासोऽयं चित्सुधाब्धेरुदंचति ॥ विलीयते च तत्रैव मध्ये कथमतन्मयम् ॥ २३ ॥ यथा न तोयतो भिन्नाः फेनोर्मिजलबुद्बुदाः । आत्मनो न तथा भिन्नं विश्वमात्मविनिर्गतम् ॥ २४ ॥ आत्मनोऽपि तथा भिन्नमात्मन्येव लयं व्रजेत्॥ मृदि कुम्भो जले वीचिः कनके कटकं यथा ॥ २५ ॥ आत्माज्ञानाज्जगद्भाति ह्यात्मज्ञानान्निवर्त्तते ॥ रज्ज्वज्ञानादहिर्भाति तज्ज्ञानाच्च निवर्तते ॥ २६ ॥

अर्थ–प्रथम तो ब्रह्मरूप अमृतके समुद्रमेंसे संसाररूप लहरोंका विलास उत्पन्न होताहै और पीछेसे उसीमें लय होजाताहै तो फिर मध्यमें यह संसार ब्रह्मरूप क्यों न होवै किंतु सब ब्रह्मरूपहै ॥ २३ ॥ जिसप्रकार कि फेन लहरें और जलके बुदबुदे जलसे भिन्न नहीं होतेहैं ॥ ऐसे ही आत्मासे उत्पन्नहुआ यह संसार आत्मासे पृथक् नहीं है ॥ ॥ २४ ॥ ब्रह्मउत्पन्न हुआ संसार ब्रह्महीमें इस प्रकार लय होजाताहै जैसे मृत्तिकामें घट जलमें तरंगे और कटकादिक सुवर्णहीमें मिलजातेहैं ॥ २५ ॥ ब्रह्मका ज्ञान न होनेसे यह संसार भासताहै और आत्मज्ञान होजानेसे इस प्रकार निवृत्त होजाताहै जैसे रस्सीका ज्ञान न होनेसे सर्प प्रतीत होताहै और रज्जुका ज्ञान होनेसे भ्रम दूर होताहै ॥ २६ ॥ यहाँ तक ऋग्वेदके ब्रह्मशब्दकानिर्णय समाप्तहुआ ॥

अतःपरं यजुर्वेदसम्बन्धिवाक्यनिर्णयः कथ्यते ॥

(श्रुतिः) अहं ब्रह्मास्मीति ॥

अर्थ–मैं ब्रह्म हूं यह श्रुतिका साधारणतः अभिप्राय है ॥

अथाहंशब्दनिर्णयं वक्ष्यति अहं जगत्कर्ता अहं जगद्धर्ता अहं जगत्साक्षी अहं जगत्प्रेरकः अहं जगद्भोक्तेतिश्रुतिः ॥ २७ ॥

अर्थ–अब अहंशब्दका निर्णय कहतेहैं श्रुतिमुखसे मैं जगत्का करनेवालाहूं और मैंही जगतको प्रतिपालन करनेवालाहूं और जगत्का साक्षी मैं हूं और जगत्का प्रेरक और भोक्ता मैं हूं ॥ २७ ॥

(श्रुतिः) मय्येव सकलञ्जातं मयि सर्वं प्रतिष्ठितम् । मयि सर्वं लयं याति तद्ब्रह्मास्म्यहमद्वयम् ॥ इति श्रुतेर्वाक्यं प्रमाणम् ॥ २८ ॥

अर्थ–मेरेमें ही समस्तजगत् प्रपञ्च उत्पन्न हुआहै और मेरेमें स्थितहै और मेरेमें सर्वलयको प्राप्तहोताहै इसलिये अद्वयब्रह्म मैं हूं यह श्रुतिके अनुकूल प्रमाण हुआहै ॥ २८ ॥

तथा योगवासिष्ठे श्रीवशिष्ठ उवाच–

(मू०) तत्त्वात्मबोधमेवैकः सर्वाशातृणपावकः ॥
प्रोक्तः समाधिशब्देन न तु तूष्णीमवस्थितिः ॥२९॥

अर्थ–एक परमात्माकासाक्षात्कारही सम्पूर्ण आशारूपी तृणोंकेलिये अग्निकी समान है येही तृष्णाका दाहरूप ज्ञान समाधि कहाताहै एकान्तमें मौन होकर बैठजानेका नाम समाधि नहीं है ॥ २९ ॥

(मू०) चिदाकारमिदं सर्वं जगदित्येव भावयेत् ॥
यस्तिष्ठत्युपशान्तस्थः स ब्रह्मकवचः सुखी ॥ ३० ॥

अर्थ–जो पुरुष इस जगत्को ब्रह्मरूपही देखताहै और ऐसीही भावनासे शान्तस्वरूप परमेश्वरमें स्थितहै वही ब्रह्मरूप कवचसे भलीप्रकार रक्षित होकर सुखी होताहै ३०

सर्वातीतपदालम्बी पूर्णेन्दुशिशिराशयः ॥ यस्ति-
ष्ठति सदा योगी स एव परमेश्वरः ॥ ३१ ॥

जोयोगी सबसे परे ब्रह्म पदका अवलम्बन करनेवाला और पूर्णचन्द्रमाकी समान शान्तचित्तवाला है वह योगीजन साक्षात् परमेश्वरही है ॥ ३१ ॥

इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्य श्री १०८ श्रीध-
रानन्दतीर्थस्वामिपूज्यपादशिष्यश्रीस्वामिविश्वेश्वरा-
नन्दतीर्थ उत्तरखंडे विरचिते प्राकृतोपनिष-
न्नारायणोपनिषदो द्वितीयोऽध्यायः ॥

इति यजुर्वेद ॥ २ ॥

ॐ

ॐगोविंदाय नमः स्वःस्वाहासामवेदं प्रीणाति॥३॥

अर्थ–गोविंदशब्दसे स्वः और स्वः शब्दसे सामवेद प्रकट भयाहै ॥ ३ ॥

अथ सामवेदीया नारायणोपनिषत् प्रारंभः ।

(मू०) ओमित्यग्रे व्याहरेत् नमइति पश्चात् नारायणायेत्युपरिष्टात् ॥ ओमित्येकाक्षरम् नम इति द्वेऽक्षरे ॥ नारायणायेति पंचाक्षराणि ॥ एतद्वै नारायणस्याष्टाक्षरं पदं यो हवै नारायणस्याष्टाक्षरं पदमध्येति ॥ अनपब्रुवः सर्वमायुरेति ॥ विन्दते प्राजापत्यं रायस्पोषं गौपत्यं ततोऽमृतत्वमश्नुते ॥ ततोऽमृतत्वमश्नुते इति एतत्सामवेदशिरोऽधीते ॥ ३ ॥

अर्थ–अद्वैतते द्वैतभावको प्रपञ्च करके भासताहै ॥ सो निर्गुणब्रह्मको नमस्कार करताहूं ॥ और चौबीसतत्त्वका शरीर बनकर पश्चात् वायुरूप होकर प्रवेश करताहै॥ सो नारायणको सत्ता करके यह शरीर चेष्टा करता है॥ और ॐकार ब्रह्मसे द्विअक्षरवाला होता भया और नारायण पाँच अक्षरवाला होताभया और नारायणअष्टाक्षरवाला होता भया और नमोनारायणाय और सर्ववस्तुके अनुभव करनेवाले और गुप्त रहनेवाले सर्वइन्द्रियोंका प्रकाश करनेवालेहैं सर्वइन्द्रियोंका पतिहै और सर्वका साक्षी रूप होकर सबसे न्यारे रहतेहैं ॥ और सदा अमर

हैं । जन्ममरणसें रहितहैं एक नारायणकरतार । हरिभक्तनके हेतसें लेत सगुणअवतार ॥ दूर कियो महिभार॥३॥

(श्रुतिः)सूक्ष्मो भूत्वा शरीरारायाधितिष्ठति सर्वाणि चाङ्गान्यभिमृश्यति तस्मादुच्यते सूक्ष्मः ॥ ४ ॥

अर्थ–सो परमात्मा सूक्ष्म है जैसे जल सूक्ष्म है पृथिवीमें प्रवेश होजाताहै ऐसे सूक्ष्म है अर्थात् ज्योतिस्वरूप है यांते जैसे काष्ठमें अग्नि ऐसें प्राणीमात्रोंके शरीरमें व्याप्तहै किंवा जैसे गृहमें दीपक है तैसे शरीरके प्रकाशक हैं ॥ ४ ॥

(मू०) अत एव मूलप्रकृतिस्तदात्मा चैतन्याभिमानी भवति अहं ईश्वर इति मन्यते यदा तदाहं शब्दः प्रकृत्यारूढो भवति ॥ ५ ॥

अर्थ–इसीलिये तब मूलप्रकृति (माया) आत्मासे चैतन्यका अभिमान कर्ता है मैं ईश्वर हूं ऐसा मानती है तब अहंशब्द प्रकृतिमें आरूढ होताहै अर्थात मायामय जगतमें अहन्ता विराजमान है ॥ ५ ॥

नारायणजी अहंशब्दसे रहित हैं ॥ नारायणका सुख शब्दहै औ असंग शब्द है औ आनन्द शब्दहै और अविनाशी शब्द है ॥

(मू०) तस्याभिमाने नित्यत्वङ्कथं संभवति अच्युतोहमनन्तोऽहं गोविन्दोहमहं हरिः ॥ आनन्दोहमशेषोहमजोहममृतोऽस्म्यहम्॥ नित्योहं निर्विकारोऽहं निरंजनोहं शब्दप्रमाणम्भवति ॥६॥

अर्थ–मैं अच्युत हूं अनन्त हूं गोविन्द हूं मैं हरि हूं मैं आनन्दहूं मैं अशेष हूं और मैं अज हूं औरमैं अमृत अविनाशी

हूं ॥ और नित्य हूं निर्विकार हूं और निरंजन हूं इत्यादि शब्दों करके जगन्नियंता परमात्माका निरूपण करतेहैं ॥ ६ ॥

(सू०) यथाग्निरेकोऽनेकोपाध्युष्णत्वं करोति एकश्चन्द्रो ज्योत्स्ना अनेकाः सन्ति मृत्तिकैकैव घटास्त्वनेकाः ॥ ७ ॥ सूर्यएकश्च रश्मयस्तु अनेका अग्निरेक एव स्फुलिंगा, अनेकाः समुद्र एकश्च तरंगा बहवो बुद्बुदाश्चानेकाः ॥ ८ ॥

अर्थ-इसप्रकारसे एकही ब्रह्म अनेक मायाके प्रपञ्च और अभिमानको करताहै और जैसे अग्नि एकहै पर अनेक उपाधि उष्णता करताहै और जैसे चन्द्रमा एक है और ज्योत्स्ना (चांदनी) अनेक और मृत्तिका एकही है परंतु उससे घट अनेक हैं उत्पन्न होते हैं और जैसे सूर्य एकही है रश्मि (किरणें) अनेक हैं और अग्नि एक है परंतु स्फुलिंग चिनगारी अनेक और समुद्र एकही है परंतु तरङ्ग और बुदबुदे अनेक उत्पन्न होते हैं ॥ तैसेही ब्रह्म एक है उसमें प्रपञ्च अनेक हैं ॥ ८ ॥

(श्रुतिः) तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत् सर्वं खल्विदं ब्रह्मइतिश्रुतेश्च ।

अर्थ-(तत्सृष्ट्वा) कहिये वह परमात्मा जगत्को उत्पन्न करके आपही जगत्में प्रवेश करता हुआ सर्व प्रपञ्च ब्रह्म है ब्रह्मसे भिन्न कोई वस्तु नहीं है यह सकल ब्रह्मही है ॥ ९ ॥

तत्पूर्णतया पृथ्वीपूर्णता भवति तत्पूर्णतयापाम्पूर्णतायाभवतितत्पूर्णतयातेजः पूर्णताभवत्येवमाकाशादिसमस्तप्रपञ्चाधारभूतंबृहत्त्वाद्ब्रह्मेत्युच्यतेसर्वाधारोनिराधारइतिश्रुतेः ॥ १० ॥

अर्थ-जिसकी पूर्णतासे आकाश वायु तेज जल पृथ्वी इन पंच तत्त्वोंकी पूर्णता है अर्थात् जिस परमात्माकी शक्तिसे समस्ततत्त्व सत्तावान् प्रतीत होते हैं उसीको स्पष्ट करते हैं कि जिसकी पूर्णतासे पृथ्वी जल और तेजकी पूर्णता अर्थात् व्यापकता है इसप्रकार आकाशादि समस्त प्रपञ्च जगत्का आधारभूतब्रह्म है व्यापक होनेसे ब्रह्मशब्द वाच्य परमेश्वर कहाता है (सर्वाधारो निराधारो) कहिये परमात्मा सर्व जगत्प्रपञ्चका आधार है और निराधार है अर्थात् कमलपत्रके समान निर्लेप है ॥ १० ॥

(मू०) अनन्तकोटिब्रह्माण्डप्रकाशकोऽनन्तकोटिब्रह्माण्डप्रेरकोऽनन्तकोटिब्रह्माण्डांतर्वर्ती । स निर्लेपोऽत्यन्तसूक्ष्मतरः इतिश्रुतेः ॥ ११ ॥

अर्थ-अनन्तकोटिब्रह्माण्डका प्रकाशक अनन्तकोटिब्रह्माण्डका प्रेरक असंख्यब्रह्माण्डमें व्याप्त होरहाहै तिसमें श्रुतिभी प्रमाण है यह परमात्माकमलदलकेसमान निर्लेप और अतिसूक्ष्मपदार्थसेभी सूक्ष्म है ॥ ११ ॥

ऊर्ध्वाधस्तिर्यङ्मर्यादारहितं पूर्णं ब्रह्म केवलं मोक्षस्वरूपं समो नागेन समो मशकेन सम एभिस्त्रिभिर्लोकैः इति श्रुतेः ॥ १२ ॥

अर्थ-ब्रह्म ऊपर है वा नीचे है या टेढा है इस मर्यादासे रहित है पूर्णब्रह्म केवलमोक्ष स्वरूप है तिसमें श्रुतिः प्रमाण है (समो नागेन) कहिये परमात्मा हाथी व पर्वतके समान है और (मशक) कहिये मच्छरके समान है और तीनों लोकोंके समान है अर्थात् जगदीश्वर छोटेसे छोटे और बडेसे बडा है अणुसे अणु और बडेसे बडा है सबमें बराबर समानरूप है ॥ १२ ॥

(श्लो०) जलान्तश्चन्द्रचपलं जीवनं खलु देहिनाम् ॥ तथाविधमिदं ज्ञात्वाशश्वत्कल्याणमाचरेत् ॥ १३ ॥

अर्थ–जलांतकाहियें किसी कम्पित पात्रमें रक्खे हुए जलमें जिसप्रकार चंद्रमाका प्रतिबिम्ब चलायमान भासता है इसी प्रकार इस देहमें स्थित प्राणको अस्थिर जानकर अपने कल्याण चाहनेवाले पुरुषको परोपकारादि हिंसा रहित कर्म्म तथा ईश्वराराधना नित्य करना चाहिये ॥

हे सज्जन मित्रो यह छोटीसी ईश्वर प्रार्थनाकी पुस्तक आप लोगोंके करकमलोंमें अर्पित करताहूं कृपाकरकें स्वीकार कीजिये ॥ ऐसा विचारवान् मनुष्य देह बडे भागसें प्राप्त होता है सुखस्थानको यह मनुष्य तन पहुचते हैं ॥१३॥

(श्लो०) विषयलंपटो ज्ञानी न भवति सरागः स्त्रीषु च ॥ कुतो ज्ञानं भवेत् वासना ज्ञाने नास्तिचेत् ॥ १४ ॥ लोभक्रोधी नच ज्ञानेऽधिकारी अदयो ऽकोमलचित्तो विषयभ्रांतिसुखो मूर्खो जनश्च दुर्बुद्धिः ॥ १५ ॥

अर्थ– परंतु ज्ञान विना अधिकारी होवै नहीं जो पुरुष विषयोंमें आसक्त है और जिनकी अति आसक्ति स्त्रीमें है उसको ज्ञान होना महा दुर्घट है ॥ और जिसको नानाप्रकारकी वासना लगीहै तिसको कदापि ज्ञान होवै नहीं ॥१४॥ और जो अति लोभी पुरुष हैं तिनको भी ज्ञान नहीं होवै और महा क्रोधी है उसका पुण्यदान तीर्थ व्रत सुकर्म्म नाशहोजाताहै तो ज्ञान कहांसे होवे है और जिसको दया नहीं है और चित्त कठोर हैं उसको ज्ञान कैसे होवे है ॥ केवल विषयोंमें

आसक्त है सो भ्रांतिसुख मूर्खोंनें मान रखाहै कुबुद्धिवालोंने जिसबुद्धिकरके नरकमें जाना है ॥ १५ ॥

मदालसोवाच ॥

(श्लो०) हासोऽस्थिसंदर्शनमक्षियुग्ममत्युज्ज्वलं तत्कलुषं वसायाः ॥ कुचादिपीनं पिशितं घनं तत्स्थानं रतेः किं नरको न योषित् ॥ १६ ॥

अर्थ–हे तात तूं विचार करके देख कि विषयोंमें क्या सुन्दरता है (हासोस्थिसंदर्शनं) कहियेकि यह स्त्रीके हसने करके हाडोंका दर्शन होता है और मूर्खपुरुषोंको स्त्रीके (अत्युज्ज्वलं) अति सुंदर जो (अक्षियुग्मं) कहिये दोनोंनेत्र प्रतीतहोते हैं सो स्त्रीके नेत्रं (कलुषंवसायाः) कहिये चरबी करके मलिन हैं और जो स्तनादिक स्त्रीके सखत स्थानहै सो बहुत मांसहै यांते सो स्त्रीका शरीर रूप स्थान बुद्धिमानपुरुषोंको क्या प्रीतिकरने योग्य है (योषित) स्त्री नरककी प्राप्तिवास्ते वा नरकरूपहै किन्तु पापकी उत्पत्ति द्वारा सो स्त्री नरकके अर्थ है ॥ १६ ॥

श्लो० विषयविरक्तो वासना क्षयो ब्रह्मनिष्ठो ॥ सर्वजगत् ब्रह्मदृष्ट्यापश्यतेतस्य ज्ञानम् ॥ १७ ॥

अर्थ–जो पुरुष समस्तविषोंसे उपराम होगये हैं और वासनाका नाश होगया जिनोंका और ब्रह्ममें एकाग्रचित्त करके निष्ठापरिपक्वहोके सर्वजगतके ब्रह्मदृष्टिकरके देखते हैं पूर्व दक्षिण पश्चिम उत्तर सर्व ब्रह्मही देखता सो ज्ञानी पुरुष है १७

(मू०) तद्ब्रह्माकाशादिसमस्तप्रपञ्चसाक्षिभूतं जीवेश्वरयोर्नियन्तृ मायायाः प्रवर्तकं कालकर्मस्वभावा-

नामुपादानस्वरूपं यत्सत्तामात्रेण ॥ समस्तप्रपञ्चान्तर्वर्तित्वेनोल्लसति ॥ १८ ॥

अर्थ—यह ब्रह्म आकाशादि समस्त जगत् प्रपञ्चका साक्षी है और जीव और ईश्वरका नियन्ताहै और मायाका प्रवर्तक है और काल कर्म स्वभाव इसका उपादान कारण है ॥ उत्पत्तिका स्थान वा हेतु है (जो ब्रह्म अपनी केवल सत्तासे समस्त प्रपञ्चका अंतर्यामिरूपसे विलास कररहाहै ॥ १८ ॥

(श्रुतिः) सर्वतः पाणिपादं तत्सर्वतोक्षिशिरोमुखम् । सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति इतिश्रुतेः ॥ १९ ॥

अर्थ—उस परब्रह्म परमात्माके चारोंओर हाथ हैं और चारोंओर पांवहैं और चारोंओर आंख हैं और मस्तक हैं और चारोंओर कान हैं समस्त संसारमें जो व्याप्त होरहाहै ऐसा वह ब्रह्म है ॥ १९ ॥

(श्रुति) एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म नेह नानास्ति किञ्चन ॥ २० ॥

अर्थ—श्रुतिमें लिखा है कि ब्रह्म एक है द्वितीय नहीं है इस संसारमें ईश्वरके अतिरिक्त नाना कुछ नहीं हैं उपाधिके भेदसे जीव और ईश्वर यह कल्पनाकिया है । ब्रह्मको उपाधिकी कल्पना करनेसे द्वैतकी आपत्ति होती है ईश्वरके आश्रय जीव और ईश्वरकोही विषयकरतीहै ॥२०॥

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्यश्री १०८ श्रीधरानन्द-तीर्थस्वामिपूज्यपादशिष्यश्रीस्वामिविश्वेश्वरानन्दतीर्थ-स्वामिउत्तरखंडे विरचिते प्राकृतोपनिषन्नारायणोप-निषदोस्तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

इति सामवेदः ॥ ३ ॥

ॐशिवायनमः ॥ अथर्ववेदायनमः ॥ त्रिमार्जनम्॥४॥

ॐ शांतिः शान्तिः शान्तिः ॥

अथ अथर्ववेद ।

अर्थ–शिव शब्दते अथर्ववेद प्रगट भया है और तीनों-लोककी रचना करैहै ॥ ४ ॥

(मू०) प्रत्यगानन्दं ब्रह्म पुरुषं प्रणवस्वरूपम् । अकार उकारो मकारश्च इति ॥ ता अनेकधा समभ-वत्तदेतदोमिति यमुक्त्वा मुच्यते योगी जन्मसंसार-बंधनात् ॥ ॐ नमो नारायणायेति मंत्रोपासको वैकुंठभुवनं गमिष्यति । तदिदं पुण्डरीकं विज्ञान-घनं तस्मात्तडिदाभमात्रम् । ब्रह्मण्यो देवकीपुत्रो ब्रह्मण्यो मधुसूदनः ॥ ब्रह्मण्यो पुण्डरीकाक्षो ब्रह्मण्यो विष्णुरुच्यते सर्वभूतस्थमेकं वै नारायणं कारणपुरुषमकारणं परम् ओम् ॥ एतदथर्वशिरोऽधीते ॥ ४ ॥

(श्लो॰) प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति। सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति॥ तत्सायं प्रातरधीयानोऽपापो भवति। माध्यंदिनमादित्याभिमुखोऽधीयानः पंचमहापातकोपपातकात्प्रमुच्यते। सर्ववेदपारायणपुण्यं लभते। नारायणसायुज्यमवाप्नोति श्रीमन्नारायणसायुज्यमवाप्नोति य एवंवेद। ओंसहनाववत्विति शांतिःसमाप्ता॥

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः॥

अर्थ-प्रत्यक् जो नारायण है संसारते न्यारा है और अपने स्वरूपमें आनन्द है ब्रह्मपुरुष ॐकारस्वरूप है अकार ब्रह्मा नारायणही ब्रह्मारूप धारकर जगत्को रचतेभयेहैं और उकार विष्णु और नारायणही विष्णुरूप होकर जगत्को पालन करते भयेहैं मकार महादेव और नारायणही महारुद्र होकर जगत्को नाशकर डालतेहैं सो नारायण अनेकरूप धारण करतेहैं और बराबर एकरूप ऊंचनीचमें समानरूप रहतेहैं ऐसा जो पुरुष नारायणका स्वरूप यथावत् जानसके तो मुक्तरूप है ऐसा योगी जन्ममरणसे संसारबंधनसे मुक्त होगयाहै अर्थात् गर्भयोनिसे छूट गयाहै॥ और जो पुरुष नित्य खातेपीते एकाग्रहोके (ओंनमोनारायणाय) ऐसा उपासकपुरुषोंको केवल वैकुंठभुवन जो विष्णु भगवान्का निजस्थान है तहां जलदी पहुँच जातेहैं जहां पुंडरीक जो नारायणके स्थानत्व गुण प्रधान है वहां जाके ब्रह्मज्ञान होजाताहै। विज्ञानघन कहियेकि अहं ब्रह्मास्मीति मैं ब्रह्म हूं सच्चिदानन्दस्वरूपोहं परिपूर्णोहम् अभयस्वरूपोहं

इस कारण अधर्मी पापात्माको मारनेके वास्ते और भक्तजनों संतमहात्मोंके रक्षार्थ और धर्मकी स्थापनार्थ युग युगमें सगुण अवतार लेतेहैं सो ब्रह्महीं कृष्णरूप होकर देवकीजीके पुत्रभाव होकर मधुदैत्यादिराक्षसोंको मारकर (मधुसूदन) अपना नाम धराहै। और ब्रह्महीका पुंडरीकाक्ष नाम है और ब्रह्महीं विष्णुरूप धारण करेहैं और सर्व भूतोंके हृदयमें स्थित हैं और जगत्का उपादान कारण नारायणहीं हैं ॥ कारणरूपब्रह्म है उपादानकारणजीव है॥४॥ प्रातःकालमें जो पाठकरेहै तो रात्रिके करे पाप नाश होय और सायंकाल पाठ करेतो दिनमें पापकरे तो सो पापनाश हो जातेहैं और प्रातः सायंकाल जो पाठ करे तो सर्व पापोंसे छूट जातेहैं ॥ माध्याह्नकालमें सूर्यभगवान्के सामने पाठ करें तो पंचमहापातकोंसे छूटजातेहैं और सर्ववेदपाठका फल मिलताहै और सायुज्यमुक्तिको प्राप्त होताहै (एवंवेद) कहिये कि यह वेदके वाक्य हैं इसमें संदेह नहीं करना यह सत्यहै ॥

ॐ सहनाववत्विति शांतिः समाप्ता ॥

ॐशांतिः शांतिः शांतिः ॥

(श्लो०) अतएव सर्वव्यापकत्वं तत्रोच्यते स्वतः प्रकाशत्त्वं स्वतश्चैतन्यत्वं स्वतन्त्रत्वं स्वतः ज्ञातृत्वं स्वतः प्रतिपालकत्त्वं स्वतः संहारकत्त्वं स परमात्मेति कथ्यते ॥ ५ ॥

अस्तिप्रशस्तः प्रकृतेः परस्तात् आदित्यवर्णं तमसः परस्तात् इतिश्रुतेः ॥ ६ ॥

अर्थ—अतएव सर्वव्यापक कहाहै स्वयंप्रकाश स्वयंचेतन स्वतन्त्र स्वयंज्ञाता स्वयं प्रतिपालन करनेवाला और संहार नाशकारक वह परमात्मा कहाताहै ॥ ५ ॥ तहां श्रुतिप्रमाण भी है कि अस्ति वह परमात्मा प्रशस्त अर्थात् महान् है और प्रकृति नाम मायासे परे है आदित्य सूर्य्यके समान वर्णवाला है अन्धकारसे रहितहै ॥ ६ ॥

(मू०) शाङ्करभाष्यप्रामाण्यात् यथाघटभङ्गेना-काशभङ्गो न भवति अविद्यानिवृत्तिर्मोक्षः सावि-द्याविलासनिवृत्तिर्मोक्ष आनन्दप्राप्तिर्वामोक्षइति॥७

अर्थ—वह परब्रह्म परमात्मा निर्विशेष हैं और कार्यरूप उपाधि जीव है और कारण रूप उपाधि विशिष्ट ईश्वर है ॥ इसमें प्रमाण शांकरभाष्य है ॥ कार्यरूप और कारणरूप उपाधि जो माया और अविद्या है उनका त्याग करनेसे पूर्णबोध अर्थात् सत चित आनन्दरूप अवशिष्ट रहता है ॥ जैसे घड़ेके फूटनेसे आकाशकी कुछ हानि नहीं होती है इसीप्रकार अविद्यारूप उपाधिके नाशसे निर्विशेष ब्रह्मकी भी कुछ हानि नहीं होती है और अविद्याकी निवृत्ति वा अविद्याके कार्य जगतकी अथवा आनन्दकी प्राप्तिका नाम मोक्ष है ॥ ७ ॥

ज्ञानं तु कैवल्यम् इतिश्रुतेः आकाशशरीरम् ॥८॥

अर्थ—और ज्ञानतो मोक्षस्वरूप हीं है इसमें श्रुतिप्रमाण है ज्ञान तो मोक्ष है ॥ और आकाश शरीरवाला ब्रह्म है इसलिये जो ब्रह्म है सो तू है यह सामवेदके तीनवेदोंके व्याख्यानद्वारा जीव और ईश्वर और ब्रह्मके निर्णयका सिद्धान्त समाप्त हुआ ॥ ८ ॥

षड्विंशको महाविष्णुः इतिश्रुतेः ॥ ९ ॥

अर्थ–इसमें श्रुति भी प्रमाण है छब्बीसतत्वों करके युक्त महाविष्णु है इसवास्ते तत्पदसें ब्रह्म हैं और त्वम्पदसे माया और असिपदसे जीव सो शब्द ब्रह्मात्मक हैं सामवेदके तत्त्वमसि वाक्यका पूर्वपक्ष और उत्तरपक्ष कहा उसमें पूर्वपक्षसे जीव ईश्वर और ब्रह्मका निर्णय करनेसे एकही है परन्तु उसी ब्रह्मको तीन प्रकारसें कहाहै जैसे विश्व, तैजस, प्राज्ञ। विश्वके अश्रित जो है सो विश्व है और जो ईश्वरके आश्रित तैजस है और ब्रह्मके आश्रित प्राज्ञ है और ब्रह्मका अंश ईश्वर है और ईश्वरका अंश जीव है सो ब्रह्मसे भिन्न ईश्वर नहीं है और ईश्वरसे भिन्न जीव नहीं है पदएकही है शब्द अनेकहैं ॥ तथा भगवतगीतामें भी कहा है ॥ ९ ॥

(मू०) ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः १०

अर्थ–हे अर्जुन जो जीव है सो मेरा अंश है यह जीव सनातनसे चला आताहै और जाताहै यह कभी मरता नहीं है सदा अमर है ब्रह्म और जीवमें कोई भी भेद नहीं है। मूर्खोंको भ्रम है ॥

यहाँ श्रुति प्रमाण है ॥

एको देवः सर्वभूतेषु गूढः ।

अर्थ–एक परमात्मा सर्वप्राणियोंकी आन्तर आत्मा है उसमें दृष्टान्त भी कहतेहैं जैसे सूर्य्य समस्त प्राणियोंकी चेष्टाका कारण है इसीप्रकार परमात्माको समझो जीवब्रह्ममें कुछ भेद नहीं है ॥ १० ॥

अयमात्मा ब्रह्मेति श्रुतेः अयं शब्दः प्रत्यभिज्ञानवचनः सोऽयंदेवदत्त इत्यादिवत्सृष्टेः पूर्वं सृष्टिमध्ये

सृष्ट्यन्ते सोयमात्मेति प्रसिद्धमेव परा सृष्टिर्नाम-प्रत्यक्षवचनम् ॥ ११ ॥

अर्थ--अब अथर्ववेद सम्बन्धिवाक्यके अर्थका निर्णय करतेहैं अयमात्माब्रह्मेति इसश्रुतिमें तीनशब्द हैं ॥ अयम् आत्मा और ब्रह्म जिसमें अयं शब्द प्रत्यभिज्ञान अर्थात स्मृतिका बोधक है जैसे अयं देवदत्तः यह जो देवदत्त है सो कौनसा है । जो पहिले कभी कहीं देखाथा ॥ इत्यादि शब्दोंकी नाँई अयं शब्द है जगत्की उत्पत्तिसे पहिले जगत्के मध्यमें और अन्तमें यह जो आत्मा है यह व्यवहार प्रसिद्धही है यह ईश्वरीय परा सृष्टि है यह प्रत्यक्ष है ॥ ११॥

(मू०)वसिष्ठउवाच । तस्मिन्देहेन्द्रियादीनां संघाते स्फुरति स्वतः ॥ अहं सोऽहमिति भावः स जीवो मलगुण्ठितः ॥ १२ ॥ सर्वमेव चिदाकाशं ब्रह्मेति घननिश्चयः ॥ स्थितिं याते शमं याति देहो निः-स्नेहदीपवत् ॥ १३ ॥

अर्थ–वसिष्ठजी कहने लगे समस्तदेह और इन्द्रिय समुदायमें यह मैं हूं इसभावसे जो स्वयं प्रकाशित होता है उसीको अज्ञानरूप मलसे युक्तहुआ जीव जानो ॥ १२ ॥ चैतन्यरूप आकाशकी समान यह सब ब्रह्महीं है इस प्रकारके दृढ ज्ञानमें निश्चल स्थिति होजानेपर जीव इस प्रकार स्वयं लय होजाताहै जैसे तैलरहित दीपक शान्त होजाताहै अर्थात् तैल न होनेपर जिसप्रकार दीपकरूपतेज दीपकरूपको त्यागके महातेजरूप होजाताहै ऐसेही अज्ञान-नाश होजानेपर जीवभी ब्रह्मरूप होजाता है ॥ १३ ॥ जो

पुरुष आत्माके विषे रमण करता है और धीरजमान होताहै और उस पुरुषका अंतःकरण परम पवित्र और शीतल होजाताहै उसको किसी वस्तुके त्यागनेकी इच्छा नहीं होती है और किसी वस्तुके ग्रहण करनेकी भी इच्छा नहीं होवे हैं । समभाव रहताहै ॥

(मू०) स्वमहत्त्वं यथोपेक्ष्य कश्चिद्विप्रोदुरीहया ॥ अंगीकरोति शूद्रत्वं तथा जीवत्वमीश्वरः ॥ १४ ॥ असत्यमेव संकल्पभ्रमेणेदं शरीरकम् ॥ जीवः पश्यति मूढात्मा बालो यक्षमिवोत्थितम् ॥ १५ ॥

अर्थ-जैसे कोई ब्राह्मण अपनी जातीसे भूलकर (महत्व) बडप्पनको त्यागकर नीचसेवाआदि दुष्टकर्म्म करके शूद्रताको स्वीकार करलेता है तैसेही ईश्वर भी आत्माके अज्ञानसे जीव तत्त्वको प्राप्त होजाता है अज्ञानदृष्टिसेही जीव ईश्वरमें भेद है ॥ १४ ॥ जीवात्मा संकल्पके भ्रमसे अज्ञानी बनकर इस असत्यशरीरको इस प्रकार अपना जानता है जैसे बालक बनावटी भूतको सत्य जानता है १५ ॥

(श्लो) मात्त्रैके यथेभत्त्वं शिशुरध्यस्य वल्गति । अध्यस्यात्मनि देहादीन्मूढस्तद्वद्विचेष्टते ॥ १६ ॥

अर्थ-जैसे अज्ञानी बालक मट्टीके हाथीको सचमुचका हाथी मानकर चेष्टा करता है तैसेही अज्ञानी पुरुष आत्मामें देहादिकोंको आरोप करके चेष्टा करते हैं ॥ १६ ॥

(मू०) चित्रसर्पः परिज्ञातो न सर्पभयदो यथा । जीवसर्पः परिज्ञातस्तथा चान्ते न दुःखदः ॥ १७ ॥

स्रजि सर्पोऽयमध्यस्तो मालायामेव लीयति ॥
आत्मनःप्रोत्थितो भेद आत्मन्येव विलीयते॥ १८ ॥
नैकमप्यङ्गदाद्यञ्च यथैकं हेमसंस्थितम् ॥ उपाधि-
भिरनेकोऽपि तथात्मैकः स्वरूपतः ॥ १९ ॥

अर्थ–जैसे चित्रलिखित सर्प यथार्थ ज्ञान होजानेपर सर्पका भय देनेवाला नहीं रहता है ऐसेही जीवरूप सर्प ब्रह्मरूप ज्ञान होजानेपर दुःख नहीं देता है ॥ १७ ॥

जिसप्रकार मालाके विषयमें भ्रमसे सर्पका अध्यास वास्तवमें केवल उत्पन्न होता है और मालाका साक्षात ज्ञान होनेपर मालाहीमें लय होजाता हैं ऐसेही आत्मासे भेद द्वैतभाव उत्पन्न होकर आत्माही में लीन होजाता है ॥ १८ ॥

जैसे कटक कुण्डलादिक अनेक उपाधियोंके विषय हैं एक सुवर्णही है इसीप्रकार शरीररूप अनेक उपाधियोंसे भिन्न प्रतीत होता है परन्तु हुआ भी आत्मा एकही हैं जैसे शरीरमें हाथ चरण आदि अवयव और घट शराव आदि मृत्तिकाके विकार शरीर और मृत्तिका से भिन्न प्रतीत होते हैं ऐसेही अद्वैतब्रह्म स्थावर वृक्षादिक और जंगम मनुष्या-दिक रूपसे द्वैतकी समान भान होता है ॥ १९ ॥ (एकही मुख जैसे मणि जल घृत और आदर्श दर्पणमें अनेकप्रकारसें प्रतीत होता है इसीप्रकार आत्मा भी नानाप्रकारकी बुद्धि-योंमें प्रतिबिम्बित होकर अनेक रूपसे प्रतीत होता है (वास्तवमें एकही है) ॥ २० ॥

निर्मलआकाशको जिसप्रकार धूलि धूम और मेघ मलीन कर देते हैं इसी प्रकार शुद्ध स्वरूप आत्मा भी (प्रकृति) मायाके गुणोंसे युक्त होकर मलीन होजाता है ॥ २१ ॥)

(मू०) अग्निसङ्गाद्यथालोहमग्नित्वमुपगच्छति ॥
आत्मसंगात्तथा गच्छत्यात्मतामिन्द्रियादिकम् २२॥
अदृश्यो दृश्यते राहुर्गृहीतेन यथेन्दुना । तथानु-
भवमात्रात्मा दृश्येनात्मावलोक्यते ॥ २३ ॥
आत्मनो जडसंगः स्यादनात्मत्वं जडस्यतु ॥
स्यादात्मसंगादात्मत्वं जलाग्न्योः संगवन्मिथः ॥२४॥

अर्थ—अग्निके संसर्गसे जैसे लोहाभी अग्निरूपही होजाता है ऐसेही आत्माके संगसे इन्द्रियादिक भी आत्माहीका रूप हो जाता है ॥ २२ ॥

जैसे राहु अदृश्य है परन्तु जब चन्द्रमाका ग्रहण करनेसे दीखने लगता है ऐसेही अनुभवमात्रसे जाननेके योग्य है आत्मा केवल आत्मज्ञानहीके द्वारा दीखता है ॥ २३ ॥ यदि परमात्माको देहादिकजडके साथ संयोग होगया तो आत्मा भी जडही प्रतीत होने लगता है तथा जड़ जो शरीर है उसका यदि आत्माके साथ संयोग हो जाय तो शरीर भी आत्मास्वरूपही प्रतीत होने लगता है जिसप्रकार कि अग्निके संयोगसे जलभी अग्निरूपही हो जाता है एवं जलके संयोगसे अग्निभी शीतल हो जाती है वास्तवमें सब भिन्न ही है । एक मात्र संगदोष है ॥ २४ ॥

(मू०) असत्यजडचित्तांशनयनाच्चिद्वपुर्जनुः ॥
महाजलगतोऽप्यग्निरिव रूपं स्वमुज्झति ॥ २५ ॥
इक्षौ गुडस्तिले-तैलं काष्ठे वह्निर्दृषद्ययः ॥ धेना-
वाज्यं वपुष्यात्मा लभ्यते चैव यत्नतः ॥ २६ ॥

अर्थ-असत और जड़ चित्तके अंशसे चैतन्यरूप शरीरको मनुष्य इस प्रकार त्याग देता है जैसे जल समुदायमें जाकर अग्नि अपने स्वरूपको त्याग देता है ॥ २५ ॥
जैसे गन्नेमें रस तिलसे तेल काष्ठसे अग्नि और पाषाणमें लोह एवं गौके विषय घी यत्न करनेसे प्राप्त होता है ऐसेही शरीरमें वर्तमान आत्मा श्रवण मनन निदिध्यासन आदि उपायोंसे प्राप्त होता है ॥ २६ ॥

(मू०) स्फटिकात्मनि नीरन्ध्रे स्थितं खं वीक्ष्यते यथा । यथा सर्वपदार्थेषु चिद्रूपः परमेश्वरः ॥ २७ ॥

अथ-जिसप्रकार छिद्ररहित स्फटिकादि मणिमें आकाश स्थितहुआ दीखता है इसी प्रकार समस्तपदार्थोंमें चैतन्यस्वरूप परमात्मा स्थित है सो दीखता है ॥ २७ ॥

(मू०) बहिरन्तः स्फुरज्ज्योती रत्नकुम्भे प्रदीपवत्॥
स्वप्रकाशाद्यथैवैकं स्वरूपं ह्यात्मनस्तथा ॥ २८ ॥
दर्पणे बिम्बितो ह्यर्कः प्रकाशं कुरुते यथा ॥ तथा प्रकाशयत्यामा स्वच्छधीष्वनुबिम्बितः ॥ २९ ॥
यत्र स्थितेयं विश्वश्रीः प्रतिभामात्ररूपिणी ॥
रज्जौ भुजंगवद्भाति स्वयमात्मा सदोदितः ॥ ३० ॥
आद्यन्तरहितस्सत्यश्चिद्रूपो निर्विकल्पकः॥ आत्मा निरूपिताकाशो जीवस्याद्यः परात्परः ॥ ३१ ॥

अर्थ-जैसे रत्नके घटआदिमें रक्खा हुआ दीपक बाहर और भीतर सर्वत्र प्रकाश करताहै ऐसेही बाह्य और मन

आदि अभ्यन्तर विषयोंमें भी प्रकाश करनेवाला होनेके कारण परमात्मा अद्वितीय स्वयंज्योतिः स्वरूप है ॥ २८ ॥

दर्पणमें प्रतिबिम्ब पडनेसे जैसे सूर्य आदिक प्रकाश करताहै ऐसेही निर्मल अन्तःकरणोंमें आत्माका प्रतिबिम्ब (आदर्श) पडनेसे अधिक प्रकाश होताहै ॥ २९ ॥

यह संसारकी शोभा जिस परमात्मामें स्थित हुई केवल नाम मात्रहीकी शोभा ऐसे प्रतीत होती है जैसे रज्जुमें सर्प केवल नाम मात्र प्रतीत होताहै वोही आत्मा साक्षात् प्रकाश स्वरूप है ॥ ३० ॥ यह आत्मा उत्पत्ति एवं विनाश रहित है सत्य तथा चैतन्य स्वरूप और मायाजनित सन्देहोंसे भिन्न आकाशका उत्पन्न करनेवाला है ।

(तस्माद्वाएतस्मादात्मन आकाशः सम्भूत इतिश्रुतेः)

अर्थ–एवं समस्त जीवोंसे प्रथम आविर्भूत हुआ तथा सबसे परेहै ॥ ३१ ॥ (सो आत्मा शुद्ध चैतन्यस्वरूप अविनाशी तथा सर्वव्यापक मायाके विकारोंसे रहितहै और स्वयं ज्योतिस्वरूप है तथा उसकी सत्तासे सूर्यकी समान प्रकाशमान् है ॥ आत्मा केवल अपने अनुभवसे जाननेके योग्य है अग्निमें ऊष्णताकी सदृश सर्वत्र विद्यमान् सर्पव्यापक सबका आधार तथा साक्षात प्रकाश स्वरूप और चैतन्यस्वरूपधारी है ॥ ३२ ॥ मन बुद्धि चित्त और अहंकार इनअन्तःकरण चतुष्टयसे भिन्न चैतन्यस्वरूप एवं प्रकाशस्वरूप तथा बाहर और भीतर सर्वत्र व्यापक अज्ञानोद्भव क्रियाओंसे रहित और निश्चल आधार स्वरूप ऐसा परमात्मा है ॥ ३३ ॥ जो चैतन्यस्वरूप निर्मल ज्ञानस्वरूप और विनाशरहित है तथा क्या ग्रहण करने योग्य और क्या अयोग्य है इन उपाधियोंसे

भिन्न एवं देश काल और जातिसे जिसका सम्बन्ध नहीं है सोई परमात्मा है ॥ ३४ ॥ जैसे पवन सर्वत्र व्यापकहै तैसे ही आत्मा भी सम्पूर्ण प्राणीमात्रके अन्तःकरणमें स्थितहै और निर्लेप होकर विराजमानहै ॥ ३५ ॥)

(मू०) एवंहि चिद्घनाभोगे भूषणे व्योम्नि भास्करे॥ धराविवरकोशस्था सैव चित्कीटकोदरे ॥ ३६ ॥ न बन्धोऽस्ति न मोक्षोऽस्ति ब्रह्मैवास्ति निरन्तरम् ॥ एकमस्ति न च द्वैतं संवित्स्फारं विजृम्भते ॥ ३७ ॥ ब्रह्मविद्ब्रह्मभुवनं ब्रह्मभूतपरम्परा ॥ ब्रह्माहं ब्रह्मम-च्छत्रुर्ब्रह्म मन्मित्रबान्धवाः॥३८॥सच्चिच्चेत्कलपना बंधस्तन्मुक्तिर्मुक्तिरुच्यते ॥ सच्चिंचेत्यखिला-त्मेति सर्वसिद्धान्तसंग्रहः ॥ ३९ ॥ चिद्देहोऽस्तीह चिन्मात्रमिदं चिन्मय एव च ॥ चित्त्वं चिदहमे-वेति लोकाश्चिदितिसंग्रहः ॥ ४० ॥

अर्थ-जो चैतन्यमात्र सत्ता आकाशका भूषण और जो सूर्य्यदेवमें विराजमान है तथा भूमि और बिल एवं धना-गारमें विद्यमान है सोही चैतन्य सत्ता छोटेसे कीटमें भी है ॥ ३६ ॥ बन्धन और बन्धनसे मुक्त एवं द्वैत और अद्वैत यह कुछ नहीं है अर्थात् यह कल्पित ज्ञान मिथ्या है केवल एक सनातनब्रह्म है और सोही सर्वत्र प्रकाशमान होरहा है ॥ ३७ ॥ ब्रह्मज्ञान समस्तभुवन और प्राणियोंका समु-दाय मैं एवं मेरे शत्रु सुहृद्वर्ग और बन्धु बान्धव यह सर्व ब्रह्मस्वरूप हीहैं ऐसाही निश्चय रखना चाहिये ॥ ३८ ॥

चित्त और चित्तवाला प्राणीका होना यह कल्पना ही है बन्धन है तथा इसके अभाव चितके लयहोनेको ही मुक्ति कहते हैं क्योंकि सम्पूर्ण आचार्योंका ही निश्चय है कि चित्त और चित्तवाला सबकुछ आत्माही आत्मा है॥३९॥और क्या देह क्या तू क्या मैं और क्या यह संसार भी चैतन्य स्वरूप है यही समस्त सिद्धान्तवादियोंका सिद्धान्त है॥ ॥ ४० ॥ यह जो कुछ दीख रहाहै और जिसका यह सब प्रकाश है यह सब कुछ आत्माही है आत्माके अतिरिक्त और कुछ नहींहै आत्मासे व्यतिरिक्त स्वभावकी वासनाही प्रकाशित हो रहीहै अतएव क्या ग्रहण करने योग्यहै और क्या त्यागने योग्य है हय सब संकल्पविकल्प मिथ्याही है ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्य श्री १०८ श्रीधरानन्दतीर्थस्वामि पूज्यपादशिष्य विश्वेश्वरानन्दतीर्थ स्वामिनोत्तरखंडे विरचिते प्राकृतोपनिषदन्नारायणोपनिषच्चतुर्थोध्यायः ॥ ४ ॥

(मू०) इदंशब्देन च नित्यत्वं प्रतिपाद्यते यथाऽनन्ता घटाः पटा दृष्टाः पटास्तु भिन्नाः सर्वथा न घटा यथा देहदृष्ट्या तथा देहिनामित्यवधारयति वाक्यावृत्तौ तथासमस्तप्रपञ्चदृष्टाभिन्नाः पृथग्भूताः साक्ष्यवतिष्ठते क इव सूर्य एकः प्रकाशेन जगत्प्रकाशयति तथेश्वरः स्वप्रकाशेन मायाम्प्रकाशयति१॥

अर्थ-इदंशब्दसे नित्यत्व प्रतिपादन करते हैं जैसे असंख्य घट पट और दृष्टा हैं परन्तु घट और पट दृष्टासे अलग है

और घट पट कपड़ेसे भिन्न है जैसे देहकी दृष्टिसे देही अर्थात देहवाला मनुष्य जीव भिन्न हैं यह वाक्यावृत्ति नामक ग्रन्थमें लिखा है वैसेही समस्त जगत् प्रपञ्चका साक्षी होकर स्थित रहता है किसकी नाई जैसे सूर्य एकही अपने प्रकाशसे समस्त जगत्को प्रकाशित करता है इसीप्रकार ईश्वर अपने प्रकाशसे मायाको प्रकाश करता है ॥ ४ ॥

(मू०) परस्परमनादिसंबंधेन स परमात्मा मूलप्रकृतिसाक्षिभूतोऽहंकारसाक्षिभूत आकाशवाय्वग्निपृथिव्यादिसाक्षिभूतः श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणमित्यादि पञ्च ज्ञानेन्द्रियसाक्षिभूतो वाक्पाणिपादपायूपस्थपञ्चकर्मेन्द्रियसाक्षिभूतो जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थात्रयसाक्षिभूतः॥ सत्त्वरजस्तमोगुणत्रयसाक्षिभूतोऽण्डजस्वेदजजरायुजोद्भिज्जादिकानां चतुर्णां साक्षिभूतः ॥ ८ ॥

अर्थ—परस्पर अनादि सम्बन्धके प्रभावसे वह सर्वव्यापी परमात्मा मूलप्रकृति (अनादिमाया) का साक्षी है और अहंकारका साक्षीरूप आकाश वायु अग्नि जल पृथ्वी आदि समस्तका साक्षीभूत और कान नाक आँख जिह्वा और चर्म इन पञ्चज्ञानेन्द्रियोंका साक्षी और हाथ पाँव वाणी गुदा लिङ्ग इन पञ्चकर्म इन्द्रियोंका साक्षीरूप और जाग्रत स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओंका साक्षी और सत्त्व रज और तम इन तीनों गुणोंका साक्षी है और अण्डज स्वेदज जरायुज और उद्भिज्ज इस चार प्रकारकी सृष्टिका साक्षी है ॥ ८ ॥

(श्रुतिः) आत्मन आकाशः सम्भूत आकाशाद्वा-युर्वायोरग्निरग्नेरापः अद्भ्यः पृथ्वी पृथिव्या ओष-धय ओषधीभ्योन्नमन्नात्पुरुषः इतिश्रुतेः ॥ ९ ॥

अर्थ-आत्मासे अकाश उत्पन्न हुआ और अकाशसे पवन पवनसे अग्नि और अग्निसे जल और जलसे पृथिवी और पृथिवीसे ओषधी उत्पन्न हुई ओषधीयोंसे अन्न और अन्नसे पुरुष उत्पन्न हुआ इसलिये समस्त जगतका उत्पत्तिस्थान केवल ब्रह्म है ॥ ९ ॥

तथा कठोपनिषत्में लिखा हैकि-

(मनसैवेदमाप्तव्यं नेह नानास्ति किंचन)

अर्थ-इस आत्माविषय यह नाना कोई नहीं है यातें केवल मन करके ही इसको प्राप्त होना योग्यहै ॥ तथा अथर्वण-वेदके मुंडकोपनिषत्में कहाहै ॥

(ततस्तु तं पश्यते निष्कलं ध्यायमानः इति ॥)

तिसके अनन्तर ध्यान करता हुआ योगीपुरुष तिस पर-मात्माको देखेहै तथा कठोपनिषत्में कहा है कि-

(मं०) कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्ष-रमृतत्वमिच्छन् ॥ १० ॥

अर्थ-कोई एक धैर्यवान् पुरुष सर्वइन्द्रियोंका निरोधकरके मोक्षपदकी इच्छावान भया समाधिद्वारा तिस प्रत्यगात्माकूं देखे है ॥ १० ॥ तथा शारीरक सूत्रोंमें भी व्यासजीने कहा है कि-(अपि च संराधने प्रत्यक्षानुमानाभ्याम् ।) समाधि-कालमें योगी पुरुष तिस परमात्माका हृदयाकाशमें दर्शन करते हैं ॥ तथा महा भारतमें भीष्मस्तवराजनेंभी कहाहै कि ॥

येविनिद्राजितश्वासाः संतुष्टाः संयतेन्द्रियाः।ज्योतिः पश्यंति युंजानास्तस्मै योगात्मने नमः ॥ ११ ॥

अर्थ-निद्रासे रहित और प्राणोंके जय करनेहारे तथा संतुष्टचित्त और जितेन्द्रिय योगीलोग समाधिकालमें जिस ज्योतिरूपको देखतेहैं तिस योगात्मारूप भगवानको मेरी नमस्कार होवै ॥ ११ ॥

(मं०)अहंब्रह्मास्मि मन्त्रोऽयं भेदबुद्धिं विनाशयेत् ॥
अहंब्रह्मास्मि मन्त्रोऽयंजन्मपापं विनाशयेत् ॥१२॥
अहंब्रह्मास्मिमन्त्रोऽयं कोटिदोषं विनाशयेत्॥१३॥
अहंब्रह्मास्मि मन्त्रोऽयं ज्ञानानन्दं प्रयच्छति॥१४॥
सर्वमंत्रान्समुत्सृज्य एतं मन्त्रं समभ्यसेत् ॥ सद्यो मोक्षमवाप्नोति नास्ति संदेहमण्वपि ॥ ११८॥ १५ ॥

अर्थ-अहंब्रह्मास्मि उच्चारणमात्रसे भेद बुद्धिका नाश करताहै भेदबुद्धि कौन है जो जीवब्रह्मको भिन्न समझता है यह है ॥ १२ ॥ अहंब्रह्मास्मि मन्त्र कोटि मंत्रका शिरोमणि मंत्रहै जन्मजन्मके पापोंका नाश करता है ॥१३॥ और अहं ब्रह्मास्मि मन्त्र कोटि दोषोंको नाश करताहै अहंब्रह्मास्मि मन्त्र ब्रह्मज्ञानको प्राप्त होताहै ॥ १४ ॥ सर्व मंत्रोंको परित्याग करकें रातदिन यह मंत्रको जपकरे तो आत्मसिद्धिको प्राप्तहोवैहैं जलदी और इसी तनसे मोक्षको प्राप्त होवैंगा इसमें संदेह नहीं है ॥१५॥ यह एकसौ आठ उपनिषदोंका सारहै ॥

(मं) जीवात्मपरमात्मनोः ॥ समस्तनष्टसंकल्पः समाधिरभिधीयते ॥ प्रभाशून्यं मनःशून्यं बुद्धिशून्यं निरामयम् ॥ सर्वशून्यं निराभासं समाधिरभिधीयते । ब्रह्माकारमनोवृत्तिप्रवाहोऽहंकृतिं विना ॥ १६ ॥

अर्थ—और जिनपुरुषोंने जीव और ब्रह्मको एक समझकर और समस्त संकल्पोंका नाश जिन्होंनें किया इसका नाम समाधिहै और बाहिर वृत्तिको निरोधरूप श्रवणादिक इन्द्रियोंका निरोध कराहै । और जो मन चंचल था विषयोंमें सो अपने वश करेहै जिन्होंने और शून्य होगई बुद्धि जो पदार्थोंको निश्चय करताथा सो नाश होगया है और किसीका आश्रय नहीं करता है और सर्ववस्तुसे निराश होगयाहै जिनका चित्त ऐसे ही पुरुषको समाधियुक्त कहतेहैं ॥ और ब्रह्माकार वृत्ति मन होगया जिन्होंका और अहंममताका नाश होगया यह समाधिहै ॥ १६ ॥

(मू०)अन्तर्व्याप्तिरूपोऽसौ समाधिर्मुनिभावितः॥ ऊर्ध्वपूर्णमधःपूर्णं मध्यपूर्णं शिवात्मकम् ॥ १७ ॥

अर्थ—और अन्तर्मुखवृत्ति होगयेहैं रूपादिसे सो समाधिहैं मुनिलोक कहतेहैं . और यथार्थब्रह्म निश्चय करेहैं जिन्होंने सो पुरुष क्या देखताहै ऊर्ध्व कहिये ऊपर आकाशमें भी ब्रह्महै पूर्णहै और मध्य कहिये समान पृथिवीमें भी पूर्णब्रह्म है ॥ और पतालमें भी पूर्णब्रह्महै जो सर्व जीवोंको प्रकाश करनेवालाहै और सर्वइन्द्रियोंसे परेहैं ॥ १७ ॥

(मू०) प्रणवो ह्यपरं ब्रह्म प्रणवश्च परः स्मृतः ॥ न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः॥ १८॥

अर्थ-ॐकार ब्रह्मसे परे कोई वस्तु नहीं है सो रातदिन प्रणवोंका स्मरण निश्चयकरेहै जिन्होंनें और ॐकारस्वरूप जो अपनेको जानताहै । उसके वास्ते इन्द्रियोंका निरोध करना पडताहै उसकी दृष्टिमें न कोई उत्पन्न होताहै न कोई मरताहै । न कोई बद्ध है न मुक्तहै । न गुरु है न शिष्य है । केवल एकरूप सब ब्रह्म है । यह समाधिहै ॥ १८॥

(मू०)मुक्तिहीनोऽस्मि मुक्तोऽस्मि मोक्षहीनोऽस्म्यहं सदा ॥ गन्तव्यदेशहीनोऽस्मि गमनादिविवर्जितः ॥ १९ ॥

अर्थ-मेरेमें और मेरीदृष्टिमें मुक्ति कोई भी नहीं है मैं तो केवल मुक्तरूप हूँ मेरेमें कदापि मोक्ष नहीं है मैं गमन करनेवाला नहीं हूं मेरा कोई भी निजदेश नहीं है मैं तो सर्वदेशी हूं । गमनादिसे मैं वर्जित हूं । मैं तो सर्वदा एकरूप रहता हूं और मैं सदा शान्तरूप रहताहूं ॥ १९ ॥

(मू०) सर्वदा समरूपोस्मि शान्तोऽस्मि पुरुषोत्तमः । चिदक्षरोऽहं सत्योऽहं वासुदेवोऽजरोऽमरः ॥ २० ॥ अहमेवाक्षरं ब्रह्म वासुदेवाख्यमद्वयम् ॥परब्रह्मस्वरूपोऽहं परमानन्दमस्म्यहम्॥ २१॥ केवलं ज्ञानरूपोऽहं केवलं परमोऽस्म्यहम् । केवलं शान्तरूपोऽहं केवलं चिन्मयोऽस्म्यहम् ॥ केवलं नित्यरूपोऽहं केवलं शाश्वतोऽस्म्यहम् ॥ २२ ॥

केवलं सत्यरूपोऽहमहंत्यक्त्वाहमस्म्यहम् ॥ केवलं तुर्यरूपोऽस्मि तुर्यातीतोऽस्मि केवलः ॥ २३ ॥ भ्रान्तिरभ्रान्तिर्नास्त्येव सर्वं ब्रह्मैव केवलम् ॥ न देहो न च कर्माणि सर्वं ब्रह्मैव केवलम् ॥ २४ ॥ लक्षणत्रयविज्ञानं सर्वं ब्रह्मैव केवलम् ॥ जगन्नाम्ना चिद्भाभाति सर्वं ब्रह्मैव केवलम् ॥ २५ ॥

(मं०) तस्माद्ब्रह्मसत्तामात्रेणावतिष्ठते समस्तविषयगोचरं तस्मात् आत्मा ज्ञानगम्यःपुरातनःइतिश्रुतेः॥

अर्थ—इसीकारण ब्रह्म अपनी सत्तामात्रसे स्थितहै और यावत् विषयोंका प्रकाशक है अतएव श्रुतिमें लिखाहै कि आत्मज्ञानगम्य पुरातन आत्मज्ञानसे जाननेके योग्यहै और प्राचीन है ॥ २०–२५ ॥

(मू०) सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् इतिश्रुतेः । वैकुण्ठनाथो लोकान् सृजति लतातन्तुन्यायेन जगदुत्पत्तिर्भवति जगदुत्पादेन स्वरूपेण सृजति प्रतिपालयति संहरति योगमायारूढो भवति ॥ २६ ॥

अर्थ—इसीवास्ते श्रुतिप्रमाण लिखते हैं कि वह परमात्मा हजारों मस्तकवाला और हजारों नेत्रवालाहै और हजारों पांववालाहै वैकुंठका स्वामी है पुरुषोत्तम गोलोक आदि लोकोंको उत्पन्न करताहै जैसे एकबेलमेंसे अनेक बेल बढतीहैं

और डोरा जैसे बढाताहै तैसे वह परमात्मा जगत्की उत्पत्ति करताहै और योगरूपी मायामें आरूढ होताहै ॥ २६ ॥

(मू०) तस्येश्वरस्यांशत्रयं ब्रह्मा विष्णू रुद्र इति स वैकुण्ठाधिपतिर्विष्णुरादिपुरुषोत्तमो नाम सत्त्वगुणात्मकस्तस्य वै रजोगुणात्मको ब्रह्मा सत्यलोकाधिपतिस्तस्य वै तमोगुणात्मको रुद्रः कैलासाधिपतिः ॥ २७ ॥

अर्थ–उस ईश्वरके तीन अंश हैं ॥ ब्रह्मा विष्णु रुद्र यहहै वैकुंठका स्वामी आदिपुरुषोत्तम नामक सत्त्वगुणात्मक है और रजोगुणात्मक सत्यलोकका स्वामी ब्रह्माजी है और तमोगुणात्मक कैलासका अधिष्ठाता रुद्र है ॥ २७ ॥

(मू०)अत एव कारणोपाधिरीश्वरस्य कथ्यते॥२८॥ इति सामवेदे तत्पदविशेषेण व्याख्या संक्षेपेण वेदान्तशास्त्रेण तत्पदस्वरूपाभिव्यक्तिः कथ्यते सामवेदे तत्पदप्रकारः ॥ २९ ॥

अर्थ–इसवास्ते ईश्वरकी कारणउपाधि कहतेहैं यह सामवेदमें तत्पद विशेषणकी व्याख्या संक्षेपसे वेदान्तशास्त्रके अनुसार तत्पदविशेषणकी अभिव्यक्ति कथन करी सामवेदके तत्पदका निरूपण सिद्धान्त है ॥ २८ ॥ २९ ॥

(मू०) अतः परं त्वम्पदवाक्यनिर्णयः कथ्यते कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वरः । तत्र कार्योपाधिचैतन्यं जीवशब्दवाच्यमित्युच्यते स जीवो विद्याशक्तिप्रधानः ॥ ३० ॥

अर्थ–उसके अनन्तर त्वंपदके वाक्यका निरूपण करतेहैं कार्य उपाधिविष्ट यह ईश्वरहै यह श्रुतिप्रमाण है उसमें कार्य उपाधिविशिष्ट चैतन्य जो जीव है सो अविद्या शक्तिप्रधान है ॥ ३० ॥

तथा ईशोपनिषद् प्रमाणम् ।

(श्रुतिः) अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन् पूर्व्वमर्षत् । तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठत् तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति ॥ ३१ ॥

अर्थ–जिस आत्माके हननतें अविद्वान् संसारको प्राप्त होताहै और जो विद्वान् पुरुष है सो संसारते छूटते हैं सो आत्मतत्त्व कैसा है सो आत्मतत्त्व चलनेसे रहितहै सर्वदा एकरूप निर्विकार है और एक है और सर्वभूतनविषे संकल्पादिरूप मनसे अतिशय वेगवान् है यह आत्मतत्त्व व्यापक और अचलहै यातें मनसे भी वेगवालाहै अर्थात् निरूपादिवान् और उपाधिवान् इन दोनोंका संभव है ॥ ३१ ॥

तथा सामवेदीयतलवकारोपनिषद् अतएव प्रमाणितम् ।

(श्रुतिः) यद्वाचा नाभ्युदितं येन वागभ्युद्यते तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥ ३२ ॥

अर्थ–आपकोही भेदरहित ब्रह्मज्ञान यह मूलश्रुतिगत एवशब्दका अर्थहै जो उपाधिनके भेदसहित अनात्मारूप और ईश्वर आदिकोंकी लोक उपासना करतेहैं यह ब्रह्म नहीं है । जिसकी सत्ता करके वाक् वाणी कथन करतेहैं उसीको ब्रह्म जान और जिसकी सत्ता करके नेत्ररूप व्यवहारको देखता है उसीको तू ब्रह्म जान और जिसकी

सत्ता करके श्रोत्र सुनता है और जिसकी सत्तासें प्राण श्वास चलता है उसीको ब्रह्म जान ॥ ३२ ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इति श्रीपरमहंसपरिव्राजकाचार्य्य श्री १०८ श्रीधरानन्द तीर्थस्वामिपूज्यपादशिष्यश्रीविश्वेश्वरानन्दतीर्थस्वामि-नोत्तरखंडे विरचिते प्राकृतोपनिषन्नारायण उप-निषदःपंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

इति महावाक्यविवरणम् ।

यजुर्वेदीयकठोपनिषद् ३ प्रमाणितम् ॥

(मं०) यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह । मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति ॥ ९१ ॥ ३३ ॥

अर्थ—जब नचिकेता पिताकी आज्ञा लेकर यमपूरी गये तब धर्मराजने ब्रह्मज्ञान दिया । हे नचिकेता ! जो वस्तु ब्रह्मसे आदिलेके स्थावर पर्य्यंत पदार्थ विषय वर्तमान हुआ तिस तिस उपाधिवाला होनेते अब्रह्मकी नाई भासताहै सो पर-ब्रह्मतें अन्य संसारी जीव है ऐसी आशंका किसीको भी मत हो जो ब्रह्म यहां कार्यकारणरूप उपाधि संयुक्त हुआ अविवेकी पुरुषनको संसाररूप धर्मवाला भासता है सोई स्वस्वरूपविषयस्थित ब्रह्म और जो ब्रह्म वहां या आत्माविषे स्थित है सोई ब्रह्म नाम रूप कार्य्य और कारणरूप उपाधिके अनुसार भासताहै अन्य नहीं तहां अन्तःकरण आदिक उपाधिका स्वभाव और भेददृष्टि इन दोनों कार्य्यनसें तिनका कारण लक्षणसे जानियेहै ऐसी जो अविद्या तासे मोहको प्राप्त हुआ जो पुरुष इस आत्माको

नानारूपकरके देखताहै और ब्रह्मसे अपनेका भिन्न समझताहै सो पुरुष मरणतें मरणको पातेहैं वारम्वार यमके मुखमें आवै है और गर्भयोनिका दुःखपावैहै ॥ आत्मज्ञान विना पशुके समानहै ॥ ३३ ॥

तथा प्रश्नोपनिषद् ॥ ४ ॥

(मं०) स यथा सौम्य वयांसि वासो वृक्षं सम्प्रतिष्ठन्ते एवं ह वै तत्सर्वं पर आत्मनि सम्प्रतिष्ठते४८॥३४॥

अर्थ—इस कालविषे अविद्या काम और कर्मरूप कारणसें भये कार्य्य और करण प्रवृत्त होवैहै ॥ तिनके निवृत्तभये उपाधिसें विपरीतभासमान जो आत्माका स्वरूप सो अद्वैत एक सुखरूप शांत होवैहै यातें इसीही सुषुप्ति अवस्थाको पृथिवीआदिक और तिनकी अविद्या रचित मात्रके विवेक करे अक्षर ब्रह्म विषय प्रवेशसे दिखावनेको दृष्टांत कहाहै कि हे सौम्य प्रियदर्शन ! जैसे पक्षी वासके अर्थ वृक्षके ताईं जातेहैं । तैसै प्रसिद्धहै सर्वजगत अक्षर अविनाशीरूप परमात्माविषय जाताहै (लय होताहै) ॥ ४८ ॥ ३४ ॥

ॐअथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषत्-प्रमाणम्—ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्ताद्ब्रह्मपश्चाद्ब्रह्म दक्षिणतश्चोत्तरेण अधश्चोर्द्ध्वञ्च प्रसृतं ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्॥४३॥३५॥

अर्थ—सो परमात्मा ज्योतिनका ज्योति ब्रह्म है सोई सत्य है अन्य जो वाणिसे आरंभ किया विकार नाममात्र जो ताका कार्य है सो सर्व मिथ्याहै और जो अविद्यायुक्त दृष्टिवाले पुरुषनको अग्रभाग विषय भासमान वस्तु है सो उक्तलक्षणावाला अमृतरूप ब्रह्म ही है तैसे पीछे ब्रह्म है तैसे दक्षिण ओर ब्रह्म है तैसे वाम जो दूसरी वस्तु

कछु नहीं जैसे किसी जल कहा किसी अंभ कहा दोनो एकहीके नाम होते हैं तैसे आत्मा अरु जगत् एकहीके नामहैं परंतु अज्ञानकर भिन्नभिन्न भासतेहैं जैसे स्वप्नमें कार्य भासतेहैं परन्तु है नहीं तैसे जागृतविषय कारणकार्य भासतेहैं परंतु हैं नहीं वास्तवतें आत्मतत्त्व है तिस आत्मा-विषय जो चित्त फुरताहै अहं मम तिस उत्थानतें आगे जो कछु फुरणां होता गया सोई जगत् भयाहै औरतैं ब्रह्महै तैसेही नीचे भी ब्रह्महै और ऊंचे भी ब्रह्म है अन्य भी कार्यके अकारसे सर्वओरते पसराहुआ नामरूपवाला यह जो भासमान जगत् है सो सर्व:ब्रह्म है ब्रह्मसे भिन्न जो प्रतीति है सो सर्व रज्जुविषय सर्पके प्रतीतिकी न्याईं अविद्यामात्र है और एकब्रह्महीं परमार्थतें सत्य है यह वेदकी आज्ञाहै ॥ ४३ ॥ ३५ ॥

तथा मांडूक्योपनिषद् ।

(श्रुतिः) स्वप्नस्थानोऽन्तःप्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोन-विंशतिमुखः प्रविविक्तभुक् तैजसो द्वितीयःपादः४॥३६

अर्थ–जो स्वप्नहै मम अभिमानका विषयरूप स्थान जिस तैजसरूप द्रष्टका ऐसा जो स्वप्नस्थानवाला जागृत ताकी जो प्रज्ञा (बुद्धि) है सो अनेक साधनवाली और बाहि-रको विषय करनेवाली न्याईं भासमान और मनरूप स्फुरणमात्र हुई तिसप्रकारके संस्कारको मनविषे धारण करे है। तैसे संस्कारवाला सो मन चित्रित पटकी न्याईं बाहिरके साधनकी अपेक्षासे रहित और अविद्या काम और कर्मसे प्रेरणाको पायाहुआ जागृतकी न्याईं भासताहै तैसे बृहदारण्यक श्रुति विषय कहाहै इस

सर्वसाधनकी संपत्तिवाले लोककी मात्र (लेशरूप वासना) कूं ग्रहण करके सोवता है तैसे अथर्ववेदकी प्रश्नउपनिषद् विषय कहा है । मनरूप परदेवविषै एककी न्याईं होवै ऐसें प्रसंगविषय प्राप्तकरिके इस स्वप्न विषय यह देव महि-माको अनुभवकरे है इस वाक्यसे कहाहै और इन्द्रियनकी अपेक्षासे मनको भीतरस्थित होनेते स्वप्नविषय अंतरहै तिस नामकी वासनारूप प्रज्ञा जिसकी ऐसा जो अंतःप्रज्ञहै और पूर्वकीन्याईं सप्तअंगवाला है औ उंनीस मुखवालाहै और प्रविविक्तभुक् (वासनामयसूक्ष्म भोगवालाहै जागृतविषै विश्वकूं विषय सहित होनेकरि स्थूल प्रज्ञाका भोज्य (भोज्य भोग्य) पनाहै और इहां स्वप्नविषै जाते केवल वासनामात्र स्वरूपवाली प्रज्ञा भोज्यहै यांते प्रविविक्त (सूक्ष्म) भोगहै औ विषयरहित केवल प्रकाशस्वरूप प्रज्ञाविषै प्रकाशकपनैकरि होवैहै यातें जो तैजसहै सो तैजस द्वितीय पाद है ॥ ४ ॥ ३६ ॥

तथावेदमन्त्रोक्त प्रार्थना ॥

ॐ विश्वानिदेवसवितर्दुरितानिपरासुव ॥ यजु० अध्याय ३० मं० ॥ ३ ॥ ३७ ॥

अर्थ–हे सच्चिदानन्दस्वरूप हे परमकारुणिक हे अनन्त विद्यासम्पन्न हे विज्ञान विद्याप्रद (देव) हे सूर्य्यादिज्योतिः–प्रकाशक हे सर्वानन्दप्रद (सवितः) हे सकलजगदुत्पादक (नः) हमारे (विश्वानि) सब जे (दुरितानि) दुःख हैं उनको और हमारे सब दुष्ट गुणोंको आपकृपाकर (परासुव) दूर करदीजिये (यद्भद्रं) और जो सब दुःखोंसे रहित कल्याण होवैहै उसको हमारेलिये सर्वदा प्राप्त कीजिये॥ ३॥ ३७

स्वामीविश्वेश्वरानन्दतीर्थकृतव्यख्यान॥हेसंतजनों ! रातदिनभजोभगवान् ॥ तब मिलेपरमनिर्वाण ॥

(मू०) यथा मृदि घटो नाम कनके कुण्डलाभिधा ॥ शुक्तौहिरजतख्यातिर्जीव शब्दस्तथापरे ॥ ३८ ॥

अर्थ-जिसप्रकार मृत्तिकामें घटसंज्ञा स्वर्णकुंडलसंज्ञा और सीपीमें रजतख्याति होतीहै इसीप्रकार परमात्मामें जीवसंज्ञा है ॥ जीवब्रह्ममे भेद नहींहै ॥ ३८ ॥ इति अपरोक्षानुभूतिः ॥

तथा अष्टावक्रगीतामें भी कथन है ॥

(मू०) मुक्तिमिच्छसिचेत्तात विषयान्विषवत्त्यज॥ क्षमार्जवदयातोषसत्यं पीयूषवद्भज ॥ २ ॥ ३९ ॥

अन्वयः-हे तात हे शिष्य चेन्मुक्तिम् इच्छसि तर्हि विषयान् विषवत् (अवगत्य) त्यज क्षमार्जवदयातोषसत्यम् पीयूषवत् (अवगत्य) भज ॥ २ ॥ ३९ ॥

तमेवैकं जानथ आत्मानमन्यावाचोविमुंचथ३॥३९॥

अर्थ-हे अधिकारीपुरुषो वेदांतवचनों करिके तिस एक अद्वितीय आत्माको ही जानो तथा तिन वेदान्तवचनोंते भिन्न अनात्मवस्तुको प्रतिपादन करणेहारे वचनोंका परित्यागकरो ॥ ३ ॥ ३९ ॥ विषयसे उपरामहोओ तब मुक्तिहोवै है ॥

अष्टावक्रगीता ।

(मू०) यथा न तोयतो भिन्नास्तरंगाःफेनबुद्बुदाः । आत्मनो न तथा भिन्नं विश्वमात्मविनिर्गतम्॥४॥४०

अर्थ–जिसप्रकार तरङ्ग झाग बुलबुलेजलसे अलग नहीं होय हैं परन्तु उन तीनोंका कारण एक जलमात्रहै तिसी-प्रकार त्रिगुणात्मक जगत् आत्मासे उत्पन्नहुआहै आत्मासे भिन्न नहीं है जिसप्रकार तरंग झाग और बुलबुलोंमें जल व्याप्तहै तिसीही प्रकार सर्व जगत्में आत्मा व्यापक है आत्मासे भिन्न कुछ नहीं है एक पूर्ण ब्रह्म है ॥ ४ ॥ ४० ॥

अवधूतगीता–

(मू०) आत्मन्येवात्मना सर्वं त्वया पूर्णं निरन्तरम् । ध्याता ध्यानं न ते चित्ते निर्लज्जं ध्यायसे कथम् ॥ २६ ॥ ४१ ॥

अर्थ–आत्मामें आत्माके समान तुमहो निरंतर यह संपूर्ण परिपूर्ण रहताहै ध्याताध्यान करतेहो भिन्नवस्तु कोई नहीं है केवल ब्रह्म है ॥ २६ ॥ ४१ ॥

स भूमा कस्मिन् प्रतिष्ठितः स्वे महिम्नि ।

अर्थ–सो व्यापक आत्मा किसविषे स्थित होवैहै याका इस कारणकी शंकाके हूए सो व्यापक आत्मा अपने स्वयं-प्रकाश महिमा विषे स्थित होवैहै ।

शिवगीता ॥ अ० ॥ ७ ॥

(मू०) स्थूलस्य सूक्ष्मस्य जडस्य भोगो देहस्य शंभो न भिदं विनास्ति । अतस्त्वदारोपणमात-नोति श्रुतिः पुरारे सुखदुःखयोः सदा ३६ ॥ ४२ ॥

अर्थ–हे शंभो ! स्थूल और सूक्ष्म दोनों जडदेहमें आत्म-तत्त्वके सिवाय दूसरा चैतन्य अंश नहींहै हेपुरमथन सुखदुःख यह दोनों देहीको होतेहैं उनकी कहनेवालीश्रुति केवल आपमें आरोपकरतीहै वास्तव विकार कुछभी नहींहै केवलब्रह्महै ॥ ३६ ॥ ४२ ॥

शुकउवाच ।

(मू०) भेदाभेदौ सपदि गलितौ पुण्यपापे विशीर्णे मायामोहौ क्षयमधिगतौ नष्टसंदेहवृत्तेः ॥ शब्दातीतं त्रिगुणरहितं प्राप्यतत्त्वावबोधं निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतःको विधिःको निषेधः ॥१॥४३॥

अर्थ–भेद और अभेद यह दोनों पदसहित गल गयेहैं और पुण्य पापका भी नाश होगयाहैं और माया और मोह भी क्षयको प्राप्त होगयेहै अरु संदेहवृत्तिका नाश होगया अरु यह पुरुष जो शब्दातीत अर्थात् अनिर्वचनीय और त्रिगुण सत्त्वरज तम तीन तीनों गुणोंसे रहित होगया ऐसे निस्त्रैगुण्य पथके लेनेवालेको क्या विधि है क्या निषेध है ॥ १ ॥ ४३ ॥

(मू०) पंचकोशादियोगेन तत्तन्मय इव स्थितः । शुद्धात्मा नीलवस्त्रादियोगेन स्फटिको यथा।१४॥४४

अर्थ–अन्नरसते जो होताहै और अन्नहीतें बढताहै और अन्नरूप पृथिवीमें लय होजाताहैं सो अन्नमय कोश है और पांच क[र्म]इन्द्रिय और पांचप्राण मिलके प्राणमय कोश होता है और पंचज्ञान इन्द्रिय और मन मिलके मनोमय कोश होताहै और पंचज्ञान इंद्रिय और बुद्धिमिलके विज्ञानमय कोश होताहै और कारण शरीरभूत अविद्या मलिन सत्त्वप्रधान प्रियादिवृत्तिसहित आनंदमय कोश होता है सो यह अन्नमयादि जो पंचकोश है तिनकरिके आत्माकी सच्चिदानंदरूपता आच्छादित अर्थात् ढकी हुई है श्लोक विषय आदि पद है तिसते स्थूलता कृशता क्षुधा तृषा आदिक धर्मोंकूं लेना तिनके योग करिके मिथ्या तद्रूपता अर्थात् कोश और आत्माकी एक

रूपताके भ्रम करके आत्मा कोशरूप प्रतीत होता है वास्तव आत्मा शुद्ध है पर जिस जिस कोशके साथ आत्माका व्यवहार होताहै जैसे कोशके साथ आत्मा प्रतीत होताहै जैसेमैं मनुष्य हूं मैं मोटा हूं मैं पतला हूं ऐसे अन्नमय कोशरूप प्रतीत होताहै और मैं भूखा हूं मैं प्यासा हूं ऐसे प्राणमय कोश रूप प्रतीत होता है और देह मेरी है घर मेरा है पुत्र मेरा है मैं संसारी हूं ऐसे मनोमय कोशरूप प्रतीत होताहै मैं ज्ञानवान् हूं मैं मूर्ख हूं ऐसे विज्ञानमय कोशरूप प्रतीत होता है अब मैं सुखी हूँ ऐसे आनंदमय कोशरूप प्रतीत होताहै इस प्रकार अन्नमयादिकोशनके मिथ्या धर्म आत्मा विषय भ्रम करिके प्रतीत होतेहैं स्वाभाविक आत्मा विषे कोई धर्म है नहीं और श्रुतिनें जो आत्माकी अन्नमयादिरूपता कहीहै ॥ आत्मा सबसे निर्लेप है ॥ १४ ॥ ४४ ॥

(श्रुतिः) परं ज्योतिः स्वरूपं संपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते ॥ ४५ ॥

अर्थ–महावाक्यते उत्पन्न भया जो मैं ब्रह्मरूप हूं ॥ या प्रकारका ज्ञान है ता ज्ञानका नाम संपत्ति है और तिस जीव ब्रह्मके अभेदज्ञानते उत्पन्न भया जो सर्व द्वैतते रहिततारूपफल है ता फलका नाम स्वरूपाभिनिष्पत्ति है जिसको स्वरूपका ज्ञान होय है उसको कर्तव्य कोई न रहाहै ॥ ४५ ॥

(मू०) ब्राह्मे मुहूर्ते बुद्ध्येत धर्मार्थौ चानुचिन्तयेत् । कायक्लेशांश्च तन्मूलान्वेद तत्त्वार्थमेव च ॥ ९२ ॥

अर्थ—तडकेकी दो घडी रातको उठै शौच स्नान सन्ध्या नारायणका स्मरण पाठ करै और धर्म तथा अर्थको अनुचिंतन करे उसके उपार्जनके मूल कायक्लेशको भी अनुचिंतन करे अर्थात् समझलेवे और वेदतत्त्वार्थको भी यादकरे ॥ ९२ ॥ जो सुखकी जड है सो शुभकर्म है जैसे किसान लोग खेत को कमाकर अच्छीतरहसे जल देके खड उखाडके कमाकर पीछे अन्न फल भोगताहै, तैसे सुकर्मका फल पीछे भोगता है सो केवल मनुष्य शरीरकरके होताहै ।

(मू०) उत्थायावश्यकं कृत्वा कृतशौचः समाहितः॥ पूर्वां सन्ध्यां जपंस्तिष्ठेत्स्वकाले चापरां चिरम् ॥ ९३ ॥ ऋषयोदीर्घसन्ध्यत्वाद्दीर्घमायुरवाप्नुयुः॥ प्रज्ञां यशश्च कीर्तिं च ब्रह्मवर्चसमेव च ॥ ९४ ॥

अर्थ—फिर उठकर दिशा जंगल होकर पश्चात् पवित्र होकर एकाग्रचित्त हुआ पूर्वसन्ध्यामें बहुकालपर्यंत गायत्री जप करताहुआ रहे । सूर्यउदयके अनन्तर भी करे और दूसरी सन्ध्याको भी अपने कालमें प्रारंभ करके नक्षत्र उदय काल पर्यंत करे ॥ ९३ ॥

ऋषिलोग दीर्घ सन्ध्याके अनुष्ठानसे दीर्घ आयुको पातेहैं और प्रज्ञा यश कीर्ति और ब्रह्मतेजको भी पातेहैं ॥ ९४ ॥

(मू०) विप्रो वृक्षस्तस्यमूलञ्चसन्ध्या वेदाः शाखा धर्म कर्माणि पत्रम् ॥ तस्मान्मूलं यत्नतो रक्षणीयं छिन्ने मूले नैव शाखा न पत्रम् ॥ ४ ॥

अर्थ—हे ब्राह्मणो तुमको इष्ट केवल गायत्रीका जप है तीनों काल गायत्रीका ध्यान स्मरण करो विप्रके कल्पवृक्षकी न्याई गायत्री है । केवलमूल सन्ध्या है और शाखारूपी वेदका

पाठ हैं और धर्म कर्म पत्ते हैं तुम मूलरूपी गायत्रीका जप करो जिसकी मूलरूपी गायत्री नहीं है उनकी मूलरूपी गायत्री न होनेपर वेदरूपी शाखा कहांसे होवेहै और उससे धर्मकर्म कैसा चलेगा कदापि नहीं चलेगा, और जो ब्राह्मणगायत्रीके जप तपमें तत्पर रहतेहैं सो ब्रह्मलोकमें जातेहैं । ब्राह्मण गायत्रीका जप और संन्यासी प्रणवका जप करनेसे ब्रह्मलोकमें जातेहैं और ब्रह्माकी आयु पर्यंत ब्रह्मलोकमें रहने पीछे ब्रह्मा उनको ब्रह्मज्ञान देकर मुक्त करदेगा । जिससे वह जन्ममरणसे छूट जावैगा तथा आत्मपुराणमें कथन है ॥ ४ ॥

(मू०) कर्मणा ब्रह्मलोकं गत्वा भोगान्भुक्त्वा मुक्तिर्भवति नात्र संशयः सत्यम् ॥ ५ ॥

अर्थ—कर्म करके ब्रह्मलोकमें जाकर नाना प्रकारके भोग भोगनेके पीछे ब्रह्मा ब्रह्मज्ञानका उपदेश करतेहैं इसमें संशय नहीं है यह यथार्थ वेदकासारहै ॥ सो उपासक पुरुष ब्रह्मलोक जावैहै ॥ सो कैसा ब्रह्मलोक है॥ अश्वत्थवृक्षके आकार एकसम सब नामवाला कल्पवृक्ष मालाकी न्याईं सर्व प्राणियोंकूं मनवांछित पदार्थोंकी प्राप्तिकरैहै ॥ तिस वृक्षते सर्वदा अमृत स्रवैहै अर्थात् अमृत निकलताहै और तिस ब्रह्मलोक विषे एक अर नामा ताल है और दूसरा 'ओदीरारांय'नाम ताल है ॥ कैसे दोनों ताल हैं ॥ समुद्रके तुल्य विस्तारवाले हैं तथा दुग्ध १ दधि २ घृत ३ यह तीनों करिके पूर्ण हैं ॥ और जैसे राजाके पुत्रकूं भृत्य (नौकरलोग) आदरपूर्वक राजदरबारविषे ले जातेहैं ॥ तैसेही विद्युत (बिजली) लोक विषे प्राप्त होवैहैं उस उपासक पुरुषकूं अमानव (आदर) लोक ता विद्युतलोकते तब ब्रह्मलोकविषे लै

जावैहै । तब ब्रह्माजी तिस उपासक पुरुषके तांई पांच सौ अप्सरा सम्मुख भेजैंहैं । कैसी हैं सो अप्सरा सूर्य्यके समान तेजवाली हैं, तथा षोडश वर्षकी अवस्था वाली हैं, तथा रूप यौवन करिके संपन्न हैं, तथा मधुर शब्दों करिके शोभायमान हैं, तथा उपासक पुरुषोंके देखनेकी इच्छा करतीहैं और उपासक पुरुषके शरीरकूं ब्रह्माके समान अलंकारों करिके शोभायमान करणेहारी हैं । जिन अप्सरावोंकूं श्रुतिविषे अंबा अँबा यवीय या दो नामोंकरिके कथन कियाहै । सो अप्सरा तो ता उपासक पुरुषको नानाप्रकारकी सुगंधि लगावें और फूलमाला पैरावैहैं । और एकसौ अप्सरा नाना प्रकारके अंजणोंकूं आपसों आपणेहस्तविषे लैआवैहैं । और एक सौ अप्सरा नानाप्रकारके वस्त्रोंकूं अपणे हाथविषे लैआवैहैं । और एकसौ अपसरा नाना प्रकारके चरणोंकूं अपणे हाथविषे लैआवैहैं और एकसौ अप्सरा नानाप्रकारके भूषणोंकूं अपणे हाथविषे लैआवैहैं ॥ और ब्रह्माजीकी दो स्त्री हैं एकका नाम प्रिया प्रतिरूपा है और दूसरीका नाम प्रिया मानसी है यह ब्रह्मलोकका विस्तार छांदोग्य उपनिषद्के अष्टम अध्यायविषे कहाहै ॥ ५ ॥ हे पुरुषो ! यह स्वर्ग नरक यह दोनों अपने हाथमें हैं चाहे ब्रह्मलोकमें जावै चाहे तू नरकमें जावै है । इसका करता और कोई भी नहीं है । अपनी करनीसे सुख और दुःख भोगताहै । धर्मके चार पैर हैं-सत्य, शौच, क्षमा, दया यह धर्मके चार पैर हैं । प्रथम तो सत्यबोलणा । किसीके नाशके हेतु झूठ न बोले और शौच पवित्र रहनाहै मट्टी मृत्तिका करिके । और जो कोई कटुवचन कहिदेवे तो

क्रोध न करे क्षमा करे तो उसका तप बढताहै और क्रोध करनेसे धर्मका नाश होवै है। और गरीब और दुःखीके ऊपर दया करे है। सेवा अथवा देना कुछ ॥

तथा मनुस्मृति प्रमाण है—

(मू०) नसीदन्नपि धर्मेण मनोऽधर्मे निवेशयेत् ॥
अधार्मिकाणां पापानामाशुपश्यन्विपर्ययम्॥ १७१॥
नाधर्मश्चरितो लोके सद्यः फलति गौरिव ॥ शनैरा-
वर्तमानस्तु कर्तुर्मूलानि कृन्तति ॥ १७२ ॥ ७ ॥

अर्थ—धर्म करके पीडित होताहुआ भी मनको अधर्ममें न डालै क्योंकि, अधर्म करनेवालोंके पापोंका शीघ्र विपर्यय अर्थात् उलटापन देखपडता है ॥ १७१ ॥ ६ ॥ इस लोकमें अधर्म किया हुआ उसी समय नहीं फलताहै जैसे पृथ्वीमें बीज बोते ही उसी समय फल नहीं लेताहै । धीरे २ फैलता हुआ करनेवालेकी जड़को काटताहै ॥ १७२ ॥ ७ ॥

(मू०) यदि नात्मनि पुत्रेषु न चेत्पुत्रेषु नप्तृषु ।
नत्वेव तु कृतोऽधर्मः कर्तुर्भवति निष्फलः॥ १७३ ॥
अधर्मेणैधते तावत्ततो भद्राणि पश्यति ॥ ततः
सपत्नाञ्जयति समूलस्तु विनश्यति ॥ १७४ ॥ ८॥
सत्यधर्मार्यवृत्तेषु शौचे चैवारमेत्सदा ॥ शिष्यांश्च
शिष्याद्धर्मेण वाग्बाहूदरसंयतः ॥ १७५ ॥ ९ ॥
परित्यजेदर्थकामौ यौ स्यातां धर्मवर्जितौ । धर्मं
चाप्यसुखोदर्कं लोकविक्रुष्टमेव च ॥ १७६ ॥१०॥

अर्थ- यदि किया हुआ अधर्म करनेवालेका निष्फल होताहै अर्थात् देह धनादि नाशको नहीं करता तो उसके पुत्रमें सफल होताहै। यदि पुत्रमें नहीं होवे तो पौत्रमें सफल होताहै । इससे उसको क्लेश पहुंचता है निष्फल नहीं होता है ॥ १७३ ॥ अधर्म करके पहले बढताहै पीछे नाशको प्राप्त होताहै अर्थात् नौकर चाकर गाय घोडा इनकरके, अनंतर शत्रुको जीतताहै फिर कुछ कालके अनंतर पापके परिपाक समय देह धन पुत्रोंके सहित नष्ट होता है ॥१७४॥८॥ और सत्य, धर्म, सदाचार, शौच इनमें सर्वदा प्रीति करे और धर्म करके शिष्योंको अनुशासन देवे और वाणी बाहु उदर इनका संयम करे अर्थात् सत्य-भाषण, परको पीडा न देना और जो मिलजाय वह थोडा भोजन ऐसा तीनोंका संयम करे ॥ १७५ ॥ ९ ॥ धर्म-करके रहित जो अर्थ काम होवै हैं उनको न करे । जैसे चोरीसे द्रव्य उपार्जन और दीक्षा करके यजमानपत्नीमें गमन और उत्तरकालमें असुखका देनेवाला धर्म भी न करे और जिसमें लोगोंको क्लेश होवैहै ऐसा धर्म भी न करे जैसे पुत्रपौत्रादिकोंके रहते सर्वस्वदान, और श्राद्धादिकमें हिंसाभी न करे ॥ १७६ ॥ १० ॥

अथ अन्नखानेकी शुद्ध अशुद्ध विधि।

(मू०) कारुकान्नं प्रजा हन्ति बलं निर्णेजकस्य च । गणान्नं गणिकान्नं च लोकेभ्यः परिकृन्तति ॥ ॥ २१९ ॥ १५ ॥ पूयं चिकित्सकस्यान्नं पुंश्चल्या-स्त्वन्नमिन्द्रियम् ॥ विष्ठा वार्धुषिकस्यान्नं शस्त्रविक्र-यिणो मलम् ॥ २२० ॥ १६ ॥

अर्थ—बढईका अन्न संततिको नाश करताहै, धोबीका अन्न बलको नाश करता है और गणान्न तथा गणिकाका अन्न स्वर्गादि लोकके फलको नाश करता है ॥ २१९ ॥ वैद्यका अन्न पीपके समान है और पुंश्चलीका अन्न इंद्रियके समान है और ब्याज लेनेवालेका अन्न विष्ठाके समान है और शास्त्र बेचनेवालेका अन्न शरीरके मैलके समान है ॥ २२० ॥ १६ ॥

(मू०) महर्षिपितृदेवानां गत्वानृण्यं यथाविधि ॥
पुत्रे सर्वं समासज्य वसेन्माध्यस्थमाश्रितः ॥ १८॥
एकाकी चिन्तयेन्नित्यं विविक्ते हितमात्मनः॥एकाकी
चिन्तयानो हि परं श्रेयोऽधिगच्छति ॥ २५८॥१९॥

अर्थ—ऋषि पितर देवता इनका ऋण देकर और यथाविधि पुत्रमें कुटुंबका भार सौंपकर सबसे ममत्व छोडकर समदर्शी होकर घरहीमें रहे ॥ १८ ॥ निर्जन स्थानमें अकेला आत्माका हितचिंतवन करे अर्थात् वेदान्तका अभ्यास करे अकेला अभ्यास करता हुआ परम श्रेयको प्राप्त होताहै अर्थात् मोक्षको पाता है ॥ २५८ ॥ १९ ॥ और मोक्षका यत्न मनुष्यशरीरसे होसक्ताहै अन्यशरीरोंमें नहीं होसक्ता है इसवास्ते नारायणका भजन करना चाहिये चाहे घरमें स्मरण ध्यान करो चाहे वनमें करो वृथा जन्म न बिगाडना। अब पाप करनेवालेका वर्णन करते हैं सो श्रुतिस्मृतिमें और वेदपुराणोंमें लिखाहै ।

जो बेटी करतीहै छूट ॥ उसके शिर यमदूत ।
ओखलीमें लोहाके मूसलसे कूट ॥
जो पुरुष परस्त्री साथ करे जारी ॥

उसके शिरपर यमदूत चलावे लोहाकी आरी ॥
जो स्त्री परपुरुषके साथ करे जारी ॥
उसके शिरपर चलावै यमदूत गर्म लोहाकी तरवारी ॥
जो लेवै देवै घूश ॥
उसके शिर यमदूत लोहाके मुगरोंसे भूसा जैसा कूट॥
जो पुरुष वृथा देवै गारी ॥
उसके मुखमें यमदूत चलावै गर्मलोहाकी कटारी ॥
जो पुरुष पक्ष करके सभामें बोले झूठ ॥
उसको यमदूत कोल्हूमें पीट ॥
जो पुरुष करे परनिंदा ॥
उसको यमदूत फांशिदेंदा ॥
जो पुरुष वनमें लगावै आग ॥
उसके अंगमें यमदूत लगावै गर्मलोहाके दाग ॥
जो पुरुष विना बातका करे झगड़ा ॥
उसको यमदूत अग्निमें पकावै लगडा ॥
जो पुरुष बोले लवारी ॥
उसके शिरपर यमदूत वरषावै गर्मलोहाकी अंगारी ॥
जो पुरुष खावै मांस ।
उसको देवे यमदूत वज्रसार त्रास ॥
जो पुरुष मातापिताकी सेवा न करे ॥
उसको यमदूत बावनयोजनकी तावागर्मपरधरे ॥
जो पुरुष मालक होके अच्छीचीज एकला खावै,
और कुटंबकूं न देवै । उसके मुखमें यमदूत कीडा देवै॥
जो राजा न्याय न करे ॥
उसके मुखमें यमदूत अग्नि धरे ॥
जो पुरुष संत महात्माको विना बात दुख देवै ॥
सो पुरुष जन्म जन्म निर्वंशी होवै ॥

जो पुरुष पशु पक्षी मारकर खावै ॥
सो पुरुष तीनक्रोड वर्षतक रौरवनरकमें जावै ॥
हे पुरुषो पापसे डरो। यह दुःखरूप भवसागर तरो ॥

और जो ब्राह्मण विना स्नान संध्या भोजन करतेहैं सो भी नरकमें जातेहैं । और जिनको दया नहीं है वे भी नरकमें जातेहैं । और जो पुरुष दूसरेका बुरा चाहतेहैं सो भी नरकमें जातेहैं । और जो पुरुष पापका उपदेश करे अरु धर्म कर्म न बतलावे सो भी नरकमें जावै और जो खानेके वास्ते झूठा भेष बनाकर ईश्वरका भजन न करे सो भी नरकमें जातेहैं । और जो विना बातपर क्रोध करे सो भी नरकमें जातेहैं। और जो लोभ करके अपना पेट भरना चाहताहै अरु भाई बंधुका हिस्सा मारताहै सो भी नरकमें जाता है । और जो पुरुष दान दिया हुआ कोई वस्तु फिर वापिस करलेवे है सो पुरुष साठहजार वर्ष नरकवास करेहै और जो गायको पानी पीते भगा देवै है सो भी नरक जातेहैं। और जो रस्ता बिगाड देतेहैं सो भी नरकमें जाते हैं । और जो तालाब और कुवांको बिगाड देतेहैं सो भी नरकमें जातेहैं । और जो वेद शास्त्र देवताकी निन्दा करतेहैं सो भी नरक जातेहैं । और जो प्रातःसंध्याकालमें नारायणका नाम न लेकर वृथा बकवाद करे सो भी नरकमें जावैहै । और जो पुरुष पापी और अधर्मीकी संगत करे सो भी नरकमें जातेहैं। और जिन पुरुषोंने कभी हरिकथा नहीं सुनी हो वे भी नरकमें जातेहैं । और जिनको भक्ष्य अभक्ष्यका ज्ञान नहीं है सो भी नरकमें जातेहैं । और जो आलस्य करके अपने धर्मको छोड देतेहैं सो भी नरकमें जातेहैं । और जो पुरुष रातदिन मोहके जालमें फँसे रहते हैं अरु पुण्यदान कुछ भी नहीं करतेहैं सो भी नरकमें जाते

हैं । और जो किसीका द्रव्य लेकर बेईमानी (ठगपना) से पचालेताहै उसको यमदूत ऊंचे वृक्षपरसे नीचे गिरादेते हैं जिसके पत्ते तरवारके समानहैं उनसे कटताहै ॥

तथा मनुस्मृतिः-

(मू०) द्विकं शतं वा गृह्णीयात्सतां धर्ममनुस्मरन् ॥ द्विकं शतं हि गृह्णानो न भवत्यर्थकिल्बिषी॥१४१॥ ॥ २० ॥ द्विकं त्रिकं चतुष्कं च पञ्चकं च शतं समम् ॥ मासस्य वृद्धिं गृह्णीयाद्वर्णानामनुपूर्वशः ॥ ॥ १४२ ॥ २१ ॥

अर्थ-धर्मात्मा साहूकारको चाहिये कि, सत्पुरुषोंका धर्म स्मरण करके अर्थात् बडोंका नाम लेकर दो रुपया सैकडा व्याज लेवै । दोरुपया सैकडा व्याज नहीं ग्रहण करनेवाला उस धनकरके पापी नहीं होताहै ॥ १४१ ॥ २० ॥ ब्राह्मणादि वर्णोंके क्रमसे दो तनि चार पांच रुपया सैकडा सालमें व्याज ग्रहण करे इससे अधिक न लेवे और ऋणी पुरुष दोरुपया सैकडा दिया होवै सो ऋणी नहींहै यह मनुभगवानका वाक्य है जो पुरुष जडमूलसे मारे सो नरकमें जावैहै ॥ १४२ ॥ २१ ॥

ब्रह्महत्यावालेका पाप उसके अन्न खानेवालेको लगताहै और व्यभिचारणी स्त्रीका पाप पतिको लगताहै और शिष्यका पाप गुरुको लगताहै तथा यज्ञकरनेवालेको क्षमा करनेमें लगताहै ॥ और चोरका पाप राजाको लगताहै स्वर्णकी चोरी वगैरेमें राजासे उचित दंड पायेहुये मनुष्य निष्पाप होके स्वर्गको जातेहैं जैसे सुकृती पुण्यके करनेसे स्वर्गको जातेहैं तैसे सो भी जातेहैं ॥ २२ ॥

(मू०) न ब्राह्मणवधाद्भूयानधर्मो विद्यते भुवि ॥
तस्मादस्य वधं राजा मनसापि न चिन्तयेत् ॥२३॥

अर्थ–ब्राह्मणके वधसे बड़ा कोई पाप पृथिवीमें नहीं है इसवास्ते इसका वध राजा मनसे भी चिंतन न करे ॥ २३ ॥

ब्राह्मण किसीका ऋणी नहीं है जो द्रव्य देखने सुननेमें आतेहैं सो सर्व ब्राह्मणके हैं ।

जो मारता सौकारकी रास । सो पडताहै यमके फांस ।
जो सौकार लेवै दो बेरी । सो पडे यमकी अंधारी ओवरी ॥
जो मारे भैंसा औ बैला । उसको रौरव टेलमटेला ।
जो मानुष मारे है मच्छी । उसके मुख लोहाकी बरछी ॥

(मू०) वर्षे वर्षेऽश्वमेधेन योयजेत शतं समाः ॥
मांसानि च न खादेद्यस्तयोः पुण्यफलं समम्॥५३॥

अर्थ–जो सौ वर्षतक प्रतिवर्षमें अश्वमेध करेहै और जो जन्मपर्यंत मांसभक्षण नहीं करता उन दोनोंको पुण्य समानहै ॥ ५३ ॥ २४ ॥

इसप्रकार जो पुरुष मांसको भक्षण नहीं करताहै सो पुरुष यमपुरीका दुःख नहीं भोगता है । इस वास्ते मांस छोडदेना चाहिये ।

(मू०) ब्रह्महा च सुरापश्च स्तेयी च गुरुतल्पगः ॥
एते सर्वे पृथग् ज्ञेया महापातकिनो नराः॥२३५॥२५॥

अर्थ–ब्राह्मणका मारनेवाला और मद्यका पीनेवाला और गुरुकी स्त्रीसे व्यभिचार करनेवाला तीनोंको महापातकी जानना चाहिये ॥ २५ ॥

चौपाई ।

अर्जुन सुनहु एक चित लाई । पुरविल कथा कहौं समुझाई ॥ गोहत्या प्राणी जो करई । सो ज्ञान ध्यान कीन्हें नहिं तरई॥तीर्थ व्रत जो करै तब आई । युगबीते बिनु पाप न जाई ॥ त्रियहत्या पातक अधिकाई । चारों युग बीते क्षय जाई॥सुन अर्जुन रस अमृत वानी । भक्तभाव तुहिं कहों बखानी ॥ जो कर मम भक्तन मन्दाई । ताकर वंश नाश होजाई ॥ तिन दिन तीन पक्ष जो होई । तीन मास बचिहैं नहिं कोई ॥ इतना दिन जो बचै कैसहू । तीन वर्ष उबरे न लेशहू ॥ जो इतनेमहं दंड न देऊं । गदा चक्र फिर हाथ न लेऊं ॥ ऐसा प्रभू भक्तहितकारी । हृदय भजो हरि कृष्ण मुरारी॥

दोहा ।

भक्तकष्ट मोहिं व्यापई, रोम रोम सब अङ्ग ।
तिहि कारण सुन अर्जुन, छाड सकों नहिं सङ्ग ॥
श्रीस्वामी जगजीवन, दीननबन्धु दयाल ॥१॥
औरहु गुण कहि भक्तकर, दया करो गोपाल ॥२॥

चौपाई ।

सुन अर्जुन मैं कहौं विचारी । तुम तो मोर प्राण हितकारी ॥ जो हम कहहिं सत्य करु सोई । पूर्वपुण्य

विनु भक्ति न होई ॥ पद्मपत्र भीगे नहिं जैसे । मोर भक्त पारथ सुन तैसे ॥ वही भांति जब उद्यत होई। प्रेमभक्ति पद पावे सोई ॥ तेहिमहं गुरुमुख सदा कराई। चरणकमल पातक क्षय जाई ॥

∵ जिन२पापोंसे जिन:२ नरकोंमें प्राणी गिरतेहैं उनका वर्णन अट्ठाईस प्रकारके महानरकोंसे कहतेहैं—तामिस्र ॥१॥ अन्धतामिस्र॥२॥ रौरव ॥३॥हारौरव ॥४॥ कुम्भीपाक ॥५॥ कालसूत्र ॥ ६ ॥ असिपत्रवन ॥ ७ ॥ कृमिभक्ष ॥ ८ ॥ अंधकूप॥९॥ साल्मली ॥ १० ॥ सन्दंश ॥ ११ ॥ सूर्मि ॥ १२ ॥ वैतरणी ॥ ॥ १३ ॥ प्राणरोद ॥ १४ ॥ विशसन ॥१५॥ लालाभक्ष ॥१६॥ अविचि ॥ १७ ॥ सारमेय्यादन ॥ १८ ॥ वज्रकणक ॥ १९ ॥ क्षारकर्मद पातन ॥ २० ॥ रक्षोगणशन ॥ २१ ॥ शूलशंतवितोदन ॥ २२ ॥ दंदसुकादन ॥ २३ ॥ पर्यावर्तन ॥ २४ ॥ तिरोधान ॥ २५ ॥ सूचिमुख ॥ २६ ॥ पुयश्रोणितभक्ष ॥२७॥ विषाग्निपरिपिडन ॥२८॥ यह नरक अठाईस ह धनुष्कोटिमें स्नान करनेहारा पुरुष इन नरकोंमें नहीं गिरता ॥ जो किसीका धन औ स्त्रीपुत्रोंको हरें उनको भयंकर यमदूत कालपाशोंसे बाँध बहुत कालत क तामिस्र नरकमें डालते हैं। जो स्वामीको मार उसका धन लेकर भोगकरैं वह अन्धतामिस्रमें गिरताहै । जो और जीवोंसे द्रोह कर अपने कुटुंबका पोषण करे वह रौरवनरकमें डाला जाताहै, जहां बड़े विषधर सर्प्प काटतेहैं। और जो अपना पेट भरै कुटुम्बका पालन न करे वह महारौरवमें गिरताहै और नित्य अपना मांस खाताहै।जो निर्दय पुरुष पशुपक्षिआदिको रोककर रक्खे उस पुरुषको कुम्भीपाक नरकमें औटतेहुये

तेलमें यमदूत डालतेहैं । जो पुरुष माता पिता और ब्राह्मणोंसे द्वेष करैं वह कालसूत्र नरकमें डालाजाताहै कालसूत्रके नीचे अग्नि जलताहै और ऊपर प्रचंड सूर्य तपताहै, जिसमें पापीपुरुष दग्धहोते रहतेहैं । जो वेदमार्ग छोडकर कुमार्गमें चलतेहैं वह असिपत्रवनमें गिरतेहैं । जो राजा अथवा राज्याधिकारी अदंडचपुरुषको दंड देवै और ब्राह्मणको शरीर दंड देवै वह सूकरमुख नाम नरकमें गिरताहै और यमके दूत उसको ईखकी नाईं कोल्हूमें पेरतेहैं । जो ईश्वराराधनविरतिवाले जीवोंको पीडा देवै वह अंधेरे कूयेमें डालाजाताहै वेही जीव उनको वहां पीडा देतेहैं । जो पंक्तिमें बैठ आप उत्तम भोजन करे और पंक्तिवालोंको न देवे और जो पंचयज्ञ किये विना भोजन करैं वे कृमिभोजननाम नरकमें डालेजातेहैं वहां उनको कृमिखातेहैं और वे कृमियोंको भक्षण करतेहैं । जो राजा अथवा राजपुरुष ब्राह्मणका धन चोरीकरके अथवा बलात्कार करके लेवैं वे सन्दंशनाम नरकमें गिर अग्निकुडोंके बीच पडतेहैं और यमके दूत लोहके संडासोंसे पीड़न करतेहैं । जो पुरुष पराई स्त्रीसे संग करें और जो स्त्री परपुरुषमें संग करे वह सुर्मिनाम नरकमें गिरतेहैं और जबतक सूर्य चन्द्र रहैं तबतक उसी मूर्तिके आलिङ्गन किया करते खडे रहते हैं । लोहकी तपाई मूर्ति आलिंगन करना पडताहै जिस मूर्तिके शरीरमें बडे बडे तीखे कांटेहैं वे जबतक सूर्यचन्द्र तबतक भोगनाहै ॥

जे पुरुष अनेक प्रकार करके जीवोंको पीडा देतेहैं वह बहुत काटोंवाले शाल्मलिनाम नरकमें डालेजातेहैं जो पुरुष पाखंडधर्ममें चले और धर्ममार्गका खंडन करे वह वैतरनीनाम तैहिगार नरकम जो पुरुष सदाचार छोड लज्जाछोड वृष-

लीस्त्रीका संग करे और शौच आचारसे हीन होवे वह बीभत्सनरकमें पूयविष्ठा रुधिर मूत्र आदिके कुंडोंमें गिरताहै। जो पुरुष दम्भसे यज्ञमें पशुओंकी हिंसाकरै और विधि जाने नहीं वह वैसननरकमें जाताहै वहां यमदूत उसको शस्त्रोंसे छेदन करतेहैं। अपनी स्त्रीको जो मोहसे वीर्य देते पानकराते हैं वह रेतकुण्डमें गिरकर वीर्यपान करतेहैं। जो पुरुष ग्राममें आग लगावै किसीको विष देवै और मार्ग चलनेवाले व्यापारियोंको लूटै वह वज्रदंष्ट्रनाम नरकमें डाला जाताहै। इस प्रकार और भी पापी पुरुष अनेक प्रकारके घोर नरकोंमें डालेजाते हैं परंतु ये सब पाप करनेहारे यदि एक वार भी धनुष्कोटि तीर्थमें स्नान करें तो इन नरकोंको कभी न देखें सद्गति पावैं। यह नरक बडेभारी हैं जो पुरुष इन नरकोंसे बचना चाहैं सो एकादशीव्रत करैं ॥ इसमें एकादशी माहात्म्य धरे। जो नकरकसे डरे। सो एकादशी व्रत करे। तब वैकुंठमें पग धरे ॥ स्वामी विश्वेश्वरानंद.

अथ एकादशीमाहात्म्यम् ।

(मू०)एकादश्युपवासस्य कलां नार्हति षोडशीम्॥ व्यतीपाते च दानस्य लक्षमेकं फलं स्मृतम् ॥ १७ ॥

अर्थ—और व्रत एकादशीके व्रतकी सोलहवीं कला अर्थात् सोलहें भागके समान नहीं हैं। व्यतीपातनाम योगमें जो दान करता है उसको एक लक्षफल होताहै ॥ १७ ॥

(मू०) संक्रान्तिषु चतुर्लक्षं यो ददाति धनं-जय। कुरुक्षेत्रे च यत्पुण्यं ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ॥१८॥ तत्सर्वं लभते यस्तु एकादश्यामुपोषितः॥

अश्वमेधस्य यज्ञस्य करणाद्यत्फलं लभेत् ॥
ततः शतगुणं पुण्यमेकादश्युपवासतः ॥ १९ ॥
तपस्विनां गृहे नित्यं लक्षं यस्य च भुञ्जते ॥
षष्टिवर्षसहस्राणि तस्य पुण्यं च तद्भवेत् ॥ २० ॥
एकादश्युपवासेन पुण्यं प्राप्नोति मानवः ॥ गोसहस्रे च यत्पुण्यं दत्ते वेदाङ्गपारगे ॥ २१ ॥ तस्मात्पुण्यं दशगुणमेकादश्युपवासिनाम् ॥ नित्यं च भुञ्जते यस्य दश चैव द्विजोत्तमाः ॥ २२ ॥

अर्थ–साठहजार वर्षम सा हजार तपस्वीके भोजन करानेसे जो पुण्य होता है उतना पुण्य एकादशीव्रत करनेवाले मनुष्यको होताहै और अंगोंके सहित वेद पढनेवाले मनुष्यको हजार गौदानसे जो पुण्य होताहै ॥ २१ ॥ उसपुण्यसे दशगुणा अधिक एकादशी व्रत करनेहारे मनुष्योंको होताहै ॥ २२ ॥ और जाके घरमें नित्य उत्तम दशब्राह्मण भोजन करैं हैं तातै दशगुणा अधिक एक ब्रह्मचारीके भोजनको फल होताहै और तातें हजारगुणा अधिक भूमिके दानको फल होय है और तातें हजारगुणा अधिक कन्यादानको फल होवेहै ॥ २३ ॥ तैसेही तातें दशगुणा विद्यादानको फल होवे है और जो भूखेको अन्न देवे है ताको उससे दशगुणा अधिक पुण्य होवे है ॥ २४ ॥ अन्नदानके समान कोई दान नहीं है ॥ २५ ॥

अथ विवेकचूडामणिः ॥

(मू०) जन्तूनां नरजन्म दुर्लभमतः पुंस्त्वं ततो विप्रता तस्माद्वैदिकधर्म्ममार्गपरता विद्वत्वमस्मा-

त्परम् । आत्मानात्मविवेचनं स्वनुभवो ब्रह्मात्मना संस्थितिर्मुक्तिर्नो शतकोटिजन्मसुकृतैः पुण्यैर्विना लभ्यते ॥ २ ॥

अर्थ—सम्पूर्ण स्थावर जङ्गमरूप भूतोंविषे मनुष्य जन्म दुर्लभ है इस मनुष्य शरीरते भी पुरुषशरीर अतिदुर्लभ है, काहेते (पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने । पुत्रस्तु स्थविरत्वे च न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति) पिता बालक अवस्थामें रक्षा करता है अरु यौवन अवस्थामें भर्ता रक्षा करता है वृद्धा अवस्थाविषे य पुत्र रक्षाकरता है स्त्री कदाचित् भी स्वतन्त्र होनेको योग्य नहीं है । इस रीतिसे स्त्रीको सदा परतन्त्रता ही है । उस पुरुषत्वविशिष्टते ब्राह्मणत्वविशिष्ट पुरुष शरीर दुर्लभ है, काहेते "ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्" ब्राह्मण इस विराट्परमात्माके मुखतें उत्पन्न हुए इत्यादिक श्रुतियोंमें वेदका अधिकारी होनेतें जन्मसे ब्राह्मणही श्रेष्ठहै । उस ब्राह्मणत्वविशिष्ट पुरुष शरीरतें वैदिकधर्म जो वेद अध्ययनाध्यापनादि षट्कर्म सनातनरीतिपरता नाम अर्थात् वैदिकधर्ममार्ग अनुष्ठानकर्ता विप्रही पूर्वोक्त ब्राह्मणतें श्रेष्ठहै और इसवैदिक धर्माचरण कर्तांते परोक्षज्ञानवाले विद्वान् होना दुर्लभहै और इस परोक्षज्ञानवालेते वक्ष्यमाणरीतिसे नित्यानित्य वस्तुका विवेक दुर्लभहै, तिससे भी आत्माका यथार्थ ज्ञान दुर्लभहै, इससे भी ब्रह्मरूप करके निरन्तर आत्माकी स्थिति जीवन्मुक्ति अवस्थावाला पूर्वोक्तज्ञानीतें अतिदुर्लभ है सौ कोटि जन्मोंविषे सो कियेहुए पुण्योंके विना मुक्ति प्राप्त होवे नहीं ॥ शार्दूलविक्रीडितम् ॥२॥ केवल आत्मसत्ता अपने आपविषे स्थित है और कुछ हुआ नहीं परन्तु हुए-

की न्याई भासतीहै जैसे स्वप्नविषे नानाप्रकारका जगत् भासता है अरु कार्यकारण भी दृष्टि आताहै परंतु जागेहुए एक कुछ दृष्टि नहीं आताहै। काहेते जो है नहीं तैसे यह जगत् कार्यरूप दृष्टि आताहै । परंतु है नहीं आत्मा करि दृष्टि आता है तातें आत्माही है ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्यश्रीधरानन्दतीर्थस्वामिपूज्यपादशिष्य १०८ श्रीविश्वेश्वरानन्दतीर्थस्वामिनोत्तरखंडे विरचिते प्राकृतोपनिषदि षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

इति जीवन्मुक्तिलक्षण ॥ ६ ॥

जैसे जैसे संकल्प नगर दृष्टि आताहै तैसे तैसे आत्माविषय धनचेतनता करिके जगत् भासताहै सो उहीरूप है आत्मातें इतर कुछ नहीं है। जैसा उसविषे निश्चय होताहै तैसा प्रत्यक्ष अनुभव सत्ता ज्यों की त्यों हैं संकल्प ही करिके परलोक देखता है। केवल अनुभव करनेवाले आत्मा हैं और कछु है नहीं चैतन्यरूप भरपूर होरहाहै ॥ ११ ॥ और पूर्णमासीको श्राद्ध करनेसे चन्द्रमा प्रसन्न होतेहैं उसकी खेती अच्छी लगती है और पूर्णमासीको श्राद्ध न करनेसे खेती निष्फल होती है और श्राद्ध करनेसे सौ हजार कल्पतक पितर तृप्त रहतेहैं अविच्छिन्न संतान देते हैं श्राद्धकी वृद्धि होती है। (स्कं. पुराण)

अथ श्राद्धमाहात्म्य-(स्कं. पु.)

जो पुरुष अश्विन कृष्णपक्षमें श्राद्ध नहीं करते वे लोभी पितरोंके शापते वेताल होतेहैं और जो पुरुष उसपक्षमें

पितरोंके निमित्त ब्राह्मणोंको उत्तम उत्तम भोजन देतेहैं वे कभी दुर्गतिको नहीं जाते । सामर्थ्यके अनुसार एक दो तीन अथवा बहुत ब्राह्मणोंको अवश्यही भोजन कराना चाहिये । पितरोंका श्राद्ध इसने नहीं किया इससे वेताल हुआ और तुझे महापातकी जान इसने ग्रहण किया । भाद्रपदसे लेकर वृश्चिकपर्यन्त महालयका काल तत्त्वदर्शी मुनीश्वरोंने कहाहै उसमें भी आश्विनमास और आश्विनमासमें कृष्णपक्ष उत्तमहै आश्विनकृष्णपक्ष प्रतिपदाको जो मनुष्य भक्तिसे श्राद्ध करताहै उसके ऊपर अग्निदेवता प्रसन्न होताहै और श्राद्ध करनेहारा पुरुष अग्निलोकमें जाकर अग्निके समीप सुखपूर्वक निवास करताहै अग्निके अनुग्रहसे प्रतिपदाको श्राद्ध करनेहारा सब ऐश्वर्य पाताहै जो प्रतिपदाको महालय श्राद्ध न करे उसके गृहक्षेत्र और ऐश्वर्य आदिको अग्नि दग्ध करताहै । प्रतिपदाको एक वेदवेत्ता ब्राह्मणको भी भोजन करावै तो दसदस कल्पतक पितर तृप्त रहतेहैं। द्वितीयाके दिन जो महालयश्राद्ध करे वह शिवजीके अनुग्रहसे बडी संपत्तिको पाताहै और शिवजी प्रसन्न होकर उसको कैलासमें वासदेतेहैं । द्वितीयाके दिन जो श्राद्ध न करै उसके ब्रह्मवर्चसको शिवजी कोपकरके नाश करते हैं और वह कालसूत्र आदि नरकोंमें निवास करताहै । द्वितीयाको एक ब्राह्मण भी भोजन करता तो वीसकल्पतक पितर तृप्त रहतेहैं संतानकी वृद्धि होतीहै तृतीयाके दिन श्राद्ध करनेसे कुबेर तृप्त होताहै और महापद्म आदि निधि देता है तृतीयाको श्राद्ध न करनेसे दरिद्री और दुःखी रहताहै तृतीयाको श्राद्ध करनेसे तीस हजार कल्पतक पितर तृप्त रहतेहैं और चतुर्थीको श्राद्ध करनेसे गणेशजी प्रसन्न होतेहैं और सब विघ्न निवृत्त करतेहैं जो चतुर्थीश्राद्ध न करे उसके

सब कर्मोंमें गणेशजी विघ्न करतेहैं वह पुरुष चण्डकोलाहल नाम नरकमें गिरताहै चतुर्थीको श्राद्ध करनेसे चालिसहजार कल्प पर्य्यन्त पितर तृप्त रहतेहैं और पुत्रकी वृद्धि होतीहैं पञ्चमीको श्राद्ध करनेसे लक्ष्मी प्रसन्न होतीहै और बहुत संपत्ति देतीहै दिनदिन उसपुरुषः की कीर्ति बढतीहै जो पुरुष पंचमीको श्राद्ध न करै उसके घरको लक्ष्मी त्याग-देती हैं पञ्चमीको श्राद्ध करनेसे पचास हजार कल्पतक पितर तृप्त रहतेहैं उसका वंशछेद नहींहोता पार्वतीजी भी प्रसन्न होतीहैं षष्ठीको श्राद्ध करनेसे स्वामिका-र्त्तिकेय प्रसन्न होतेहैं औ उसके पुत्रपौत्रौंसे ग्रह औ बालग्रह कभी पीडा नहीं देते औ जो श्राद्ध नहीं करते उनके पुत्रोंको जन्म लेतेही पूतना आदि ग्रहण कर देतेहैं वह पुरुष वह्निज्वा-ला प्रवेश नामक नरकमें गिरताहै षष्ठीको जो श्राद्ध करताहै साठ हजार कल्पतक पितृ तृप्त रहतेहैं। औ पुत्रसंपत्तिको देतेहैं सप्तमीको श्राद्ध करनेसे सुवर्णहस्त श्रीसूर्य भगवान् प्रसन्न होकर अपने हाथसे सुवर्ण देते हैं और आरोग्यभी देते हैं जो पुरुष सप्तमीको श्राद्ध न करैं वह अनेक रोगों करके तप्त रहते हैं पीडित रहतेहैं और तीक्ष्णधाराख्रशयनाम नरकमें गिरतेहैं और सप्तमीको श्राद्ध करनेसे सत्तर हजार कल्पतक पितर तृप्त रहतेहैं अविच्छिन्नते सन्तान भी देतेहैं अष्टमीको श्राद्ध करनेसे मृत्युञ्जय सदाशिव प्रसन्न होताहै शिवजीके प्रसन्न होनेसे कोई पदार्थभी दुर्लभ नहीं मुक्ति तो हाथपर रक्खीहै जो अष्टमीको श्राद्ध न करैं उनका कोई भी मनोरथ सिद्ध नहीं होता और संसारसागरमें डूबेही रहतेहैं कभी मुक्ति नहीं पाते और वैतरणी नदीमें गिरतेहैं अष्टमीको श्राद्ध करनेसे अस्सीहजारकल्पतक पितर तृप्त रहतेहैं अविच्छिन्न संतान देतेहैं और सबविघ्न निवृत्त करतेहैं

नवमीको श्राद्ध करनेसे दुर्गा भगवती प्रसन्न होती है और क्षय अपस्मार कुष्ठ भूत प्रेत पिशाच आदिको निवृत्त करतीहै जो पुरुष नवमीको श्राद्ध नहीं करता वह अपस्मार आदि रोग और ब्रह्मराक्षस अभिचार कृत्या आदि करके पीडित होताहै उसदिन श्राद्ध करनेसे नव कल्पतक पितर तृप्त होते हैं और अविच्छिन्नसंतान देतेहैं दशमीको श्राद्ध करनेसे चन्द्रमा प्रसन्न रहतेहैं और उसकी खेती अच्छी लगती है और दशमीके श्राद्ध न करनेसे खेती निष्फल होतीहै दशमीको श्राद्ध करनेसे सौ कल्पतक पितर तृप्त रहतेहैं अविच्छिन्न सन्तान देतेहैं एकादशीको श्राद्ध करनेसे सब लोकका संहार करने हारे रुद्र भगवान् प्रसन्न रहते वह सबशत्रुओंको जीतता है ब्रह्महत्यादि पातक निवृत्त होतेहैं अग्निष्टोम आदि यज्ञोंका फल प्राप्त होता है जो पुरुष श्राद्ध न करे वह शत्रु करिके पीडित रहताहै उसके सब यज्ञ निष्फल होतेहैं एकादशीको दोसौ हजार कल्प तक पितृ तृप्त रहतेहैं और अविच्छिन्न सन्तान देतेहैं द्वादशीके श्राद्धसे विष्णु भगवान् प्रसन्न होतेहैं प्रसन्न होनेसे चराचर जगत् संतुष्ट होताहै दिनादिन सन्तति बढती है कौमोदकी गदा उसके सब रोगोंका नाश करती है सुदर्शनचक्र शत्रुका नाश करताहै और पाञ्चजन्य शंख अपनी ध्वनिसे भूत प्रेत राक्षस आदिके भयको निवृत्त करता है इस प्रकार सब पीडाको विष्णु भगवान् हरतेहैं जो द्वादशीको श्राद्ध नहीं करे उसकी संतति नष्ट होतीहै और अपस्मार आदि रोग भूत प्रेत राक्षस शत्रु आदि पीडा देतेहैं अस्थिभेदन नाम नरकमें गिरता है द्वादशीको श्राद्ध करनेसे छ सौ हजार कल्पतक पितर तृप्त रहतेहैं और अविच्छिन्न संतान देतेहैं त्रयोदशीको श्राद्ध करनेसे कामदेव

प्रसन्न रहताहै उत्तम २ स्त्री वस्त्र भूषण वस्त्रमाला आदि प्राप्त होताहै जन्मभरि सुखी रहता है जो त्रयोदशीको श्राद्ध नहीं करताहै वह कोई भोग नहीं पाता और अंगारशय नाम नरकमें गिरताहै जो त्रयोदशीको श्राद्ध करतेहैं उसके पितर हजार कल्पतक तृप्त रहतेहैं और अविच्छिन्न संतान देतेहैं चतुर्दशीको श्राद्ध करनेसे शिवजी प्रसन्न होतेहैं और सब मनोरथ सिद्ध होताहै और ब्रह्महत्या सुरापान सुवर्णस्तेय आदि महापातक तत्क्षण निवृत्त होजातेहैं और अवश्य अश्वमेध पौंडरीक आदि यज्ञोंका फल प्राप्त होताहै जो पुरुष चतुर्दशी महालयमें श्राद्ध न करे वह करोडोंवर्ष संसाररूप अन्धकूपमें पडा रहताहै कभी उसकी निष्कृति नहीं होती माहापातक विना कियेही महापातकोंसे लिप्त होताहै और उसके यज्ञ आदि सब कर्म निष्फल जातेहैं जो पुरुष चतुर्दशीको भक्तिसे माहालयमें श्राद्ध करै उसके पितर नरकमें होयं तो स्वर्गको जायें और करोडों कल्पतक तृप्त रहें और अविच्छिन्न संतान देवें अमावास्याको श्राद्ध करै तो अनन्त कालतक उसके पितर तृप्त रहैं अमृत पानतें जैसी तृप्ति देवताओंको होतीहै वैसीही तृप्ति अमावास्याके श्राद्ध करनेसे होतीहै पितरोंकी यह तिथि महापुण्याहै और देवता तथा पितरोंकी प्रिया है अमावास्याको श्राद्ध करनेसे शिवजी प्रसन्न होतेहैं ब्रह्महत्या आदि पातक निवृत्त होतेहैं सब कर्म सफल होता है और श्राद्ध करनेहारा पुरुष मोक्षको प्राप्त होताहै जो पुरुष अमावास्याको श्राद्ध न करे उसके पितर ब्रह्मलोकमेंहों तोभी नरकको जाते हैं और वंश विच्छिन्न होजाता है यह बडा अनर्थ है कि महालयकी अमावास्याको श्राद्ध न करे और ब्राह्मणको भोजन न करावै आश्विनकी अमा-

वास्याको पितर नृत्य करतेहैं आज हमारे पुत्र ब्राह्मण भोजन करावेंगे जिससे हम नरकके क्लेशसे छूट स्वर्गको जायेंगे आश्विन कृष्णपक्षमें पितरोंकी तृप्तिके लिये नित्यही ब्राह्मण भोजन करावे उसके मातृकुल और पितृकुलके पितर कल्पतक अमृतपान करके तृप्त रहतेहैं और सप्तमीसे अमावास्या तक नित्य ब्राह्मण भोजन देना द्वादशीसे अमावास्या तक ब्राह्मण भोजन कराना जरूर उस पर पितर प्रसन्न होतेहैं जो ब्राह्मण भोजन न करावे उसका ऐश्वर्य भंग होताहै और महा दारिद्र प्राप्त होताहै इस लिये महालयमें श्राद्ध करना जरूर और धनका लोभ छोड जरूर वेदवेत्ता ब्राह्मणोंको अव्वल अनेक व्यंजन बनाना रध जागभी ब्राह्मणोंको देना ।

(मू०) स्त्रीधनानिच ये मोहादुपजीवंति बांधवाः॥ नीरीयानानि वस्त्रं वा ते पापा यांत्यधोगतिम्॥९२॥

अर्थ–स्त्री धन अर्थात् कन्यादानके निमित्त द्रव्यग्रहण करे अथवा स्त्रीको दिया हुवा धन पति ग्रहण करे तो पापी नरकको प्राप्त होता है ॥ ५ ॥

(मू०) गुरोर्यत्र परीवादो निन्दा वापि प्रवर्तते ॥ कर्णौ तत्र पिधातव्यौ गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः ॥ २०० ॥

अर्थ–गुरुका जहांपर परिवाद होता हो अर्थात् जो दोष गुरुमें हों उनको कोई कहताहो वा निंदा करता हो वहांपर शिष्य कान् हाथसे बंद करलेवे या और जगह चला जावै ॥ २०० ॥

(मू०) गृहस्थस्तु यदा पश्येद्वलीपलितमात्मनः ॥ अपत्यस्यैव चापत्यं तदारण्यं समाश्रयेत् ॥ २ ॥

अर्थ-स्नातक द्विज जिसका समावर्तन हुआहो वह यथाविधि गृहस्थाश्रममें रहकर नियमपूर्वक यथाविधि वनमें निवास करे अथवा वानप्रस्थाश्रमको स्वीकार करे और गृहस्थ जब अपने देहकी त्वचाको ढीली देखे और सिरके बाल सफेद देखे और पुत्रका पुत्र देखे तो अरण्यका आश्रयण करे अर्थात् वनमें निवासकरे ।

(मू०) क्षान्त्या शुद्ध्यन्ति विद्वांसो दानेनाकार्यकारिणः ॥ प्रच्छन्नपापा जाप्येन तपसा वेदवित्तमाः ॥१०७॥ मृत्तोयैः शुद्ध्यते शोध्यं नदी वेगेन शुद्ध्यति ॥ रजसा स्त्री मनोदुष्टा संन्यासेन द्विजोत्तमः ॥ १०८ ॥

अर्थ-क्षमा करके विद्वान् शुद्ध होताहै और जो यज्ञादिक क्रिया नहीं करसक्ते वे वेदांत करके शुद्ध होते हैं और अप्रकटपापवाले जप करके शुद्ध होते हैं और वेदके जाननेवाले तप करके शुद्ध होतेहैं ॥ १०८ ॥ मल करके युक्त वस्तु मृत्तिका जल करके शुद्ध होती है और परपुरुषकी इच्छाकरनेवाली स्त्री रजस्वला होनेपर शुद्ध होतीहै ब्राह्मण संन्याससे शुद्ध होताहै ॥ १०८ ॥

श्रीकृष्ण उवाच ॥ कृष्णकृष्णेतिकृष्णेति यो मां स्मरति नित्यशः ॥ जलं भित्त्वा यथा पद्मं नरकादुद्धराम्यहम् ॥ ३३ ॥

अर्थ-श्रीकृष्णजी बोले । हे कृष्ण हेकृष्ण हेकृष्ण ऐसे जो नित्य स्मरण करताहै उसको मैं जैसे जलको फोडके कमल

निकलताहै तैसे मैं उसको नरकसे निकालता हूं ॥ ३३ ॥ जो अट्ठाईस नरकसे बचने चाहे तो नारायणके नाम उच्चारण करे तो सर्वपापोंसे छूटसक्के हैं कलियुगमें केवलनाम आधारहै ॥

नित्यं वदामि मनुजाः स्वयमूर्ध्वबाहुर्यो मां मुकुंद नरसिंह जनार्दनेति ॥ जीवो जपत्यनुदिनं मरणे रणे वा पाषाणकाष्ठसदृशाय ददाम्यभीष्टम् ॥ ३७ ॥

अर्थ--श्रीकृष्णजी फिरभी कहतेहैं कि हे मनुष्यो ! मैं भुजा उठाकर कहताहूं कि जो जीव मरणकालमें वा रणमें मुकुंद नरसिंह जनार्दन ऐसे प्रतिदिन मुझे जपताहै वह चाहे पापी पाषाणकी न्याईं हो । और काष्ठके समान भी हो तो भी मैं उसको वांछितफल देताहूं और अंतमें मुक्ति देताहूं ॥ ३७ ॥ सो हे पुरुषो ! तुम खाते पीते नारायणजीके नाम जपा करो तो सर्वपापोंसे छूटजाओगे ॥

॥ वसिष्ठउवाच ॥ कृष्णेति मंगलं नाम यस्य वाचि प्रवर्त्तते ॥ भस्मीभवन्ति तस्याशु महापातककोटयः ॥ ५५ ॥

अर्थ–वशिष्ठजी कहतेहैं कि जिसने महापाप कराहोवैहै और कृष्ण यह नाम उच्चारण कऱ्या होय तो यह मंगलनाम जिसके वाणीसे निकलताहै उसके बढ़े पापोंकी कोटि शीघ्रही भस्म होजाती है ॥ ५५ ॥

स्वामी विश्वेश्वरानन्द कहे पुकारी । हृदयभजो नारायण-प्यारी ॥ जो करे भवसागरसे पारी । भजो प्यारे हरिमुरारी ॥ ५५ ॥

और श्रीस्वामी विश्वेश्वरानन्दतीर्थको नारायणवंचना-प्रीतिपूर्वक लिखा है सो प्रीतिपूर्वक वंचना श्रीमहाराज जगतगुरु ब्राह्मण ब्राह्मण गुरु संन्यास है जो बडा समुद्र होताहै सो सर्व नदियोंकूं अंगीकार करताहै तैसे अंगीकार करना है "यथा नाम तथा बलम्" आप कृतार्थ और प्रजाकूं भी कृतार्थ करिलीजिये जो पुरुष धर्मकी मर्यादा बांध जाते हैं उन पुरुषोंका नाम चौदह लोकोंमें गाया जाताहै और जितना देखनेमें आताहै और सुननेमें आताहै सो एकदिन अवश्य नाश होताहै परंतु नामका नाश नहीं होताहै सो अपना नाम यश रख लीजिये ॥

षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

चलंति तारा रविचंद्रमंडलं चलेच्च मेरुर्विचलेच्च मंदिरम् ॥ कदापि काले पृथिवी चलेद्वै चलेन्न धर्मः सुजनस्य वाक्यम् ॥ चलंति ब्रह्मा जिन वेदभाषा चलंति वृक्षा जड़मूलशाखाः ॥ चलंति नारी बहुरूपवंती चलंति राजा चतुरा डुलंति ॥ १ ॥

जो तरना होवै सखी मनुष्य तन तरनेका घाट ॥ नहीं तो पीछे पछतावैगा तब न मिले बाट यह प्रकाश देव कही बात ॥ जो हरिके पंथमें आई गया तो परमपदपाई लिया ॥ नहीं पशु योनिमें जाई गया या वेदनै कहिया थोडा लेखा बहुत मानो करो हरिकुं ध्यान सब ॥ संकटको काट देवैगा श्रीभगवान हे जिज्ञासु साचु मान ॥ ॥ ७ ॥ यह सब शास्त्रका मतहै कि सुकर्मीपुरुषकूं धनहै और ज्ञानका पात्र पूर्वजन्मका सुकर्मी पुरुषहे उसकूं ही ज्ञान होताहै राजघर जन्म विना तपसे नहीं होताहै

परंतु अब न भूले अब थोडे परिश्रमसे अक्षयपदकूं प्राप्त होताहै सो कृपानिधि अपनी प्रजाकूं भी ज्ञानदीजिये। और शास्त्रमें लिखाहै कि, प्रजा पाप करे तो छठवाँ भाग पापका राजाको मिलताहै और जो पुण्य करे तो छठवां भाग राजाकूं मिलताहै । और दंडभेदशिक्षा उपदेश सो राजाका धर्महै ॥ २ ॥ और नौखंड पृथ्वीसे उत्तराखंडकूं श्रेष्ठ रखाहै और चारों धामसे बदरीआश्रम श्रेष्ठ है और केदारखंडमें पार्वतीजीने महादेवजीसे पूँछा कि हे महाराज! स्वर्ग कहांसे लगा और पृथ्वी कौन है ? सो महादेवजीने कहा कि, हे पार्वति पचास योजन लंबा और तीसयोजन चौडा है हरिद्वारसे स्वर्ग है और कनखलसे पृथ्वी है इस केदारखंडमें जो प्राणकूं त्यजताहै सो चतुर्भुज होके वैकुंठकूं जाताहै सो यह भूमि अति पवित्र है इसमें अच्छा कर्म करनां चाहिये नरकका कर्म न करना चाहिये सो प्रजाको हुकुम कीजिये कि सब कोई स्वधर्म करो और पाप न करो और ब्राह्मण होके मद्यं न पीवै और मांस न खावै और लड़कीको न बेंचै कन्या दान करे और तमाखू न पीवै और बकरा न मारे और बैल न कोठारे और भैंसाकूं न मारे और भेड बकरीकूं भेलारासे न मूडे कातरसें कतरे और गाँव २में हरिकथा करे और गाँव२में पाठशाला बने और गांवगांवमें सड़क बनावै और पुल लगावै नदीपर और घरघर अग्निहोत्र करे और उत्तरकाशीमें अदालत न करे धर्मके क्षेत्रमें धर्म करना चाहिये ॥ ३ ॥ और स्त्रीको छूट न देवै यह हुकुम दीजिये अपना नाम रखलीजिये आप स्वर्गके राजा हो सो स्वर्गका धर्म करो अपना नाम धरो आपकी गद्दी सदा बनीरहे आखर एक दिन मरनाहै यह संसार स्वप्नतुल्य है कोई वस्तु स्थिर नहींहै ॥ जब चौरासी लाख-

वर्ष चौरासीयोनि पूरी होती हैं तब मनुष्य देह मिलताहै ऐसा शरीर फिर मिलना बडा कठिन है ॥ हे रामजी सुकर्म करना पापसे डरना ऐसा तन फिर न मिलेगा हे मनुवां तू तो इधर उधर भटकता है मनुवां इधर काल करत रटफट हे मनुवां ॥ तू तो हरि भजन करो हे मनुवां ॥ हरिभजन विना जन्म खोया हे मनुवां ॥ तूतोअजौं चेत चेत हे मनुवां ॥ कितना दुःख माताके गर्भमें भोगे हे मनुवां ॥ नवमास माता गर्भ उलटा झुल्या हे मनुवां ॥ हजार जन्मकी याद आती हे मनुवां ॥ तब बारबार पुकारत हे मनुवां । सात चद्दरा मासका और सातरसौंसे बांदेहोये सास खुजत अतिभारी तब कहते हैं हे प्रभुजी मेरेकुं बाहर निकासी मैं आपकी भक्ति करूंगो ॥ कष्टकष्टमहाकष्ट जन्मदुःखं जरादुःखं जायादुःखं पुनःपुनः ॥ संसारसागरं तस्मान् महादुःखम् तस्मात् जाग्रत जाग्रत माता नास्तिपिता नास्ति बंधुर्नास्ति सुहृत्तथा । अर्थश्चापिगृहे नास्ति तस्मात् जाग्रत जाग्रत ॥ तहां (गर्भोपनिषत ॥)

नवमे मासे सर्वलक्षणज्ञानकरणसंपूर्णो भवति पूर्वजातिं स्मरति शुभाशुभं च कर्म विन्दति ॥३॥ पूर्वयोनिसहस्राणि दृष्ट्वा चैव ततोमया ॥ आहारा विविधा भुक्ताः पीता नानाविधाः स्तनाः ॥ जातश्चैव मृतश्चैव जन्म चैव पुनः पुनः ॥ यन्मया परिजनस्यार्थे कृतं कर्मशुभाशुभम् ॥ एकाकी तेन दह्येऽहं गता स्ते फल भोगिनः । अहोदुःखोदधौ मग्नो न श्यामि प्रतिक्रियाम् ॥ यदि योन्याःप्रमुच्येऽहं तत्प्रपद्ये महेश्वरम् ॥

अर्थ–नवमें मासमें सर्व लक्षण संयुक्त ज्ञान कारण होनेसे पूर्वजन्मकी जाति स्मरण आती है । जो जो शुभाशुभ कर्म करा होवै और हजार जन्मकी याद आती है आहार नानाप्रकारके भोगे हैं तो भी पापी मन तृप्त नहीं होता है और बहुत जातिके पिता हुए हैं कभी शूद्र कभी ब्राह्मण और माताके स्तन बहुत पिये हैं नाना प्रकारकी जातिमें जन्म पाया है और बारबार जन्म पाया है हे प्रभुजी मैं तेरी मायाको न जानता भया इस वास्ते जो जो कर्म मैंने किया है शुभ अशुभ सो मैं अब माताके गर्भ में भोक्ताहूं हे प्रभु जब मैंने मनुष्यका तन पाया था तब मैं मायाजालमें भूलगया था स्त्री पुत्र धन मित्र इस संकटमें कोई भी रक्षा नहीं करताहै हे प्रभुजी ! एकांत देशमें आपकी भक्ति और हरिका स्मरण नहीं किया है इस वास्ते मैं जठराग्निमें जलता हूँ ॥ अहो दुःखं दुःखों करके मग्न है यह दुःख वाणी करिके कहा नहीं जाता है ॥ हे प्रभुजी इस महा संकटसे बाहर निकाल दीजिये हे प्रभु जो मैं माताकी योनिसे निकालूंगा तो मैं एकांत देश में आपका भजन स्मरण करूंगा बारबार मैं वचन करता हूं कि मैं भजन करूंगा सो देखो हे पुरुषो सबका वचन किया है अब वचनहार क्या होता है हरिकी भक्ति क्यों नहीं करताहै अथवा गृहस्थी भी करो और गुरुमुख द्वारा हरि भजन करो यह नौकारूपी तन फिर मिलना महा कठिन है ॥ अथवा मनुष्यतन भी पाया तो ब्राह्मण क्षत्रीका तन पाना कठिन है और ब्राह्मण क्षत्रियके घर जन्म भी पाया है तो भी संतजनोंकी संगति सत शास्त्रका विचार अतिदुर्लभ है ॥

श्रीमद्भागवत पांचवांस्कन्ध ॥–

राजोवाच ॥ नरकानाम भगवन्किंदेशविशेषा अथवा बहिस्त्रिलोक्या आहोस्विदन्तरालइति ॥४॥ ऋषिरुवाच ॥ अन्तराल एव त्रिजगत्यास्तुदिशिद-दक्षिणस्यामधस्ताद्भूमेरुपरिष्टाच्चजलाद्यस्यामग्नि-ष्वात्तादयः पितृगणा दिशिस्वानांगोत्राणांपरमेण-समाधिनासत्या एवाशिष आशासाना निवसन्ति ।५

राजापरीक्षित इतनीकथा सुनकर बोले हे शुकदेव स्वामी आपने कई जगह कहाहै कि पाप करनेवाले नरकमें जाकर बडा दुःख पातेहैं और शुभकर्म करनेवाला स्वर्गा-दिकका सुख: भोगताहै ॥ शुकदेवजी बोले हे राजन् अब सुनो नरक सुमेरुपर्वतसे निन्नानवे योजन दक्षिण धरतीसे नीचे पानीके ऊपर है सो धृतपृष्ठ आदिक चारोंवर्णोंके दिव्य-पितर उस नरकका दुःख देखकर अपने कुल व परिवार वालोंको मना करनेके वास्ते उसके द्वार पर बने रहतेहैं कि जिसमें कोई हमारे परिवारका ऐसा कर्म न करे कि उससे नरकमें पडे व यमराज सूर्यके पुत्र यमपुरीके राजा हैं वे तामिस्र रौरव नामादिक अट्ठाईस नरक होकर उनके दक्षिण संयमनी नाम एकपुरी भी नरकके समानहै सो धर्म-राज जिन्हें यमराज भी कहतेहैं मरने उपरांत पापीको नरक व धर्मात्मा को स्वर्गमें भेजदेतेहैं ॥ जो मनुष्य दूसरेका धन व स्त्री छलबलसे लेताहै उसे यमदूत बांधके मुद्गरोंसे मारते हुये तामिस्र नाम नरक महाअंधकारमें ले जाकर डालदेते हैं वहां उसे कुछ भोजन व पानी नहीं मिलता जो कोई किसी स्त्रीके पति या रक्षकको किसी बहानेसे बाहर

कर उसके साथ भोग करताहै उसकी आंखें फूट जातीहैं मरनेके उपरांत उसको यमदूत मुद्गरोंसे मारते हुये लेजाकर उसका अंगअंग काटिके अंधतामिस्रनरकमें डाल देतेहैं॥२॥ और जो मनुष्य अधर्मकी कमाईसे अपना परिवार पाल-करके अभिमानसे कहताहै कि मैं इनको भोजन देताहूं उसको यमदूत रौरवनरकमें डालकर सांपोंसे कटवातेहैं ॥ ३ ॥ और जो मनुष्य पशु व पक्षीको अपने भोजनके वास्ते या शत्रुतासे मारताहै यमदूत उसको महारौरव नरकमें डाल देतेहैं तब वह बडे सर्पोंके काटनेसे महादुःख पाताहै ॥ ४ ॥ और जो मनुष्य केबल अपने तनुसे प्रीति रखके उसको सुखदेनेवास्ते अपना धर्म व कर्म छोडकर ब्राह्मण व वेद व शास्त्र को नहीं मानता उसे यमदूत कालसूत्र नरकमें जहां सडा हुआ मांस भराहै डालकर उसका मांस बडे गिद्धोंको खिलातेहैं ॥ ५ ॥ और जो कोई हरिण व पक्षी आदिकको बांधकर या पिंजडेमें बन्द रखताहै उसको यमदूत पीव भरेहुये कुम्भीपाक नरक में डाल गरम तेल उसके वदनपर छिडकते हैं ॥ ६ ॥ और जो मनुष्य अपने माता व पिताको दुर्वचन कहकर भोजन व वस्त्रका दुःख देताहै उसको यमदूत लेजाकर एकपटपर जहां दशहजार योजन लम्बी पृथ्वी तांबेके समान पीटीहुई अग्नि ऐसी जलतीहै नंगे पैरसे दौडातेहैं जब वहपर जलने व क्षुधा तृषासे वहां अति दुःख पाकर कुछ अन्न व जल नहीं पाता तब अचेत होकर गिरपडता है जितने रोम पशुके अंगपर रहतेहैं उतने हजार वर्ष वह उस जलतीहुई धरती पर तडफताहै ॥ ७ ॥ और जो लोग शास्त्रमार्ग छोडकर अपने मनसे या किसीके देखनेसे कुराह चलते हैं उनको यमदूत असिपत्र नरकके बीच जहां वृक्षोंमें तलवार जैसे पत्ते हैं लेजाकर जब उन दरखतोंपर चढाके गिरादेतेहैं

तब शरीरं कट जानेसे उन्हें बडा दुःख प्राप्त होताहै ॥ ॥ ८ ॥ और जो राजा किसीको विना अपराध दंड करके ब्राह्मणको फांसी देता है उसको यमदूत शूकर-मुखनरकमें लेजाकर तेलके समान पेरतेहैं तब वह जीव कोल्हूमें पेरने व शूकर ऐसे जानवरोंके काटनेसे बडा दुःख पाताहै ॥ ९ ॥ और जो कोई अपनी कमाईमें देवता व पितरोंका भाग न देकर केवल अपना पेट व परिवार पालताहै उसको यमदूत अंधकूप नरकमें डालदेते हैं वहांपर वह सांप व बिच्छू व जोंक आदिकके काटनेसे बहुत दुःख पाते हैं ॥ १० ॥ और जो कोई उत्तम पदार्थ आप एकले खाकर अपने साथी व देखनेवालोंको नहीं देता है उसको यमदूत कृमिभोजन नरकके हजारयोजनके कुंडमें जो कीडोंसे भराहै डालकर वही कीडे खिलातेहैं ॥ ११ ॥ और जो कोई किसी ब्राह्मणका धन व खेत चुराकर या बर जोरीसे लेलेता है उसको यमदूत संदशन नरकमें जहां बिच्छू भरेहैं डालकर लोहेका गज आगसे लाल करके उसका अंग दागदेतेहैं ॥ १२ ॥ और जो कोई परस्त्रीसे भोगकरताहै । और जो स्त्री अपना पति छोडकर दूसरे पुरुषके पास जातीहै उसको यमदूत उसके तनुमें जलतीहुई लोहेकी मूर्तिपर लपटाकर नानाप्रकारके दुःख देतेहैं ॥ १३ ॥ और जो कोई नीच ऊंच वर्णका विचार न रखकर परस्त्रीगमन करताहै उसको यमदूत वज्रकंटकशाल्मलिनरकमें डालकर बडा कांटा लोहेका उसके शरीरमें चुभातेहैं ॥ १४ ॥ और जो कोई मनुष्य राजा या कामदार होकर किसीका धर्म जबरदस्ती बिगाडदेताहै उसको यमदूत वैतरणी नदीमें जहां लोहू व पीव व मलमूत्रादिक भराहै डालकर भोजनके जगह वही खिलातेहैं तब पापीजीव अपने कर्मोंको

समझकर वहां बहुत पछितातांहै ॥ १५ ॥ और जो कोई दासी पालकर उससे भोग करताहै उसको यमदूत लालाभक्ष नरकमें डालकर मुँहमें लार व पीव पिलातेहैं ॥ १६ ॥ और जो कोई राजा या बडा आदमी अहेरादिक खेलकर पक्षीको मारताहै उसको यमदूत दशहजारयोजन ऊंचे लेजाकर वहांसे पत्थरकी चट्टानपर गिरादेतेहैं ॥ १७ ॥ और जो मनुष्य देवी आदिक देवतोंका नामकरके अपने भोजन वास्ते जीवहिंसा करतेहैं उन्हीको यमदूत विश्वासन नरकमें डालकर मुद्गरोंसे इसतरह कूटतेहैं कि जिसतरह उखलीमें धान जैसे कूटेजातेहैं ॥ १८ ॥ और जो वनमें आग लगाताहै उसको यमदूत सारमेयादन नरकमें डालकर हजारों कुत्तोंसे कटातेहैं ॥ १९ ॥ और जो कोई किसीसे द्रव्य लेकर झूठा न्याय करे या मिथ्या साखी भरताहै उसको यमदूत दशहजार योजन ऊंचे ले जाकर शिर नीचे व पैर ऊपर करके रक्त भरेहुये विशासन नरकमें गिरातेहैं व उसको सूखी पृथ्वीपर जल दिखलाई देकर पानी भरा-हुआ सूखादृष्टि पडताहै ॥ २० ॥ जो मनुष्य ब्राह्मण व क्षत्री व वैश्य वेदका अधिकारी होकर देवतोंके बहाने या अपने सुखवास्ते मद्य पीताहै उसको यमदूत क्षारकर्दम नरक लोनामिट्टी भरेहुयेमें डालकर गलायाहुआ शीशा पिलातेहैं ॥ २१ ॥ और जो ब्राह्मण क्षत्री वैश्य विना प्रसाद यज्ञके पशुका मांस खाताहै वही जीव गिद्धरूप होकर उसका मांस खातेहैं और उन्हें सिवाय रक्तके पानी पीनेवास्ते नहीं मिलताहै ॥ २२ ॥ और जो मनुष्य साधु व संत या कंगाल या अपने सेवकको विना अपराध दुर्वचन कहकर सताताहै व अन्धे मनुष्यको पूंछनेसे भी राह नहीं बतलाताहै उसको

यमदूत रक्षोगण भोजन नरकमें जहांपर राक्षस काटतेहैं डालकर पांच सात मुंहके सांपोंसे कटातेहैं ॥ २३ ॥ और जो मनुष्य मंगन व वैरागीको भिक्षा मांगते समय टेढी आंख दिखलाकर झिड़क देताहै उसको यमदूत शूल-प्रोतनरकमें डालकर बडे गिद्ध व सांपोंसे कटातेहैं ॥ व कुछ भोजन व पानी नहीं देते ॥ २४ ॥ और जो मनुष्य पंचा-यतमें पक्ष करिके झूंठी गवाही देते हैं उनको यमदूत अन्ध कूपमें डालतेहैं ऊपर शिला धरदेते हैं और बडे सर्प काटते हैं ॥ ॥ २५ ॥ इतनी कथा सुनाकर शुकदेवजीने कहा हे राजन् जो मनुष्य वेदशास्त्रसे विमुख है और कुकर्म करताहै और परमेश्वरकी कथा व स्मरणमें प्रीति नहीं रखता है वह अवश्य नरकमें जाकर अपने कर्मानुसार दुःख पाताहै ॥ २८ ॥ इति ॥

इसलिये मनुष्यको संत व महात्माकी संगति व सेवा करनी चाहिये जिसमें परलोक शुद्ध होवै और इतना नरक बास न होवै ॥

देख देख हे मनुंवां हरि भजन विना। इतना नरक भोगना हे मनुवां ॥ तू तो अजहुं चेत चेत हे मनुवां। तू तो हरिभजन करो हे मनुवां ॥ ऐसा तन फिर न मिले हे मनुवां। राम मिलन की आश करो हे मनुवां ॥ यह संसार दुःखका मूल हे मनुवां ॥ हरि भक्ति विना नहीं सुख हे मनुआं ॥ तू रामभज रामभज हे मनुवा ॥ संसार तज संसार तज हे मनुवां ॥ राम आधार संसार असार ॥ जो रामभजे सो होवै भव साग-रपार ॥ नहीं तो वारनपार ॥ हे परमेश्वर आप हीके स्मरण सुखके सार ॥

असारः खलु संसारो दुःखरूपी विमोहकः ॥सुतः
कस्य धनं कस्य स्नेहवाञ्ज्वलतेऽनिशम् ॥ ७४ ॥

न चेन्द्रस्य सुखं किंचिन्न सुखं चक्रवर्तिनः ॥ सुखमस्ति विरक्तस्य मुनेरेकान्तजीविनः ॥ ७९ ॥

अर्थ-यह संसार महा अंधकार है और महा दुःखरूप है मोहको देनेवाला और हरिसे विमुख करनेवाला है ॥ पुत्रसे सुख नहीं मिलता है और धन करके सुख नहीं है ये सन्देहके देनेवाले हैं अनर्थके करनेवाले हैं ॥ १७ ॥ और देवराज इन्द्रको भी सुख नहीं है और चक्रवर्ती राजाको भी सुख नहीं है अभय सुख जो है सो एकांतवासी मुनिजनोंको प्राप्त होता है ॥ ७५ ॥

धन्यो विरक्तः पुरुषः । रामायणउत्तरकांड ॥

संतनकी महिमा रघुराई।बहुविधि वेद पुराणनगाई॥ श्रीमुख पुनितुम कीन्ह बडाई । तिन्हपर प्रभु हिं प्रीति अधिकाई ॥

अर्थ-देखो संतजनोंकी महिमा रघुनाथजीने अपने मुखारविन्दसे बहुत विधि वेदपुराणमें गाई है और अति प्रीति प्रभुजी संतजनोंसे रखते हैं ॥

दोहा ।

सो कुल धन्य उमा सुन, जगतपूज्य सुपुनीत ॥
श्रीरघुवीरपरायण, जेहि नर उपजविनीत२०३॥

अर्थ-श्रीमहादेवजी पार्वतीसे कहतेहैं कि हे उमा उस कुलको धन्य है जो कुल हरिभक्त होताहै और जगतके पूजने योग्यहै ॥ धन्य धन्य हरि भक्तन, महिमा कही न जाइ । जन्मजन्मके पाप सब, क्षणमें जाइ नसाइ ॥

देख देख हरिभक्तिकी महिमा देवमुनी जन गाई ॥ हे मनुवां तू हरिस्मरणमें चितलाई ॥ तब तेरे जन्म जन्मके पुण्य सफल होजाई ॥

हरिभजनविना जन्म खोया हे मनुवां तू तो अजौं चेत चेत हे मनुवां तू तो हरिभजन करो हे मनुवां ॥ ऐसा अवसर फिर न मिले हे मनुवां ॥ विषय लंपट मत होवो हे मनुवां विषय चित्त नरक गामि होता हे मनुवां विषयपरित्यागी स्वर्गगामी होता है हे मनुवां ॥

ईशोपनिषद.

असुर्य्या नाम ते लोका अन्धेन तमसाऽऽवृताः ॥
तांस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः ॥३॥

अर्थ—असुर्य्याः तमोगुण प्रधान । यद्यपि अज्ञानीपुरुषोंके आंख भी हैं तथा वह अन्धे हैं अवश्यही वह तमोगुणसे सकाम होकर कर्म्म करनेमें प्रवृत्त होतेहैं और परलोककी खबर नहीं है और मनुष्य तन पाकर यथावत् आत्माकूं न जानकर विषय भोगते भोगते मर जाते हैं सो पुरुष तामस नरकमें जा परेंगे और उन पुरुषोंने आत्माका घात किया है इस वास्ते सो पुरुषने अपना गला आप काट्या है इस भारतखंडमें जन्म अतिदुर्लभ है क्यों करके कि थोडे परिश्रमसे मनुष्य मनोकामना पासक्ते हैं ।

श्रीमद्भागवतमाहात्म्येऽध्यायः ॥ ३ ॥ आऽज-न्ममात्रमपि येन शठेन किंचिच्चित्तं विधाय शुकशास्त्रकथा न पीता ॥ चण्डालवच्च खरवद्गततेन नीतं मिथ्या स्वजन्मज ननीजनिदुःखभाजा ॥ ४२ ॥ जीवच्छवो निगदितः स तु पापकर्म्मा येन श्रुतं शुककथा वचनं न किंचित्॥

धिक् तं नरं पशुसमं भुवि भाररूपमेवं वदन्ति दिवि देवसरोजमुख्याः ॥ ४३ ॥ दुर्लभैव कथा लोके श्रीमद्भागवतोद्भवा ॥ कोटिजन्मसमुत्थे- न पुण्येनैव तु लभ्यते ॥ ४४ ॥

अर्थ–जो पुरुष हरिकथासे विमुखहैं उनके मातापिताको अपुत्र होना अच्छा था जो शठ पुरुष चित्तलगाकर किंचित् भी शुकदेवस्वामीके भागवतशास्त्रकी कथा नहीं सुनता है ॥ सो पुरुष चंडालके समान है और खरवत् महाखल मूर्ख है तिसका मिथ्या जन्म है तिसपुरुषकी माताने वृथा पेटमें भार उठायाहै पूर्व सौ जन्मके पाप कर्मसे इन पुरुषोंको भागवत-कथा सुननेकी रुचि नहीं होती है तिस पुरुषको धिक्कार है वह पशुके समान है पृथ्वीको बडा भार है यह वाक्य देव-तोंके प्रियोंके मुखारविन्दके हैं ॥ ४३ ॥ और यह भागवत-कथा बडी दुर्लभ है जब कोटि जन्मका पुण्य उदय होता है तब भागवतकथा सुननेकूं चित्तकरता है ॥ ४४ ॥ सो प्रथम उपाय यह भागवतकथा करना तब विचार करना कि यह संसार सत है कि असत है, हे प्रभुजी मैं ! कहांसे आया हूँ अरु आगे मुझे मरना है यह जो वर्तमानमें विचार है सो स्वप्नकी नाईं भ्रम है॥ प्रथम हरिकथा में चित्त लगावो हे मनुवां ॥ ऐसा तन फिर न मिले हे मनुवां भोगविलास शूकर कूकर पशु पक्षीमेंभी होवै हे मनुवां॥हरिभक्ति यह मनु-ष्यशरीर में होवै हे मनुवां ॥ यह चेतन चोला बार बार न मिले हे मनुवां ॥ तू तो अजों चेत चेत हे मनुवां॥हरि भजन करो हे मनुवां॥कितना दुःख सर्प दादुर गंडेल बिच्छू मृग वृक्ष भैंसा बैल में लट्ठी मारकर पीडा सही हे मनुवां ॥ यह तनसे इन्द्र भया अरु यह तनसे सूर्य चन्द्र बृहस्पति शूकर सब

देवता ध्रुव प्रह्लाद जो बडी बडी पदवी पाये हैं सो मनुष्य-शरीर से पाई हैं हे मनुवां ॥ अरु इसी शरीर से चौरासीमें जाना हे मनुवां ॥ हे मनुवां तू देख देख कोई भूखसे मरता है कोई नंगा फिरता है कोई मोती हीरा पेहरते हैं सो करनी बडे सुखदेती हैं अरु करनी से बडे दुःख भोगतेहैं हे मनुवां ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्य श्रीधरानन्दतीर्थ-स्वामिपूज्यपादशिष्य १०८ विश्वेश्वरानन्द तीर्थ-स्वामिनोत्तरखण्डे विरचिते प्राकृतोपनिष-न्नारायणोपनिषदि सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

कलौ हि योगो न जपस्तपो व्रतं न चापि यागो न सुरार्चनं तथा ॥ प्रयाति सिद्धिं दुरितप्रभाव-तस्ततो विचारैकपरायणो भवेत् ॥ १ ॥

अर्थ–कलौ कहिये इस कलियुगमें दुरित जो पाप है तिसके प्रभाव अर्थात बहुलताके होनेतें योग कहिये यमादि नियमादि अष्टांगरूप योग है सो ठीक ठीक सिद्धिकूं प्राप्त नहीं होवै है काहेते पूर्व सतयुगमें पुरुषोंकी आयु बडी होती थी और कलियुगमें आयु बहुत कमती है इसलिये सुकर्म करना और राम नाम जपना है राम नाम विना कलियुगमें और साधन नहीं ॥ केवल राम नाम आधार है हे मनुवां ॥ खात पीवत बोलत सोवत चलत फिरत राम भजो राम भजो हे मन मेरा ॥ १ ॥

न यस्य रामोऽस्ति मुखारविन्दे न यस्य पाणिः प्रकरोति दानम् । पादौ न तीर्थं व्रजतो दया-न्तर्नास्तीह नूनं नरके वसेत्सः ॥ २ ॥

अर्थ-जिन पुरुषोंके मुखसे राम नाम नहीं निकलता है अरु हाथसे कभी दान नहीं करते हैं और पैरोंसे तीर्थयात्रा नहीं करते हैं अरु अन्तःकरणमें दुःखी देख कर दया नहीं आती है सो पुरुष नरकके अधिकारी होते हैं उनके साथ भाषण करनेसे मनुष्य पापका भागी होता है स्पर्श दर्शनसे भी यह वार्त्ता महाभारतमें व्यासजीने भी कथन किया है ॥२॥

असतां दर्शनात्पर्शात्संजल्पाच्च सहासनात् ॥
धर्माचाराः प्रहीयंते सिद्ध्यंति नैव मानवाः ॥३॥

अर्थ-पापी पुरुषोंके दर्शन और तिनके साथ स्पर्श तथा संभाषण और तिनके साथ बैठने करके धर्माचारोंकी हानि होनेसे पुरुषोंकू सिद्धिकी प्राप्ति नहीं होवै है ॥ २॥ इसवास्ते एकान्तमें विचार करना और हरिभजन करना है॥ हे मनुवाँ ऐसा चैतन्य चोला फिरना मिलेगा हे प्रभु ॥ ३ ॥

(मू०) स्नानं न सन्ध्या न भवेदुपासना न चाग्निहोत्रं न जपोर्चनश्च॥सतां न संगो नियमा यमाश्च नरः पशुः पुच्छविषाणहीनः ॥ ४ ॥

अर्थ-और वे पुरुष ब्राह्मण क्षत्री वैश्यके घर जन्म पाकर न स्नान करते हैं न [illegible] करते हैं न नारायणके मन्त्रोंका जप स्मरण ध्यानादि और अग्निहोत्र विष्णुसहस्रनामादि के पाठ नहीं करते हैं और कभी संतजनोंका सत्संग नहीं करते हैं यमनियमभी नहीं पालते वह पुरुष पूछ सींग रहित पशु-के समान हैं परंतु पशुकूं तो चेतन नहीं है ये मनुष्य तो जा-नबूझ करके नहीं करते हैं इसवास्ते ये कुटिल पुरुष अवश्य नरकमें जापरेगें ॥ ४ ॥

(मू०) अहितहितविचारशून्यबुद्धेः श्रुतिसमयै-र्बहुभिस्तिरस्कृतस्य ॥ उदरभरणमात्रकेवले-च्छोः पुरुषपशोश्च पशोश्च को विशेषः ॥ ५ ॥

अर्थ–जिन पुरुषोंकी बुद्धि अपने हित और अहित वस्तुके विचारसे शून्य है और जो पुरुष वेदमें संध्या तर्पण अग्निहोत्रादि नित्य नैमित्तिक कर्म विधान किये हैं तिन सर्व कर्मोंसे वर्जित हैं केवल अपनेही उदर पूर्ण करनेकी इच्छावाले हैं ॥ उन पुरुषोंकूं पशुके समान जानना चाहिये और दूसरे बैलादिक पशुमें क्या भेद है कुछ भेद नहीं है ॥ ५ ॥ इसवास्ते हे पुरुषो ! जानबूझ करके पशुमत होवो ॥ ऐसा चैतन्य चोला फिर मिलना बडा कठिन है ॥ हे मनुवां ! अब औसर पाके मत भूल यह नौकारूपी तनसे भवसागर तर ॥

(मू०) आहारनिद्राभयमैथुनं च सामान्यमेतत्पशुभिर्नराणाम् ॥ धर्मो हि तेषामधिको विशेषो धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः ॥ ६ ॥

अर्थ–आहार निद्रादि जो भोजन करना और मैथुन करना भय होना यह सब योनिमें मिलसकते और यह पशु पक्षियों और मानुषमें बराबर हैं परंतु तिनमेंसे मानुषमें केवल सत् असत्का जो विचार करना है सोई विशेष है और जो पुरुष तिस विचारसे शून्य हैं सो तो पशु पक्षीके समान हैं ॥ ६ ॥

विचारहीनस्य वनेऽपि बंधनं भवेदवश्यं भरतादिवद्यतः ॥ गृहेऽपि मुक्तो जनकादिवद्भवेत्ततो विचारैकपरायणो भवेत् ॥ ७ ॥

अर्थ-(विचारहीनस्य) जो पुरुष सत् असत्के विचारसेहीन है सो पुरुष चाहे तो कहिये हिमालयादि पर्वतोंके गहन वनमें चलेजानेसे भी जड़भरत शृंगीऋषि अग्नीध्र आदिकोंके नांई अवश्य बंधनकी प्राप्ति होवै है और (गृहेऽपि) कहिये विचारवान् पुरुष अपने स्त्रीपुत्रादिक करके संकुल गृहमें स्थितभयाभी राजा जनक प्रतर्दन अजातशत्रु आदिकोंकी नांई मुक्तरूप होवै है यातें इस प्रकार (विचारैकपरायणो भवेत्) कहिये विवेकी पुरुषको केवल विचारहीके परायण होना योग्य है ॥ ७ ॥ किंच विचारके विना आत्माकी भी प्राप्ति नहीं होवैहै ।

पठन्तु शास्त्राणि यजन्तु वाध्वरैरटन्तु तीर्थानि तपन्तु तापकैः ॥ विदन्ति नात्मानमृते विचारणं ततो विचारैकपरायणो भवेत् ॥ ८ ॥

अर्थ-(पठन्तु शास्त्राणि) कहिये चाहे यह पुरुष न्यायमीमांसा वेदान्तादिक अनेक शास्त्रोंका अर्थसहित सम्यक् प्रकारसे अध्ययन करै (यजन्तु वाध्वरैः) कहिये चाहे अश्वमेध राजसूयादि अनेक यज्ञों करके विधिपूर्वक यजन करै तथा (अटन्तु तीर्थानि) कहिये चाहे काशी प्रयागादि अनेक तीर्थोंका प्रयत्नसे अटन करै ॥ (तपन्तु तापकैः) कहिये चाहे पंचाग्नि आदि अनेक प्रकारके तापोंकरके दीर्घकालपर्यंत हठपूर्वक तपका आचरण करो परंतु (विदन्ति नात्मानमृते विचारणम्) कहिये विचार कियेतें विना सो पुरुष आत्मस्वरूपकूं नहीं जानसकै हैं काहेते नारदमुनिको चतुर्दश विद्यायोंके अध्ययन करनेतेभी सनत्कुमारके उपदेशजन्य विचारसे विना आत्मपदकी प्राप्ति नहीं हुई थी ॥ ८ ॥

भवापहो नैव सतां समागमः कृतः श्रुता नापि कथाघहारिणी ॥ हरेर्न तीर्थानि गतानि वै मया वृथाखिलं मे खलु जीवितं गतम् ॥ ९ ॥

अर्थ-(भवापहः) कहिये जन्ममरणरूप संसारके नाश करनेहारा जो संतजनोंका समागम तत्त्ववेत्ता महात्मा पुरुषोंका संग है सो भी मैंने नहीं किया है । और कभी नारायणका यश भी श्रवण नहीं किया । और सर्व पापोंके दूर करनेहारी कहिये नारायणके यशकी पवित्र कथा सो भी श्रद्धापूर्वक बैठकरके नहीं श्रवण करी है और कभी प्रयागादि तीर्थोंकी यात्रा भी करी नहीं है जिसमें अंतः-करणशुद्धिद्वारा मोक्षपदके देनेहारी जो प्रयाग काशी आदि पवित्र प्रसिद्ध तीर्थ हैं तिनके समीप भी कभी गमन नहीं किया है । यातें सर्व पुरुषार्थोंकरके शून्य होनेते मेरा सर्व आयु (वृथा गतं) कहिये वृथाही व्यतीत हुआ है अब मनुष्य तनु छोडके पशु जन्म पाऊँगा । हे पुरुषो ! इसी तनसे जो चाहे सो बन सक्ता है । तू हरिभजन करो हे मनुवां ! ऐसा तन फिर न मिली हे प्रभुजी ॥ ९ ॥

इहांगनातातसुतादिबांधवैः समागमोऽयं मम किं निबंधनः ॥ सदाचलो वा धुतरंगचंचलो हितावहो मे किमुताहितावहः ॥ १० ॥

अर्थ-(इह) कहिये इस संसारमें अंगना जो स्त्री है औ तात जो पिता है तथा सुत जो पुत्र है इत्यादि अन्य भी माता भ्राता भगिनी आदि बांधव लोक हैं सो इनके साथ यह मेरा समागम कहिये संयोग किस निमित्तसे हो

रहा है । और क्या यह समागम सर्वदा अचल रहेगा किंवा किसी कालमें (अंबु तरंगचंचलः) कहिये जलकी लहरीके समान क्षणभरमें नाश होजावैगा । तथा क्या यह समागम मेरा हितकारक है किंवा (अहितावहः) कहिये अहित अर्थात् हानिके करनेहारा है ॥ १० ॥

इमे च दारात्मजसेवकादयः समाश्रिता मामथ कर्म वा निजम् ॥ गतिस्तथैषां ननु का भविष्यति मयि प्रयाते परलोकमंततः ॥ ११ ॥

अर्थ-(इमे) कहिये यह जो मेरी दारा कहिये स्त्री है औ आत्मज कहिये छोटे छोटे पुत्र हैं तथा यह जो मेरे आज्ञाकारी भृत्य हैं इत्यादि अन्य भी जो मेरे अधीन जीवते हैं सो सर्वही क्या मेरेही आश्रय होकरके पलते हैं किंवा (अथ कर्म वा निजम्) कहिये आप अपनी प्रारब्धकर्मके आश्रयसें पलरहे हैं । किंच जिस कालमें मैं (अंततः) कहिये इस शरीरके अंतकालकेहुये अपनी देहके सहित इन सर्वका परित्याग करके परलोकको चला जाऊंगा तो मेरे पीछेसे इन सर्व दीनोंकी गति कहिये क्या दशा होवैगी अर्थात् जैसे मेरे पोषण करनेहारे पिता मातादिकोंके मरणोंसे भी पीछेसे मैं अपने प्रारब्धकर्म करके आनन्दपूर्वक पलता औ जीवता रहाहूं तैसेही यह भी मेरे संन्यास लेनें अथवा मरनेसे पीछे पलते औ जीवते रहेंगे ॥ ११ ॥ तु तो हरि भजन करो हे मनूवां ॥ ऐसा अवसर फिर न मिली है प्रभुजी ! तहां अध्यात्मरामायणमें भी कहा हैः—

सुखस्य दुःखस्य न कोऽपि दाता परो ददातीति कुबुद्धिरेषा ॥ अहं करोमीति वृथाभिमानः स्वकर्मसूत्रग्रथितो हि लोकः ॥ १२ ॥

अर्थ–इस पुरुषके प्रति कोई भी दूसरा सुख वा दुःखके देनेहारा नहीं है जो कोई ऐसा मानताहै कि अमुकने मेरेकूं सुख वा दुःख दिया है सो पुरुष बुद्धिसे हीन है तथा जो पुरुष कहताहै कि यह कार्य मैंनें कियाहै सो भी तिसका वृथाही अभिमान है काहेतें कि यह लोक आप अपनी प्रारब्धकर्मरूप सूत्रविषे ग्रथित अर्थात् परोयेहुये है कोई किसीके आश्रय नहीं है। यातें अब इन बांधवोंके अर्थ किसी प्रकारकी चिंता करनी व्यर्थही है ॥ १२ ॥ हे मनुवां ॥ देख तू देख शास्त्र हितकारी वाक्य भाषण करते हैं तूं अजों चेत चेत हे मनूवां॥हरिभजन करो हे मन मेरा और न कोई तेरा॥

पापैरनेकैस्तु यदर्थमादराद्वित्तं समानीय करोमि संव्ययम् ॥ ते बांधवा वै मम दुःखभागिनः किं वाभविष्यंति गतस्य रौरवम् ॥ १३ ॥

अर्थ–(यदर्थम्) कहिये जिन स्त्री पुत्रादिक बंधुजनोंके वास्ते (पापैरनेकैः) कहिये असत्यभाषण कपट छलादि अनेक पापोंकरिके वित्त जो द्रव्य है तिसकूं जहां तहांसे लाकरके मैं अति आदरपूर्वक तिनके वस्त्र आभूषणादिकोंमें (संव्ययम्) कहिये सम्यक्प्रकारसे खर्च करताहूं सो जिस कालमें तिन पापोंके फलभोगनेके अर्थ मैं रौरवनरकमें जाऊंगा तो क्या तिस कालमें (मम दुःखभागिनः) कहिये सो यह बांधवलोक मेरे दुःखके भागी होवैंगे किं वा नहीं अर्थात् नहीं होवैंगे काहे ते यहां प्रत्यक्षही जो मेरेकूं अल्प ज्वरादिजन्य दुःख होवै है तो सर्व बंधुजन समीप स्थित भयेभी तिसके बांटने अथवा निवृत्त करनेमें समर्थ नहीं होते तो नरकमें कैसे बांट सकैंगे तथा ये वार्ता अथर्ववेद-की गर्भोपनिषदमें कहीहै ॥ १३ ॥

(मू०) यन्मया परिजनस्यार्थे कृतं कर्म शुभाशुभम्॥
एकाकी तेन दह्येऽहं गतास्ते फलभोगिनः ॥१४॥

अर्थ-माताके उदरविषे बालक कहता है कि हे ईश्वर ! अपने बंधुजनोंके अर्थ जो जो शुभाशुभ कर्म पूर्व जन्मों विषे मैंने किये थे तिनकरके इस कालमें मैं एकलाही इस माताके नरककुण्डके तुल्य गर्भमें जठरानल करके जलरहा हूं और जो फलके भोगनेहारे बन्धुजन थे सो सर्वही चलेगये तिन- मैंसे इस कालमें मेरा कोईभी सहायक नहीं हैं ॥ १४ ॥ तू चेत चेत हे मनुवां हरिभजन केवल अपना और यह अनित्य संसार है स्वप्ना ॥

(मू०) सायं समेत्यैकतरुं विहंगमाः प्रातः प्रयांतीह दिशं स्विकां स्विकाम् ॥ त्यक्त्वा यथा न्योन्यमगं च तं तथा सर्वे समा यांति च यांति बांधवाः ॥ १५ ॥

अर्थ-(सायं समेत्य) कहिये जिस प्रकार सायंकालमें सर्व दिशाओंसे आय आय करके पक्षी एक वृक्षपर एकत्र होकर रात्रिपर्यंत निवास करके पुनः प्रातः कालके प्राप्त हुये तिस वृक्षकूं तथा एक दूसरे पक्षीकूं छोड करके (दिशं स्विकां स्विकाम्) कहिये अपनी अपनी अभिमत दिशाकूं चले जाते हैं तैसेही माता पिता स्त्री पुत्रादि सर्व बांधव लोक स्वर्ग नरकादि रूप दिशाओंसे जन्मरूप दिशासे जन्मरूप सायंकालसे लेकर प्रारब्धकर्मरूप रात्रिपर्यंत गृह- रूप वृक्षपर एकत्र होय करके पुनः मृत्युरूप प्रातःकालके भयेते तिस गृहकूं तथा एक दूसरे बंधुजनोकूं छोड करक

अपने अपने कर्मोंके अनुसार स्वर्ग नरकादिरूप अभिमत दिशाकूं चले जाते हैं तथा ॥ १५ ॥ यह वार्ता महाभारतमें भी कही है ।

(मू०) यथा काष्ठं च काष्ठं च समेयातां महोदधौ ॥ समेत्य च व्यपेयातां तद्वद्भूतसमागमः ॥ १६ ॥

अर्थ—जैसे समुद्रविषे जलकी लहरियोंके वेग करके एक किसी दिशासे और एक किसी दिशासे आयकरके दोनों काष्ठ क्षणमात्र मिलजाते हैं और पुनः दूसरी लहरीके वेगकरके सो परस्पर वियोगकूं प्राप्त होजाते हैं तैसेही संसाररूप समुद्रविषे प्रारब्धकर्मरूप लहरियोंके वेगकरके बंधुजनोंसे मिलजाते हैं और पुनः जब मृत्युरूप दूसरी लहरीका वेग होवैहै तब परस्पर बिछुड जातेहैं ॥ १६ ॥

यथा कपोतोऽन्नकणाभिवाञ्छया शिचं विशन्नेति दुरंतबन्धनम् ॥ कुटुंबजाले विशयाशयाऽविशंस्तथा विमुच्येय कथं जगत्पते ॥ १७ ॥

अर्थ—यथा कहिये जैसे अन्नके कणकोंकी अभिलाषा करके कपोतादिपक्षी (शिचम्) कहिये जैसे जालमें प्रवेश करनेते अतिदृढबंधनकूं प्राप्तभया पुनः अनेक प्रकारके शरीर छेदनादिक्लेशोंकूं प्राप्तहोवैहैं तैसै मैंभी (विषयाशया) कहिये स्त्री संगमादिविषयोंकी आशाकरके इस कुटुंबरूप महाजालविषे प्रवेश करताभयाहूँ सो मैं नहीं जानता कि मेरी इसमें फसेहुये क्या दशाहोवेगी । याते (हे जगत्पते!) कहिये सर्वजगतके अधिपति अंतर्यामिन ईश्वर ! मैं इस कुटुंबरूप

जालसे किस प्रकार (विमुच्येय) कहिये मुक्त होऊँगा अर्थात् छूटूंगा काहेते यह जाल बडा भारीहै इससे छूटना अत्यंतदुष्कर है ॥ तथा यह वार्त्ता भागवतमें कहेहैं ॥ १७ ॥

(मू०) लोहदारुमयैः पाशैर्दृढ बद्धोऽपि मुच्यते ।
स्त्री धनादिषु संसक्तो मुच्यते न कदाचन ॥ १८ ॥

अर्थ–अज्ञानीपुरुष लोह और काष्ठादि दृढपाशों करके बद्धहुआ किसी कालमें कोई उपाय करके मुक्तभी होजावैहै परंतु स्त्री धन पुत्रादिरूप जो पाश है तिसमें फँसाहुआ तो कदाचित भी मुक्त नहीं होसकैहै ॥ १८ ॥ हे मनुवां ! यह-महाजाल मनुष्यतनसे छूट जावै हे प्रभुजी और तन नहीं है छूटनेका करो यतन मन रोकनेका अवर तन नहीं छूटनेका हे प्रभु! ऐसा चैतन्य चोला न मिली वारंवार हे मनुवां ! हरिभजन विना कोई नहीं अपना ॥ यह संसार रैनका स्वप्ना। हे मनुवां ! यह महादुःख में नहीं फँसना॥ यहँ मनकूं वश करना । तब सुफलकमाई तेरे तन॥

(मू०) अविचारेण रमणा रमणी भवतीह या ।
विचारेणास्थिमज्जासृग्दोषसंघवती त्वियम्॥ १९ ॥

अर्थ–जो स्त्री बिना विचारे रमणीभास्ती है सो विचार करके ज्ञानदृष्टि करके देखिये तो कुछ भी नहीं है महा अशुद्ध वस्तुसे भरेहैं हाड मांस मज्जा और रक्त मूत्र विष्ठा पीब की पुतली बनीहै और कुटिलतासे भरे हैं और महा निर्दयहै ॥ ऐसे अविद्यासे भूलरहे हैं हे मनुवां! इसका आश्रय न कीजिये जो लै जावै घोर नरक ॥ हरिका आश्रय कीजिये तब पावै परमानँदसुखलोक ॥ १९ ॥ तथा यह वार्त्ता योगवासिष्ठमें भी कहे हैं ॥

(मू०) त्वङ् मांसरक्तबाष्पांबु पृथक्कृत्वा विलोचने ।
समालोकय रम्यं चेत्किं मुधा परिमुह्यसि ॥२०॥

अर्थ—हे पुरुषो ! स्त्रीके शरीरमेंसे त्वचा मांस रुधिर पसीना लाला इत्यादि अवयवोंकूं तूं पृथक् कहिये भिन्न भिन्न करके देख जो इनमें क्या रमणीय और पवित्रवस्तु है नहीं तो काहेते वृथाही ऊपरकी सफाई देखकरके मोहकूं प्राप्तहोताहै इसवास्ते स्त्रीमें भी आसक्ति करनी व्यर्थही है ॥ २० ॥ हे मनुवां देख देख सब शास्त्रपुकार रहेहैं यह सब अशुद्धसंसार ॥ जो यह परित्याग करे सो होवै भव-सागरपार ॥

विद्याविनीतेन सुपुत्रकेण साध्व्या स्त्रिया मित्र-कुटुम्बबान्धवैः । विद्यावयोरूपसमृद्धिभिर्न वै मोक्षो भवेत्स्यात्किलवृत्तिरोधतः ॥ २१ ॥

अर्थ—जो मुक्ति है सो विद्यासे नम्र पुत्रकरिके भी नहीं हैं और पतिव्रता स्त्री मित्र कुटुंब परिवार विद्यारूप धन दौलत करिके भी नहीं होती केवल जब संसारसे वृत्तिनिरोध करिके और संसारकूं परित्याग करताहै तब मुक्तहोताहै ॥ २१ ॥ तहां वेदमें भी लिखा है ।

(मू०) न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैके
अमृतत्वमानशुः ॥ २२ ॥

अर्थ—यज्ञादि कर्मके और पुत्रादिरूप बहुत प्रजाकरिके तथा विपुलधनकरिके भी कल्याण नहीं होवैहै किंतु त्यागक-रिकेही केचित् ऋषिलोग मोक्षपदकूं प्राप्त होते भये हैं ॥२२॥

हे मनुवां ! तूं छोड आसरा जगका करले हरिको ध्यान।
सब संकट मिटजायगा खुशहोंगे भगवान ॥

विद्युच्चला हि देहा वै देहिनां क्षणभङ्गुराः ।
आस्थांविहाय तेषां वै स्मर्तव्यः सततं हरिः ॥२३॥

अर्थ–ये शरीर बिजलीके समान चंचल हैं इसीसें नाशवानहैं ॥ जैसे बिजलीका चमतकार एक क्षणमें देखनेमें आता है और जल्दी छिपजाता है तैसे ये शरीर देखनेमें आते हैं और क्षणमें नष्ट होजाते हैं यह क्षणभंगुर देहका भरोसा मूर्खजन करते हैं विद्वान पुरुष नहीं करते हैं देखो सत्ययुगमें लाख वर्ष की आयु होनेपर राजा लोग उदय अस्तके राज होनेपर भी राज छोडकर वनमें जाकर तप करते करते मुक्त हुए हैं अब यह कलियुगवासीलोग थोडे धन अल्प आयुपर भी उन्मत्त होकर परलोक की खबर नहीं रखते हैं देखते देखते जो संध्या समयमें देखा था सो सबेरें देखनेमें नहीं आता है तो भी मनकूं चेत नहीं आताहै ॥ हे मनुवां ! तु हरिभजन करो यह सुख की खान है मनुवां ॥२३॥ यह वार्ता योगवासिष्ठके निर्वाण प्रकरणमें अपने शिष्यके प्रति एकमुनिने भी कथन करी है सो—

(मू०) आयुर्वायुविघट्टिताभ्रपटलीलंबांबुव-द्भंगुरं भोगा मेघवितानमध्यविलसत्सौदामि-नीचंचलाः ॥ लोला यौवनलालना जलरयः कायः क्षणापायवान् पुत्रासमुपेत्य संसृति-वशान्निर्वाणमन्विष्यताम् ॥ २४ ॥

अर्थ–जैसे वायुके वेगसे एकत्र भये मेघोंके समूहविषे भरा-हुआ जल क्षणभंगुर होवै है तैसे ही यह पुरूषोंकी आयु क्षणभंगुर है और जैसे आकाशमें छाये हुए मेघोंमें बिजुली चंचल होवे है तैसे संसार के भोग सर्व चंचल हैं और यौव-नावस्थाकी जो लालना अर्थात् विलास है सो भी (लोल) कहिये थोडे दिनोंमेंही चलायमान होजाती है और जैसे महानदीके जलका वेग शीघ्रही चला जावे है तैसे यह शरीर क्षणक्षणमें चला जावे है याते हे पुत्र ! तूं इस जन्म-मरणरूप संसारसे भयकूं प्राप्त होकरके निर्वाण जो मोक्ष-पद है तिसकी प्राप्ति के अर्थ यत्नकर । इस प्रकारसे आयुके क्षणभंगुरताका वर्णन करे हैं ॥ २४ ॥ हे मनुवां ! यह शरीर क्षणमें नाशवान ॥ पाप पुण्य तूं साचो जान ॥ हे मन भजले भगवान ॥

गता मदीयाः पितरो यमालयं प्रयांति चान्ये-ऽपि दिनंदिनं प्रति ॥ अहं तु पश्यन्नपि तानहो शठस्तथापि मन्ये स्थितिमात्मनो ध्रुवाम् ॥ २५ ॥

अर्थ–(मदीयाः) कहिये मेरे जो वृद्ध पिता पितामह आदि थे सो सबही अपने अपने शरीरोंका परित्याग करिके (यमालयम्) कहिये यमराजके स्थानकूं (गताः) चलेगये अर्थात् मृत्युकूं प्राप्त होगये तथा (प्रयांतिचान्येऽपि) कहिये दिन प्रति ग्रामके निवासी दूसरे लोक भी मरकरके चले जाते हैं और मैं तो (शठ) कहिये मूर्ख तिनकूं नित्य प्रति अपने नेत्रोंसे प्रत्यक्ष देखता हुआ भी पुनः इस शरीरसे इस संसाररूप सरायविषे अपनी (ध्रुवां) कहिये निश्चित स्थिति मान रहा हूं अहो कहिये यह क्या बडे आश्चर्यकी वार्ता

है ॥ २५ ॥ यह वार्ता महाभारतविषे यक्ष और युधिष्ठिरके संवादमें भी कथन की है ॥

अहन्यहनि भूतानि गच्छंतीह यमालयम्॥शेषा जीवितुमिच्छंति किमाश्चर्यमतः परम् ॥ २६ ॥

अर्थ–यह है यक्षने प्रश्न किया कि हे युधिष्ठिर! इस जगत में आश्चर्यकी वार्ता क्या है तब युधिष्ठिर ने कहा हे यक्ष ! (अहन्यहनि) कहिये प्रति दिन दिनमें (भूत) प्राणी मर-करके यमलोककूं जाते हैं और लोक अपने अपने नेत्रोंसे देखते हुए भी पुनः इस जगत्में अपनी स्थिरता चाहते हैं सो इससे परे अन्य क्या आश्चर्य होगा ॥ दूसरा भी उनसे अपनेकूं स्थिर मानते हैं ॥ २६ ॥ हे मनुवां ! तूं जान जान यह संसारनाशवान ॥ तूं सांचो जान तथा यह वार्ता भगवद्गीताके द्वितीयाध्यायमें भी कही है ॥

(मू०) इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः ॥ २७ ॥

अर्थ–हे अर्जुन ! ये इन्द्रिय बडे दुर्घट हैं काहेतें यह यत-शील पुरुषोंके मन भी बलात्कारसे स्वस्वविषयोंकी तरफ खैंचकर लेजाती हैं ॥ इन इन्द्रियोंकूं रोकनेवाले पुरुष विरले होवे हैं ॥ तथा भागवतमें भी कथन कियो है ॥ २७ ॥

(मू०) जिह्वैकतोऽमुमपकर्षति कर्हि तर्षा शिश्नोऽन्यतस्त्वगुदरं श्रवणं कुतश्चित् ॥ घ्राणो-ऽन्यतश्चपलदृक्क्व च कर्मशक्तिर्बह्व्यः सपत्न्य इव गेहपतिं लुनन्ति ॥ २८ ॥

अर्थ—जिन पुरुषोंकूं जिह्वा इन्द्रिय तो अपना जो रस विषय है तिसकी तरफ खैंचती है और पिपासा अपनी तरफ खैंचती है लिंग इन्द्रिय अपने विषयकी तरफ खैंचती है तथा त्वचा अपने विषयकी तर्फ खींचती है और उदर अपनी तरफ और श्रोत्र अपनी तरफ नासिका अपनी तरफ हस्त और पाद अपनी तरफ खैंचते हैं इस प्रकार जैसे किसी एक पुरुषकी बहुतसी स्त्रियां होवैं हैं सो सर्वही अपनी अपनी तरफ खैंचनेसे पुरुषकूं क्लेश देवैं हैं तैसे ही यह इन्द्रियरूप स्त्रियां आत्मारूप पुरुषकूं क्लेश देती हैं ॥ २८ ॥ जो पुरुष इन बलवान् इन्द्रियोंकूं जीत सके उस पुरुषकूं धन्य है ॥ हे मनुवां ! यह बलवान शत्रुवत् इन्द्रियको तूं जीतकर जन्म मरणसे छूटकर निर्भय पदकूं प्राप्त हो हे मनुवां ! ऐसा औसर फिर न मिली वारंवार जो चाहै उतरन भवसागर पार ॥

दोहा ।

उत्तर दिय रघुवंशमणि, पुनि किय प्रश्नअनेक ॥
पावन कथा बखानहूं; जो सुनि बढत विवेक ॥

हे भगवन् ! क्या यह जगत नष्ट होता है और क्या उत्पन्न होकर बढता है ॥ १ ॥

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः ।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्य श्रीश्रीधरानन्दतीर्थस्वामिपूज्यपादशिष्य १०८ श्रीविश्वेश्वरानन्द तीर्थस्वामिनोत्तरखंडे विरचिते प्राकृतोपनिषन्नारायणोपनिषद्यष्टमोऽध्यायः ॥८॥

यह संसारकी जितनी चेष्टा हैं सब नाशवान् हैं विभव-कालमें स्थित जितने विषय हैं वे सब आपत्ति और पापके हेतु हैं केवल अपने मनकी कल्पना है, है कुछ भी नहीं ।

संसारो बंधनं चायं सुखं नात्र कदाचन ॥
रम्यावभासेऽस्मिन्भ्रान्ता रमन्ते न मना-
ग्बुधाः ॥ १ ॥

अर्थ–यह संसार बंधनका हेतु है कदापि इसमें सुख नहीं है एक अंश सुख भासता है हजार अंश इसमें दुःख है यह अरमणीय है मूर्ख जनोंकूं रमणीय भासता है मूर्ख जन इसीमें घूमते रहते हैं पण्डित नहीं घूमते ॥ १ ॥

दोहा ।

हो या न कोई होया प्रभु । अनये होयासोया ॥ १ ॥
संसार जालकूं छोड दे गोविंद गुण गाइले परमपद पाइले

लक्ष्मीरनिष्टहेतुश्च तद्वान्धर्मविवर्जितः । खड्गे
मुक्ताफलं यद्वच्चञ्चला सा स्वभावतः ॥ २ ॥

अर्थ–जो लक्ष्मी है सो अनिष्टका हेतु है और जिसके पास लक्ष्मी होती है सो पुरुष धर्म अरु अधर्मका विचार नहीं रखता है और सब दिन रहनेवाली नहीं है जैसे तर-वारके ऊपर मोती नहीं ठरहते हैं तैसेही यह लक्ष्मी ठहरने-वाली नहीं है ॥ है माया भक्ति प्रभु दोऊ, नारी गर्भ जाने सब कोई । पुनि रघुवीरहिं भक्ति पियारी, माया खलु अन-र्तकी विचारी ॥ २ ॥

संसारमें अनेक प्रकारके सुखका मूल होनेसे लक्ष्मी उत्कृष्ट मानी गई है किंतु वास्तवमें यह लोगोंके मोह और

अनिष्टका हेतु है जैसे वर्षाऋतुकी नदी अनेक प्रकारके बड़े बड़े मलिन तरंगोंको बहाती है उसी प्रकार यह लक्ष्मी भी उत्साहसे पूर्ण अनेक मनोरथोंसे सम्पन्न मूर्खोंको बहाती है इस लक्ष्मीकी बुरे आचरणवाली चिन्तारूपी बहुतसी कन्या हैं वे सब ऐसी बढती हैं जैसे नदीमें लहरी यह अभागी एक स्थानपर कभी नहीं रहती बरन कुलटा स्त्रीके समान एकके स्थानसे दूसरे स्थानपर फिरती रहती है जैसें दीपककी शिखा स्पर्शमात्रसे ही दाह उत्पन्न करती है और सर्व नाशका हेतु है । हे मनुवां ! तू इस क्षणभंगुर शरीरके आश्रा छोडदे ईश्वरकी आराधन करके परमपदको पावैगा ॥

आयुष्यास्था तु मूर्खैर्हि कर्तव्या न बुधैः क्वचित् ।
पद्मपत्रस्थजलवच्चञ्चलं क्षणभङ्गुरम् ॥ ३ ॥
जन्मिनो मरणं नित्यं न तत्कालमपेक्षते ।
विषयान्जुषतः क्रोडे कुरुते मृत्युरञ्जसा ॥ ४ ॥
सच्छास्त्रमननाद्यस्य विवेको न हृदि स्थिरः ।
दुःखमूलं हि तस्यायुः सुखं धीरस्य केवलम् ॥५॥

अर्थ—इस अल्प आयुका विश्वास मूर्ख करते हैं यह आयु क्षणभंगुर है कदाचित् रहनेवाला नहीं है जैसे कमलके पत्तेके ऊपर जल नहीं ठहरता हैं तैसे यह शरीर ठहरनेवाला नहीं है ॥ ३ ॥ प्राणीको एक दिन अवश्य मरना है मृत्यु कुछ भी परवाय समयकी नहीं करता । जो मनुष्य विषयरूपी सर्पोंके संसर्गसे जर्जरचित्त हैं उनको शीघ्र मृत्यु मार देता है ॥ ४ ॥ और जिनकी आत्माके विषे अच्छे २ उपनिषद् वेदान्त आदिसे विवेकका उदय नहीं है उनकी आयु

केवल दुःखका मूल है जिनने तत्त्वज्ञानको प्राप्त होकर ब्रह्मपदमें विश्राम प्राप्त किया है और लाभ और हानि दोनोंमें समान हैं उनकी आयु सुखका कारण है वही पण्डित हैं ॥ ५ ॥

अहंकारकृतो भावो महादुःखप्रदो भवेत् ।
अहङ्कार्यति नीचो वा अहंकारं परित्यजेत् ॥ ६ ॥

अर्थ–जो पुरुष अहंकार करते हैं सो पुरुष सुखी भी हैं तो भी अहंकारी पुरुष महादुःखकूं प्राप्त होवैं हैं और अहंकारी नीचते भी नीच होते हैं अहंकार कौन है ? उत्तर–अहंकार यह है कि मैं राजा हूं और मैं धनवान् हूं मैं बुद्धिमान् हूं मैं रूपवान् हूं मैं विद्यावान् हूं मैं बड़ी जातिवाला हूं मैं बडा विरक्त हूं मैं बलवान् हूं मैं पण्डित हूं इस वास्ते अहंकार नहीं करना पलमें कैसा होजाता है राईका पर्वत होजाता है अरु पर्वतकी राई होजाती है मूर्ख अहंकार करते हैं बुद्धिमान् अहंकार नहीं करते हैं ॥ ६ ॥ तहां वैराग्य प्रकरणमें रामचंद्रजीने भी कहा है। हे मुनीश्वर! यदि अहंकार है तो मनुष्य दुःखी होता है और यदि अहंकार नहीं है तो सुखी होता है इस लिये अहंकारका न होना श्रेष्ठ है। हे मुनीश्वर! अहंकारको छोड़कर मैं शांतचित्त रहता हूं क्योंकि भोगोंका समूह सदा स्थिर नहीं है आज है तो कल नहीं है। हे ब्रह्मन्! जबतक अहंकार रूपी मेघ छाये हुएहैं तबतक तृष्णा कामना रूपी कुटजकी लता विकसित रहे हैं अहंकाररूपी मेघके शान्त होतेही कामनारूपी बिजलीकी चमत्कारकी न्याई न मालूम कहां चली जातीहै इस वास्ते विद्वानोंने अहंकारका परित्याग किया है तब सुखी हुए हैं॥

मनो हि चंचलं कामक्रोधलोभादियुग्यदा ।
तदा विचारवैराग्यनाशकं जायते क्षणात् ॥ ७ ॥

अर्थ-मन चंचल जो है सो काम क्रोध लोभ मोह मद तृष्णा यह छः चोरों करिके आवरणकूं प्राप्त हुआ है और वैराग्य जो मोक्षका हेतु उसका नाश करनेहारे यह काम क्रोधादि हैं विचार धैर्य अरु संतोषके नाश करनेहार हैं ॥ इति ॥ ७ ॥ इस वास्ते इसका परित्याग करो तहां योगवासिष्ठमें भी रामचंद्रजीने कहा है ।

सोरठा ।

या विधि रघुकुलकेतु, बहु प्रकार वर्णन कियो ।
मनचंचलके हेतु, तेहि विचारि जन भव तरत ॥

श्रीरामचन्द्रजी कहने लगे हे मुनीश्वर ! यह मेरा चित्त काम, क्रोध, लोभ, मोह और तृष्णादिक दुःखों द्वारा जर्जरीभावकूं प्राप्त होगया है और महापुरुष जो गुण वैराग्य अरु विचार धैर्य और सन्तोष है इनकी ओर नहीं जाता सर्वदा विषयके चारों ओर भटकता फिरता है जैसे मोरका पंख वायुके लगनेसे एक जगह नहीं ठहरता है जैसे गांवका कुत्ता रोटी न मिलनेसे इधर उधर दूर दौडता फिरता है वैसेही यह चित्त भी वांछित पदार्थ न मिलनेसे व्याकुल होकर इधर उधर व्यर्थ दौडता फिरता है। इस मनकूं कहीं सुख नहींहै और यदि कहीं धन भी मिलजावै है तो भी तृप्त नहीं होता है जैसे बांसके पिटारेमें पानी भरनेसे वह कभी नहीं भरता तैसेही यह मन कभी नहीं भरता चाहे तो पहाड की न्याई धन मिलजावै तो भी संतोष नहीं होता है ॥ हे मनुवां ! वैराग्य विना शान्ति न होवै विचार विना वैराग्य

नहीं वैराग्य विना मुक्ति न होवै मुक्ति विना सुख नहीं, यह संसार महादुःख जबतक यह मन संसारसे उपरत नहीं हुआ तबतक सुख नहीं है विचार करके वैराग्य होना यह तो इन्द्रजालकी नाईं भ्रांतिसुख मान रक्खाहै जो वस्तु देखनेमें आतेहैं सो वस्तु जलदी नाशवान देखनेमें आतेहैं हे मन ! तू सद्वस्तुका आश्रय कर जिस वस्तुका कभी नाश न होवै है सोई सद्वस्तु है ॥ तहां भगवद्गीतामें कहेहैं—

(मू०) अर्जुन उवाच ॥ योऽयं योगस्त्वया प्रोक्तः साम्येन मधुसूदन ॥ एतस्याहं न पश्यामि चंचलत्वात्स्थितिं स्थिराम् ॥ ८ ॥

अर्थ—अर्जुन कहते भये हे मधुसूदन! सबहीको आप समान करि देखे ऐसे जो यह तुम साम्यता करिके योग कह्यो ता योगकी स्थिति बहुत कालते कह्यो सो देखती नहीं है काहे मन स्थिर नहीं ॥ ८ ॥

(मू०) चंचलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् ॥ तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥ ९ ॥

अर्थ—हे कृष्ण ! भगवन् मन स्वभावहीतें अतिचंचल है और अतिबलवान है देह इन्द्रियनको क्षोभ करैहै विचार किये हूं जीत्यो न जाये अरु दृढ है भेद्यो न जाय ऐसे है यातें जैसे अतिप्रबल पवनकों निग्रह न कऱ्यो जाय तैसे या मनकों निग्रह कठिन है ॥ ९ ॥

(मू०) श्रीभगवानुवाच ॥ असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम् ॥ अभ्यासेन तु कौंतेय वैराग्येण च गृह्यते ॥ १० ॥

अर्थ–अब श्रीकृष्णभगवान् कहते भये कि हे अर्जुन ! यह निश्चय है तुमने सांची कही है यह मन ऐसेही है मनकी चंचलताको निग्रह अतिकठिन है परन्तु यह मन अभ्यास करके क्रमक्रमसे अरु वैराग्यसे वशमें होता है जब वैराग्यसे देखता है कि यह संसारमें कोई वस्तु सत नहीं है और रात-दिन ब्रह्म अभ्यास करै है इति ॥ १० ॥

वैराग्यमेवास्य दृढं दृढाशयाः शस्त्रं वदंतीह विवेकसंज्ञितम् ॥ तेनैनमुन्मूलय बोधवीर्यतो नान्यत्तु तत्साधनमस्ति वै क्वचित् ॥ ११ ॥

अर्थ–इस कर्मरूप वृक्षको मूलसें छेदन करनेहारा परम वैराग्यरूपही एक दृढ शस्त्र विद्वान लोग कथन करते हैं सो शस्त्र यद्यपि दृढ भी होवै परंतु शाण करके अग्रभागसे तीक्ष्ण नहीं किया होवे तो वह महावृक्षके काटनेमें समर्थ नहीं होसके यातें सो वैराग्यरूप शस्त्र वेदांत शास्त्रजन्य विवेकरूप शाण करके सम्यक् प्रकारसे तीक्ष्ण किया चाहिये । यद्यपि सो दृढ और अग्रभागसे तीक्ष्ण भी होवै परंतु छेदन कर-नेहारे पुरुषके शरीरमें जो बल नहीं होवै तोभी तिससें वृक्षका मूलसे छेदन नहीं संभवै है आत्मा स्वरूपका जो निःसंदेह दृढबोध (ज्ञान) है सोई महाबल है याते तिस करके भी मुमुक्षु पुरुषको संयुक्त होना चाहिये तथा ज्ञानकी बलरूपता (केनोपनिषद) में भी दिखाई है ॥ ११ ॥

(श्रुति) आत्मना विन्दते वीर्यम् ॥)

अर्थ–आत्माके ज्ञान करकेही यह पुरुष बलकूं प्राप्त होवै है इति ।

इस कर्मरूप वृक्षकूं वैराग्यरूप शस्त्र हस्तमें लेकरके जडोंसे उन्मूलके उखाड़ करके दूर डार दीजिये जिससें तिसका पुनः कभी भी मौंलणा न होवै है ॥ तथा यह वार्त्ता गीताके पंद्रहवें अध्यायविषे कहे हैं ।

(मू०) अश्वत्थमेनं सुविरूढमूलमसंगशस्त्रेण दृढेन छित्त्वा ॥

अर्थ—हे अर्जुन ! यह जो (विरूढमूल) कहिये सम्यक् प्रकारसे दृढतर जमे हुये मूलवाला संसाररूप पीपलका वृक्ष है तिसकूं असंग अर्थात् वैराग्यरूप दृढ शस्त्रसे छेदन कर (नान्यत्तु तत्साधनमस्ति) कहिये उक्त कर्मरूप वृक्षके मूलसे छेदनके अर्थ परम वैराग्यके विना दूसरा कोई विशेष उपाय नहीं है इस प्रकारसे जब वृक्षका मूलसे छेदन होजावेगा तो पश्चात् तिसके फल कहांसे होवैंगे । इस वास्ते संसारसे वैराग्य होना यह मुक्तिका कारण है यह चौदा ब्रह्मांडतक सुख नहीं है सब दुःखका मूल है ।

महेन्द्रलोकं भुवनं स्वयम्भुवो रमेशधामापि नगं पिनाकिनः ॥ प्रयातु पातालमपि प्रमुच्यते न दुःखलेशात्तु विनात्मसंस्थितिम् ॥ १२ ॥

अर्थ—(महेन्द्रलोकमिति) कहिये यह पुरुष चाहे स्वर्ग हों तहांभी कोई उपाय करके चलाजावै तथा चाहे (भुवनं स्वयंभुवः) कहिये जो ब्रह्मा है तिसके लोकविषेभी चला जावै । चाहे (रमेशधाम) कहिये रमेश जो विष्णुभगवान् हैं तिनकी निवासभूमि जो वैकुण्ठतिसविषे भी चलाजावे । तथा चाहें (नगं पिनाकिनः) कहिये पिनाकी जो महादेवजी हैं तिनकी निवासभूमि जो कैलास पर्वत हैं तहां भी

कोई चलाजावै। तथा चाहै (पातालम्) कहिये बलिराजाके निवासका स्थान जो पाताल है तहां भी चलाजावै परंतु (विनात्मसांस्थितिं) कहिये अपने आत्मस्वरूपविषे जो निर्विकल्प स्थिति है तिसके विना यह दुःखके लेशसे छूट नहीं सकै है जब जो पुरुष स्वर्गको जाताहै तिसकालमें एक पुष्पोंकी माला पहराई जाती है तिनके प्रति यह कहदिया जाता है कि जब यह माला कुमलाय जावैगी तब तिसिही कालमें स्वर्गसे गिरकर मृत्युलोकमें आजावोगे तब उस पुरुषकूं यह भय बना रहता है कि जब मेरी माला सूख जावैगी तब मेरा यह सुख नष्ट होजावैगा देखो यह सब दुःखका मूल है। तथा गीताविषे भगवान्ने भी कहा है॥१२॥

(सू०) क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति।

अर्थ-हे अर्जुन! जिस कालमें स्वर्गमें गये हुये पुरुषोंके पुण्य क्षीण होजाते हैं तो पश्चात् सो पुरुष पुनः इस मानुष लोकमें आजाते हैं।

आत्मनिष्ठं मनो यस्य निर्व्यापारं हि तिष्ठति।
अनुत्तमं स लभते सुखं बाधाविवर्जितम् ॥ १३ ॥

अर्थ-जिस पुरुषका चित्त सदा आत्मामें स्थिर रहता है उसको सब विघ्नबाधाओंसे रहित सुख प्राप्त होता है॥१३॥

यह वार्ता मुंडकोपनिषत्में भी वर्णन करी है।

आत्मक्रीड आत्मरतिः क्रियावानेषब्रह्मविदां वरिष्ठः।

अर्थ-जो पुरुष अपनी आत्मामेंही क्रीडावाला और आत्मामेंही प्रीतिवाला तथा आत्मामेंही क्रियावाला होवै है सोई सर्व ब्रह्मवेत्ता पुरुषोंसे श्रेष्ठ होवे है इति (गतैषणः) कहिये वित्तैषणा, पुत्रैषणा, लोकैषणा इस प्रकारसे तीन प्रका-

रकी जो एषणा अर्थात् वासनाहैं तिनका भी परित्याग करता हुआ तथा (विनिर्ममो) कहिये किसी बाह्य पदार्थ अथवा अपने शरीरविषे भी ममतासे रहित भया तथा (मानमदादिवर्जितः) कहिये जाति विद्यादिकोंका जो अभिमान है और मद है तिस करिके भी रहित भया आदिशब्दसें कामक्रोध लोभ मोहादिकका भी ग्रहण जान लेना । सर्वविकार पंचभूतात्मामें हैं कोई अवस्था भी सुखकारी नहीं है सब दुःख है ॥ १३ ॥

बालावस्था परं दुःखं नानातृष्णा च मूकता ॥
क्रीडा चपलताशक्तिः परवत्ताऽक्षमाभृशम् ॥ १४ ॥

अर्थ-जो बाल अवस्था है सो महाःदुखका कारण है नानाप्रकारकी तृष्णा लगी रहती है अमुक चीज देवो अरु (मूकता) कहिये मुखसे कुछ कहि नहीं सकता है पेटमें जलता है । मौन रहना और मूर्ख बुद्धि रहिती है और नानाप्रकारकी क्रीडा करते रहते हैं और अत्यंत पराधीनता और चपलता क्षणक्षणमें औरका और मनमें चाहना रखता है । और पराधीन रहता है अपनेमें कुछ सामर्थ्य नहीं रहती है और मनमें बडा भारी क्रोध रहता है । तथा (बालानां रोदनं बलम्) कहिये बालकोंका केवल रोनेका बल रहता है । और महाचिंताके सागरमें डूबा रहता है यह विकार बाल अवस्थामें है जो कहै कि बाल अवस्था अच्छी है सो मूर्ख है यह तो महादुःखका मूल है ॥ १४ ॥

युवावस्था महादुःखं घोरे संसारसागरे । कामरूपो महाव्यालः स्त्रीसक्तानत्तुमुद्यतः ॥ १५ ॥

कर्णधारे च मनसि विभ्रान्ते सुस्थिरा विपत् ।
लोभमोहादिभिर्नक्रैर्बलिभिः पीड्यते सदा ॥१६॥

अर्थ–जब बाल अवस्था उपरांत युवा अवस्था आती है तब महादुःख देतीहै कामरूप बडा सर्प स्त्री लम्पट पुरुषोंको डस लेता है ॥ १५ ॥ यदि मन भ्रान्त हो तो देहरूपी नौकाको चलानेवाले मनके भ्रान्त होनेसे आपत्ति नियत रहती है तब लोभ, मोह आदि बली मगरमच्छोंसे मनुष्य दुःखित रहता है ॥ १६ ॥

हे मनुवां ! तू छाड अभिलाषा युवा अवस्था कारण ॥
खोजो परम निर्वाण ॥

वृद्धावस्था महादुःखं क्रूरताऽशक्तिरेव च ।
कफवातविकारैश्च जर्जरीक्रियतेऽनिशम् ॥ १७ ॥

अर्थ–जब वृद्धा अवस्था आती है तब महादुःख आपहुंचता है क्रूरता होती है अरु शरीर अशक्त होजाता है चलने फिरनेकी सामर्थ्य नहीं रहती है और इन्द्रिय हीन होजाती हैं कानसे सुनता नहीं आंखसे देखता नहीं दांत टूट जाते हैं केश सफेद होजाते हैं शरीर कँपने लगजाता है अरु तृष्णा बढती चली जाती है और सब रोग इकट्ठे प्राप्त होजाते हैं और अच्छे अच्छे भोजन चाहते हैं परन्तु कर्महीन पुरुष कहांसे पावै है ॥ तब लम्बी श्वास लेकर कहतें हैं कि अब कमानेकी सामर्थ्य नहीं रही है क्या करों अरु मेरा कहना कोई मानता नहीं है उलटा कठोर वचन कहते हैं तो भी अभागी पुरुषकूं वैराग्य नहीं होता है हरिके भजन नहीं करता है जो आगे सुख होवै ॥ १७ ॥

दोहा ।

शिर कंप्यो पग डगमग्यो, नयन ज्योतिते हीन ।
हे मन या विध पै भये, नहि हरिके रस लीन ॥ १ ॥

देखो तीनों अवस्थावोंमें सुख नहीं है अरु यदि हो तो नाशवान है जिन पुरुषोंने ईश्वरका भजन किया है सोई पुरुष सुखी भये हैं ॥ १ ॥

कष्टन्तपः सुखं मूले दुःखमूलं सुखं सदा ॥

अर्थ–प्रथम कष्ट करके तप होता है ॥ पीछे परमधाम वैकुण्ठमें सुख होता है ॥ सो तप सुखका मूल है ॥ अरु जो सुख विषय भोग स्त्रीआदिक प्रथम सुख भासता है पश्चात् रौरव नरकमें महादुःख भोगताहै ॥ इस वास्ते कष्टका मूल सुख है ॥ और सुखका मूल दुःख है ॥ जैसे राजालोग पूर्वजन्ममें बडे कष्ट करिके तप करैं हैं तब चक्रवर्ती राजा होते हैं तब नाना प्रकारके सुख भोगते हैं और पूर्वजन्मके तप भूलकर विषय लंपट पाप पुण्यकी खबर नहीं रखते हैं तब रौरवनरकमें बडा कष्ट भोगते हैं ॥ अरु जो सुखके पीछे कितना दुःख भोगना पडता है ॥ अरु कष्ट करिके कितना सुख होता है हे मनुवां! तू कष्ट करके तप कर तब सुख होई ॥

तपस्तप्तं सुखं भोक्तुं तेषां सुखकरं तपः । यैः
प्रभुप्रीतये तप्तं तेषां मुक्तिः सनातनी ॥ १८ ॥

अर्थ–जो सुखकी इच्छासे तप करते हैं वे बडे भोग भोगते हैं अरु जो नारायणकी उपासना भजन निष्काम करके करते हैं सो पुरुष परमपदकूं प्राप्त होते हैं अरु विचार करके सर्व दुःखोंसे छूटकर मुक्तिकूं प्राप्त होते हैं इस लिये रातदिन

हरिका स्मरण आत्माका विचार करना चाहिये आत्मा कौन है अरु अनात्मा कौन है तब अक्षय सुखको प्राप्त होता है ॥ १८ ॥

यह वार्ता अथर्ववेदकी रामपूर्वतापनी उपनिषद्में भी कथन करी है ॥

(श्रुतिः) चिन्मयस्याद्वितीयस्य निष्कलस्याशरीरिणः । उपासकानां कार्यार्थे ब्रह्मणो रूपकल्पना ॥ १९ ॥

अर्थ-सच्चिदानन्दमय अद्वितीय निष्कल और शरीरसें रहित जो परब्रह्म तिसके उपासक लोग, जो ब्रह्मलोक है तहांको प्राप्त होकर चतुर्भुज होकर विष्णुरूप होजाते हैं व्यक्तिकी कल्पना अर्थात् निर्माण होवै है इति ॥ १९ ॥

तथा सामवेदकी तलवकारोपनिषद्में श्रुति है ।

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये ।

अर्थ-असुरों और देवतोंके युद्धमें ब्रह्मने देवतोंकूं जय दिया तो पश्चात् सो देवता ब्रह्मकूं नहीं जानकर अपनेसेही असुरोंकूं जय किया मान करके अभिमानकूं प्राप्त होते भये तब पश्चात् तिस वार्त्ताकूं जानकर तिनके मद दूर करनेवास्ते यक्ष भगवानने अभिमान दूर करा है इसवास्ते नारायणकूं न भूलना चाहिये यह वार्ता विष्णुपुराणमें भी कथन करे हैं ॥

कुलं पवित्रं जननी कृतार्था वसुंधरा पुण्यवती च तेन । अपार संवित्सुखसागरेस्मिन् लीनं परे ब्रह्मणि यस्य चेतः ॥ २० ॥

अर्थ–जिस पुरुषोंका अपार ज्ञान और आनंदके समुद्र-रूप ब्रह्मविषे चित्त लीन होवै है तिस पुरुषका सर्व कुल पवित्र होजावै है और जो माता है सो भी कृतार्थ होजावै है और पिताभी धन्य है और स्वर्गसे पितर धन्य धन्य पुकारते हैं। सो पुरुष जहां जहां गमन करताहै तहां तहां तिसके चरणोंके स्पर्शसे वसुंधरा जो पृथ्वी है सो भी पावन होजावे है किंच जो जो पुरुष तिसके दर्शन स्पर्शन सेवादि करनेवाले होवै हैं सो भी कृतार्थ होजावे हैं ॥ २० ॥

दोहा ।

धनि जननी सोई कही, जा सुत हरिरस लीन ।
शरण विमुख कृमिपतंगसम, यही वेद कहिदीन २॥

कर्म आत्मा जीव स्फुरण धर्म अधर्म इनतें आदि लेकर नाना प्रकारके नाम होते हैं जब शुद्ध चिन्मात्र विषे अहं-कारका उत्थान होता है तब देहकी भावना होती है और देह भासनेलगती है आगे जगत भासता है स्वरूपके प्रमाद करि संकलपरूप जगत दृढ होजाता है बहुरि तिसविषे स्थित है ।

संन्यासी पूज्यते लोके भुक्तिर्मुक्तिः फलं स्मृतम् ।
प्रत्यक्षं विष्णुरूपश्च तं दृष्ट्वाऽघक्षयो भवेत् ॥ २१ ॥

अर्थ–इस कलियुगमें प्रत्यक्ष भगवान्का अवतार नहीं है अरु संन्यास भी भगवान्का स्वरूप है । सो प्रथम सीढी यह है कि संत जनोंका संग करै तब भक्ति उत्पन्न होती है और जो पुरुष संन्यासीका पूजन करते हैं सो इस लोकमें भोगपदार्थ पाते हैं और अंतमें मुक्तिको प्राप्त होते हैं क्यों करके कि संन्यासी विष्णुके तुल्य होता है उसके दर्शनसे

पाप नष्ट होते हैं। यह संसारके उद्धार करनेवास्ते विचरते हैं। और जगतके मसाल हैं इन्हीं करके सुपथ मिलता है। और संसार कुपथ बतानेवास्ते बहुत हैं ॥ २१ ॥

तथा मनुस्मृतिमें भी कथन करे हैं।

(मू०) अतिवादांस्तितिक्षेत नावमन्येत कंचन ॥
नचेमं देहमाश्रित्य वैरं कुर्वीत केनचित् ॥ २० ॥

अर्थ-जो कोई संन्यासीको दुष्टवचन कथन करे तो वह तिसकूं सहन करे और अपनी वाणी अथवा शरीर करके किसीपुरुषका भी अपमान नहीं करे तथा इस क्षणभंगुर मनुष्य देहको पाकर किसीके साथ वैरभाव न करे जो बनपरे सो सबका आदर सन्मान करे यह वार्ता अथर्ववेदकी कठश्रुत्युपनिषद्में है ॥ २२ ॥

(श्रुतिः) कृशीभूत्वा ग्रामे एकरात्रं नगरे पंचरात्रं
चतुरो मासान् वार्षिकान् ग्रामे वा नगरे वापि
वसेत् ॥ २३ ॥

संन्यासीको चाहिये कि चान्द्रयणादिक व्रतोंसे शरीरकूं कृश करके पश्चात ग्राममें एक रात्र नगरमें पांचरात्र वास करे चातुर्मासमें एकस्थान पर रहना कहा है ॥ २३ ॥ यह महाभारतमें श्री भगवान् श्रीकृष्णाचंद्र कथन करे है ॥

(मू०) द्वे रूपे वासुदेवस्य चलञ्चाचलमेव च ॥
चलं संन्यासिनो रूपमचलं प्रतिमादिकम् ॥२४॥

अर्थ-श्रीवासुदेव भगवान् बोलते भये कि मेरे दो रूप हैं एक मेरा चल रूप है और दूसरा अचल रूप है, जो संन्यासी रूपमें मेरी चलपूजा है जहां जहां संत महात्मा विचरते हैं

तहां तहां भक्तजन पूजा करते हैं । और जो प्रतिमादिक हैं व मन्दिर घरमें पूजी जाती हैं ॥ २४ ॥

(मू०) यतिर्यस्य गृहे भुंक्ते तत्र भुंक्ते स्वयं हरिः । हरिर्यस्य गृहे भुंक्ते तत्र भुंक्ते जगत्त्रयम् ॥ यति-हस्ते जलं दद्याद्भिक्षां दद्याज्जलं पुनः ॥ तदन्नं मेरुणा तुल्यं तज्जलं सागरोपमम् ॥ २५ ॥

अर्थ—जिसके घरमें संन्यासी भोजन करते हैं तिसके घरमें जानों स्वयं हरि जो भगवान हैं उन्हीने भोजन किया। और जहाँ हरिने भोजन किया तहाँ तीनलोक तृप्त होते हैं और जब प्रथम भोजनके समय जो संन्यासीकूं आचमन दिया जाता है अरु भिक्षाके पश्चात् जो जल दियाजाता है उस करके जो भोजन संन्यासीने किया है सो अन्न सुमेरु पर्व-तकी नाईं पुण्य होता है ॥ अरु जो जल आचमन कराया जाता है सो जल समुद्रके तुल्य पुण्य होता है ॥ २५ ॥

(मैत्रायणीश्रुतिः) अत्रिः—चतुर्विधो भिक्षुकः स्यात्कुटीचकबहूदकौ। हंसः परमहंसः ॥ ब्रह्म-चारिसहस्रञ्च वानप्रस्थशतानि च । ब्राह्मणा-नान्तु कोट्यस्तु यतिरेको विशिष्यते ॥ २६ ॥

अर्थ—मैत्रायणीश्रुति कथन करती है कि, जो चार प्रका-रके संन्यासी ब्राह्मणशरीरके घरके॥कुटीचक जो अपने घरसें बाहर कूटी बनावै अरु जो भिक्षा कोई करादे सो पालेना ग्राममें न जाना ॥ अरु बहूदक जो तीर्थमें कुटी बना-कर भिक्षा करके पालन करैं हैं यह बहूदक ॥ और हंस जो घरमें रहकर मौन होके अष्टग्रास पाइके पालन करैं ॥ अरु

परमहंस जो दण्ड धारण करिके विचरता रहै है ॥ यह चार प्रकारके संन्यासीकूं जो भोजन देते हैं ॥ सो ब्रह्मचारीको हजारकूं भोजन देवै ॥ अरु वानप्रस्थ सौको भोजन देवे ॥ अरु ब्राह्मण एक क्रोडको भोजन देवै ॥ और एक संन्यासीकूं भोजन देवै है तो इनसें भी विशेष है ॥ २६ ॥

यह वार्ता कूर्मपुराणमेंभी कथन करी है ॥

(मू०) यो विप्रो धारयेद्दण्डं स वै नारायणः स्वयम् ।
चतुर्भुजाः प्रजायन्ते दंडधारणमात्रतः ॥ २७ ॥

अर्थ-जो ब्राह्मणशरीर दंड धारण करता है सो नारायण स्वयं चतुर्भुज बनजाता है केवल दंड धारणमात्रसे इसमें संशय नहीं है यह सत्य है ॥ २७ ॥

तहां निर्व्वाणतन्त्रमें भी कथन है ॥

(मू०) कौपीनं गैरिकं वस्त्रं यत्नेन परिधारयेत् ॥
दंडधारणमात्रेण नरो नारायणो भवेत् ॥ २८ ॥

अर्थ-जिसी कालमें ब्राह्मणशरीर गेरूते रँगाकर कौपीन अरु वस्त्रकूं धारण करते हैं अरु दंडधारणमात्रसे सो संन्यासकर्ता पुरुष नर ते नारायणस्वरूप होजाते हैं इसमें संशय नहीं है ॥ २८ ॥

(मू०) यतेर्दर्शनमात्रेण विमुक्तः सर्वपातकात् ।
तीर्थव्रततपोदानसर्वयज्ञफलं लभेत् ॥ २९ ॥

अर्थ-जो पुरुष श्रद्धाभक्तिसे संन्यासीके दर्शन करते हैं उसीसमय सर्व पापोंसे विमुक्त कहिये कि महापापोंसे छूटजाते हैं सर्व पातक मुक्त होजाते हैं और जो फल तीर्थ करनेसे होता है अरु जो फल व्रत तप दान और यज्ञ करनेसे

होता है सो सर्व फल संन्यासीके दर्शनमात्रसें होता है ॥ इसमें संशय नहीं है ॥ २९ ॥

(मू०) सर्वलक्षणसंयुक्तो ब्राह्मणो गमनं चरेत् ॥
गत्वा च दण्डिनं दृष्ट्वा प्रणमेत्तं च दण्डवत् ॥३०॥

अर्थ–जो ब्राह्मण सर्व लक्षणोंसे पूर्ण है उसको मार्गमें चलता हुआ दंडी दृष्टिमें देख पडै तो ब्राह्मणकूं उचित है कि देखतही मात्र पृथिवीमें दंडकी न्याई लंबा पडके प्रणाम अच्छी तरह करै क्योंकि वह केवल नारायणस्वरूप है ॥३०॥

(श्रुति) यस्य संन्यसनादेव स्थानाच्चलति भास्करः।
कुलकोटिशतैः सार्द्धं प्राप्नोति परमं पदम् ॥३१॥

अर्थ–संन्यासकर्तापुरुषको सूर्य मार्ग देते हैं उसके कुलके पितर देवस्थानमें चलेजाते हैं जबतक सूर्य चन्द्रमा हैं तबतक वैकुंठ वास करते हैं कितनी पीढी (कुलकोटि) कहिये सौ क्रोड पीढी परम पदकूं प्राप्त होता है यह सत्य है ॥ ३१ ॥

(अङ्गिरःश्रुतिः) षष्टिं कुलान्यतीतानि षष्टिमा-
गामिकानि च ॥ नरकादुद्धरत्येव संन्यस्तोऽह-
मिति ब्रुवन् ॥ ३२ ॥

अर्थ–मैं संन्यासी हुआ ऐसा कहता हुआ पुरुष (अतीतानि) कहिये बीते हुए साठ पुरुष और (आगामिकानि च) कहिये आगेके साठि पुरुषको नरकसे उद्धार करता है। यह संन्यास लेनेका फल है ॥ ३२ ॥

(जाबालश्रुतिः) शतं कुलानां पुरतो बभूव
तथापराणां त्रिशतं समग्रम् ॥ एते भवन्ति सु-
कृतस्य लोके येषां संन्यस्यतीह विप्रः ॥३३॥

अर्थ—संन्यासकर्ता पुरुषके कुलके सौपीढीके पितर वैकुंठकूं जाते हैं जो पहले मरे होवैंगे सो जावैंगे । और तीन सौ पीढी जो पीछे मरे होवें सो जावैंगे इतना कुल मुक्त होता है जो विप्रघरके संन्यास धारण करै है ॥ ३३ ॥

(अङ्गिरःश्रुतिः) संन्यासधारणं कार्यं विप्रस्य मुक्तिहेतवे । यो विप्रो धारयेद्दण्डं स वै नारायणः स्वयम् ॥ ३४ ॥

अर्थ—हे विप्र! श्रुतिमाता कहती है कि विना संन्यास मुक्ति नहीं है संन्यासधारण मुक्तिका कारण होता है और मुक्तिके लिये अवश्य हे विप्र! तूं दंड धारण करो क्योंकि केवल दंड धारणसे स्वयं नारायणरूप होजाता है स्वयं हरिके तुल्य होता है ॥ ३४ ॥

(कपिलश्रुतिः) संन्यस्तोहमिति ब्रूयात्प्राणैः कण्ठगतैरपि । सूर्य्यस्य मण्डलं भित्त्वा ब्रह्मलोकं प्रयाति च ॥ सोऽक्षयाँल्लभते लोकान्पुनर्जन्म न विद्यते ॥ ३५ ॥

अर्थ—जिस पुरुषकूं वैराग्य न भी होवे तो अंतमें जब आतुर संन्यास लेना चाहे ब्राह्मणशरीरको सो श्रुतिमाता कथन करती है कि मृत्युकालमें भी जो प्राण कंठमें आजावै तो भी संन्यास लेनेसे सूर्य मंडल होके और छेदन करके ब्रह्मलोककूं प्राप्त होता है अक्षय लोकमें निवास करता है और ब्रह्मलोकमें अप्सराओंके साथ भोगविलास करता है जबलग ब्रह्मा रहेगा । ब्रह्माकी आयु पर्यंत रहेगा तब ब्रह्मा उंस संन्यासकर्ता पुरुषकूं ब्रह्मज्ञान देवेंगे पुनर्जन्म कहिये कि फिर जन्म न होगा इति ॥ ३५ ॥

(अङ्गिरःश्रुतिः) संन्यस्तोहऽमिति ब्रुवन्–दिव्य-
तेजोमयं श्रीमान् सूर्य्य चन्द्राग्निमण्डलम् ॥
भित्त्वा प्रयाति संन्यासी स्वधर्मपरिपालनात् ॥३६॥

अर्थ–संन्यासकर्ता पुरुष अपनी हिकमतसे और तपो-बलसे दिव्यलोक महातेजमान जो लोक हैं श्रीमान् जो सूर्यमंडल और चन्द्रमंडल और अग्निमंडल तिनको (भित्त्वा) कहिये छेदन करिके शिवलोककूं प्राप्त होता है जो संन्यासी अपने स्वयं धर्मकूं पालनेहारा है ॥ ३६ ॥ हे मनुवां तूं वैराग्यधरः संन्यासकरः भवसागरतरः ॥ जन्मम-रणसे डरः पापसें डरः संतसंगतमें चित्तधरः ॥ तहाँ तथा महानिर्वाणतन्त्रमें भी कथन करे हैं ।

(मू०) ब्रह्मचर्य्याश्रमो नास्ति वानप्रस्थोऽपि न
प्रिये ॥ गृहस्थो भिक्षुकश्चैव आश्रमौ द्वौ कलौ
युगे ॥ ३७ ॥

अर्थ–महानिर्वाण तन्त्रमें कहे हैं कि कलियुगमें ब्रह्मचर्य नहीं है और वानप्रस्थ भी नहीं है गृहस्थ करिके संन्यास धारण करलेना है कलियुगमें कुल दो आश्रम हैं गृहस्थ, संन्यास ॥ ३७ ॥ क्यों करके कलियुगमें आयु अल्प है इस वास्ते पुत्रकी उत्पत्ति करके जलदी संन्यास लेना कहा है । तहां शिवपुराणमें महादेवजीने पार्वतीजीसे कहा है–

(मू०) शैवसंस्कारविधिनावऽधूताश्रमधारणम् ॥
तदेव कथितं भद्रे संन्यासग्रहणं कलौ ॥ ३८ ॥

अर्थ–महादेवजी कहते भये हे भद्रे ! कलियुगमें संस्कार विधि नहीं बन पडती है जो प्रथम ब्रह्मचर्य तब गृहस्थ तब

वानप्रस्थ तब संन्यास कलियुगमें अल्प आयु होने पर जलदी अवधूत आश्रम धारण करै यह देवता कहते हैं हे भद्रे ॥ ३८ ॥

(मू०) ब्रह्मज्ञानं विना ज्ञानं यस्य चित्ते न विद्यते ॥
संन्यासधर्म्मस्तस्यैव नान्यस्य सुरपूजिते ॥ ३९ ॥

अर्थ-यद्यपि बुद्धिकी मंदतासे ब्रह्मज्ञान भी नहीं है यह चित्त भी आत्मामें नहीं लगता है तथापि संन्यास धर्मसे अर्थात् संन्यास लेनेसे तिस संन्यासकर्ता पुरुषकूं सुर कहियें जो देव उनके राजा जो इन्द्र ऐरावत हाथीके ऊपर झूल रहे हैं सो संन्यासीकूं देखताही ऊपरसे उतरकर तिस अज्ञानी संन्यासीकी पूजा विधिपूर्वक करते हैं ॥ क्यों करके कि महामंत्रके प्रभावसे ब्रह्मलोककूं जानेवाले हैं वहां ब्रह्मज्ञान पाकर मुक्ति होगी इस लिये अवश्य संन्यास धारण करलेना और संन्यासका धर्म पालन करना है इस तनमें जिसने उद्यम नहीं किया तिसने अपना गला आपही काटडारा है । ऐसा तन मिलना बहुत कठिन है । सो झूठी मायामें मत भूलो तहां महानिर्वाणतन्त्रके अष्टमोल्लासमें-॥३९॥

(मू०) जातमात्रो गृहस्थः स्यात्संस्कारादाश्रमी भवेत् ॥ गार्हस्थ्यं प्रथमं कुर्याद्यथाविधि महेश्वरि ॥ तत्त्वज्ञाने समुत्पन्ने वैराग्यं जायते यदा ॥
तदा सर्वं परित्यज्य संन्यासाश्रममाश्रयेत् ॥४०॥

अर्थ-यावत्कालपर्यन्त गृहस्थ आश्रममें रहै तावत्काल अग्निहोत्र और ठाकुरजीकी पूजा और नारायणका स्मरण और अतिथिअभ्यागतोंकी सेवा और मातापिताकी सेवा और गुरूका पूजन करै प्रथम गृहस्थ आश्रमकूं करे हे महे-

श्वरि ! पश्चात् तत्त्वज्ञान जो यथार्थ आत्माकूं निश्चय करके पश्चात् वैराग्य जो होवै तो सर्वका परित्याग करके संन्यास आश्रमकूं धारण करै तब मुक्त होवै है ॥ ४० ॥ इससें नौकारूपी तन फिर न मिली हे मनुवां तूं हरिभजन कर हे मन मेरा ॥

(तथा जाबालोपनिषच्छ्रुतिः)

ब्रह्मचर्य्यं परिसमाप्य गृही भवेद्गृही भूत्वा वनी भवेत् वनी भूत्वा प्रव्रजेत् ॥ ४१ ॥

अर्थ–प्रथम ब्रह्मचर्यं करिके गृहस्थ करै गृहस्थ करिके वानप्रस्थ करै वानप्रस्थ करिके संन्यास आश्रमकूं धारण करै ॥ ४१ ॥ तथा मनुस्मृतिमें भी कथन करे हैं ॥

(मू०)ऋणानि त्रीण्यपाकृत्य मनो मोक्षे निवेशयेत् ॥ अनपाकृत्य मोक्षं तु सेवमानो व्रजत्यधः ॥४२॥ अधीत्य विधिवद्वेदान्पुत्रांश्चोत्पाद्य धर्म्मतः ॥ इष्ट्वा स्वशक्तितो यज्ञैर्मनो मोक्षे निवेशयेत् ॥ ४३ ॥

अर्थ--प्रति पुरुषके तीन ऋण रहते हैं जब तीन ऋणसे अनृण होजावै तब संन्यासकूं धारण करे है जो तीनों ऋणोंसें अनृण न होवे तो मोक्ष होना महाकठिन है ॥ ४२ ॥ प्रथम वेदपढ करके ऋषिऋणसे अनृण होवै है तब पुत्रकूं उत्पन्न करके पितृऋण उतरता है तब बायां अंगमें स्त्री बैठाकर यज्ञ करके देवतोंके ऋण उतर जाते हैं तब संन्यास लेकर मुक्त होता है ॥ ४३ ॥ तथा नारदपरिव्राजकोपनिषद् ॥

(श्रुतिः) विरक्तः प्रव्रजेद्धीमान्सरक्तस्तु गृहे वसेत् ॥ सरागो नरकं याति प्रव्रजन्हि द्विजाधमः ॥ ४४ ॥

अर्थ-जो पुरुष यह अशुभ संसारसे विरक्त होकर संसारकूं विरस जान करके संन्यास धारण करके मुक्तस्थानकूं प्राप्त होवै है और जो सरक्त कहिये जो पुरुष विषयोंमें आसक्त हो गृहमें वसेहोंय परलोककी खबर नहीं करते हैं सो ऐसे अधमपुरुष केवल नरककूं प्राप्त होवै हैं । जो झूठी मायामें फँस रहे हैं ॥ ४४ ॥

दोहा ।

झूठी माया जगत् बिच, विस्तारे जगदीश ।
जो जगसे वैराग्य हो, भाग्यवान् नर ईश ॥
दुर्लभ मानुषतनु मिला, विष्णुभक्ति ना होय ।
भाग्यहीन तेहि जानिये, जननि दुखाये सोय ॥

(जाबालिश्रुतिः)

चतुर्वेदस्तु यो विप्रः सोमयाजी शतक्रतुः ॥
तस्मादपि यतिः श्रेष्ठो मेरुसर्षपयोरिव ॥४५॥

अर्थ-चारों वेदको ब्राह्मण पढले और सोमयज्ञ सौ कर लेवे तथापि जो संन्यासकूं धारण करते हैं सोई सबसें श्रेष्ठ हैं जैसे सर्षपसे सुमेरु ॥ ४५ ॥

(दक्षवाक्य) त्रिंशत्परान्स्त्रिंशदवरान् ॥
सद्यः संन्यसनादेव नरकात्तारयेत्पितॄन् ॥ ४६ ॥

अर्थ-संन्यासकर्ता पुरुष व्यतीत हुई जो तीस पीढीं और आगेकी तीस पीढीके पुरुषोंको सद्यः कहियें जलदी नरकते वैकुण्ठको प्राप्त कराते हैं ॥ ४६ ॥

(श्रुतिः) गुरुपूजां महालिंगं दण्डोपरि विभावयेत् ॥
ब्राह्मणो दण्डिनं दृष्ट्वा प्रणमेद्विधिपूर्वकम् ॥ ४७ ॥

अर्थ–गुरुकी पूजा करते समय अथवा शिवलिंगकी पूजाके समय दंडी संन्यासी आगये हों तो उसी समय पूजाकूं छोड ब्राह्मण उठकर विधिपूर्वक दंडीकी पूजा करे और प्रणाम करके सम्मान करे तो गुरु शिव विष्णुकी पूजा होचुकी ॥ ४७ ॥

(मू०) शान्तिपर्वणि युधिष्ठिरवाक्यम्—क्षत्रियस्य भिक्षाटनं निषिद्धमतः क्षत्रियवैश्ययोः संन्यासग्रहो नास्ति ॥ ४८ ॥

अर्थ–यह वार्ता महाभारत शान्तिपर्वमें युधिष्ठिरने कही है कि जब कृष्णभगवान वैकुंठकूं पधारे हैं तब पांचों भाई वनमें तपकरनेकूं चले तब कहते भये कि क्षत्रियोंके वास्ते भिक्षाटन शास्त्रमें महानिषिद्ध है और क्षत्रिय वैश्यको संन्यास भी निषिद्ध है । फिर कब संन्यास ले जब उत्तराखण्डमें जाकर प्राणत्याग करना चाहे । भिक्षाका अधिकार ब्राह्मण शरीरका है भक्ति (भजन) चारों वर्णोंका है ॥ ४८ ॥

(मू०) भक्त्याऽनवरतया तत्त्वज्ञानं विनिर्मुक्तः ॥

अर्थ--निरन्तर नारायणके भजनसे तत्त्वज्ञान होता है और तत्त्वज्ञानसे ब्रह्मज्ञान तिससे आत्माकूं निश्चित मुक्ति प्राप्त होती है ॥

विश्वेश्वरपद्धतौ यतिधर्मः ।

(मू०) कषायं ब्राह्मणस्योक्तं नान्यवर्णस्य कस्यचित् ॥ मोक्षाश्रमे यदा प्रोक्तं धातुरक्तन्तु योगिनाम् ॥ ४९ ॥

अर्थ–कषायवस्त्र अर्थात् गेरूवाले वस्त्र यह केवल ब्राह्मणशरीरके वास्ते हैं और नानावर्णके वास्ते कदापि नहीं हैं अथवा क्षत्रिय वैश्य शूद्र यह मोक्ष आश्रमके वास्ते कषायवस्त्र करे तो सो वस्त्र धातुरक्तके समान हैं इसीसे कषायवस्त्र न करे नारायणका भजन स्मरण करिके सुखस्थानकूं प्राप्त होवै है ॥ ४९ ॥

दंडीकूं चाहिये कि दंडत्याग न करे तहाँ (दित्यारिणिश्रुति)

दण्डत्यागं न कुर्वीत यावत्प्राणविधारणम् ॥ आचार्यैर्विहितो मार्गस्तत्त्यागी पतितो भवेत् ॥ ५० ॥ दण्डत्यागं न कुर्व्वीत प्रमादेन यतिः क्वचित् ॥ यदि कुर्यात्परित्यागं पुनर्नैव च धारयेत् ॥ प्रमादेन च तं धृत्वा यतिर्भ्रष्टो न संशयः ॥ ५१ ॥ शतजन्मसु शूद्रः स्यात्संशयं नात्र कारयेत् ॥ ५२ ॥

अर्थ–दण्डकूं नहीं त्याग करना यावत्काल तक प्राण रहैं और जो दंड धारण कर आचार्य सेवे दण्ड त्याग कर जो मार्गमें चलै सो दंडत्यागी पतित है अरु यतिधर्मसे भ्रष्ट है ॥ अथवा प्रमाद करिके थोडे काल त्याग दिया तो फिर चांद्रायणव्रत करके दंड धारण करै अरु प्रमाद करके दंड धारण न करै तो शत कहिये सौ जन्मतक शूद्र तनु पावेगा इसमें संशय नहीं है ॥ तो देखो कहाँ मुक्त स्थान प्राप्ति अरु कहाँ शूद्रयोनिकूं प्राप्त होना इसवास्ते विना वैराग्य संन्यास लेनेसे उलटा कुगतिको जाता है ॥ ५० ॥ ५१ ॥ ५२ ॥

(मू०) एककाले भवेद्भिक्षा न द्वितीये कदाचन ॥ फलादीनां न दोषोस्ति ग्रामे वासं परित्यजेत् ॥ ॥५३॥ एकरात्रौ न दोषो भवेत्॥ नित्यं वासेन पतितो भवति ॥५४॥ स्त्रीशूद्रपतितैर्न भाषणं राजवार्ता भिक्षावार्ता रागद्वेषौ विवर्जितौ न तृष्णां कदाचन ॥ ५५ ॥ आत्मज्ञानपरायणः तत्त्वज्ञानसमन्वितो वने एकान्तवासः प्राण-निरोधनम् ॥ ५६ ॥ नित्यं भिक्षाटनमथाच-रेत् एकस्यान्नं न कदाचन त्रिपंचसप्तगृहान्नेन-क्षुन्निवारणम् ॥ ५७ ॥ तथा वाराणस्यां गङ्गा-कूले वा सर्व्वदाप्येकत्र निवसेत् ॥ गङ्गाकूले वसेन्नित्यं भिक्षुर्मोक्षपरायणः ॥ ५८ ॥

अर्थ–संन्यासी एककाल भिक्षा करे दोवार न करे अथवा फलाहारका दोष नहीं है ॥ ५३ ॥ अरु ग्राममें सदा वास न करे एकरात्रिमें दोष नहीं है अरु जो नित्यवास करे सो अव-श्य पतित होगा॥५४॥और युवती स्त्रीसे भाषण न करे जिससे चित्तविकार न होवै और शूद्र और पतितसे भाषण न करे और राजवार्ता भी न करे और भिक्षावार्ता भी न करे और किसीके साथ रागद्वेष न करे और यथालाभमें संतुष्ट रहै अधिक तृष्णा न करै ॥ ५५ ॥ और वारंवार आत्मज्ञानका विचार रक्खै और चित्तकूं सदा समाधान रक्खे तत्त्वज्ञानका आश्रय करे और एकांत वनमें रहै और प्राणायाम करिके प्राणकूं निरोध करे ॥ ५६ ॥ और नित्य भिक्षाका अन्न पावे एक घरकी सदा भिक्षा न पावै तीन पांच सात घरकी ही भि-

क्षासे क्षुधा निवारण करना चाहिये ॥ ५७ ॥ तथा काशीमें अथवा गंगाजीके किनारे सर्वदा एकत्र निवास करे और जो गंगाजीके किनारे बैठकर भिक्षाका अन्न पावै तो सदैव मुक्तरूप जानो क्योंकि काशी अरु गंगाजी मुक्तिके घर हैं ॥ ५८ ॥ इति ॥

(तथा श्रुतिः) सिद्धक्षेत्रन्तु तज्ज्ञेयं यावद्धनुः शतत्रयम् ॥ भविष्ये ॥ ब्रह्मादिदेवलोकानां मुक्तेश्च प्राप्तये नृणाम् ॥ गङ्गैव परमो हेतुः कलिकाले विशेषतः ॥ ५८ ॥

अर्थ—गंगाजीसे लेकरके तीनसौ धनुष पर्यंत सिद्धक्षेत्र जानना जो पुरुष अपना कल्याण चाहे सो सिद्धक्षेत्रकूं न त्यागै क्यों कि ब्रह्माजी तथा और देवतोंके लोकोंका हेतु और मुक्तिका परमहेतु गंगाजी हैं कलिकालमें और कोई भी विशेष नहीं है ॥ ५८ ॥

(यतिपात्राणि) अलाबुदारुमृद्वेणुपात्रं शस्तं न पञ्चमम् ॥ न ग्राह्यं तैजसं पात्रं भिक्षुकेन कदाचन ॥ ५९ ॥ वाराटके संगृहीते तत्र तत्र दिने दिने ॥ गोसहस्रबधप्राप्तं श्रुतिरेषा सनातनी ॥ ६० ॥

अर्थ—संन्यासीके वास्ते चार पात्र हैं (अलाबु) कहिये तोंबा १ (दारु) कहिये काष्ठ २ (मृद) कहिये मिट्टी ३ (वेणु) कहिये बांस ४ यह चार पात्र हैं पांचवाँ पात्र यतिके वास्ते नहीं है (न ग्राह्यम्) कहिये न ग्रहण करै (तैजस) कहिये सुवर्ण चांदी (वाराटके) कहिये पित्तल वर्तन (गृहीते) कहिये जो संन्यासी इसकूं ग्रहण करेगा अर्थात्

पित्तलकी थालीपर संन्यासी भिक्षा पावैगा तो (तत्र दिने दिने) कहिये दिनदिनकी हत्या हजार गौके वधकी समान प्राप्त करता है यह वाक्य (श्रुतिरेषा) कहिये श्रुति कहती आई है ॥ सनातनसे सो अनारी पुरुष नहीं मानेगा तो अवश्य कुम्भीपाक नरकमें जापडेगा यह श्रुतिवाक्य है ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ ६० ॥

ॐतत्सत् ॐ हरिः ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्यश्रीश्रीधरानन्दतीर्थ स्वामिपूज्यपादशिष्य १०८ श्रीविश्वेश्वरानन्दतीर्थ स्वामिनोत्तरखण्डे विरचिते प्राकृतोपनिषन्नारायणोपनिषदि नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

(विश्वेश्वरपद्धतौ)

(मू०)यस्तु प्रव्रजितो भूत्वा पुनः सेवेत मैथुनम् ॥
षष्टिवर्षसहस्राणि विष्ठायां जायते कृमिः॥१॥

अर्थ–जो पुरुष स्त्रीका परित्याग करके संन्यास धारण करलेता है और फिर स्त्रीप्रसंग करता है तो सो संन्यासकर्ता पुरुष साठ हजार वर्ष विष्ठाका कीड़ा होके रहेगा ॥ १ ॥ यह मूलश्रुतिके वाक्य हैं।

(मू०)हृदि स स्नेहभावेन चेत्पश्येत्स्त्रियमेकदा ॥
कोटिद्वयं ब्रह्मकल्पं कुम्भीपाकी न संशयः ॥ २ ॥

अर्थ–संन्यास लेके हृदयमें स्त्रीमें जिनका स्नेह है और स्त्रीमें कदापि प्रसंग होवे तो दो करोड़ ब्रह्माके जो कल्प हैं तावत्पर्यंत कुम्भीपाक जो नरक है तहां रहना पडेगा ॥ २ ॥

(मनुस्मृतिः) शूद्रान्नभोजने कांकां योनिं स च गमिष्यति ॥ गृध्रो द्वादशजन्मानि सप्तजन्मानि शूकरः॥ कुक्कुरः सप्तजन्मानि इत्येवं मनुरब्रवीत् ॥ ३ ॥

अर्थ–जो शूद्रके अन्न पाते हैं सो निषिद्ध योनिकूं प्राप्त होकर बारह जन्म तो गृध्र बनेगा । और सात जन्म सूकर रहेगा और सात जन्म कुत्ता रहना पडेगा ये मनुभगवानके वाक्य हैं ॥ ३ ॥ इति ।

(मू०)रसनास्तीति यत्किञ्चिज्जल्पितं कुधिया सदा ।
उदरम्भरिवद्भुक्तं पात्रापात्राविवेकिना ॥ ४ ॥
भूस्वर्गं भारतं वर्षं प्राप्य कल्याणहेतवे ।
यत्नोनाकारि किन्तेन पशुकल्पजनेन वै ॥५॥

अर्थ–जीभ है यह समझके मनमाना सदा बोला, पेट भरलेना मात्र प्रयोजन रखके सुपात्र कुपात्रका विचार न किया और खा लिया ॥ ४ ॥ भूमिमें स्वर्गके समान भारतवर्षमें जन्म लेकर आत्मोन्नतिके लिये यत्न नहीं किया ऐसे पशुतुल्य मनुष्यसे क्या प्रयोजन है ॥ ५ ॥

यह वार्ता विष्णुपुराणमें भी कथन करे हैं ।

(मू०) गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ये
भारतभूमिभागे ॥ स्वर्गापवर्गस्य च हेतुभूते
भवंति भूयः पुरुषाः सुरत्वात् ॥ ६ ॥

अर्थ–स्वर्गविषे देवतालोक भी इस प्रकारके गीत गायन करते हैं कि सो पुरुष धन्य हैं जो भोग और मोक्षके साधन भूत भरतखंडमें जन्म लेते हैं किंच सो पुरुष हमारेसे भी श्रेष्ठ हैं इति । सो इस प्रकार भक्ति करो ॥ ६ ॥

(कुबुद्धिना) कहिये नष्ट भयी बुद्धि मैंने अनायासमें अपने हाथमें प्राप्त भयी अमोल चिंतामणिका परित्याग करके तिसके बदले मैं (काचदलम्) कहिये व्यर्थ काचका टुकडा मोल लिया ।

तथा यह वार्त्ता गरुडपुराणमें विष्णुभगवानने गरुडसे कथन करी है ।

(मू०) योनीशतेषु लभते किल मानुषत्वं तत्राऽपि दुर्लभतरं खग भो द्विजत्वम् ॥ यस्तत्र पालयति लालयतीन्द्रियाणि तस्यामृतंक्षरति हस्तगतं प्रमादात् ॥ ७ ॥

अर्थ–(भो खग) कहिये हे पक्षिराज इस पुरुषकूं अनेक योनियोंविषे भ्रमते भ्रमते किसी कालमें पुण्यके प्रभावसे मानुषशरीरकी प्राप्ति होवै है तिसमें भी पुनः (द्विजत्वम्) कहिये त्रैवर्णिक शरीरकी प्राप्तिं होनी अत्यंत दुर्लभ है सो जो पुरुष तिसकूं भी प्राप्त होकरके पुनः अपनी इन्द्रियोंकूं विषयोंकरके पालन और लालन करते हैं सो मानो तिनके हाथमें प्राप्त भया जो अमृत सो गिरता चला जावै है इति ॥ ७ ॥ हे मानुष भक्तिकर सुख पावै ॥ यह वार्ता पंचदशीमें भी कथन करे हैं ।

(मू०) शुनां तत्त्वदृशां चैव को भेदोऽशुचिभक्षणे ॥ ८ ॥

अथ–जो तत्त्ववेत्ता ज्ञानी पुरुष भी शुभाशुभका परित्याग करके अपनी इच्छानुसार मांसादिक अपवित्र पदार्थोंका सेवन करेंगे तो विष्टादिक अपवित्र वस्तु भक्षण करनेहारे कुत्तेआदिकोंका और तिन ज्ञानियोंका क्या भेद होवेगा

अर्थात् कुछ भी नहीं ॥ ८ ॥ तथा यह वार्ता महाभारतके शांतिपर्वविषे भीष्मजीने कही है ।

(मू०) किं तस्य दानैः किं तीर्थैः किं तपोभिः किमध्वरैः ॥ यो नित्यं ध्यायते देवं नारायण-मनन्यधीः ॥ ९ ॥

अर्थ--जो पुरुष नित्यही एकाग्रबुद्धि करके नारायणका ध्यान करै है तिसको पुनः नाना प्रकारके विपुल दानोंके करनेसे क्या प्रयोजन है तथा नानाप्रकारके प्रयागादि तीर्थोंमें स्नान और नानापंचाग्नितापनादि उग्र तप करनेसेभी क्या प्रयोजन है नानाप्रकारके यज्ञोंके अनुष्ठान करनेसे भी क्या प्रयोजन है ॥ यह केवल मानुषशरीरमें है और शरी-रमें नहीं है ॥ ९ ॥ तथा पुराणमें कथन करे हैं ॥

(मू०) गंगास्नानसहस्रेषु पुष्करस्नानकोटिषु ॥ यत्पा-पं विलयं याति स्मृते नश्यति तद्धरौ ॥ महा-पातकयुक्तोपि ध्यायन्निमिषमच्युतम् । भूयस्त-पस्वी भवति पंक्तिपावनपावनः ॥ १० ॥

अर्थ-गंगाजीमें हजारबार स्नान करनेसे जो पाप नाश होवै है और पुष्करजीमें कोटिबार स्नान करनेसे जो पाप नष्ट होवै है सो सर्व पाप एक क्षण मात्र हरिके स्मरण करने मात्रसेही नष्ट होजावै है तथा ब्रह्महत्यादिक महापापों करके युक्त भयाभी पुरुष जो अच्युत भगवानका एक निमि-षमात्र भी सर्वदा ध्यान करै है सो भी पुनः तपस्वी और पंक्तियोंको पावन करनेहारे महात्मा पुरुषोंको भी पावन करनेहारा होजावै है इति ॥ १० ॥

(मू०) हरिभक्तिं परित्यज्य यो वै पापे प्रवर्तते ।
स याति नरकान्घोरान्महारौरवरौरवान् ॥ ११ ॥

अर्थ--जो पुरुष सुखसे नारायणजीका भजन छोडकर नानाप्रकारके पाप करते हैं सो पुरुष नरकमें जो महा अपवित्र घोर महारौरव अंधकारकुंड जो रक्तका भरा है उसमें पडते हैं और बिच्छू और सर्पोंसे कटाते हैं । देखो पापका सुख एक घडीमें भोक्ता है और क्रोड वर्ष नरक भोगना पडता है । इसवास्ते संतजनका संग करना और शास्त्र सुनना और पढना जिसप्रकार यह नरकसे छूटजावै है ॥ ११ ॥

तथा यह वार्ता कौषीतकिउपनिषत्की अनुभूतिप्रकाशमें विद्यारण्यस्वामीने भी कथन करी है ॥

(श्रुतिः) शिष्टास्त्यजंति पापिष्ठं प्रत्यक्षं नरको हि सः ॥ तन्निंदकस्तस्य पापं गृहीत्वा नरकं व्रजेत् ॥ स्तोता कर्मी तु संसर्गात्स्वयमप्याचरेत्तथा ॥ इत्थं दोषत्रयं दृष्ट्वा शिष्टाः पापं त्यजंति हि ॥ १२ ॥

अर्थ--प्रथम तो जो पुरुष शास्त्रनिषिद्ध पापकर्ममें प्रवृत्त होवै है तिसका शिष्ट पुरुष परित्याग करदेते हैं. पापिष्ठ पुरुषकूं देख करके जो तिसकी निन्दा करते हैं सो तिसके पापके भागी होनेते नरकके तुल्य होवै हैं और द्वितीय पापिष्ठ पुरुषकूं देख करके पापका भागी होना पडता है । तृतीय जो पुरुष तिस पापिष्ठके अनुकूल वर्तनेहारे तिसकी स्तुति करते हैं सो आप भी तिसके अनुसार पापकर्मोंमें प्रवृत्त होनेसे नरककूं प्राप्त होते हैं यातें इसप्रकारसें तिन

महादोषोंकूं देख: करके विद्वान: ज्ञानी पुरुष पापकर्मोंका दूरसेही परित्याग करते हैं इति ॥ १२ ॥

अस्त्युत्तरस्यान्दिशि हिमालयैकदेशे भूस्वर्गे फलपुष्पनानाविधशस्यसम्पत्तिसनाथः कश्चिद्ग्रामः । तत्र च महर्षिवशिष्ठान्ववायजन्मा कश्चित्तपस्वी तपस्तप्तुमाजगाम ॥ १३ ॥

अर्थ–उत्तर दिशा हिमालयके एक प्रदेशमें, जो कि पृथिवी पर स्वर्गके समान है फल फूल और नाना प्रकारके अन्नोंसे हरा भरा एक गांव है । वहां वशिष्ठमुनिके गोत्रमें उत्पन्न हुआ कोई तपस्वी तपस्या करनेको आया ॥ १३ ॥

सञ्जातविरागं दुःखैकतानं संसारं जिहासुं कृतधियं तुर्याश्रमैकरतिं तमनुकूलयितुं हा पुत्र ! बन्धो ! हा तात ! अग्रजानुज ! हा प्राणप्रिय ! त्वदेकशरणानस्मान्विहाय निक्षिप्य च शोकसागरे क्व प्रयासि । "वनेपि दोषाः प्रभवन्ति रागिणां गृहेऽपि पञ्चेन्द्रियनिग्रहस्तपः । अकुत्सिते कर्मणि यः प्रवर्तते निवृत्तरागस्य गृहं तपोवनम् ॥" इत्याद्यनुरक्तसमुचितवचोभिः पितृमातृभ्रातृभगिनीपत्नीजनैः ॥ १४ ॥

अर्थ–उसको इस संसारसे वैराग्य उत्पन्न होगया था, इस संसारको दुःखमय जान उसके छोडनेकी इच्छासे संन्यासाश्रममें उसकी प्रीति होगयी थी । उसको समझानेके लिये, हे पुत्र ! हे भाई ! अरे बाबा ! हे बडे भाई ! हे छोटे भाई ! हे

प्राणपति ! हमारे एक तुमही आधार हो । हमको दुःखसमुद्रमें डालकर कहाँ चले जाते हो जिनके मनमें प्रीति है उनको बनमें जाने पर भी काम क्रोध इत्यादि दोष नहीं छूट सकते. मनमें यदि विचार तथा शान्ति स्थिर होगई हो तो घरमें रहकर भी पांच इन्द्रियोंको रोककर तपस्याही है । दुष्टकर्म जो न करे तथा किसी विषयमें प्रीति भी न करै तो उसको घर ही तपोवन है ॥ १४ ॥

प्रार्थ्यमानोपि गम्भीरनदीरय इव कथमपि न न्यवर्तत ग्राम्यानभोगानत्तुं वान्तावलेहीश्वेव ॥१५॥

इस प्रकार स्नेही और योग्य बातोंसे पिता, माता, भाई, बहिन और स्त्रियोंके समझाने तथा प्रार्थना करने पर भी बडी भारी नदीके वेगके समान उसका मन कुत्तेकी तरह ग्राम्यभोगोंको वमनको खानेकी भाँति किसी प्रकार राजी नहीं हुआ ॥ १५ ॥

यद्यपि " वृद्धौ च मातापितरौ साध्वी भार्या सुतः शिशुः । अप्यकार्यशतं कृत्वा भर्तव्या मनुरब्रवीत् ॥ " इत्यस्त्याश्रममर्यादा परन्तु जाते परमवैराग्ये 'यदहरेव विरजेत्तदहरेव प्रव्रजेत्' इत्यादिश्रुतिशिरोवचोभिरापूरितस्वान्तः कथमपि न विचचाल स स्वसिद्धान्तात् ॥ १६॥

अर्थ–वृद्ध माता, पिता, पतिव्रता स्त्री, छोटा बच्चा, चाहे सैकडों अयोग्य काम करने पडें तब भी पालन करने योग्य हैं ऐसा मनु कहते हैं यह गृहस्थ आश्रमकी रीति है परन्तु बडे वैराग्यके होने पर जिस दिन संसारसे वैराग्य

हो उसी दिन संन्यासका धारण करै इत्यादि उपनिषदोंके वचनोंसे मन भराहुआ होनेसे किसी तरहसे वह अपने सिद्धान्तसे विचलित नहीं हुआ ॥ १६ ॥

पितोवाच ॥ पुत्रानुत्पाद्य सँस्कृत्य वृत्तिन्तेषां प्रकल्पयेत् । इति शास्त्रे वर्तमाने तद्विरुद्धं नचाचर॥१७॥

अर्थ-पिता समझाने लगा-गृहस्थी धर्म है कि धर्मपूर्वक पुत्रोंकी उत्पत्ति कर उनके उपनयनादि संस्कार करके उनकी आजीविकाका प्रबन्ध करै, ऐसा शास्त्रका सिद्धान्त है उसके विपरीत मत करो गृहस्थाश्रमको धर्मपूर्वक पालन करनेसे स्वर्ग मिल सकता है ॥ १७ ॥

मातोवाच ॥ ममोदरं समायाते त्वयि पथ्यवती त्वहम् । जाते महाकष्टमभूद् बाल्ये चैव ततो महत् ॥ १८ ॥

अर्थ-माता कहने लगी-तुम जब मेरे पेटमें आये तबसे नाना प्रकारके कष्ट मैंने सहे खट्टा मीठा रस छोडकर बडा संयम किया उत्पन्न होते वक्त बड़ा दुःख सहा बाल अवस्थामें सैकडों दुःखोंसे तुम्हारी रक्षा की तुम्हारा विवाह कराकर तुम्हारे लड़के बालोंसे घरकी शोभा देखना मैं चाहती हूं परन्तु तुम ऐसे विरक्त होगये कि सारे कुटुम्बको रुलाते हो समझ जाओ इस चढती जवानीमें संसारसुख मत छोडो ॥ १८ ॥

वृद्धायां मयि ते धर्मो नास्ति किं मम रक्षणे ।
अन्धस्य त्वं यष्टिरिव भव पित्रोः समाश्रयः ॥१९॥

अर्थ-मैं बूढी हुई जाती हूं अब क्या तुम्हारा यह धर्म नहीं है कि जैसे मैंने तुम्हारे बालपनमें तुम्हारी रक्षा की

अब मेरी अशक्तिमें तुम उसका बदला देओ, अन्धेको जैसे लकडीका सहारा होता है ऐसे हम दोनों माता पिताओंके आधार तुम होजाओ ॥ १९ ॥

स्त्र्युवाच ॥ अहं तवार्धदेहो वै सुखे दुःखे सहायकृत् ।
कृपणां किं त्यजसि मां नानाथां कर्तुमर्हसि ॥२०॥

अर्थ-स्त्री बोली मैं तुम्हारा आधा देह हूं सुख और दुःखमें सहायता करनेवाली मुझ दुखियाको क्यों छोंडतेहो मुझे अनाथा मत करो ॥ २० ॥

दुःखे सुखे न त्यजेयं छायेवासि सदा मम ।
प्रतिज्ञां करपीडायां कृतां संस्मर संस्मर ॥२१॥

अर्थ-"दुःख और सुखमें तुम्हें कभी नहीं छोडूंगा" तुम मेरी छायाके समान हो ऐसी प्रतिज्ञा आपने विवाहके समय कीथी उसे याद करो याद करो ॥ २१ ॥

देशे देशे च मित्राणि देशे देशे च बान्धवाः ।
तन्तु देशं न पश्यामि यत्र भ्राता सहोदरः ॥२२॥

बहन कहनेलगी कि मनुष्यको चाहै जिस देशमें जावे मित्र, बन्धु इत्यादि मिल सकतेहैं परन्तु ऐसा कोई देश नहींहै जहां सगा भाई मिले यह वचन साक्षात् रामचन्द्र-जीका कहाहुआ है जब कि भगवान् होकर भी वह भ्रातृ-स्नेहकी महिमा गारहेहैं तो तुम उसे काटनेको क्यों प्रवृत्त हुएहो हे प्रियभ्राता! गृहस्थाश्रममें रहो ॥ २२ ॥

इत्यादिप्रणयालापानात्मसम्बन्धिनां पुरः ।
शृण्वन्सुमेरुगिरिवन्न चचाल दृढव्रतः ॥ २३ ॥

अर्थ-इस प्रकार अपने सम्बन्धियोंके स्नेहके वचनोंको

सुनता हुआ सुमेरुपर्वतकी भांति अपने संकल्पमें तत्पर वह मुनि कुछ भी चञ्चल नहीं हुआ ॥ २३ ॥

पितोवाच॥संन्यासधारणस्य कारणं किं फलञ्च किम्॥सुतेनोक्तम्–कैवल्योपनिषच्छ्रुतिप्रमाणम् । संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्वाः, ते ब्रह्मलोकेषु परांतकाले परामृतात्परिमुच्यंति सर्वे ॥ २४ ॥

अर्थ–हे पिता ! यह कैवल्योपनिषत्में श्रुतिप्रमाण है कि जो संन्यास धारण करते हैं वे संन्यासकर्ता पुरुष शुद्ध सत्त्व गुणके प्रभावसे ब्रह्मलोकमें मृतककालमें सर्व पापोंसे छूटकर निवास करते हैं फिर जन्म नहीं होता है । तहां मनुस्मृतिमें भी कथन है ॥ २४ ॥

(मू०) संन्यासेन द्विजोत्तमाः ।

अर्थ–मनु भगवानने कहा है कि हे ब्राह्मणो ! तुम उत्तमपदवीकूं कब पावोगे जब तुम संन्यासकूं धारण करोगे तब सर्व पापोंसे छूटकर मुक्तिपदवीको पहुँचकर जन्म मरणसे छूटोगे । यह ब्राह्मण शरीर पाना बडा कठिन है ॥

भगवद्गीता प्रमाण–

(मू०) सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकंशरणं व्रज ॥ अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥ २५ ॥

अर्थ–हे अर्जुन ! तू मेरी भक्ति कर और अन्य सर्व धर्मोंका परित्याग करके केवल मेरीही शरणकूं प्राप्त हो और जो तूं कहे कि सर्व धर्मोंके परित्याग कर देनेसे मेरेकूं प्रत्यवाय होवेगा सो यह भी शोच मतकर काहेते मैं तेरेकूं सर्व पापोंसे मुक्त कर देऊँगा इति ॥ २५ ॥

पूर्व श्लोकोंका सारांश-उत्तरदिशामें स्वर्गभूमि है वहां दो प्रकारके स्वर्ग हैं,एक तो हरिद्वारसे लेकर बदरिकाश्रम तक यह तपःस्वर्ग है और बद्रनिारायणके आगे भोगस्वर्ग है यह जो केदारखंड है यह प्रथम सीढी स्वर्गलोककी है जो सीढीमें बैठेंगे और पुकार करेंगे तो जलदी आवाज भीतर पहुँचैगी । इसी प्रकार केदारखंडमें जो तप जप करेंगे तो थोडा भी बहुत समझना चाहिये यह भूमि श्रेष्ठ है सब भूमि समान नहीं होती नर नारायणने इसी उत्तर भूमिमें कठिन तप किया स्थानका प्रभाव भी बड़ा प्रधान होताहै। पाण्डव आदि कितनेही लोग उत्तरभूमिरूप स्वर्गमें गये यह महाभारत आदिमें प्रसिद्ध है यहां मैं संन्यास करूँगा तो करोडों पीढकि पुरुषोंका उद्धार हो जायगा । संन्यासका माहात्म्य श्रुति स्मृति पुराणोंमें भराहुआ है अधिक कहनेकी आवश्यकता नहीं है इसको छोड़ यदि पशुओंकी तरह पेट ही भरेंगे तो कैसा अनर्थ होगा सुनो—

उदरस्य पोषणार्थं बहुवेषं करोति यः पुरुषः ॥
न तपो न जपस्तीर्थं व्रतं न भिक्षां यतिः समाचरति ॥ २६ ॥ पितृद्रोही स यतिः कुलं समग्रं ह्यधो नयत्याशु ॥ देहान्ते वै नाना याम्यीः प्राप्नोति यातना घोराः ॥ २७ ॥

अर्थ-हे माता ! जो पुरुष पेटके वास्ते नानाप्रकारके भेष बनाकर संन्यास लेता है और तप कहिये जो प्राणायाम आदिक और नारायणके स्मरण ध्यान नहीं करते हैं और व्रत एकादशी आदिक जो हैं और न भिक्षाके अन्न पाते

प्रपंच करिके जो अन्न पाते हैं माता पिताका द्रोही अपने कुलकी अधोगति करता है और मरनेके पीछे महाभयंकर यमकी ताडना पाता है ऐसा संन्यासी जो होवैगा ॥ सो तुम्हारे रोनेका भागी होवैगा ॥ २६ ॥ अरु तीर्थ काहेये गंगाजीका किनारा छोडकर टुकडेके वास्ते ग्रामग्राममें फिरता है सो संन्यासी पतित है और मातापिता स्त्री पुत्र भ्राता भगिनी इन सबका त्यागी दुराचारी पुरुष देहके त्यागने उपरांत नरककूं प्राप्त होवैगा और जो अपने वर्णाश्रमका पालन करेगा वह पुरुष सबका उद्धार करेगा ॥ २७ ॥

चौपाई।

हे माजी तुम जान देव वनमाहिं ॥ मातोवाच । युवती स्त्री तुम्हरे है कैसे जावोगे वन माहिं ॥ हे मैया स्त्रीरूप अविद्याखानी ॥ मूर्ख न जाने जाने पंडितज्ञानी ॥ १ ॥ जान दे मेरी मैया तू वनमाहिं ॥ धन दारा वित सकल जनि आपन करके मान ॥ इनमें कोइ संगी नाहीं हे मातेश्वरि जान ॥ हे मैया जानदे वनमाहिं यह संसार स्वप्नकी न्याहिं ॥ हे बेटा जल विना मछली दुख पावै जैसी ॥ पुत्र विना दुख पावै माता तैसी ॥ हे बेटा वन जावै तू कैसी ॥ हे मैया मातु पितु पुत्र सम्बंध कैसे पौसालाको मिलनो जैसी ॥ हे मैया मैं हरिके शरणे जाऊँ ॥

जन्म मरणको महात्रास मिटाऊँ ॥ यह मानुष तन बारबार ना होई ॥ ज्ञानी ध्यानी यह जाने सब कोई ॥ २ ॥

तुच्छा निर्वचनीया च वास्तवी चेति सा त्रिधा ॥ ज्ञेया माया त्रिभिर्बोधैः श्रौतयौक्तिकलौकिकैः ॥ २८ ॥

अर्थ–यह जगतरूप माया तीन प्रकारसे जाननी चाहिये तिनमेंसे लौकिकदृष्टिसे तो सत्य है और युक्तिसे विचार करके देखिये तो अनिर्वचनीय सिद्ध होवे है और वेदांत शास्त्रकी दृष्टिसे तो मृगतृष्णाका जलवत् और आकाशकी नीलिमा शशेके शृंगकी नाईं प्रत्यक्ष प्रतीत होनेसे भी मिथ्याही है कुछ भी नहीं है तैसे यह संसार अविचार करके भासता है विचार करो कि देखते देखते मरेजाते हैं तो क्या सिद्ध भया पाप पुण्य सत्य भया ॥ २८ ॥

मातः शोको न कर्तव्यः प्राक्तनानां फलन्त्विह।
अवश्यमेव भोक्तव्यं श्रीविष्णोः शरणं व्रज॥२९॥

अर्थ–हे मातेश्वरि ! इस वर्तमानके वास्ते शोक नहीं करना चाहिये यहां तो पूर्वजन्मके भोग भोगने पडते हैं भविष्यत कहिये जो मरिके आगे जाना जहाँ नरकका शोक करना चाहिये है और विचार करके देखो यहां सदा रहना नहीं है आखिर एक दिन मरना है ॥ २९ ॥ तहां तीसरे स्कन्ध श्रीमद्भागवतमें देवहूतीने अपने बेटा कपिलदेवसे पूछा कि मरने उपरांत मनुष्यकी क्या दशा होती है सो वर्णन कीजिये हे बेटा ॥ २९ ॥

(मू०) कपिल उवाच । तस्यैतस्य जनो नूनं नायं वेदोरुविक्रमम् ॥ काल्यमानोऽपि बलिनो वायोरिव घनावलिः ॥ ३० ॥

अर्थ–कपिल मुनि बोले हे माता! यह सब दुःख उठाने उपरांत यमदूत लोग अंगूठेप्रमाण शरीर उस जीवको मरने पीछे जब इन्द्रियोंकी शक्ति उसमें होती है अपनी फांसीसे बांधकर लोहेके मुद्गरोंसे मारतेहुए यमपुरीमें लेजाकर जो मृत्युलोकसे निन्नानवे हजार योजन पर है यमराजके पास लेजाते हैं उस समय राहमें वह जीव भूख व प्यास लगने और दाना पानीके न मिलनेसे अपने किये हुए पापोंको स्मरण करके बहुत पछताता है और रास्तेमें पृथ्वी आगके समान जलती हुई मिलती है जब वह उस धरतीपर नंगे पैर और नंगे शरीर चलनेसे थककर कहीं सुस्तानेको चाहता है या राहमें अन्धकार रहनेसे चल नहीं सकता तब यमदूत उसको मुद्गरोंसे मारकर दम नहीं लेनेदेते उस समय वह जीव मृतकके समान अचेत होकर पृथ्वीपर गिरपडता है जिसतरह यहां संसारमें राजा लोग कुकर्म करनेवालोंको दण्ड देते हैं उसीतरह वहां भी पाप करनेवाला मनुष्य राहमें शासन पाकर परमेश्वरकी मायासे उस अंगूठेभर शरीरको अपना पहिला तनु समझता है और उस समय बहुत दुःखी होकर अपनें कुल परिवारवाले और नौकरोंको याद करके पीछे फिरकर देखता है कि इस महादुःखमें कोई मेरी सहायता करनेवास्ते आता है या नहीं जब उसे वहां-पर कुल परिवारवाला कोई नहीं दिखलाई देता है तब बहुतसा पछताने और रोने उपरान्त कहता है कि देखो

जिनके पालने वास्ते यह सब पाप बटोरा था उनमेंसे कोई मनुष्य इस समय मेरी सहायता नहीं करता यह बात स्मरण करके उस जीवको बड़ा खेद होता है पर उस समय सिवाय पछतानेके कुछ काम नहीं करता है और राहमें सांप और बिच्छू आदिक अनेक तरहके जीव रहकर उसको काटते हैं जब इसी तरह बहुतसा दुःख देतेहुए यमदूत लोग उस मनुष्यको वैतरणी नदीमें जंहां मल और मूत्र व रक्त व पीव और कीड़े और बाल व नख व हड्डी व सडा मांस भराहुआ चार कोशका फांट बहता है और चार घड़ीमें लेजाकर डाल देते हैं तब वह जीव उस नदीमें कीड़ोंके काटने और ठोकर मारनेसे और मांस नोचनें गिद्धोंसे बहुत दुःख पाकर अति विलाप करके कहते हैं कि जो कोई मुझे इस नदीसे पार करता उसका मैं बड़ा यश मानता यह बात सुनकर यमदूत लोग अपनी गदासे उसे मारते हैं यह सब दुःख उठाने उपरान्त वह जीव वैतरणी पार उतरकर जब चार घडीमें यमराजके पास पहुंचता है तब धर्मराजकी आज्ञासे चित्रगुप्त उसके कर्मोंका कागज देखकर जितने दिन जिस नरक भोगनेका दंड देना उचित होता है वहां उसे भेजदेते हैं उस नरकमें जाकर बहुत दुःख पाता है । अवधि पूर्ण होने उपरान्त फिर वह जीव नरकसे निकलकर चौरासी लाख योनिमें भ्रमणकर फिर उसी मनुष्यका तन पाता है ॥ ३० ॥

तहां ईशोपनिषदमें कहा है ॥

वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्त ँ शरीरम् ।
ॐ क्रतो स्मर कृत ँ स्मर ॥ क्रतो स्मर कृत ँ स्मर ॥ ३१ ॥

अर्थ–अन्वय और पदार्थ–वायु मेरा प्राण वायु अमृत मरण रहित अनिल पूर्ण वायुको (गतः) प्राप्त होय अर्थ (इदम्) कहिये यह (शरीरम्) भस्मान्तं (शरीर) भस्म रूप है क्रतो हे मन ! नारायणको स्मरण कर॥क्रतो हे मन! पाप पुण्य करे हुयेको स्मरण कर कर्मको (स्मर) स्मरण कर ॥ ३१ ॥

दुष्कृती नरकं याति सुकृती स्वर्गभाग्भवेत् ।
मानुषेणैव देहेन स्वर्गं नरकमश्नुते ॥ ३२ ॥

अर्थ–जो मनुष्य शरीर पाकर पापकर्ममें मन लगाया सो पुरुष को जानो कि वैतरणी नदी आदिक नरककूं प्राप्त होगा और जिस पुरुषका मन सुकर्ममें लग गया सो पुरुष जानो मुक्त होगा इसी मनुष्य शरीर करके मुक्त पदवीमें पहुंच सकता है चाहे तो इसी शरीरसे नरककूं प्राप्त होता है ॥ ३२ ॥

तथा पार्वतीके प्रति महादेवजीने भी कथन करा है ।

(मू०) जिह्वा दग्धा परान्नेन हस्तौ दग्धौ प्रतिग्रहात्॥
परस्त्रीभिर्मनो दग्धं कथं सिद्धिर्वरानने ॥ ३३ ॥

अर्थ–हे वरानने कहिये हे पार्वति ! कलियुगमें ब्राह्मणादिकोंकी जिह्वा तो पराये अन्न भक्षण करके दग्ध होती हैं दो हस्त (हाथ) शुभाशुभ दान लेनेसे दग्ध होते हैं तथा परस्त्रियोंके चिंतन करके अभ्यंतरसे मन दग्ध होते हैं सो गृहमें रहनेसे विना पापसे कोई नहीं बच सकता है इस वास्ते नरक कैसे छूटेगा किंतु नहीं छूटेगा। हे मैया जान दे मैं वनमाहिं ॥ ३३ ॥ इति ॥

नानायोनि भ्रमणं न मुच्यते जन्ममृत्युभ्याम् ॥
संसारो निस्सारो सुखं ध्रुवं मोक्ष एव स्यात्॥ ३४

अर्थ–अनेक जन्म पाकर भ्रमते रहे हैं परन्तु जन्ममृत्युसें छुट्टी नहीं पाते हैं वारंवार नरकका दुःख यमका त्रास नहीं छुटता है । और जो एकदमसे संसारकूं विरस जानकर त्याग देता है और निश्चय करके हरिशरणमें चित्त लगाता है सो पुरुष परमपद्को प्राप्त होता है इसमें संशय नहीं है ॥ ३४ ॥

दोहा ।

हे भैया जान दे वनमाहिं ॥ यह अशुभ संसारमें सुख कदापि नाहिं ॥ जो अभयसुख चाहे सदा ॥ सो हरिके शरण सेवे सदा ॥

तथा श्रुति भी कथन करै है ।

(श्रुतिः) स यथा कामो भवति तत्क्रतुर्भवति यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते यत्कर्म कुरुते तदभिसंपद्यते ॥ ३५ ॥

अर्थ–यह पुरुष जिसजिस फलकी कामनावाला होवैहै । तिसतिस फलके अनुकूल कर्मके संकलपवाला होवै है । और जिसजिस कर्मके संकलपवाला होवै है तिसतिस कर्मकूं करै है । तिस कर्मके अनुसार तिसतिस कर्मरूप स्वर्गादि फलरूपकूं प्राप्त होवै है इति ॥ ३५ ॥

तहाँ श्रीपातंजल योगसूत्रमें कहे हैं ।

(मू०) तत्राहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः ॥ ॥ २ । ३० ॥ शौचसंतोषतपःस्वाध्ययेश्वरप्रणिधानानि नियमाः ॥ २ ॥ ३२ ॥

अर्थ–हिंसा न करना १ और झूंठ न बोलना २ सत्य है । और चोरी न करना ३ अस्तेय है । और मैथुन न

करना ४ ब्रह्मचर्य है। विषयोंमें प्रवृत्त न होना ५ और वृथा सामग्रीको इकट्ठा न करना ६ यह अपरिग्रह कहा है २। ३ शरीरको शुद्ध (पवित्र) रखना ७ कहिये पुण्य कहाता है। वाणीसे मधुर वचन कहना ८ पुण्य कहाता है। मनको शुद्ध रखना किसीका बुरा न चाहना ९ सो पुण्य कहते हैं। शरीरकी शुद्धि मिट्टी जलसे रखनी १० संतुष्टि भोजन करनेसे होती है। जितना भोजन वस्त्र धर्मपूर्वक थोडासा उद्योग करनेसे मिलजावै उतनेमें प्रसन्न रहना ११ इसको संतोष कहते हैं। और तप करना पुण्य कहाता हैं बैठे रहना पद्म १२ आसन बांधके खडे रहना १३ शीत उष्णको सहना १४ भूख प्यासका सहना १५ तप कहाता है चान्द्रायणव्रत करना १६ पराक कृच्छ्र अतिकृच्छ्र प्राजापत्यादि व्रतोंका करना भी तप है॥ २। ३०। ३। ३२॥

यह वार्त्ता लिङ्गपुराणमें भी कथन करे हैं।

सूत उवाच।

(मू०) तत्त्वज्ञः परमो योगी ज्ञानविज्ञानयोर्गुरुः।
शिवस्तस्य प्रसादेन ज्ञानविज्ञानवान्भवेत्॥३६॥

अर्थ—सूतजी बोले हे मुनीश्वरो! शिवजीका रहस्य और प्रभाव हम संक्षेपसे वर्णन करते हैं सब तत्त्वके जाननेहारे परम वैराग्यमें स्थित प्राणायाम आदि योगके आठ अंगों-करके युक्त करुणाआदि गुणोंसे भूषित बडे योगी भी कर्मके अनुसार स्वर्ग और नरकमें जाते हैं शिवजीके अनुग्रहसे ज्ञान उत्पन्न होता है और ज्ञानसे योगमें प्रवृत्त होता है और योगसे मुक्ति मिलती है इससे सबका मूल शिवजी हैं विना भक्ति सुख नहीं है॥ ३६॥

तथा शिवगीतामें भी कथन करे हैं॥

(मू०) यस्तु शान्त्यादियुक्तः सन्सद्विद्यानिरतो भवेत् ॥
स याति देवयानेन ब्रह्मलोकावधिं नरः ॥ ३७ ॥

अर्थ–जो शमदमादिसाधन सम्पन्न सदा अपने वर्णाश्रमके कर्म करते और फलकी आकांक्षा न करके ईश्वरार्पण करदेते हैं वह मनुष्य देवयान मार्गसे ब्रह्मलोकपर्यंत गमन करते हैं ॥ ३७ ॥ देखो यह अपने हाथके काम हैं चाहे तो ब्रह्मलोकका सुख भोगो चाहे तो नरकका महादुःख भोगो हे नर ! चाहे हरिको भज भवसागर तर ॥

तथा अवधूतगीतामें भी कथन है ॥

(मू०) योगवियोगे रहितो योगी भोग विभोगे रहितो भोगी । एवं चरति हि मन्दं मन्दं मनसा कल्पितं जह्यानन्दम् ॥ ३८ ॥

अर्थ–जो इस तत्त्वके जाननेहारे योगीजन चित्तको ईश्वरमें जोडे हुए हैं सो पुरुष चाहे कैसी हानि भी होजावे तो भी वियोगसे रहित हैं ॥ और भोगोंसे सदा उपरत रहते हैं मनकूं वशमें रखते हैं ॥ इससे सब वस्तुसे रहित होकर मन्द कहिये धीरे धीरे मनको ईश्वरमें लगाते हैं जिसका नाश कभी नहीं होता है अल्पवस्तुमें मन चलायमान नहीं करते हैं ॥ ३८ ॥ इस वास्ते सद्वस्तुकूं विचार रखना और असद्वस्तुको त्याग देना यह विद्वानोंका मत है ॥

तथा मनुस्मृतिमें भी कथन करे हैं ॥

(मू०) संसारमेव निस्सारं दृष्ट्वा सारदिदृक्षया ॥
प्रव्रजंत्यकृतोद्वाहाः परं वैराग्यमाश्रिताः ॥ ३९ ॥

अर्थ–ब्रह्मलोकपर्यंत सर्व संसारकूं नीरस देखकर परमात्मवस्तुरूप सार देखनेकी इच्छा करे परम वैरा-

ग्यकूं प्राप्त हों विरक्त पुरुष गृहस्थ आश्रमते पूर्वही आश्रम-रूप विविदिषा संन्यासकूं करें जिस पुरुषकूं ब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्न हुआ है। ऐसे तत्त्ववेत्ता पुरुषकी चित्तके विक्षेपकी निवृत्तिरूप जीवन्मुक्तिके वास्ते कर्‍या जो संन्यास है ताका नाम विद्वत्संन्यास है ॥ ३९ ॥

तथा छान्दोग्य उपनिषद्में कथन है।

अथय इह कपूयचरणाअभ्याशो ह यत्ते कपूयां योनिमापद्येरन् श्वयोनिं वा सूकरयोनिं वा चांडालयोनिं वा ॥ ४० ॥

अर्थ–पुनः या लोकमें जो पूर्वजन्मके पापकर्मवाले हैं ते पापात्मा शीघ्रही निंदित पाप योनिकं ही प्राप्त होवै हैं ॥ जैसे कूकरयोनि वा सूकर योनि चांडालयोनि ऐसे नीच योनिकूं पापी पुरुष प्राप्त होवै हैं ॥ ४० ॥

(मू०) यस्य मानुषयोनौ वै भवेज्ज्ञानं यथार्थतः॥
सफलं तस्य विज्ञेयं जन्म जन्तो रसातले॥४१॥

अर्थ–यह चैतन्य नौकारूप मनुष्य शरीरमें जिस पुण्यात्माकूं ज्ञान हुवा है तिसीने अपना जन्म सुफल करा है और जिस मूढमतिने ज्ञान नहीं पाया वह पुरुष जन्मजन्म भ्रमता रहेगा कभी कूकर कभी सूकर कभी सर्प कभी वाघ वघेरादियोनिमें तब देखो हे पुरुषो सुख कहाँ मिलेगा अहो दुःख भोगेगा ॥ ४१ ॥ यह उपनिषद्में कथन है।

(श्रुतिः) अजे साम्ये तु ये केचिद्भविष्यंति सुनिश्चिताः ॥ ते हि लोके महाज्ञानास्तच्च लोको न गाहते ॥ ४२ ॥

अर्थ—अजन्म तथा नामरूप परमार्थ तत्त्वविषे जो कोई यथार्थ निश्चयवाले होंगे वही पुरुष इस संसारमें महाज्ञानी हैं ता ज्ञानीके मार्गकूं समान बुद्धिमान् लोक विषय करसके नहीं हैं ॥ ४२ ॥

मानुष्यं प्राप्य धर्मादि यत्कृतं तस्य वै फलम् ।
भोक्तव्यं तेन जनुषा नान्यदेहेन केनचित् ॥ ४३ ॥

अर्थ—मनुष्यशरीरमें जो शुभकर्म करता है सो मनुष्य शरीरमें भोगता है और शरीरमें कदापि नहीं भोगता है अन्नके आहार नरशरीरमें अधिकार है और केंचुआ आदि मट्टीके आहार करनेवाले हैं और मृगादि घासके आहार करने वाले हैं । और मछली आदिक जलके आहार करनेहारे हैं सिंहादिक मांसके आहार करनेहारे हैं और गौ बकरी ऊंट खच्चर आदि यह सब घास खानेहारे हैं और पक्षी आदि आकाशचर यह फल मांस आहार करनेवाले हैं और सुख थोडा दुःख बहुत है और मनुष्यशरीरमें सुख अधिक दुःख थोडा ॥ ४३ ॥

नान्नदानं कृतं येन गर्भमृत्यू पुनः पुनः ॥
दुग्धान्नवस्त्रमिष्टादेर्दानमत्यन्तलाभदम् ॥ ४४ ॥

अर्थ—जिन पुरुषोंने मनुष्यशरीर पाकर अन्न दान नहीं किया सो पुरुष मनुष्य गर्भमें आइके गर्भमें पात होजाते हैं बारबार गर्भयोनिमें जन्मेगा और मरेगा अन्नखानेयोग्य नहीं होवेगा किंतु अन्नदान नहीं कन्या इसवास्ते पशु पक्षी मृग गौ बैल घासखानेवाली योनिमें प्राप्त होते हैं। अन्न वस्त्र दूध खटाई और मिठाई ये अन्य योनिमें बडे दुर्लभ हैं इस वास्ते अन्नदानसे मनुष्य तन मिलते हैं क्यों करके कि, अन्न मनुष्यशरीरमें भोगता है और जन्ममें

नहीं. और जन्ममें अन्नदान नहीं होसकता है अन्य-योनिमें केवल जीवहिंसा करता है और पेट भरना-दिका ही ज्ञान रहता है और ज्ञान नहीं होता । देखो प्रत्यक्ष देखनेमें आता है जिसने हाथीदान कऱ्या है सो हाथीके ऊपर चढ रहा है और जिनने घोडादान करा है सो घोडाके ऊपर चढे हैं और जिन्होंने हीरा मोती मूंगा पन्ना सुवर्ण चांदी पीतांबर आदि दान करे हैं सो मनुष्य शरीरमें भोग रहे हैं और जिन्होंने स्त्रीदान किया है और पृथ्वीदान किया है सो पुरुष राज्य भोग रहे हैं और अतिरूपवती स्त्री पाते हैं और जिन्होंने अन्नदान दुग्धदान करे हैं और गौदान करे हैं सो संपूर्ण भोग भोग रहे हैं ॥ और जिन्होंने कुछ भी दान नहीं किया है वे पुरुष खाने विना और कपडा विना त्रास भोगरहे हैं अन्न नहीं धन नहीं स्त्री नहीं दुग्ध गौ बैल मकान कुछ भी नहीं है। दूसरेका धन स्त्री देखके रोते हैं कि, हे प्रभु ! यह सुख मेरेकूं नहीं है तब कहांसे मिलै जब दान नहीं कऱ्या । इस वास्ते मनुष्यशरीर पाकर मत भूलो पीछें पछतावोगे ऐसा तन फिर मिलना बड़ा कठिन है इसवास्ते शुभकर्म करो पापसे डरो पाप करना यह दुःखकी खानि है और शुभकर्म यह सुखकी खानि है। प्रत्यक्ष देखो जो चोरीं करे और जारी करे मार करे ठगी करे झूठ बोले खोटा वचन बोले चुगली निंदा करे उस पुरुषको राजदरबारमें पकड़ाकर राजा दंड देते हैं और कैदमें डालकर बड़े दुःख भोगाते हैं और फांसी डालनेसे अतिदुःख पाता है । सो सब लोग देखते भी हैं तो भी विचार नहीं करते हैं कि कुक-र्मका फल यही देखनेमें आता है। परलोकका दुःख तो ज्ञानी पुरुष देखता है विद्याकरिके देखते हैं और यहाँके

पापका फल अपने आंखसे देख रहा है फलानेने एक थप्पड मारे हैं सो बावन रुपैया जुर्माना पड़ा है और एकने कहा कि फोथ करानाथा परन्तु फोथ कर्‍या नहीं है कहनेमात्रसे उसकूं बावन रुपैया जुर्माना पड़े हैं। यह आंख देखनेकी बात है देखो खोटावचन कहनेका फल यह है जो परस्त्रीसे एक क्षणमात्र कुकर्म करे तो सौ रुपैया जुर्माना और चार बेत मरवाकर अपने घर आते हैं देखो सुख क्या पाया और दुःख कितना भोगना पड़ा है सो मूर्ख कहते हैं कि परलोकसे कौन आया है और किसने देखा है किसने पापका दंडभोग देखा है ऐसा मूर्खजन कहते हैं और शास्त्रका विश्वास नहीं रखते हैं जब सूर्य चंद्रमामें ग्रहण लगते हैं तब सो कहनेवाला पंडित आकाशमें तो नहीं गया परन्तु शास्त्रमें देखके कहा है कि फलाने घडी फलाने लग्नमें ग्रहण लगेगा सो प्रत्यक्ष देखनेमें आता है परंतु जो पूर्वजन्मका अत्यंत पापात्मा है उसकूं शास्त्रका विश्वास नहीं होता है और जो पूर्व जन्मका पुण्यात्मा है उसकूं जल्दी शास्त्रका विश्वास होता है। सो पुनः चित्त सत्संग और सत शास्त्रमें लगाते हैं क्यों करके कि पूर्वजन्ममें करे हुये सुकर्मके प्रतापसे वैकुंठका सुख भोगता है और जिसको पूर्वजन्मके पापकर्मके वेगसे रौरवनरकादिका दुःखभोगना है इसवास्ते पाप इस जन्ममें भी करेगा परन्तु यहां इस जन्ममें सत्संग होजावे तो पूर्वजन्मके पाप निवृत्त होजावे हैं॥

तहाँ स्मृति ॥

(मू०) यं विनिद्रा जितश्वासाः संतुष्टाः संयतेंद्रियाः ॥ ज्योतिः पश्यंति युञ्जानास्तस्मै योगात्मने नमः ॥ ४६ ॥

अर्थ-पुण्यात्माकूं साधन प्राप्त होता है तब संतजनोंके संग करनेसे प्राणायामकी युक्ति बताकर सो पुण्यात्मा तब इन्द्रियकूं जीतसक्ता है। निद्राते रहित तथा प्राणायाम करिके जीते हैं श्वास जिन्होंने तथा यथा लाभ विषे संतुष्ट तथा जीते हैं चक्षुरादिक इन्द्रिय जिन्होंने ऐसे पुरुष ध्यानयोगकूं करते हुए जिस परमात्मज्योतिकूं साक्षात्कार करे हैं। तिस योगरूप परमात्माके तांई हमारा नमस्कार है इति ॥ ४५ ॥

(श्रुतिः) तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः ॥ ४६ ॥

अर्थ-आत्माके अपरोक्षज्ञानते अंतर ताध्यानका विधान करते नहीं। किंतु वेदांतके श्रवणमात्रजन्य ब्रह्मके परोक्ष ज्ञानके अनन्तरही ता ब्रह्मके अपरोक्षज्ञानकी प्राप्तिके वास्ते निदिध्यासनका विधान करे हैं ॥ ४६ ॥

तथा भगवद्गीतावाक्य ।

(मू०) एतद्बुद्ध्वा बुद्धिमान्स्यात्कृतकृत्यश्च भारत ।
ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम् ॥ ४७ ॥

अर्थ-हे अर्जुन! इस ब्रह्मात्म तत्त्वकूं अहं ब्रह्मास्मि या प्रकार साक्षात्कार करिके वह पुरुष बुद्धिमान होवै है तथा कृतकृत्य होवै है और ज्ञानवान पुरुष परमेश्वरका आत्मा (रूपही) है इसमें संशय नहीं है ॥ ४७ ॥

॥ मातोवाच ॥ को मोक्षभागी नरकगामी को वास्ति योगयुक्त । योगस्य विमुखः कोऽस्ति फलं त्वं तस्य वर्णय ॥ ४८ ॥

अर्थ-माता कहती भई कि हे बेटा! मोक्ष किसका होता है और नरकको कौन कर्यों करिके जाते हैं और योगमें

कैसे युक्त होता है और योगसे विमुखका क्या लक्षण होता है सो कहिये ॥ ४८ ॥

प्रकाशदेव उवाच ॥ सत्सङ्गे निरतो यो वै गुरुदेवेषु भक्तिमान् । विषयेषु विरक्तः स्याच्छास्त्रे विश्वासवान्भवेत् ॥ संसारासारतां पश्येत्सन्तुष्टो येनकेनचित् ॥ ४९ ॥ स्यान्नारकी कामकलाप्रसिद्धो लुब्धोतिरोषः पितृभक्तिहीनः । द्वेष्टा सतां दुर्जनपक्षपाती तीर्थादिनिन्दाकरणे पटुश्च५०

अर्थ-हे मातेश्वरि ! मोक्षभागी पुरुषका यह लक्षण है कि, सत्संग कहिये कि ज्ञानी और महात्मासज्जनोंकी संगति करै और देवतोंकी पूजा पाठ करता रहै और गुरुमें अतिप्रीति श्रद्धा भक्ति और गुरुके मुखके वचनोंमें विश्वास रक्खै और विषयसे उपरत रहै और संसारसे वैराग्य कहिये कि सर्व भोगोंकूं विरस जानकरके त्याग देवे जो कुछ मिलजावे उसमें सन्तुष्ट रहै ॥ ४९ ॥ अरु नरक जानेवालेका लक्षण यह है कि उस पुरुषकूं कामदेवका बडा जोर रहता है रातदिन स्त्रीमें आसक्त रहता है और महा क्रोधी होना और बहुत लोभ होना और माता पिताकी सेवा न करना और माता पिता गुरुसे विमुख रहना और संतजन ज्ञानी तथा तीर्थोंकी निंदा करनी । यह नारकीके लक्षण हैं ॥५०॥

तथा भगवद्गीता ।

(मू०) त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः ॥
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत् ॥ ५१ ॥

अर्थ-हे अर्जुन ! पाछे जो आसुरी कहे तिन विषे जो सकलदोषनके मूल हैं ते सर्वथा वर्जनीय कहे हैं । काम १ क्रोध २ लोभ ३ यह तीनों तीन भांतिके नरकके द्वार हैं यह तीनों आत्माके नाश करनेहारे हैं यह नीच योनिको प्राप्त करै हैं ऐसे हैं ताते इन तीनोंकूं तज दीजिये ॥ ९१ ॥

जो अपना कल्याण चाहे सो यह तीनोंकूं तजके संतमहात्मोंकी संगत करे और शास्त्र देखे सद्वस्तुको शोधन करे । जिसकरके जन्म मरणसे छूट जावै मनुष्यशरीरमें सुखस्थानकूं प्राप्त होवेगा नहीं तो पीछे पछतावैगा ।

तथा एक इतिहास कहते हैं । भविष्यत विचार है ।

इस संसाररूपी महादुःख सागरमें एक छोटासा टापू था जिसका नाम हर्षटापू था वहाँकी रीति यह थी कि चार चार वर्षके पीछे एक नया राजा हुआ करता था और जो कोई मनुष्य उसके निवासियोंको प्रातःकाल पहिलेही पहिले मिलजाता था उसीको वह राजतिलक देकर अपना राजा बनालेते थे और चार वर्षलों वह बेखटके राज्य करता और आनन्दसे रहता था और सारी प्रजा प्रधान मंत्रीसे लेकर एक नीचपदके चाकरलों सब उसकी आज्ञा पालन करते थे । ऐसे कई एक युग बीतगये । राजगद्दी प्राप्त करनेके लिये जाति पांति वा ऊंच नीचका कोई विचार न था । केवल यही एक विचार था कि जो पहिलेही पहिले मिल जावे वही राजगद्दीपर बैठाया जाय चाहे वह ब्राह्मण हो चाहे क्षत्रिय वा डोम भाट वा तुर्क विहना और कूंजडाही क्यों न होवै अब सुनिये लक्ष्मीपति नामका एक बडा महाजन था जो गोविंदरायकी सरायमें रहता था उसके बहुत नौकर चाकर दासदासी थे । इनमेंसे एक दास था जिसका नाम दुःखी था वह अपने स्वामीकी सेवा

तनमनसे करता था । उसका स्वामी उससे अति प्रसन्न था । उसने दुःखीको बहुतसा धन देकर स्वतंत्र करदिया और कहा कि अब तुम इस धनसे व्योहार करके अपना जीवन विताओ दुःखीने कई एक नाव मोल लेकर और उनको अपने देशके नाना प्रकारके पदार्थोंसे भरकर यात्रा करी चलते २ उसकी नावें समुद्रमें महाभयंकर वायु चलनेके कारण चट्टानोंसे टकरा कर नष्ट होगई तब दुःखी बिचारा बड़ी विपत्तिमें पड़गया । एक लकड़ीकी पटरीपर बहते बहते उसी हर्षटापूके किनारे जा लगा धीरेसे समुद्रके किनारेकी घासके सहारे जलसे निकलकर भूमिपर आ-खड़ा हुआ । प्रातःकाल लोग छूटे कि किसी मनुष्यको ले आवें और उसको अपना राजा बनावें दैवयोगसे दुःखी दृष्टि पड़ा उसको लेजाकर स्नान कराकरके अपना राजा बनाया । अब दुःखी आनन्दसे बेखटके राज्य करने लगा उसके प्रधान मंत्रीका नाम सुबुद्धि था । एक दिन राज्यप्रबन्धके विषयमें परामर्श करते समय सुबुद्धिने अपने महाराजा दुःखीसे कहा कि हे महाराज ! आपको भविष्य विचार करना उचित है क्यों कि हमारे देशकी यह रीति है कि राजा केवल चार वर्षतक राजगद्दीपर रहता है फिर दूसरा राजा होता है इस चार वर्षके अन्तरमें आपको उचित है कि अपने भविष्यके लिये किसी उजड़ेहुए स्थानको बसावें और अपने लिये एक नूतन सिद्ध करलें कि जब आप इस गद्दीसे उतारे जायँ और आपको वही जीर्ण वस्त्र पहिनाये जावेंगे जो आगे पहिरकर आये थे तो आप दुःख और दरिद्रताके महाकष्टसे छुटकारा पा सकेंगे । यहांसे थोडी दूरपर एक बडा ऊजड स्थान है जहां कोई नहीं रहता है । भूमि बहुत अच्छी है यदि आप

उसको वणिज व्यापारी महाजन और किसानोंसे बसा दें और वहाँ अपने रहनेके लिये सुन्दर राजभवन बनालें तो आपके हेतु अच्छा होगा। राजाने मंत्रीसे कहा कि जो लोग मेरे आगे यहां राजा होगये हैं उन्होंने कोई नया नगर बसाया था कि नहीं। मंत्रीने कहा हे महाराज! मैंने परामर्श दिया था पर किसीने इसकी चिन्ता न करी। मैंने आपको भी आगेसे चिता दिया कि आप अपनी चिन्ता करें और दुःखसे बचें। दुःखी उत्पन्न तो दासही कुलमें हुआ था इसमें कुछ सन्देह नहीं है परन्तु बुद्धिमान् और ज्ञानी पुरुष था जो सर्वदा भविष्यके विषयमें चिन्ता करता था उसने यह विचारा कि आनेहारे समयसे बेखटके रहना अति उत्तम है इसी विचारसे उसने उसी स्थानको बसाना आरंभ किया। दुःखीने उस उजाड़ स्थानमें अपने लिये धन द्रव्य एकत्र किया और राजमहल बनवा दिया और चौकी पहरेवाले रख दिये जब राजसमय व्यतीत हुआ तब उस देशके लोगोंने दुःखीको राजगद्दीपरसे उतार दिया और वह पुरुष अपने बसाये हुए नगरमें जारहा जिसकी वह प्रतिदिन बाट जोहता था। इस वर्तमान राजपाटकी उसको कुछ चिंता न थी क्यों कि नाशमान् राज्यको छोड़ना उसके निकट कुछ कठिन न था अब उसको अक्षय राज्य और आनन्द प्राप्त करनेकी संपूर्ण और दृढ आशा थी सो वह वहाँ पहुँचकर आनन्दपूर्वक राजपाट करने लगा क्योंकि उसकी बसाई हुई प्रजा ब्राह्मण क्षत्री वैश्य शूद्र हिंदू मुसलमान शेख सैय्यद मुगल पठान सबके सब उसकी बाट देखते थे कारण यह था कि वह बडा बुद्धिमान् योद्धा पराक्रमी धर्मी और न्यायी राजा था इस नये नगरमें जाकर जब वह राज्य करनेलगा तो उसका नाम वहां दुःखी न रहा

परन्तु श्रीमहाराजाधिराज आनन्दप्रजापालसिंह नाम पडा और अटल अक्षय राज्यको प्राप्त किया ।

हे प्रियपाठको ! अब इस कहानीका सांराश सुनो इस संसारमें हम तुम सब पाप और मृत्युके बन्धनसे जकडे हुए हैं । धन द्रव्य स्त्री बालक खेती वारी और वणिज व्यवहारही-की चिंतामें रातदिन लगे रहते हैं हमारे सृजनहारने ज्ञान बुद्धि जो हमको दी है कि अपने स्वामीको पहिचानें और उसकी सेवा करें सो सबलोग भूले बैठे हैं और उसकी सेवा करें सो उसकी सेवा छोड नानाप्रकारके व्यवहारमें दिनकूं खोरहे हैं परलोककी चिंता नहीं करते हैं यह संसार थोडे दिनमें अपनी सारी शोभा समेत जाता रहेगा और प्रत्येक मनुष्यको यह चारदिनका जीवन छोडदेना पडेगा उस समय कोई काम न आवैगा यदि तुम शीघ्र अभीसे अपने भविष्यकी चिंता करलेवो और उस पापहर्त्ता सुखदाताको पहिचान लेवो और इस संसारमें आकर सब पापोंकी शान्ति करो तब सुख होगा । महाजनरूपी ब्रह्माजी हैं जिन्होंने मनुष्यको धनरूपी बुद्धि दी है कि इस कर्म कर-नेसे सुखस्थानकूं पहुंचते हैं और इस कर्म करनेसे नरक प्राप्त होता है दुःखीरूपी पूर्वजन्मकी भक्ति करि कोई उसके कर्ममें धनरूपी राज लाद दिया है और नौकारूपी तन पाया समुद्ररूपा माताके गर्भमें जन्म पाकर कर्मरूपी घासका आसरा लेकर मृत्युलोकमें जन्म पाया है और पूर्व जन्मके पुण्यसे राजघरमें जन्म पाया है । और चारवर्ष राज करनारूपी मृत्यु लोकमें थोडी आयु है और सुबुद्धिमंत्रीरूपी ज्ञान गुरू जो जनाते हैं कि हे राजन् ! पूर्व योनिमें तुमने तप किया है इसवास्ते तुमकूं राज्य मिला है परंतु अब थोडे दिनके वास्ते मत भूलो एकदिन यह सुख न रहकर मरना है ।

भविष्यरूपी जहाँ मरके जाना परलोकके वास्ते आधे धन उजडरूपी टापू संतजन ब्राह्मण भूका प्यासा अभ्यागत गौकी सेवा इसमें देकर आगेके वास्ते जमा करना है । तब मरके परलोकमें भोगेगा । और जो भविष्यकी खबर नहीं रखता है सो नंगा आय हर्षटापूरूपी मृत्युलोकमें आइके फिर नंगा जावैगा तब पापकर्मोंका फल यमराज दंड देकर बडे क्लेशकूं प्राप्त करावेंगे तब पीछे पछितानेसे क्या अर्थ निकलेगा ॥

तथा मनुस्मृति ।

(मू०) अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ॥
एतं सामासिकं धर्मं चातुर्वर्ण्येऽब्रवीन्मनुः ॥ ५२ ॥

अर्थ—जीव हिंसा न करना सत्यभाषण करना दूसरेका धन अन्यायसे न लेना पवित्र रहना इंन्द्रियोंका नियम करना यह धर्म संक्षेपसे चारों वर्णोंके वास्ते मनुजी महाराजने कहा है ॥ ५२ ॥

चौपाई ।

यह धर्म सुकर्म करे जो कोई । उसही नरको परमपद होई ॥

दोहा ।

जन्म जन्म भर्मत फिरे, मिटचो न यमको त्रास । हे नर पाप हि छोडकर, करो (हरि) भजनकी आस ॥ तब मिटै यमकी त्रास ॥

जगरचना सब झूठि रचि, कौन मिलै भलसार ।
भक्ति करो तो भव तरो, यही वेदका सार ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्यश्रीश्रीधरानन्दतीर्थ-
स्वामिपूज्यपादशिष्यश्री १०८ विश्वेश्वरानन्दतीर्थ-
स्वामिनोत्तरखण्डे विरचिते प्राकृतोपनिष-
न्नारायणोपनिषदि दशमोऽध्यायः ॥१०॥

हे प्रभुजी कौन देव भजके मुक्ति प्राप्त होई । जो जन्म फिर कदापि नहिं होई ॥ जो नित्य देव कहा है बताओ सोई ॥ अज अद्वैत एक निरंजन देवा । जाके सुमिरन करे मिटै जन्म मृत्यु भव भेवा ॥ अन्तर जोति बाहर भी जोति जो सब इंद्रियोंको प्रकाश कराई ॥ ताको मन लगावै जो कोई ॥ सो पुरुष नारायण स्वरूप होई ॥

हे आत्मा ज्योति सुमरों मैं तोहीं ॥ अन्तःकरण बलबुद्धि दे मोहीं ॥ निमिष निरख विचारे जो कोई ॥ ताको जन्म सुफल सब होई ॥

या वेदमें कही होई जान शके जो कोई ॥ ताको जन्म पुनरपि न होई । सोई सत्य कहौं मैं तोई ॥

हे आदि अविनासी । अन्तरप्रकासी । घट घट प्रकासी । निशदिन एकरस सदा प्रकासी ॥

(तथा श्रुतिः) यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वाऽस्माल्लोकात्प्रैति स कृपणः ॥ १ ॥

अर्थ–हे गार्गी ! जो पुरुष इस अक्षर परमात्माकूं न जानके इसलोकते लोकांतर विषे गमन करै है । सो अज्ञानीपुरुष कृपण जानना चाहिये ॥ १ ॥

तथा विष्णुपुराणमें पराशरमुनिने मैत्रेयके प्रति कहे हैं ।

(मू०) ज्योतींषि विष्णुर्भुवनानि विष्णुर्वनानि
विष्णुर्गिरयो दिशश्च ॥ नद्यः समुद्राश्च स
एव सर्वं यदस्ति यन्नास्ति च विप्रवर्य ॥२॥

अर्थ–हे विप्रवर्य मैत्रेय!यावन्मात्र सूर्य चन्द्रमा ध्रुव शुक्रादिक आकाशमंडलमें ज्योतियां हैं सो सर्वही विष्णुरूप हैं और यावन्मात्र भूर्भुवः स्वरादिक चतुर्दश भुवन हैं सो भी सर्वही विष्णुरूप हैं तथा यावन्मात्र सुमेरु हिमालयादिक पर्वत हैं सो भी सर्वही विष्णुरूप हैं और यावन्मात्र पूर्व पश्चिमादिक दिशा हैं सो भी सर्व विष्णुरूप हैं तथा यावन्मात्र गंगा यमुनादिक नदियां हैं सो भी सर्व विष्णुरूप हैं तथा यावन्मात्र क्षारोद क्षीरोदादिक समुद्र हैं सो भी सर्व विष्णुरूप हैं अर्थात् कहांपर्यन्त वर्णन करें (यदस्ति) कहिये इस जगतमात्रमें जो वस्तु प्रत्यक्ष है और जो अप्रत्यक्ष है सो सर्वही विष्णुरूप है इति ॥ २ ॥

तथा यह वार्ता नारायणोपनिषद्में भी कही है ॥

(श्रुतिः) नारायण एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम् ३॥

अर्थ– यह सर्व जगत् नारायणही है और जो भूत तथा भाव्य कहिये जो भविष्यत वस्तु है सो भी सर्व नारायणही है इति ॥ यहां नारायण और निर्गुण ब्रह्मके विषे कोई भेदकी शंका नहीं करनी चाहिये काहेते ब्रह्मही स्थूलमतिवाल

भक्तोंके अनुग्रहके अर्थ नाराणकी व्यक्तिसे प्रतीत होवे है ॥३॥ यह वार्ता अथर्ववेदकी रामपूर्वतापोपनिषदमें कही है ॥

(श्रुतिः) चिन्मयस्याद्वितीयस्य निष्कलस्याशरीरिणः ॥ उपासकानां कार्यार्थे ब्रह्मणोरूपकल्पना ॥ ४ ॥

अर्थ–सच्चिदानन्दमय अद्वितीय निष्कल और शरीरसें रहित जो परब्रह्म है तिसकी उपासकलोकोंके अर्थही चतुर्भुज विष्णु आदिक व्यक्तिकी कल्पना अर्थात निर्माण होवै है इति ॥४॥ यह वार्ता विष्णुपुराणमें भी कथन करी है ॥

(मू०) अहं हरिः सर्वमिदं जनार्दनो नान्यत्ततः कारणकार्यजातम् । ईदृङ्मनो यस्य न तस्य भूयो भवोद्भवा द्वंद्वगदा भवंति ॥ ५ ॥

अर्थ–मैं हरिहूं और यह चराचर सर्व जगतभी 'जनार्दनरूप है तिसके विना दूसरा कोई कारणकार्यरूप पदार्थ सद्रूप नहीं है इस प्रकारसे जिसपुरुषके मनमें दृढनिश्चय होवै है (तस्य) कहिये तिसको पुनः जन्ममरणके अभाव होनेसे पश्चात् शीतोष्ण क्षुधापिपासादिक द्वंद्वजन्यबाधा कदाचित नहीं होवै है इति ॥ २३ ॥ अर्थात् जैसे नदीका जल समुद्रमें जाकरके अपने नाम और रूपका परित्याग करिके समुद्रके साथ एकीभावकूं प्राप्त होजावै है तैसेही सो तत्त्वदर्शी पुरुष अपने नामरूपका परित्याग करके वर्तमान शरीरके पात होनेते सच्चिदानंदमय नारायणके साथ एकीभावकूं प्राप्त होवै है ॥

श्रुति स्मृति पुराण सुनके मातुपितु भये संसारसें
उदास॥धन्य धन्य बेटा मिटचो अब अज्ञान जूथ॥
अब आज्ञाहै लेवो संन्यास॥मिटाओ यमको त्रास॥
हरिभजनकी करो आस । तब मिटे यमको त्रास ॥

चौपाई ।

जय जय कमलानाथ जलशायी ॥ कमलनयन कमलासुखदायी ॥ नाम स्वरूप अनन्त तुम्हारे ॥ गावैं निशिदिन संत मुरारे ॥

दोहा ।

सब देवनके देव तुम, कोऊ लहै न भेव ।
तुमहीं जग करतार हौ, माखन प्रभु हरि देव ॥
तिनसों हरिजू प्रीति कर, अंमृत वैन सुनाय ।
प्रेमरीति समुझायके, दीन्हीं लाज छुडाय ॥
तुव चरणनकी रेणुका, वह चाहत दिनरैन ।
जिनके दर्शन देखके, सुख पावत हैं नैन ॥

चौपाई ।

यद्यपि यह जानो मनमाहीं । तुमसों और बली कोउ नाहीं ॥ तेहि कारण त्रिभुवनके नाथ । तुमहीं शुद्ध करो मम साथ ॥ वाकी छबि वरणी नहिं जाय । मेरो चित्त लगे यदुराय ॥ मन लाग्यो त्यहि सूरत माहीं । इक क्षण कबहूं भूलत नाहीं ॥ जो प्रभु केवल ब्रह्म कहावे । केहि कारण इतनो भ्रम पावे ॥ जगमें मनुष देह धारि आये । तेहि कारण इतनो भ्रम पाये ॥

दोहा ।

माखन प्रभु भगवानको, कबहूँ भ्रम कछु नाहिं ।

यद्यपि यह लीला करी, जानि लेहु मन माहिं ॥
मैं हृदयसे भजौं भगवाना । भ्रमजालजगतमें नाना॥

अथ हिमंतगीत अपसरागीत ।

फटिकूरेडिले रामजी वित्ये चौमासूला । आये ऋतु शरद स्फटिकसिलाते रामजी लंका जाउला॥लंका जाईकले रामजी सीता लिऔला ॥ सीता लिईकले रामजी अजुद्या औला ॥ अजुद्या आईकले रामजी बडाइ बजौला ॥ बडाई वज्यैकरामजी राज करू-ला ॥ वसिष्ठ मुनिते रामजी आशिष लिऔला ॥

पर्वतीय भाषा शरदगीत ।

गैरीगदुनीले राडेघासीलो काटचोला । उची डुमू-कीले रामजी लाउ लगौला ।सुणलि मायडेरामजी कले उदेलेला । सुणलु वावाले रामजी वैदालुलालो सुणलु भाई लो रामजी वैदालु आलोला ॥ शत पडे सरापो रामजी वौजोलि छातिला जीं पापणीन ले रामजी वैदालु गोटेला ॥ १ ॥

अर्थ-(गैरीगदुनी) कहिये जो संसाररूपी गहिरी कुवाँ है मेडुत्रे है और (ऊँची डुमीकि) नारायणके ऊँचा स्वरसे भजन करो तब ईश्वर सुनेगा तब दो पारखद भेजेगा ज्ञान और वैराग्य तब संसारसे उपराम होके एकान्तमें भजन करेगा तब मुक्त होवैगा ।

हेमन्तऋतु गीत पर्वती भाषा ।

घूगत्या हरीलवा सींया गाड ॥ हडि देवारीको

लगायो मैतरः ॥ यकलगी बोया की खूदूडि ॥ येक लग वैर्‍योंकी डर ॥

अर्थ-(घूगत्या) कहिये यह शरीर, (गाड) कहिये यह भवसागर, (हड़ि) कहिये यह नौकारूपी मनुष्य-शरीर, (यकलगी बोया) कहिये ईश्वर, (खूदुड़ि) कहियें जिज्ञासु पुरुषको इच्छा होती है कि अपने नित्य स्वरूपका निश्चय करूं जिस करके जन्म मृत्युसे रहित होजावैं परन्तु (वैर्‍यों) कहिये काम,क्रोध, माया, मोह, लोभ, अहंकार, मत्सर यह शत्रु हैं यह (बोय) रूपी ईश्वरको प्राप्त नहीं होने देते हैं । जब यह शत्रुओंको जीतलेगा जो शूर वीर पुरुष तब (बोया) रूपी आत्माको प्राप्त होवेगा ॥ २ ॥

पर्वतीय भाषा अपसरा गीत ।

घार फिंच्रित्रामिर्गुलि वार लगी खासी ॥ पाप पुण्य जान्यो नाहीं तब जांदा जमकी फांसी ॥ चमाला छूल्यावे जमाण मजलो वजलि वंशूली पापपुण्य जाण्यो नाथी ॥ तब जांदा यमकी शूली॥

अर्थ-(फिंत्रि) कहिये पुण्य (खासी) कहिये पाप यह दोनों मनुष्यके उमड़ रहे हैं जब पाप पुण्यको नहीं जानता है तब यमकी फांसीमें पडकर बड़ा कष्ट पाता है । पाप करके केवल दुःखको प्राप्त होता है सुखको नहीं ।

अथ स्वामी जुमैलो ।

पर्वतीय भाषा गोपणिगीत ।

भास मेरा कपुवैरामेलो । मैतकी बाट वैरामैलो ॥
वसंत ऋतु वैरामैलो । कपुभाशदू वैरामैलो ॥
कपुभाशदू वैरामैलो । फूलफूलदा वैरामैलो ॥
वसंत ऋतु वैरामैलो । डालिमौलदि वैरामैलो ॥

वसंत ऋतु वैरामैलो । घाशीलोमौलो वैरामैलो ॥ खूदूडिलगी वैरामैलो । मैतकी बाट वैरामैलो ॥ कपुभाशलो वैरामैलो । वभाशमेराकपु वैरामैलो॥ भाशण्याभाश वैरामैलो॥१॥वसंत ऋतु वैरामैलो । वणकालोक वैरामैलो ॥ घरूँडावडदा वैरामैलो । साशरकी बेटी वैरामैलो ॥ मैतवैदौंदा वैरामैलो। गाई बाछरी वैरामैलो॥पाणिगाडदी वैरामैलो॥२॥ द्वापर युग वैरामैलो । कृष्ण अवतार वैरामैलो ॥ कन्हयालाल वैरामैलो । गोपणिसंग नाच्यो वैरा-मैलो ॥ कातिकपुन्या वैरामैलो । रासलीला करि वैरामैलो । चौदह हजार वैरामैलो ॥ गोपणिथई वैरामैलो । पांच हजार वैरामैलो ॥ ग्वाल बाल थया वैरामैलो ॥ अदुलिराती वैरामैलो । वंशूलि वाजी वैरामैलो ॥ चौदहूं लोक वैरामैलो । मोहित होया वैरामैलो ॥ छे महीनाकी रात वैरामैलो । क्षणभरबीती वैरामैलो ॥ निरगुण रूप वैरामैलो । सगुण धार्‍यो वैरामैलो ॥३॥ दुष्टजन मार्‍या वैरा मैलो । भक्त तार्‍या वैरामैलो ॥ मोर मुकुट वैरा-मैलो । कृष्णसेवित वैरामैलो॥ पीताम्बर पहिरे वैरा-मैलो ॥ राधिकासंग नाच्यो वैरामैलो । कृष्ण मुकुंद वैरामैलो ॥ मथुराजन्म वैरामैलो । गोकुलखेल वैरा-मैलो । देवकीगर्भ वैरामैलो ॥ जनमपायो वैरामैलो । यशोदा अँगना वैरामैलो ॥ बाललीला किया

वैरामैलो ॥ पूतना मारी वैरामैलो ॥ भगवततारी वैरामैलो । बकासुर मान्यो वैरामैलो ॥ कुब्जातारी वैरामैलो । भक्तहितकारी वैरामैलो । कृष्णमुरारी वैरामैलो ॥४॥ भाशमेराकपु वैरामैलो। वसंत ऋतु वैरामैलो ॥ बुरांसफूल्या वैरामैलो । वसंत ऋतु वैरामैलो ॥ आरु फूलदा वैरामैलो ॥ आरुफूलद वैरामैलो । खुदूड़िलग वैरामैलो । वसंत ऋतु वैरामैलो ॥ नचीवानाच वैरामैलो । गी-यालफूल्या वैरामैलो ॥ संसारी लोक वैरामैलो ॥ मायाजालभूल्या वैरामैलो ॥ दोदिनका स्वप्ना वैरामैलो । एकदिन मरना वैरामैलो ॥ पूर्वजन्मचूके वैरामैलो। येखमरचामुख वैरामैलो॥ हरिका नाम वैरामैलो। सुखकी खाण वैरामैलो॥ संसारी माया वैरामैलो। दुःखकी खाण वैरामैलो॥ हरिकी भक्ति वैरामैलो। अखै सुख वैरामैलो॥ मनुषी तन वैरामैलो। हरिकी भक्ति वैरामैलो॥ पशु व्याघ्र वैरामैलो । केवल पाप वैरामैलो ॥ तस संग विना वैरामैलो। ज्ञान निवोदो वैरामैलो॥ संतोंकी संग वैरामैलो ॥ ज्ञान प्रवेश वैरामैलो ॥ मूर्खोंकी संग वैरामैलो । नरक प्रवेश वैरामैलो ॥ स्त्रीसंग वैरामैलो । कुम्भी नरक वैरामैलो ॥ विषयभोग वैरामैलो । जन्मका हेतु वैरामैलो ॥

मनभयनाश वैरामैलो । वासनाक्षय वैरामैलो ॥
जीवन्मुक्ति वैरामैलो । तबओंदो सुख वैरामैलो ॥

अर्थ-(वै) कहिये वैकुण्ठका पति जो भगवान् अंतर्यामी जो घटघट व्यापक है, (रा) कहिये जो सबके हृदयमें प्रवेश कर रहे हैं (मै) कहिये मैं वासुदेव चौदा ब्रह्माण्डोंमें रमरहाहूँ ब्रह्मा आदि चींटीपर्यंत सर्व प्राणियोंके हृदयकमलमें मैं वासुदेव रमरहाहूँ । मेरे विना कोई वस्तु नहीं है, सर्व वस्तुओंका प्रकाश करनेवाला मैं वासुदेव हूँ । जड चेतनोंका चलना फिरना खाना पीना बोलना सुनना हर्ष विषाद स्पर्शका अनुभव करना यह सर्व मेरी सत्ता करके होता है । जब मैं जीवरूप इस शरीरसे निकल जाताहूँ तब पत्थरकी नाईं सब निर्व्यापार होजाता है कुछ भी नहीं होता है । (लो) कहिये हे लोको विचारो ॥

जूकदापाप वैरामैलो । सो जांदा नरक वैरामैलो ॥
जूकदा पुण्य वैरामैलो । सो जांदा स्वर्ग वैरामैलो॥
चैतन्य चोला वैरामैलो।भवसागर तनो वैरामैलो ॥
मनुष्यतन वैरामैलो । कठिन मिल्दा वैरामैलो ॥
सुखका स्थान वैरामैलो । मनुष्यतन वैरामैलो ॥
और शरीर वैरामैलो । घाशीलो खादा वैरामैलो ॥
मानुष्य तन वैरामैलो । भातिलो खांदा वैरामैलो॥
जोकदो सतसंग वैरामैलो । सो जादो वैकुण्ठ वैरामैलो ॥ जो कर्दा कुसंग वैरामैलो ॥ सो जांदा नरक वैरामैलो ॥ गुरुविना ज्ञान वैरामैलो ॥ कदापि निओदो वैरामैलो ॥ सोचण्या सोच वैरामैलो । बूजूण्या बूज वैरामैलो ॥ एकदिन अवश्य

मरणा वैरामैलो ॥ पापकी ओर वैरामैलो । पग न धऱ्या वैरामैलो ॥ धर्मकी ओर वैरामैलो ॥ हाथ उठाया वैरामैलो ॥ हाथकी करनी वैरामैलो ॥ जन्मजन्म भोगदा वैरामैलो ॥ सो छन पुत्र वैरामैलो ॥ जू होवे हरिभक्त वैरामैलो ॥ शतकोटि पितर वैरामलो ॥ वैकुण्ठ होदा वैरामैलो । जू कदा पाप वैरामैलो ॥ शतकोटि पितर वैरामैलो । नरक-जांदा वैरामैलो ॥ सो छन बेटि वैरामैलो । जो होंदि पतिव्रता वैरामैलो ॥ सो छन पुत्र वैरामैलो । जो होंदा पंडित वैरामैलो ॥ धनधान्य माता वैरामैलो ॥ जिसका पुत्र पंडित वैरामैलो ॥ धन्यधन्य माता वैरामैलो । जिसकी बेटी वैरामैलो ॥ पतिव्रता होंदी वैरामैलो ॥ पतिव्रता बेटी वैरामैलो ॥ तीन कुल तारदी वैरामैलो ॥ पिताका कुल वैरामैलो ॥ माताका कुल वैरामैलो ॥ साशरीका कुल वैरामैलो ॥ ऐसा जन्म होना वैरामैलो ॥ अहो भाग्य समझना वैरामैलो ॥ जारपुत्री होना वैरामैलो । अभागी माता समझो वैरामैलो ॥ अपंडित पुत्र वैरामैलो । सो पिता अभागी वैरामैलो ॥ पतिकी सेवा वैरामैलो । वैकुण्ठमेवा वैरामैलो ॥ मातपिता सेवा वैरामैलो । सो वैकुंठमेवा वैरामैलो ॥

इति झुमैलो ।

कहाँ प्रभू वाली मारचो कहाँ मारचो रावणा । कहां प्रभु राश रास्यो कहां झूले झूलना॥धन्य वाकी भाग

जाके साधु आये पाहुना ॥ पम्पापुरमें वालीमारे लंकापति रावना । वृन्दावनमें रामरासी गोकुल झूलेझूलना ॥ धन्य वाकी भाग जाके साधु आयेपाहुना ॥ २ ॥ माल लूटि शपेदी लूटी लूटे माल खजाना, जिसकी माया उसीने लूटी रोवनवाला झूठा । तुम तो झूठे रोवता रामजी झूठा रंग बताया ॥ गुलाबी रंग बताया रामजी गुलाबी रंग बताया ॥ कंकरी चुनचुन महल बनाया मूर्ख कहै घर मेरा।ना घर तेरा ना घर मेरा चिडिया रयन बसेरा । रामजी चिडिया रयन बसेरा ॥ माता कहै यह पुत्र हमारा बहिन कहै भाई मेरा; त्रिया कहै यह पुरुष हमारा झूठा यह संसारा। रामजी झूठा यह संसारा ॥ वामन होके लंबीलाजपता ज्युणेका खडकेसानाही, मरनेको कोई चाहता नाहीं॥ तुम तो झूठा रंग बताया रामजी चार पांचकी वर्ति वटले चढे काठकी घोडी, गंगा तीरथ फूंकी डारी जैसे ब्रजमें होली । रामजी तुम तो झूठा रंग बताया रामजी ॥ गुलाबी रंग बताया ॥ माता रोवै जबलगजीवें बहिन रोवै छे मासा, पिता रोवै लक झटक त्रिया रोवै आधघडी, फिर ढूँढे घरवासा रामजी० ॥ रामकी आशा कोई न करता ॥ झूठी मायामें डुबता लोभमें खपखपको मरता । रामजी० धन दारा घर कोई नहिं तेरा ॥ राम भजले पियारा ॥ तू तो सबसे न्यारा ॥ रामजी० ॥ एकला आया एकला जाना ॥ हे नर तू भज भगवाना ॥ आवे

लागली औघड़ घाटि पीछे छूटलि घरमंदिर द्वारा ॥ हरिके नाम एक संकट कटनेहारा ॥ रामजी० ॥ झूठी मायामें फँदफँद मरता ॥आगे यमकी फांसी पड़ता ॥रामजी०॥ दिनभर काम करले ॥ रामजी० ॥ एक घडी राम भजले ॥ रामजी० ॥ ऐसा तन फिर न मिले ॥रामजी०॥ फिर न मिले संग साथी चलगये तेरा ॥ तू भी जानेहारा ॥ रामजी० तू भी जानेहारा ॥ तू राम भजले पियारा ॥ रामजी० ॥ जो तेरा आगे रक्षा करने हारा ॥ रामजी०॥रामके नाम सकलका जीवणा॥राम विना बारबार जन्मना मरणा ॥ रामजी० ॥ ऐसा तन फिर न पौणा ॥ रामजी० ॥ रामभजन विना कुत्ता बिल्ली योनिमें जाणा ॥ रामजी० ॥ सुख योनि छोडके दुःखयोनिमें मत जाणा ॥ जीव झणा यह अक्कल रखणा ॥ रामजी० ॥ इति ॥

श्रीस्वामीविश्वेश्वरानन्द कहे कि हम जाणा परम धामकौं ॥ तुम भजणा राम ॥ तब पावै परम धाम ॥ यह हम कहैं तुमकौं ॥

स्वामीकहे ॥ जो मेरो वचन पर न होवे विश्वास ॥ तो श्रीकृष्ण अर्जुनसें कहे खाश ॥ १ ॥

दोहा ।

मुख मुरली कर लकुटवर, यदुपति नन्दकुमार ।
अर्जुनगीता महतफल, वर्णत आशु सुविचार ॥
गुरुगणपतिपद वंदिकर, धर इनमें विश्वास ।

गीताज्ञान नहाय कछु, हृदय करहु मम वास ॥
मुक्ति पदारथ संत हित, यह गीताकर प्रेम ।
हरियश अगम अपार है, कहौं मैं चित धारि नेम ॥

॥ अर्जुनगीता ॥

चौपाई ।

अब सुन अर्जुन कहौं विचारी । नाम भजनके सब अधिकारी ॥ राम नाम जो सुमिरन करई । भव-सागर सो क्षणमें तरई ॥ मेरे नाम भजे चित लाई । धर्म अर्थ विद्या फलपाई ॥ जो गृहवास अग्नि सुख पावे । प्राण अन्त वैकुंठ सिधावे ॥ तिहिते अर्जुन सुन चितलाई । नाम भजनते सब-सुख पाई ॥ योग महादुख कुन्तिकुमारा । तोसों वचन कहौं निरुआरा ॥ योगसाध जो प्राणी धावे । तबहीं अमर परमपद पावे ॥ भङ्ग होय तो पार न पावे । जैसे मारग अन्ध भुलावे ॥ नाम कि महिमा कहत न आवे । क्षण इक भजे अमरपद पावे ॥ अर्जुन सांच सुनो हम पाहीं । नाम भजन समान जगनाहीं ॥ नाम भजन अरु सुमिरन करई । भवसागरसे क्षणमें तरई ॥ मेरो नाम भजे चितलाई । और करे तो सहा न जाई ॥ तिहिते अर्जुन सुन चितलाई । राम नामते सब सुख पाई ॥ राम नाम जग अहै अधारा । नाम लेत भवसागर पारा ॥ भक्तहमार प्राणसम अङ्गा । निशिदिन रहैं भक्तके सङ्गा ॥ सदा फिरों

भक्तनके साथा । शंख चक्र गदा लिये हाथा ॥ गायसङ्ग बाछा जस धाई । क्षीर कि आश क्षणक ना जाई ॥ सुन अर्जुन समझावों तोहीं । मोर नाम मोहन अस मोहीं ॥ नाम ब्रह्म चित जाने कोई । आवागमन न ताकर होई ॥

दोहा ।

परब्रह्म निश्चय करि, जानो कुन्तिकुमार ।
तीनलोक तारे सही, एक नाम है सार ॥

चौपाई ।

प्रथम मंत्र गुरू जो दीन्हा।तेहिते जो निजधर्मनचीन्हा॥
तब जो और मंत्र देय कोई।तो जगमें दोष तेहीको होई॥

दोहा ।

यह सब दोष गुरूनकहँ, शिष्य न जाने कोय ।
कुम्भीपाकादिक नरक, निश्चय प्रापति होय ॥

चौपाई ।

सुन अर्जुन निश्चय चित कीजै । कथा रसाल श्रवण सुनि लीजै ॥ नाना वेद पढै जो कोई । गुरु-मुख वचन समान न होई ॥ गुरु कहँ पूँछ जाय जहँ जाने । भवचिन्ता हिरदे नहिं आने ॥ चारि वेद मुख पाठ बखानी । अन्तर्गती मोहिं नहिं जानी ॥ कहत वेद सब जन्म गँवावै।नाम भजन बिनु मुक्ति न पावै॥निश्चय नाम जु चितहि लगावै । क्षण इक भजे परमपद पावै ॥ कागभुशुंड अमरपुर गयऊ । माया छत्र हृदयमों भयऊ ॥ अब सुन अर्जुन कहौं

बखानी । रामनाम यह अमृतवानी ॥ नाम सुमिरि शिव अम्मर भयऊ । जरा मरणको संशय गयऊ ॥ नामकी आश वासुकी कीन्हा । तिल समान धरती तिन्ह लीन्हा ॥ राम नाम ध्रुव सुमिरण कीन्हा । अचल पदवी ताहिको दीन्हा ॥ सुर मुनि जानत हैं कछु भयऊ । तेहि कारण मैं दर्शन दयऊ ॥

दोहा ।

राम नाम निश्चय कारि, जानो कुन्तिकुमार ।
चारि वेदमें अर्जुन, दुइ अक्षर हैं सार ॥

चौपाई ।

राम नाम भजे जो कोई । भवसागर पार होवै सोई ॥ राम नाम एक सार । जो करे भवसागर पार ॥ रामकी महिमा कहत न आवै । क्षणहु भजे अमरपद पावै ॥ सदा परमपद नामसे होई । तासे नाम जपै सब कोई ॥ रामनामकी करो आस । तब जावै वैकुण्ठहि खास ॥ राम नाम विन सुख ना होई । सहस्र वर्ष तप करे जो कोई ॥ नाम विना सुख कबहुँ न होई । वेदन कही बात यह होई ॥ नाम कि महिमा वेदमें गाई । जो भजे सो अमरपद पाई ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्य श्रीश्रीधरानन्दतीर्थस्वामिपूज्यपादशिष्यश्री १०८ विश्वेश्वरानन्दतीर्थस्वामिविरचिते प्राकृतोपनिषन्नारायणोपनिषदि अर्जुनगीतावर्णनो नाम एकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

श्रीमद्भागवते एकादशस्कन्धे।

श्रीकृष्णजीने कहा हे उद्धव ! मैंने यज्ञ तप कहा है परन्तु अब सत्संगकी महिमा जिससे भक्ति उत्पन्न होती है सो कहता हूं सुनो जैसा मैं सत्संग और भक्ति करनेमें जल्दी प्रसन्न होता हूँ वैसा वेद पढने व योगाभ्याससाधने व व्रत आदिक रहनेवालोंसे सुख नहीं पाता हूं केवल सत्संग करनेसे मेरे चरणोंमें भक्ति उत्पन्न होकर सारे जीव मुझे पहिचानते हैं और वहलोक जगतमें अपनी मनोकामना पाकर अन्तसमय आवागमनसे छूटजाते हैं देखो राजा बलि व बाणासुर व सुग्रीव व हनुमान् व जाम्बवन्त व जटायु व कुब्जा व व्रजवासी आदिक अनेक जीव मेरीभक्ति व दर्शन करनेसे भवसागर पार उतर गये व शबरी व निषाद आदिक अनेक जीव नीच ऊंच जाति भक्ति करनेसे मुक्ति पदवीपर पहुंचे व गोपियोंने कुछ वेद व शास्त्र न पढने व तीर्थव्रत न करने व मेरी महिमा न जाननेपर भी मुझे पतिभावसे भजा, ऐसी प्रीति मेरे साथ की कि हमारे वियोगमें उन्हें क्षणभर एककल्पके समान मालूम होकर मेरे संग रास करते समय छः महीनेकी रात एकपलभर जान पड़ी थी सो उन्होंने उसी प्रीति व भक्तिके प्रतापसे लक्ष्मीरूप होकर वैकुंठवास पाया है जिसतरह कोई जान व अनजानमें अमृत पीनेसे अमर होकर उत्तम औषधि खानेसे सदा तरुण बना रहता है उसी तरह जाने व विना जाने मेरी भक्ति भक्ति व प्रीति करनेवाले मनुष्य संसारमें सुखपाकर जन्म व मरणसे छूटजाते हैं जैसे तागेमें दाने काठ व रुद्राक्ष व सोने आदिकके पिरोकर माला बनती है उसीतरह संसारी जीव मेरे स्वरूपमें रहते हैं परंतु यह बात विना गुरूके बतलाने व कथा न सुनने व सत्संगके न करनेसे मालूम नहीं होती है इस लिये संसारी मनुष्यको गुरूकी सेवा व भक्ति करना व ज्ञानरूपी तलवारसे मायारूपी सन्देहको काटकर सबजीवोंमें परमेश्वरकी शक्ति बराबर समझना चाहिये

जिसमें परलोकमें सुख पावै । नहीं तो पीछे पछतावैगा यह चैतन्य चोला मिलना बडा कठिन है । इस वास्ते नारायणकी भक्ति करनी चाहिये ॥

चौपाई ।

मनुषजन्म दुर्लभ जगमाहीं । देवनहूंको प्रापत नाहीं । सकलदेव यह मनसा धारैं । मानुष हो भवसागर तारैं ॥ नर शरीर नौकासम जानो । वेदपुराण दंड कर मानो ॥ केवटरूप गुरू है सोई । नौकापार लगावत जोई ॥ या विधिसों जो पार न होई । आतमघाती समझो सोई ॥ जबतक भक्ति करे नहिं कोई । भवसागरसे पार न होई॥ १॥

दोहा ।

तुवचरणनके ध्यानमें, मगन रहै दिन रैन ।
तुम्हरी अमृतकथा सुनि, लहै सदा सुखचैन ॥
यह अस्तुति जो रैन दिन, कहै सुनै चित लाय ।
ताको पाप रहै नहीं, विष्णुलोक वह जाय ॥

चौपाई ।

हरिनामकी महिमा वर्णि न जाई । जन्मजन्मके पाप क्षणमें जायँ नशाई ॥ पाप नाश विन धर्म न होई । यह जानै निश्चय सब कोई॥ जो हरिसेवामें चित-धरै । मनमें कछु इच्छा नहिं करै ॥ तिहिको पाप कटै क्षणमाहीं ॥ मुक्त होय कछु संशय नाहीं ॥२॥ हमको तुम सुमिरौ मनमाहीं । हमहूं सदा रहैं तुम पाहीं ॥ सर्व आत्मा हमको जानो । सबजी-वनके जीव बखानो ॥ आतमहीसो आत्मा देखो ।

यह अध्यातम ज्ञान विशेखो ॥ राजन ऐसी विधी-बढाई । हरिजू सब गोपिन समुझाई ॥ सफल जन्म ताको जगमाहीं । जाको मन हरिचरणन पाहीं॥ ३॥ परमहंस है नाम तुम्हारो । तुमसे प्रगट वेद हैं चारो ॥ विप्र धेनु रक्षाके काजा । तुम अवतार लियो यदुराजा ॥ आदि अन्त तुम पूरणकामा । तुमको हितसे करूं प्रणामा ॥ ऋषिदर्शन दुर्लभ जगमाहीं।देवनहूको प्रापत नाहीं ॥ आज सुफल है जन्म हमारो ॥ जो हम पायो दरश तुम्हारो ॥ ४ ॥

दोहा ।

चरण साधुके प्रीतिकरि, पूजत है जो कोय ।
संसारी सुख भोग करि, अन्त मुक्तपद होय ॥
नामकी महिमा कहत न आवै ।
क्षण एक भजै अमरपद पावै ॥

(दोहावली)-दोहा ।

वही धन्य वहि मान्य है, वेही विगत कलेश ।
औविरत जपते रहे, हर्षित शंभु महेश ॥ १ ॥
सफल जन्म उसका वही, मनुज आपना मित्त ।
शंकर चरण सरोजका, मधुकर जिसका चित्त॥२॥
विफल जन्म उसका वही, अपना वैरी आप ।
महा मूढ जो ना करे, नितही शिवका जाप ॥३॥
भाग्यहीन मानुष वही, जन्म हुवा बरबाद ।
मानुष तनको पाय जिन, क़िया न शंकर याद ॥४॥
भवसागरके तरणका, सीधा यही उपाय ।

महादेवके भजनमें, चित्त मगन होजाय ॥ ५ ॥
जो सुख चाहे जीवड़ा, तज भोगनकी आस ।
शिव शिव शिवके भजनमें, कर तू सदा प्रयास ६॥
मनमें शंकर ध्यान धर, मुखमें शंकर नाम ।
सहज मुक्त होजायगा, भवसे हो उपराम ॥ ७ ॥
भवदव दारुण दहनसे, तपत भये जो लोक ।
शङ्कर भजन तरंगिणी, तिनको करत अशोक ॥८॥
मृत्यु न जीके भजन विन, मृत्यु भीति नाहिं जाय ।
जैसे सूर्यके उदय विन, यामिनि तम न नशाय ९॥
शिव शिव शिवको जो भजे, तजे ईषणा तीन ।
तुरत शुद्ध शिव बोधसे, होवै दुःख विहीन॥१०॥
शंकर सिन्धु अगाधमें, नाना दृश्य तरंग ।
क्षणभरमें होवैं उदय, क्षणमें होवैं भंग ॥ ११ ॥
दर्पणमें भासें जिमि, नगर बहुत विस्तार ।
शंकरमें भासें तिमी, अनहोता संसार ॥ १२ ॥
ओत प्रोत शिव सबनमें, ज्यों कपडेमें सूत ।
जो उसको जानै नहीं, सो नर बडा कपूत ॥१३॥
नाम रूप संसारमें, अस्ति भाति प्रियरूप ।
अनुगत शिवको जो लखै, सो जन पंडित भूप १४
जिमि रज्जू अज्ञानसे, भासत काल भुजंग ।
जीव हुआ भासै तिमि, आतम देव असंग ॥१५॥
सर्प भ्रांतिके नाशसे, रज्जु रहै जिमि शेश ।
गुरुवाक्यसे जीव नहिं, मैं महेश गतक्लेश ॥१६॥

उदय अस्त अरु पालना, जगकी जिसमें होय ।
अविनाशी अद्वय विमल, शिवस्वरूपमय सोय १७
देहेन्द्रिय मन बुद्धि ना, नहीं चित्त अहंकार ।
साक्षी जो इन सबनका, सो मैं शुद्ध अपार ॥१८॥
नाम रूप सब झूठ है, अस्ति भाति प्रिय सत्त ।
ऐसा सो जानै मनुज, निर्मल जिसका चित्त ॥१९॥
अजर अमर निश्चल अकल, सकल कल्पना हीन ।
अधिष्ठान मैं सबनका, जानत मती महीन २० ॥
आनन्दाम्बुधिरूपमें, मीटै सकल कलेश ।
आनंदी सब होरहे, ब्रह्मा इन्द्र धनेश ॥ २१ ॥
बन्ध मोक्ष मोमें नहीं, नहीं नरक नहिं नाक ।
स्वयं प्रकाश सुखघनवपु, मैं हौं अगम मनवाक्२२
नामरूप संसारमें, अस्ति भाति प्रियरूप ।
अनुगत शिवको जो लखै, सो जन पंडित भूप२३
जाग्रत स्वप्न सुषुप्तिमें, अनुगत जो शिवरूप ।
पञ्चकोशसे रहित जो, सो मैं ब्रह्म अनूप ॥ २४ ॥
बाल वृद्ध युव जे कहे, अरु नर नारी रूप ।
यह सब धर्म शरीरके, मैं अद्वैत स्वरूप ॥ २५ ॥
मैं सबमें अनुस्यूत हूँ, मैं सबका आधार ।
मणीसूत्रवत जान अस, भवसागर हो पार ॥२६॥
भेदभावना मिट गई, क्लेश हुये सब दूर ।
जित देखौं उत देख है, महादेव भरपूर ॥ २७ ॥
प्रत्यगात्म शिव बोधसे, शान्त हुआ जब चित्त ।

जित देखों उतही दिखैं, महादेव प्रभु नित्त ॥२८॥
मैं मेरी जबसे मिटी, टुटा मोहका फन्द ।
जित देखौं उतहीं दिखैं, पूरण परमानन्द ॥ २९ ॥
हस्तामलक समान जब, शिवस्वरूप दिख जाय ।
बोलनको जीव न करे, देखनमें अलसाय ॥ ३० ॥
नर शरीरको पाय जिन, किया न यत्न विचार ।
भवसागरसे तरणका, सो नर मूढ गवांर ॥ ३१ ॥
मनहीं अपना शत्रु है, मनहीं अपना मित्त ।
संसारी मन शत्रु है, परमारथ रत मित्त ॥ ३२ ॥
नानाविध दुख देत है, मैं मेरी यह भूल ।
मैं मेरीका त्यागना, सदानन्दका मूल ॥ ३२ ॥
राग द्वेषके त्याग विन, विन शंकरके ध्यान ।
अविद्यामें जो सुख चहै, उसको मूरख जान॥३४॥
जीव रूप होय सबनमें, शंकर रहा समाय ।
ऐसे उत्तम ज्ञानसे, राग द्वेष मिटजाय ॥ ३५ ॥
महादेव है आत्मा, शुद्धहृदय कैलाश ।
उसके दर्शन विन किये, मिटै न मोहविलाश॥३६॥
तूं है सो परमात्मा, मैं हूं ब्रह्म स्वरूप ।
यही आत्मा ब्रह्म है, जीव है ब्रह्म स्वरूप ॥ ३७ ॥
चार वेद यूँ कहत हैं, जो समझै चितलाय ।
पार होय भवदुःखसे, सहज मुक्त होजाय ॥ ३८॥
सोइ सुखी संसारमें, जो सुमिरै भगवान् ।
राग द्वेष जाके नहीं, सोई चतुर सुजान ॥ ३९ ॥

रागमूल संसार है, राग मिटे मिट जाय ।
नाश हुये जिमि तेलके, दीपक स्वयं बिलाय ॥४०॥
मन नाशसे सुषुप्तिमें, नहिं दीखै संसार ।
मनसे जाग्रत स्वप्नमें, दीखत मन आकार ॥ ४१ ॥
चक्रवर्तिको सुख नहीं, नहीं सुखी देवेश ।
बीतराग मुनि हैं सुखी, वसैं एकान्त हमेश ॥४२॥
सोइ सुखी संसारमें, हुवा जिसे संतोष ।
शिवचिन्तनमें मगन है, जिन लखा जगतमें दोष४३
रे मूरख क्यों ना भजे, शिव शिव शिव शिव नाम ।
अंतकाल शंकर विना, आवै न कोई काम ॥ ४४ ॥
शिव शिव शिव शिव रटनकर, छोड जगतजंजाल ।
अन्तकाल शंकर विना, संग न जावै लाल॥४५॥
शिव शिव शिव शिव जो भजे, तजे द्वेष अभिमान ।
शिव स्वरूपके बोधसे, पावै पद निर्वान ॥ ४६ ॥
शिव शिव शिव शिव रटनकर, जो चाहै कल्यान ।
जन्म मरणके दुःखका, वैद्य न शंभु समान ॥४७॥
रे मूरख क्यों ना करे, शिव शिव शिव शिव जाप ।
सब तेरे मिट जायँगे, भवपावक त्रयताप ॥ ४८ ॥
रे मूरख क्यों ना धरे, मनमें शंकर ध्यान ।
दुःखसिंधुमें पतितको, सुखद न शंभुसमान ॥ ४९ ॥
रे मूरख जिनके लिये, खपता है दिनरात ।
अंतकाल ना सुनैंगे, वे तेरी एकबात ॥ ५० ॥
पति जाया पित मात सुत, भ्रातृभगिनिपरिवार ।

स्वारथके साथी सबै, देखा ठीक विचार ॥ ६१ ॥
शिव शिव शिव शिव ना भजे, तजे न दुर्जन साथ ।
मूढ अन्त पछतायगा, रो रो मल मल हाथ॥६२॥
कुटुम्ब परिवार सब छूटै, कोई न जावे साथ ।
अंतकाल रक्षा करें, एक राम रघुनाथ ॥ ६३ ॥
निर्गुण सगुणके नामका, जाप जपै जो कोइ ।
भवसागरसे छूट कर, परपद पावै सोइ ॥ ६४ ॥
सो०—जन्मजन्मके पाप, नाश विना हरिभजन नहिं ।
भजन न विनु सत्संग, यही बात वेदन महीं॥६५॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्यश्रीश्रीधरानन्द-
तीर्थस्वामिपूज्यपादशिष्यश्री१०८विश्वेश्वरानन्द-
तीर्थस्वामिनोत्तरखंडे विरचिते प्राकृतोपनिष-
न्नारायणोपनिषदि द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

संवत् षट् षट् अंक विधु १९६६, माසाढ रवि-
वार । प्रारम्भ्यो है लोकहित, लै वेदनके सार ॥
पूर्ण भयो यह ग्रंथ शुभ, कार्त्तिकके रविवार ।
जो सुनि हैं पढि हैं सदा, सो होवैं भवपार ॥
भक्तहेतु प्रभुजी लियो, सगुण सुखद अवतार ।
करुणा वरुणालय प्रभुहि, भजि पावे फल चार ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः । ॐ तत्सत ॥

समाप्तोऽयं ग्रन्थः ।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—

स्वामी विश्वेश्वरानन्दतीर्थ, ग्राम-... पोस्ट-... गढ़वाल ।
खेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस—बम्बई ।